With reference to the above, Shri H. S. Rudresh, who appeared for the interview for considering absorption has been found suitable by the committee. Accordingly, we have authorised the Zonal Manager, Bangalore Zone, to offer the anpointment of subordinate staff on full wages to Shri H. S. Rudresh, early. The same may be advised to the Tribunal.

Yours faithfully,

Sd/-
Personnel Manager.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 6 नवम्बर, 1987

का. आ. 3568:--भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 53(2) के अनुसरण में केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने भारत सरकार को 30 जून 1987 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट भेजी है जो नीचे उद्धृत की जाती है :---

भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज की वार्षिक रिपोर्ट
वर्ष पहली जुलाई 1986 से 30 जून 1987 तक
भाग I -- आर्थिक स्थिति

सातवीं पंचवर्षीय योजना के दूसरे वर्ष 1986-87 के दौरान वास्तविक राष्ट्रीय आय की वृद्धि दर 4.5 और 5 प्रतिशत के बीच होने का अनुमान है जबकि 1985-86 में यह 5.1 प्रतिशत थी। औद्योगिक वृद्धि दर 7 और 8 प्रतिशत के बीच मानी गयी है जो योजना के पहले वर्ष में प्राप्त 8.7 प्रतिशत की दर से कम होगी। कृषि उत्पादन में पिछले वर्ष की 1.9 प्रतिशत की सामान्य वृद्धि के मुकाबले में थोड़ी सी गिरावट हो सकती है। संपूर्ण सातवीं योजना के लिए लक्ष्य राष्ट्रीय आय में 5 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर का है। वृद्धि की यह रफ्तार 8 प्रतिशत वार्षिक की औद्योगिक वृद्धि और 4 प्रतिशत वार्षिक की कृषि वृद्धि द्वारा बनाये रखने की आशा की जाती है। पहले दो वर्षों को एक साथ लेने पर वास्तविक राष्ट्रीय आय की वृद्धि की औसत दर 5 प्रतिशत से केवल अंशतः ही कम होगी। औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि जहां लक्ष्य के काफी निकट रही है, वहीं कृषि क्षेत्र का कार्य लक्ष्य से काफी कम रहा है। सेवा क्षेत्र, जिसका वजन अब सकल घरेलू उत्पाद में 40 प्रतिशत से अधिक है, की समग्र वृद्धि दर काफी रही है यह प्रति वर्ष लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही है।

2. 1986-87 में कृषि के खराब कार्य-निष्पादन के कारण अनाजों और रेशेवाली फसलों के उत्पादन में कमी आयी है। केवल तिलहन और चीनी ने सुधार दर्शाया है। उद्योग में हालांकि समग्र वृद्धि अपेक्षाकृत कम थी, किन्तु बिजली, कोयला और सीमेंट जैसे कुछ मूलभूत उद्योगों का कार्य पिछले वर्ष की तुलना में अच्छा रहा है।

3. बिन्दु-वार आधार पर थोक मूल्य में 1985-86 में 3.8 प्रतिशत की तुलना में 1986-87* में 5.3 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गयी है। बिन्दु-वार आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि 1985-86** की 8.9 प्रतिशत की तुलना में 1986-87 में कम अर्थात् 7.5 प्रतिशत रही। इस प्रकार पिछले वर्ष की तरह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा नापने पर मुद्रास्फीति की दर थोक मूल्य सूचकांक द्वारा निर्देशित दर की तुलना में काफी उच्चतर थी। सातवीं योजना के पहले दो वर्षों में औसत मूल्य वृद्धि बिन्दु-वार आधार पर 4.5 प्रतिशत है और थोक मूल्य के संबंध में औसत आधार पर 5.5 प्रतिशत है जबकि उपभोक्ता मूल्यों के लिए संबंधित आंकड़े 8.2 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत हैं। लगातार दो वर्षों में भारी वृद्धि विशेषकर उपभोक्ता मूल्यों में भारी वृद्धि एक क्षोभकारी प्रवृत्ति है।

4. प्रारंभिक आंकड़े दर्शाते हैं कि शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के रूप में शुद्ध घरेलू बचत 1986-87 में 18.2 प्रतिशत थी, जो 1985-86 में हुई 16.8 प्रतिशत की तुलना में अधिक थी; शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कुल शुद्ध निवेश भी 1985-86 के 19.3 प्रतिशत की तुलना में 1986-87 में 20.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं।

5. बाह्य स्थिति को देखें तो 1986-87 में व्यापार घाटे में कुछ कमी आयी है जिसका कारण हमारे निर्यातों में सुधार और आयात बिल में धीमी गति से वृद्धि है, जिसका मुख्य कारण तेल मूल्य में गिरावट है। यात्रा और पर्यटन के कारण परोक्ष प्राप्तियां 1986-87 में अपेक्षाकृत अधिक रहीं।

6. देश के विदेशी मुद्रा के आरक्षित भंडार जिनमें विदेशी मुद्रा आस्तियां, स्वर्णधारिता और विशेष आहरण अधिकार शामिल हैं, में 331 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई और ये मार्च 1987 के अंत में 8,151 करोड़ रुपए हो गये; 1985-86 में इनमें 577 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई थी। विशेष आहरण अधिकार के अर्थ में यह आरक्षित भंडार 1986-87 में 6,150 लाख विशेष आहरण अधिकार की गिरावट दर्शाता है, जबकि 1985-86 में 2,760 लाख विशेष आहरण अधिकार की गिरावट हुई थी।

7. समग्र वृद्धि दर की दृष्टि से देखें, तो अर्थ-व्यवस्था में 1986-87 में अच्छा सुधार हुआ है। किन्तु कृषि वृद्धि में लगातार धीमापन चिन्ता का कारण है। हालांकि चालू खाते में कमी हुई थी, फिर भी भुगतान संतुलन की स्थिति पर नजर रखने की आवश्यकता है।

कृषि उत्पादन

8. कृषि उत्पादन में 1986-87 में अनुमानतः थोड़ी सी गिरावट होगी, जबकि 1985-86 में इसमें 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और 1984-85 में 0.9 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। हालांकि पिछले 3 वर्षों में अपेक्षाकृत गत्यवरोध रहा है किन्तु 1981-82 से 1985-86 तक के 5 वर्षों के दौरान कृषि की स्थिति 3.3 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर दर्शाती है।

9. 1986-87 में मानसून लगातार तीसरे वर्ष भी प्रतिकूल रहा है। मौसम विज्ञान के 35 उप प्रभागों में से 14 उप प्रभागों में वर्ष के दौरान वर्षा या तो बहुत कम हुई है या छिटपुट वर्षा हुई है जबकि पिछले वर्ष में केवल 9 उप प्रभागों में और 1984-85 में 8 उप प्रभागों में ऐसी स्थिति थी।

10. खाद्यान्न उत्पादन 1986-87 में अनुमानतः 1,490 और 1,500 लाख टन के बीच हुआ है। जबकि 1985-86 में यह 1,505 लाख टन था। यह 1986-87 के लिए लक्ष्य से 100-110 लाख टन कम है। खरीफ के अनाजों का उत्पादन अनुमानतः 830-840 लाख टन के लगभग था, जबकि रबी का उत्पादन लगभग 660 लाख टन माना गया है। चावल का उत्पादन 1986-87 में कम अर्थात् 600-605 लाख टन माना गया है, जबकि 1985-86 में यह 640 लाख टन था।

11. दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 1986-87 में 480 लाख टन के उच्चतर स्तर पर पहुंच गया था, जो 1985-86 में प्राप्त 469 लाख टन के स्तर से अधिक है। मोटे अनाज का उत्पादन जो 1985-86 में सूखे के कारण बुरी तरह से प्रभावित हुआ था, वह 1986-87 में 280-285 लाख टन का उत्पादन होने से एक अच्छी स्थिति का संकेत देता है, किन्तु यह अभी भी 320 लाख टन के लक्ष्य से कम है। दालों का उत्पादन 1986-87 में 130 लाख टन था, जो 1985-86 के लगभग बराबर है।

12. खाद्यान्न से इतर फसलों में से रूई और पटसन (मेस्ता सहित) का उत्पादन 1985-86 की तुलना में 1986-87 में कम समझा जाता है। रूई का उत्पादन 1986-87 में अनुमानतः 71.8 लाख गांठें हुआ है, जबकि पिछले मौसम में यह 86.1 लाख गांठें था। पटसन और

* किन्तु औसत आधार पर थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि 1986-87 में 5.4 प्रतिशत थी जो 1985-86 के 5.7 प्रतिशत की तुलना में थोड़ी कम थी।

** किन्तु औसत आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि 8.8 प्रतिशत थी जो 1985-86 में हुई 6.4 प्रतिशत की तुलना में अधिक थी।

मेस्ता का उत्पादन 86.3 लाख गांठों के लगभग था यह भी 1985-86 की 127.3 लाख गांठों के रिकार्ड उत्पादन की तुलना में कम था। 1986-87 के मौसम में पटसन और मेस्ता के उत्पादन में कमी का मुख्य कारण यह था कि 1985-86 में इस फसल का उत्पादन काफी बड़े क्षेत्र में हुआ था और 1986-87 में इसके क्षेत्र में कमी आयी। कम उत्पादन के बावजूद रूई, पटसन और मेस्ता को मौसम के दौरान कुल उपलब्धता संतोषजनक थी, जिसका कारण पिछले मौसम में बचा हुआ भारी स्टाक था।

13. तिलहन का उत्पादन अनुमानतः 120-123 लाख टन था, जो 1985-86 के 112 लाख टन से अधिक था किन्तु 1986-87 के लिए 148 लाख टन के लक्ष्य से कम था। गन्ने का उत्पादन 1,755 लाख टन था जो पिछले वर्ष के 1,717 लाख टन से थोड़ा ही अधिक है।

14. 1986-87 में खाद्यान्नों की कुल वसूली 199 लाख टन थी जबकि पिछले वर्ष में यह 201 लाख टन थी। चावल के उत्पादन में कमी से चावल की वसूली 1 अक्तूबर 1986 से 26 जून 1987 तक 5.2 प्रतिशत कम हुई और यह 91 लाख टन थी जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में यह 96 लाख टन थी किन्तु 1986-87 में गेहूं का उत्पादन 469 लाख टन था जो एक रिकार्ड था और इस कारण 1986-87 में गेहूं की वसूली 105 लाख टन थी जो 1985-86 की 103 लाख टन से अधिक थी। गेहूं की वसूली रबी के विपणन के चालू मौसम में 30 जून 1987 तक 78 लाख टन रही जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में हुई 104 लाख टन की वसूली से कम थी।

15. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम जैसे गरीबी को कम करनेवाले कार्यक्रमों के लिए अधिक मात्रा में खाद्यान्न के नियतन के कारण 1986-87 के दौरान इन कार्यक्रमों के लिए 19 लाख टन अनाज उठाया गया जो पिछले वर्ष के 11 लाख टन से अधिक था। वित्तीय वर्ष 1986-87 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली जिसमें गरीबी कम करने के लिए ये कार्यक्रम शामिल हैं, और भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खुली बिक्री के लिए कुल 190 लाख टन अनाज (86 लाख टन चावल, 102 लाख टन गेहूं और 2 लाख टन मोटे अनाज) उठाया गया था जबकि 1985-86 में 193 लाख टन अनाज (74 लाख टन चावल, 117 लाख टन गेहूं और 2 लाख टन मोटे अनाज) उठाया गया था। गेहूं के उठाने में जो कमी आयी है वह रोलर आटा मिलों को खुले बाजार में गेहूं की खरीद के लिए अनुमति देने की सरकार की नीति को परिलक्षित करती है।

16. पहली जुलाई, 1987 की स्थिति के अनुसार खाद्यान्न का स्टाक 234 लाख टन था जो 1 जुलाई 1986 के 283 लाख टन और पहली जुलाई 1985 के 286 लाख टन के स्टाक से कम था। चूंकि ये स्टाक अतिरिक्त स्टाक नीति संबंधी तकनीकी दल के मानदण्डों के अनुसार अपेक्षित स्टाक से अधिक थे, अतः सरकार इन स्टाकों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खुले बाजार में बिक्री के माध्यम से अधिक मात्रा में आबंटन जैसे उपायों से कम करने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम आदि के अंतर्गत लक्ष्य समूहों को वितरण के माध्यम से स्टाक कम करना वर्ष के दौरान भी जारी रहा।

17. पटसन और रूई की वसूली 1985-86 की तुलना में 1986-87 में कम रही। भारतीय जूट निगम द्वारा पटसन की खरीद 1986-87 के मौसम में 12.2 लाख गांठें थी, जब कि पिछले मौसम में यह 28.2 लाख गांठें था। खरीद में गिरावट का कारण फसल के उत्पादन में कमी था जो पिछले वर्ष की 127.3 लाख गांठों की तुलना में लगभग 86.3 लाख गांठें ही था। इस प्रकार रूई की वसूली भी कम रही। भारतीय कपास निगम द्वारा 30 जून 1987 तक 8.2 लाख गांठों की खरीद की गयी थी, जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में 15.2 लाख गांठें खरीदी गयी थीं। महाराष्ट्र राज्य कोआपरेटिव काटन ग्रोअर्स मार्केटिंग फेडरेशन द्वारा 30 जून 1987 तक 12.1 लाख गांठों की खरीद की गयी थी जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में हुई 27.6 लाख गांठों की खरीद की तुलना में आधे से भी कम थी। इसका कारण इस मौसम में 71.8 लाख गांठों का कम उत्पादन था, जबकि पिछले वर्ष में यह 86.1 लाख गांठें था। रूई के निर्यात के संबंध में अनिश्चितता दूर करने के लिए सरकार ने पहली बार तीन वर्षीय रूई निर्यात नीति घोषित की है, जिसके अन्तर्गत 1986-87 से प्रारंभ करके प्रति वर्ष 6 लाख गांठों के निर्यात की अनुमति दी जायेगी। हां, निर्यात सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित न्यूनतम निर्यात मूल्य के अधीन होंगे।

18. 1986-87 के दौरान कृषि उत्पादन में थोड़ी-सी गिरावट का कारण अनुकूल मानसून का न होना था। उर्वरकों एवं निवेश वस्तुओं के अधिक उपयोग से उत्पादन में भारी गिरावट को रोकने में मदद मिली है। 1986-87 में उर्वरकों की खपत अनुमानतः लगभग 92 लाख टन हुई थी, जबकि 1985-86 में यह 87 लाख टन थी। यह 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है, जो पिछले दो वर्ष के दौरान 6.5 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर से कम है। प्रमाणित श्रेष्ठ बीजों की अधिक आपूर्ति से भी उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। श्रेष्ठ बीजों का वितरण 1985-86 में 55.0 लाख क्विंटल था, जो बढ़कर 1986-87 में 55.8 लाख क्विंटल हो गया। प्रजनक (बीज उत्पादक) बीजों और प्रमाणित बीजों का उत्पादन भी अनुमानतः 1985-86 के क्रमशः 23.6 हजार क्विंटल और 44.8 लाख क्विंटल से बढ़कर 1986-87 में 24.8 हजार क्विंटल और 56.5 लाख क्विंटल हो गया।

19. कृषि क्षेत्र के कार्य की एक विशेषता पिछले तीन वर्षों में यह रही है कि आपूर्ति और मांग में असंतुलन रहा है, विशेषकर तिलहन, गन्ना और दालों जैसे कुछ पण्यों के मामले में, जिनके कारण उत्पादन में सुधार के बावजूद संबंधित उपभोक्ता वस्तुओं के आयात करने पड़े और काफी विदेशी मुद्रा खर्च हुई। 1986-87 (अप्रैल-मार्च) में खाद्य तेलों के आयात 14.15 लाख टन रहे हैं जिनके लिए 612 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बाहर गयी, जबकि 1985-86 में 769 करोड़ रुपये मूल्य के 10.80 लाख टन के आयात किये गये थे। 1986-87 में 205 करोड़ रुपये की चीनी के आयात पिछले वर्ष के 432 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी कम थे। इसका कारण 1986-87 में चीनी के उत्पादन में सुधार है, जो 84 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है, जबकि 1985-86 में यह 70.0 लाख टन था।

20. तिलहनों का पर्याप्त उत्पादन न होने और खाद्य तेल के आयात में विदेशी मुद्रा की भारी राशि बाहर जाने की बात को ध्यान में रखकर सातवीं योजना के अंत तक तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए अधिकाधिक प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार तिलहन संबंधी प्रौद्योगिकी मिशन स्थापित किया गया था और इसने मई 1986 से कार्य प्रारंभ किया था। उक्त मिशन ने तिलहन के उत्पादन में सातवीं योजना के अंत तक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए बहुमुखी योजना बनायी है। मिशन द्वारा निर्धारित लक्ष्य हैं—123 लाख टन तिलहन (पिछले तीन वर्षों के औसत) और 36 लाख टन तेल के वर्तमान स्तर से बढ़ाकर 1989-90 तक तिलहन का उत्पादन 180 लाख टन करना और खाद्य तेल की वसूली का स्तर 50 लाख टन तक पहुंचाना।

21. अधिकतर उत्पादन का लक्ष्य अधिकाधिक सिंचित क्षेत्र में तिलहन की खेती करके प्राप्त करने का प्रस्ताव है। 1985-86 में यह क्षेत्र 28 लाख हेक्टेयर था और इसे बढ़ाकर सातवीं योजना के अंत तक 52 लाख हेक्टेयर करना है। वर्तमान में कुल जितने क्षेत्र में तिलहन की खेती की जाती है उसका 14.9 प्रतिशत सिंचित क्षेत्र है। सातवीं योजना के अंत तक यह प्रतिशत बढ़ाकर 23.6 किया जायेगा।

22. कार्य-नीति के एक अंग के रूप में उक्त मिशन ने कार्यक्रम के चार लघु मिशन स्थापित किये हैं। पहला लघु मिशन उन पांच तिलहनों के बारे में फसल संबंधी प्रौद्योगिकी में सुधार करने से संबंधित है, जो कुल तिलहन उत्पादन में 80 प्रतिशत का योगदान करते हैं। ये तिलहन हैं—मूंगफली तोरिया/सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी और एरण्ड। इसके अलावा केरल तथा, अंडमान और निकोबार में नारियल और ताड़ के तेल का उत्पादन सुधारने के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की जा रही है। दूसरा लघु मिशन प्रसंस्करण और फसल कटाई के बाद के कार्यों से संबंधित है, जिसमें उन संयंत्रों के आधुनिकीकरण पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा, जो तिलहन से तेल निकालते हैं, क्योंकि पारंपरिक तकनीक में 7 से 10 प्रतिशत तक तेल खली में रह जाता है। तीसरा लघु मिशन फार्म सहायक प्रणाली से संबंधित है, अर्थात् निवेश सेवाएं प्रदान करना, जैसे कि विस्तार सेवाएं और उन तिलहन उत्पादकों को उर्वरकों की आपूर्ति भी करना जो आम तौर पर छोटे किसान हैं और प्रायः बहुत थोड़ी जमीन पर खेती करते हैं। वित्तीय संस्थाओं से पर्याप्त और समय पर ऋण उपलब्ध कराने का कार्य सुनिश्चित करना भी यह लघु मिशन देखेगा। अंत में, चौथा लघु मिशन मूल्य समर्थन, प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करेगा। उक्त प्रौद्योगिकी मिशन ने 17 राज्यों में फैले 180 जिलों में अपनी गतिविधियां केन्द्रित करने का निर्णय किया है। राष्ट्रीय तिलहन विकास का भूतपूर्व कार्यक्रम उक्त मिशन के कार्य-क्षेत्र में ले आया गया है, ताकि वह तिलहन उत्पादन के बारे में समेकित दृष्टिकोण अपना सके।

औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्तियां

23. औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि की दर 1986-87 के पहले दस महीनों (अप्रैल-जनवरी) में 7.7 प्रतिशत रही है (नयी श्रृंखला के अंतर्गत 1980-81=100) जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में यह 9.2 प्रतिशत थी (सारणी 1)। वृद्धि दर में कमी का मुख्य कारण विनिर्माण क्षेत्र द्वारा की गयी कम वृद्धि है 1986-87 में खनिज और खनन तथा बिजली क्षेत्रों में वृद्धि दरें पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही हैं।

सारणी 1—औद्योगिकी उत्पादन की प्रवृत्तियां (आधार 1980-81=100)

क्र० सं०	मद	वजन	अप्रैल-मार्च					अप्रैल-जनवरी	
			1981-82	1982-83	1983-84	1984-85	1985-86	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	खनिज और खनन	11.46	117.7 (+17.7)	132.3 (+12.4)	147.8 (+11.7)	160.8 (+8.8)	167.5 (+4.2)	160.1 (+3.2)	171.0 (+6.8)
2.	विनिर्माण	77.11	107.9 (+7.9)	109.4 (+1.4)	115.6 (+5.7)	124.8 (+8.0)	136.9 (+9.7)	134.7 (+10.6)	144.4 (+7.2)
3.	बिजली	11.43	110.2 (+10.2)	116.5 (+5.7)	125.4 (+7.6)	140.4 (+12.0)	152.4 (+8.5)	151.3 (+8.2)	166.9 (+10.3)
	सामान्य सूचकांक	100.00	109.3 (+9.3)	112.8 (+3.2)	120.4 (+6.7)	130.7 (+8.6)	142.1 (+8.7)	139.4 (+9.2)	150.1 (+7.7)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

नया सूचकांक

24. औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक, 1970 के आधार वर्ष से हटाकर 1980-81 को आधार वर्ष बनाकर, संशोधित कर दिया गया है। सूचकांक के संशोधन की प्रक्रिया में, उद्योगों का वर्गीकरण, शामिल की जानेवाली मदों और विभिन्न औद्योगिक समूहों में सकल योजित मूल्य के आधार पर दिये जानेवाले वजन को भी बदल दिया गया है।

25. 1970 के आधार वर्ष वाली पहले की श्रृंखलाओं और 1980-81 को आधार वर्ष बनाकर नयी श्रृंखलाओं में सामान्य सूचकांक में शामिल तीन क्षेत्रों की मदों की संख्या और वजन की तालिका की तुलना नीचे की सारणी में की गयी है।

26. हालांकि तीन वर्षों में से प्रत्येक में शामिल मदों की कुल संख्या दोनों श्रृंखलाओं में पूर्ववत बनी हुई है, विनिर्माण क्षेत्र का वजन कम हुआ है और अन्य दो क्षेत्रों का वजन बढ़ा है। विनिर्माण क्षेत्र के संबंध में हालांकि मदों की कुल संख्या वही है, उनके गठन में परिवर्तन हुआ है, जिसका कारण पुरानी श्रृंखला में शामिल कुछ मदों को जोड़ना/घटाना और उनका समेकन/उप विभाजन करना है।

सारणी 2—पुरानी श्रृंखला में मदों की संख्या और वजन

क्र. सं.	उद्योग/क्षेत्र	मदों की संख्या		वजन	
		पुरानी श्रृंखला (1970=100)	नयी श्रृंखला (1980-81=100)	पुरानी श्रृंखला	नयी श्रृंखला
1	2	3	4	5	6
1.	खनिज और खनन	61	61	96.90	114.64
2.	विनिर्माण	290	290	810.80	771.07
3.	बिजली	1	1	92.30	114.29
	कुल	352	352	1000.00	1000.00

27. विनिर्माण क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख समूहों में से मदों के गठन में सबसे अधिक परिवर्तन "रसायन और रासायनिक उत्पादों" के मामले में हुआ है; लगभग 25 मदें छोड़ दी गई हैं और 35 नई मदें जोड़ी गई

हैं। इसके परिणामस्वरूप इस समूह का वजन 10.8 प्रतिशत से बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गया है। "बिजली की मशीनें" समूह के मामले में लगभग 16 नयी मदें जोड़ी गयी हैं, ताकि तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रानिक्स और दूर संचार उद्योगों जैसे टेलीविजन, मिनी कम्प्यूटर, टेलीफोन और टेलीप्रिंटर आदि को प्रतिनिधित्व दिया जा सके। दूसरी ओर "अधात्विक खनिज उत्पाद और धातु उत्पादों और पुर्जों (मशीनरी और परिवहन उपकरण छोड़कर) का निर्माण" के मामले में अनेक मदें छोड़ दी गई है। "पेट्रो-रसायन और सम्बद्ध उत्पाद" में कुछ मदें पहले के सूचकांक में शामिल नहीं की गयी थी, उन्हें इस नये सूचकांक में शामिल कर लिया गया है। औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि को और अधिक सही नापने की दृष्टि से लघु क्षेत्र के उत्पादन को भी नये सूचकांक में शामिल कर लिया गया है।

तिमाही प्रवृत्तियां

28. औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्तियों का तिमाही आधार पर विश्लेषण यह दर्शाता है कि वर्ष 1986-87 की जिन तीन तिमाहियों के आंकड़े उपलब्ध हैं, उनमें से दो में सामान्य वृद्धि दर में धीमापन आया है (सारणी 3)। खनिज और खनन के मामले में तीनों तिमाहियों में वृद्धि दर में सुधार हुआ है, जबकि बिजली के मामले में दूसरी तिमाही में थोड़ी सी कमी आयी थी। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र ने केवल दूसरी तिमाही में उच्चतर वृद्धि दर दर्शायी है, जबकि अन्य दो तिमाहियों में इसकी वृद्धि दर में काफी धीमापन आया है।

सारणी 3—तिमाही आधार पर औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक की प्रवृत्तियां

आधार 1980—81=100

अवधि		सामान्य सूचकांक		खनिज और खनन		विनिर्माण		बिजली	
वजन		100.00		11.46		77.11		11.43	
क्र० सं०	वर्ष	1985-86	1986-87	1985-86	1986-87	1985-86	1986-87	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	अप्रैल-जून	131.7 (+9.3)	139.7 (+6.1)	152.2 (+0.4)	162.3 (+6.6)	126.6 (+11.3)	133.5 (+5.3)	144.2 (+7.8)	159.2 (+10.4)
2.	जुलाई-सितम्बर	134.7 (+7.3)	146.1 (+8.5)	147.1 (+3.2)	159.0 (+8.1)	130.7 (+7.9)	141.2 (+8.0)	152.0 (+9.8)	166.0 (+9.2)
3.	अक्तूबर-दिसम्बर	147.3 (+11.8)	156.7 (+6.4)	169.7 (+4.9)	182.0 (+7.2)	143.1 (+14.0)	150.7 (+5.3)	154.1 (+7.0)	171.6 (+11.4)
4.	जनवरी-मार्च	154.6 (+6.5)	अनु०	201.0 (+7.6)	अनु०	147.0 (+5.8)	अनु०	159.0 (+9.1)	अनु०

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।
अनु. = अनुपलब्ध

क्षेत्रीय प्रवृत्तियां:

29. अप्रैल-जनवरी 1986-87 में, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में प्राप्त 10.6 प्रतिशत से घटकर 7.2 प्रतिशत रह गयी। विनिर्माण क्षेत्र में आनेवाले उद्योगों के इंजीनियरी समूह के अक्तूबर तक आंकड़े उपलब्ध हैं, जो यह दर्शाते हैं कि वृद्धि दर पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की 13.2 प्रतिशत दर की लगभग आधी अर्थात् 6.7 प्रतिशत थी। मूलभूत क्षेत्र का कार्य सुधारने पर बल दिये जाने से अन्य दो क्षेत्रों अर्थात् खनिज और खनन और बिजली उत्पादन ने अप्रैल-जनवरी 1986-87 के दौरान उच्चतर वृद्धि दर दर्शायी है।

मूलभूत उद्योग

30. जिन छः उद्योगों [अर्थात् बिजली, कोयला (लिग्नाइट को छोड़कर), कच्चा पेट्रोलियम, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, बिक्री योग्य इस्पात और सीमेंट] का वजन औद्योगिक उत्पादन के संशोधित सूचकांक में 28.77 प्रतिशत (पुरानी श्रृंखला में 24.55 प्रतिशत) है, उनके संयुक्त सूचकांक ने पिछले वर्ष की 7.9 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले 1986-87 के पूरे वित्तीय वर्ष में 7.4 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्शायी है। इसके अलावा वर्ष के लिए मूलभूत उद्योग की वृद्धि दर का जो 9.5 प्रतिशत लक्ष्य रखा गया, उसे प्राप्त नहीं किया जा सका। छः मूलभूत उद्योगों में से बिजली, कोयला और सीमेंट के मामले में 1986-87 में वृद्धि दर, पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में प्राप्त दर की तुलना में अधिक थी (सारणी

सारणी 4-मूलभूत उद्योगों की प्रवृत्तियां

क्र० सं०	उद्योग	यूनिट	वजन	उत्पादन (अप्रैल-मार्च)		
				1984-85	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6	7
1.	बिजली	मिलि० कि० वाट घंटा	11.43	1,56,973	1,70,045 (+8.3)	1,87,568 (+10.3)
2.	कोयला	मिलि० टन	6.61	147.41	154.24 (+4.6)	165.79 (+7.5)
3.	विकीर्णीय इस्पात	हजार टन	5.21	6,997.00	7,774.00 (+11.1)	8,219.00 (+5.7)
4.	कच्चा पेट्रोलियम	,,	2.41	28.990	30,168 (+4.1)	30.463 (+1.0)
5.	पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद	,,	152	33.236	39.881 (+20.0)	42.490 (+6.5)
6.	सीमेंट	,,	1.60	30.174	33.130 (+9.8)	36.400 (+9.9)
7	कुल मूलभूत उद्योग		28.77		(+7.9)	(+7.4)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

उपयोग के आधार पर और निवेश के आधार पर किये गये वर्गीकरण पर आधारित प्रवृत्तियां

31. चूंकि औद्योगिक उत्पादन के नयी शृंखला (1980-81=100) पर आधारित मदवार आंकड़े केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन ने जारी नहीं किये हैं, अतः उपयोग के आधार पर और निवेश के आधार पर किये गये वर्गीकरण के अंतर्गत प्रवृत्तियों का वर्गीकरण पुराने सूचकांक (1970=100) के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। इस सूचकांक ने अप्रैल-अक्तूबर 1986 में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी है जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की 5.9 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। मदवार सूचकांकों के बारे में अक्तूबर 1986 तक के उपलब्ध आंकड़े यह दर्शाते हैं कि जहां पूंजीगत वस्तु उद्योगों और मध्यवर्ती वस्तु उद्योगों के मामले में वृद्धि दर अप्रैल-अक्तूबर 1986 के दौरान धीमी रही है, वहीं मूल उद्योग और उपभोक्ता वस्तु उद्योग समूहों ने अप्रैल—अक्तूबर 1986 में पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में उच्चतर वृद्धि दर दर्ज की है (सारणी 5)। मूल उद्योग समूह में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि पिछले वर्ष की 6.4 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में अधिक थी, जो खनिज और खनन तथा बिजली की वजह से थी।

32. पूंजीगत वस्तु उद्योग समूह में पिछले वर्ष में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर थी, जिसके मुकाबले अप्रैल—अक्तूबर 1986-87 की 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर की थी जो मुख्यतः अनेक उद्योगों अर्थात् वाणिज्यिक वाहनों, बॉल और रोलर बेयरिंग्स, बिजली के ट्रांसफार्मरों, बिजली से चलने वाले पम्पों, कृषि ट्रैक्टरों, रोड रोलरों, जीपों आदि में हुई ऋणात्मक वृद्धि दर में परिलक्षित होती है। किन्तु रेलवे वैगनों (52.6 प्रतिशत) के उत्पादन में अप्रैल—अक्तूबर 1986 में भारी वृद्धि हुई थी, जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में गिरावट (26.2 प्रतिशत) आयी थी। वाणिज्यिक वाहनों के संबंध में संपूर्ण राजकोषीय वर्ष 1986-87 के लिए अंतिम आंकड़े यह दर्शाते हैं कि वर्ष के दौरान उत्पादन दर में गिरावट 4.0 प्रतिशत तक ही थी, जिसका कारण वर्ष की पहली छमाही में हुई 19.6 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले दूसरी छमाही में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि थी। 1986-87 के दौरान उनकी बिक्री में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो 1985-86 की केवल 0.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में उच्चतर थी। मझौले और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री के मामले में 2.0 प्रतिशत की वृद्धि दर थी, जो पिछले वर्ष की 5.1 प्रतिशत गिरावट की तुलना में धनात्मक थी। इसके अलावा मार्च 1987 के अंत की स्थिति के अनुसार उनके स्टॉकों में वर्ष भर में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आयी थी।

सारणी 5-औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि : उपयोग के आधार पर वर्गीकरण

(प्रतिशत में)

क्रम सं.	उद्योग समूह	वजन	अप्रैल-मार्च	(अप्रैल—अक्तूबर)	
			1985-86	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6
1.	मूल उद्योग	33.23	+7.2	+6.4	+8.5
2.	पूंजीगत वस्तु उद्योग	14.98	+3.4	+4.1	+3.2
3.	मध्यवर्ती वस्तु उद्योग	21.33	+10.1	+10.3	+3.4
4.	उपभोक्ता वस्तु उद्योग	30.16	+3.7	+3.2	+8.2
	(क) टिकाऊ	3.91	+14.3	+18.5	+22.3
	(ख) गैर-टिकाऊ	26.65	+1.6	—0.1	+4.6
	सामान्य सूचकांक (1970=100)	100.0	+6.3	+5.9	+6.4

33. मध्यवर्ती वस्तु उद्योग मे अप्रैल—अक्तूबर 1986-87 में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी, जो 1985-86 की तदनुरूप अवधि में हुई 10.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम थी। इस समूह के जिन उद्योगों ने अपेक्षाकृत कम वृद्धि दर्शायी उनमें मुख्य रूप से कमी आॅटो-टायर, सूती और मिश्रित धागे तथा पेट्रोलियम और रिफायनरी उत्पादों में थी जबकि चक्की के पाटों, बोल्टों, ढिबरियों, रिवेटों और सूखे सेलों ने ऋणात्मक वृद्धि दर दर्शायी। उपभोक्ता वस्तु उद्योगों में से उपभोक्ता टिकाऊ वस्तु उद्योग ने 1984-85 से लाइसेंस नीति के उदार होने से पर्याप्त गतिशीलता प्रदर्शित की है। इस समूह ने अप्रैल—अक्तूबर 1986 में 22.3 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की 18.5 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। इस वृद्धि का मुख्य कारण यात्री कारों, बाइसिकलों, घड़ियों और स्कूटरों में वृद्धि है। गैर-टिकाऊ वस्तुओं ने अप्रैल—अक्तूबर 1986 में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में 0.1 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत थी। उक्त अवधि के दौरान चीनी (32.4 प्रतिशत) पेंसिलिन (28.1 प्रतिशत) और वनस्पति उद्योगों (9.5 प्रतिशत) ने उच्चतर वृद्धि दर दर्शायी है।

34. निवेश के आधार पर किये गये वर्गीकरण के अनुसार कृषि पर आधारित और रसायन पर आधारित उद्योग समूहों के उत्पादन में अप्रैल—अक्तूबर 1986 में क्रमश: 4.5 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में केवल क्रमश: 1.7 प्रतिशत और 4.8 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई थी। किन्तु धातु पर आधारित उद्योग समूह की वृद्धि 1986-87 में 3.6 प्रतिशत ही थी जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की 9.6 प्रतिशत की तुलना में काफी धीमी थी।

औद्योगिक रुग्णता

35. छोटे मझौले और बड़े उद्योग यूनिटों में औद्योगिक रुग्णता बढ़ना जारी रहा। संपूर्ण अर्थ-व्यवस्था पर पड़ने वाले इसके असर के कारण यह चिंताजनक है। जून 1986 के अंत की स्थिति के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बैंकों द्वारा रुग्ण रूप में पहचानी गयी यूनिटों की कुल संख्या 1,30,606 हो गयी और उन पर 4,665 करोड़ रुपये के बैंक ऋण बकाया थे, जो कुल बैंक ऋण का 8.4 प्रतिशत अथवा उद्योग (लघु, मझौले और बड़े) को दिये गये बैंक ऋण का 17.1 प्रतिशत बैठते थे।

36. भारतीय रिज़र्व बैंक ने समय-समय पर रुग्णता को प्रारंभ में ही पहचानने तथा वाणिज्य बैंकों और मीयादी ऋण देनेवाली संस्थाओं के बीच निर्माण कार्यान्वयन और पुनर्वास संबंधी उपाय करने के बारे में उचित समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया है। बैंकों को सूचित किया गया है कि वे एक निश्चित समय के भीतर उन रुग्ण इकाइयों को पहचानें जिन्हें पुनः सक्षम बनाया जा सकता है और साथ ही संभावित सक्षमता वाले यूनिटों के लिए उचित पुनर्वास संबंधी उपाय अधिकाधिक तत्परता से तैयार करें और उन्हें कार्यान्वित करें।

37. रुग्ण औद्योगिक कंपनी (विशेष उपबंध) अधिनियम 1985 के अनुसार भारत सरकार ने रुग्ण औद्योगिक यूनिटों के संबंध में अपेक्षित रोकथाम, सुधारात्मक और निवारक तथा अन्य उपाय तय करने और इस प्रकार तय किये गये उपायों को तत्परता से लागू करने के लिए जनवरी 1987 में औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड का गठन किया है (जिसने 15 मई 1987 से कार्य शुरू कर दिया है) रुग्ण औद्योगिक कंपनियों के लिए पुनर्वास संबंधी उपायों के अनुमोदन के संबंध में बोर्ड को व्यापक अधिकार दिये गये है। इन उपायों में उनका पुनर्गठन पुनरुज्जीवित करना और साथ ही उनके प्रबंध तंत्र को बदलना या किसी अन्य कंपनी के साथ उसे समामेलित करना अथवा औद्योगिक प्रतिष्ठान आदि के किसी भाग या संपूर्ण प्रतिष्ठान को बेचना या पट्टे पर देना अथवा कंपनी को बंद ही कर देना तक शामिल है। बैंकों ने जिन कंपनियों को सहायता दी है और जिनके मामले में उक्त अधिनियम के उपबंध लागू होंगे उनके संबंध में बैंकों को क्या कार्रवाई करनी है, यह सूचित करते हुए मार्गदर्शी सिद्धांत 24 फरवरी 1987 को जारी किये गये। संक्षेप में, ये मार्गदर्शी सिद्धांत निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत रुग्ण औद्योगिक यूनिटों के बैंकों के पास खातों के संबंध में औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को रिपोर्ट देने, जिसकी एक प्रतिलिपि भारतीय रिज़र्व बैंक को भी देनी है, से संबंधित है: (1) वे मामले जिनमें वित्तीय संस्थाओं और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित पुनर्वास कार्यक्रम लागू किया जा रहा है, (2) वे मामले, जहां संभाव्य क्षमता के अध्ययन पूरे किये जा चुके हैं और पुनर्वास कार्यक्रम चल रहा है, (3) वे मामले जहां, संभाव्य क्षमता का अध्ययन अभी किया जानेवाला है; और (4) वे मामले, जहां पुनरुज्जीवित करने के प्रयास असफल हो गये हैं और यूनिटों को पुनरुज्जीवित न हो सकने वाला मान लिया गया है।

38. भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक ने औद्योगिक रुग्णता को बढ़ने से रोकने और उन्हें पुनरुज्जीवित करने में सहायता देने के लिए विभिन्न कदम उठायें हैं। भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक ने जून, 1986 के अंत तक जिन 333 यूनिटों को सहायता प्रदान की है, उनमें से 136 यूनिटों को पुनरुज्जीवित किया गया था और 131 यूनिट देखरेख (पोषण) कार्यक्रम के अंतर्गत थीं। शेष यूनिटें या तो लगातार हानि उठा रही थीं अथवा कानूनी कार्रवाई के लिए शुरू किये गये ऋण और अग्रिमों को लौटाने की मांग के साथ अनधिसूचित कर दी गयी थीं।

39. रुग्ण लघु उद्योगों के विकास, विस्तार, आधुनिकीकरण और पुनर्वास के लिए पुनर्वित्त सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक में 10 मई 1986 को एक 'लघु उद्योग विकास निधि' स्थापित की गयी है। इसके अलावा कपड़ा और जूट क्षेत्रों के आधुनिकीकरण के लिए वित्त प्रदान करने के प्रयोजन से सरकार ने दो निधियां स्थापित की है। ये निधियां हैं वस्त्र (टेक्सटाइल) आधुनिकीकरण निधि और जूट आधुनिकीकरण निधि। ये निधियां क्रमश. 1 अगस्त 1986 और 1 नवंबर 1986 से स्थापित की गयी हैं।

राष्ट्रीय आय, बचत और निवेश

40. उपलब्ध स्थूल निर्देशकों के आधार पर, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में वृद्धि की दर 1986-87 में वास्तविक अर्थ में 4.5 और 5.0 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि 1985-86 में यह 5.1 प्रतिशत थी। 1986-87 में कुल शुद्ध घरेलू बचत, अंतिम रूप से चालू बाजार मूल्यों पर, शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का 18.2 प्रतिशत मानी गयी है, जो 1985-86 के 16.8 प्रतिशत से अधिक है; यह 1984-85 में 16.9 प्रतिशत थी। घरेलू क्षेत्र की शुद्ध बचत, जो शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के रूप में चालू बाजार मूल्यों पर 1985-86 में 15.6 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही; अनुमान है, 1986-87 में काफी बढ़कर 17.0 प्रतिशत हो गयी है। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सरकारी क्षेत्र की बचत 1986-87 में 0.7 प्रतिशत पर ही बनी रहने का अनुमान है, 1985-86 में भी यही दर थी। घरेलू निजी निगमित क्षेत्र की शुद्ध बचत 1986-87 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद की 0.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

41. कुल शुद्ध निवेश 1984-85 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 18.4 प्रतिशत से बढ़कर 1985-86 में 19.3 प्रतिशत हो गया था। अनुमान है कि 1986-87 में, यह और बढ़कर 20.2 प्रतिशत हो जाएगा। यह सुधार और अधिक हुआ होता, यदि विदेशी संसाधनों की प्राप्ति में तीव्र गिरावट न हुई होती। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के रूप में शुद्ध घरेलू बचत और निवेश के अनुमान से संबंधित आंकड़े सारणी 6 में दिये गये हैं।

42. वित्तीय आस्तियों के रूप में घरेलू क्षेत्र की बचत, जो 1984-85 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 9.3 प्रतिशत से गिरकर 1985-86 में 8.7 प्रतिशत हो गयी थी, अनुमान है कि 1986-87 में काफी बढ़कर 10.1 प्रतिशत हो गयी है। भौतिक आस्तियों के रूप में बचत, जो 1984-85 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद की 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 1985-86 में 6.9 प्रतिशत हो गयी थी, अनुमान है कि 1986-87 में उसी दर पर बनी रहेगी। वित्तीय आस्तियों (सकल) में घरेलू बचत, अनुमान

है कि 1985-86 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 11.4 प्रतिशत से बढ़कर 1986-87 में 12.6 प्रतिशत हो गयी है। किन्तु घरेलू वित्तीय देयताएं 1985-86 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद की 2.7 प्रतिशत से घटकर 1986-87 में 2.5 प्रतिशत रह गयीं, 1984-85 में ये 2.8 प्रतिशत थीं। मुद्रा के रूप में बचत 1984-85 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 1.5 प्रतिशत से घटकर 1985-86 में 1.0 प्रतिशत रह गयी थी; यह 1986-87 में बढ़कर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का 1.3 प्रतिशत हो गयी है। बैंक जमा राशियों के रूप में बचत, जो 1984-85 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 5.0 प्रतिशत से घटकर 1985-86 में 4.7 प्रतिशत रह गयी थी, 1986-87 में यह काफी बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गयी, जिसका मुख्य कारण वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों में भारी संचय है। उपर्युक्त की दृष्टि से घरेलू क्षेत्र की वित्तीय आस्तियों (सकल) में मुद्रा और जमाराशियों का हिस्सा 1985-86 के 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 1986-87 में 53.1 प्रतिशत हो गया। सरकार पर घरेलू क्षेत्र के दावे (मुख्यत: लघु बचत), अनुमान है कि 1985-86 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 1986-87 में 1.7 प्रतिशत हो गये। यह थोड़ी सी वृद्धि अनिवार्य जमा-राशि की अदायगी के कारण काफी राशि के निर्गमन की वजह से है।

सारणी 6—देशी बचत और निवेश के अनुमान

(चालू बाजार मूल्यों पर)

(प्रतिशत में)

क्र. सं.	क्षेत्र/मद	राजकोषीय वर्ष 1984-85	1985-86 (अनन्तिम)	1986-87 (प्रारंभिक अनुमान)
1	2	3	4	5
1.	शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में घरेलू क्षेत्र की शुद्ध बचत जिसमें से वित्तीय आस्तियों में बचत	15.6 9.3	15.6 8.7	17.0* 10.1
2.	शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में सरकारी क्षेत्र की शुद्ध बचत	0.8	0.7	0.7*
3.	शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में देशी निजी निगमित क्षेत्र की शुद्ध बचत	0.5	0.5	0.5*
4.	शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में कुल शुद्ध देशी बचत (1+2+3)	16.9	16.8	18.2
5.	शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में विदेशी संसाधनों का आगम	1.5	2.5	2.0
6.	शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में कुल शुद्ध निवेश (4+5)	18.4	19.3	20.2

* घरेलू क्षेत्र द्वारा भौतिक आस्तियों में निवेश और सरकारी क्षेत्र की बचत के संबंध में केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के अनुमान उपलब्ध न होने के कारण पिछले वर्ष की दर इस वर्ष भी मान ली गई है जिसमें जनवरी 1988 में के. सां. सं. द्वारा त्वरित अनुमान जारी करने पर संशोधित किया जायेगा।

टिप्पणी: 1984-85 और 1985-86 के शुद्ध अनुमान पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में दिये गये अनुमानों से मेल नहीं खाते, क्योंकि और अधिक आंकड़े प्राप्त होने पर राष्ट्रीय आय, बचत और निवेश के अनुमानों में काफी संशोधन किये गये हैं।

43. विदेशी संसाधनों की शुद्ध प्राप्ति जो 1984-85 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 1.5 प्रतिशत से काफी बढ़कर 1985-86 में 2.5 प्रतिशत हो गयी थी, उसके 1986-87 में घटकर 2.0 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इस प्रकार विदेशी संसाधनों की शुद्ध प्राप्ति में तीव्र गिरावट के बावजूद कुल शुद्ध निवेश शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के रूप में 1985-86 के 19.3 प्रतिशत से बढ़कर 1986-87 में 20.2 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

ऋण नीति सम्बन्धी गतिविधियां

मुख्य बातें

44. पिछले तीन वर्षों में प्रारक्षित मुद्रा और समग्र चल निधि में भारी वृद्धि की दृष्टि से यह आवश्यक समझा गया कि 1986-87 के दौरान मुद्रास्फीतिकारी दबाव फिर से न बढ़ने देने के लिए सावधानीपूर्वक ऋण नीति अपनायी जाये।

45. प्रारक्षित निधियां संबंधी अपेक्षाएं, नीति का प्रमुख साधन बनी रहीं, जिसमें दैनिक आधार पर सांविधिक चलनिधि अनुपात को कारगर ढंग से बनाये रखने पर विशेष बल दिया गया। चार प्रतिशत छूट सीमा (सांविधिक चल निधि अनुपात के अन्तर्गत रखने के लिए अपेक्षित राशि के संबंध में) धीरे धीरे कम की गयी और अन्तत: उसे समाप्त कर दिया गया। चूंकि 1986-87 में समग्र चलनिधि की वृद्धि विशेषकर वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान, उत्पादक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक वृद्धि से अधिक थी, इसलिये मुद्रागत विस्तार की गति को धीमा करने के लिए विभिन्न उपाय किये गये। सांविधिक चलनिधि अनुपात और प्रारक्षित नकदी अनुपात, दोनों प्रकार की प्रारक्षित निधि संबंधी अपेक्षाएं बढ़ा दी गयी और रोकी गयी नकद राशि को मुक्त करने की जो घोषणा पहले की गयी थी उसे अंशत: निरस्त कर दिया गया। ऐसी स्थिति में हालांकि एम3 की 1986-87 में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी किन्तु इन उपायों ने मुद्रागत विस्तार की गति को कुछ संयत कर दिया।

46. समीक्षाधीन अवधि में एक प्रमुख गतिविधि ब्याज दरों को कम करने से संबंधित है। मुद्रा की लागत को कम करने और ब्याज दर नीति को लचीला बनाने की दृष्टि से ऋण दरों और जमा दरों तथा जमाराशियों की अवधि पूरी होने संबंधी विन्यास में चयनात्मक परिवर्तन किये गये। यह माना गया कि हाल ही के वर्षों में मुद्रास्फीति की दर 1979-81 की उच्च मुद्रास्फीति दरों से काफी नीचे रही है। उस समय इस उच्च दर के कारण ब्याज दरों में तीव्र वृद्धि की गयी थी। ब्याज की वास्तविक दरें, विशेषकर बैंकों की अधिकतम ऋण दर काफी ऊंची थी और तदनुसार अधिकतम ऋण दर में जो कमिक कमी अप्रैल 1983 और अप्रैल 1985 में की गयी थी, उसे आगे अप्रैल 1987 में और कम किया गया। अप्रैल 1987 में पहली बार बचत लिखतों पर ब्याज दरों में समन्वित परिवर्तन कटौती की गयी, जिसमें बैंक जमाराशियां, डाकघर जमाराशियां, राष्ट्रीय बचत पत्र, कम्पनी जमाराशियां, ऋण पत्र (डिबेंचर), सरकारी क्षेत्र के बांड तथा अन्य योजनाएं शामिल हैं। बैंक जमाराशियों के मामले में अधिकतम जमा दर के लिए लागू अवधि समाप्ति (मैच्युरिटी) को कम करने का सजग प्रयास किया गया था। आशा की जाती है कि इससे देश में अर्थव्यवस्था की बदलती हुई स्थिति के संदर्भ में जमाराशियों और ऋणों पर ब्याज दरें बदलने में बैंकिंग तंत्र को कुछ लचीलापन मिल सकेगा।

47. अन्य नीतिगत परिवर्तन मौजूदा उपायों को औचित्यपूर्ण बनाने और उनके कारगर कार्यान्वयन के स्वरूप के थे। चयनात्मक ऋण नियंत्रण को औचित्यपूर्ण बनाने का जो कार्य 1985-86 में किया गया था उसे 1986-87 में एक कदम और आगे बढ़ाया गया। सरकारी ऋण व्यवस्था संबंधी ऋण क्षेत्र में रिजर्व बैंक ने निम्नलिखित को लागू किया (i) 91 दिवसीय खजाना बिलों को पुन: प्रचलित करने की योजना, (ii) 91 दिवसीय खजाना बिलों के अवधिपूर्व भाजन पर अतिरिक्त शुल्क, और (iii) 182 दिवसीय खजाना बिल नामक एक नयी लिखत का आरम्भ।

48. मुद्रा बाजार के संबंध में कार्यकारी दल ने मुद्रा बाजार को सक्रिय करने और उसके विकास के लिए कतिपय सिफारिशें की हैं। यद्यपि कुछ सिफारिशों की और विस्तृत जांच आवश्यक है, वहीं रिजर्व बैंक ने अनेक सिफारिशों पर पहले ही विशिष्ट कार्रवाई की है।

49. जुलाई 1986 और जून 1987 के बीच विभिन्न बातों के संबंध में घोषित किये गये ऋण नीति संबंधी उपायों के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं।

नीतिसंबंधी उपाय---अगस्त 1986

50 निर्यातों को बढ़ावा देने की अत्यधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निर्यात ऋण पर ब्याज दरों के विन्यास को मार्च 1986 में औचित्यपूर्ण बनाया गया; अगस्त 1986 में इन्हें और कम किया गया। उक्त दोनों संशोधनों से निर्यात ऋण के बाकी भाग के लिए ब्याज दरें काफी कम हो गयीं; यह कमी 2.5 से लेकर 4.5 प्रतिशत अंक तक थी।

51. यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंकों का प्रभावी प्रतिलाभ (ब्याज उपार्जन के लिए समायोधन के बाद) और पुनर्वित्त दर के बीच मार्जिन अक्षुण्ण बना रहे, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक के निर्यात ऋण पुनर्वित्त की ब्याज दर भी 10 प्रतिशत से घटाकर पहली अगस्त 1986 से 9 प्रतिशत कर दी गयी।

नीतिसंबंधी उपाय--सितम्बर 1986

52. विदेशों, विशेषकर संयुक्त राज्य अमेरिका में ब्याज दरों में लगातार गिरावट के संदर्भ में विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के अन्तर्गत मीयादी जमाराशियों पर ब्याज दरें 8 सितम्बर 1986 से एक बार फिर घटाकर संशोधित की गयीं। किन्तु अनिवासी (बाह्य) रुपया खातों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रहीं। जमा दरों का विन्यास सारणी 7 में दिया गया है।

सारणी 7--अनिवासी जमाराशियों पर ब्याज दरें

(प्रतिशत वार्षिक)

क्र. सं.	समाप्त होने की अवधि	एफ सी एन आर दरें लागू होने की तारीख		एन आर ई दरें
		5 मई 1986	8 सितम्बर 1986	27 मई 85 से लागू
1	2	3	4	5
1.	15 दिन से 45 दिन	3.0	3.0	3.0
2.	46 दिन से 90 दिन	4.0	4.0	4.0
3.	91 दिन और अधिक लेकिन 6 माह से कम	6.5	6.5	6.5
4.	6 माह और अधिक लेकिन 1 वर्ष से कम	8.0	7.5	8.0
5	1 वर्ष और अधिक लेकिन 2 वर्ष से कम	8.5	8.0	10.5
6.	2 वर्ष और अधिक लेकिन 3 वर्ष से कम	9.0	8.5	11.0
7.	3 वर्ष और अधिक लेकिन 5 वर्ष से कम	10.0*	9.0*	12.0
8.	5 वर्ष से अधिक			13.0

*इस दर पर एफ सी एन आर जमाराशियां केवल तीन वर्ष की अवधि के लिए स्वीकार की जा सकती हैं।

नीतिसंबंधी उपाय--अक्तूबर 1986

53. 1986-87 की पहली छमाही में अर्थव्यवस्था में हुई गतिविधियों और दूसरी तिमाही में संभावित गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए अधिक कामकाज के समय की ऋण नीति अक्तूबर 1986 में घोषित की गयी थी और उसमें निम्नलिखित उपाय निहित थे।

अवरुद्ध नकदी शेष राशियां जारी करना

54. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से यह अपेक्षा की गयी थी कि वे 14 जनवरी 1977 और 31 अक्तूबर 1980 के बीच बनने वाली वृद्धिशील शुद्ध मांग और मियादी देयताओं के 10 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रारक्षित नकदी अनुपात रखेंगे। इस तरह रोकी गयी 1,859 करोड़ रुपये की राशि का पांचवा हिस्सा (372 करोड़ रुपये) अक्तूबर 1984 और दिसम्बर 1984 में 2 किस्तों में जारी कर दिया गया; शेष राशि का एक तिहाई (495 करोड़ रुपये) अक्तूबर 1985 में जारी किया गया था। इस प्रकार 992 करोड़ रुपये की राशि रिजर्व बैंक के पास रोककर रखी गयी थी। अधिक कामकाज के समय में ऋण आवश्यकताओं की संभावित वृद्धि को पूरा करने के लिए बैंकों के संसाधनों को संपूरित करने की दृष्टि से यह निर्णय किया गया कि शेष राशि का आधा (496 करोड़ रुपये) 22 नवम्बर 1986 और 31 जनवरी 1987 को दो समान किस्तों में जारी किया जाये। किन्तु वास्तव में एक ही किस्त जारी की गयी।

विवेकाधीन पुनर्वित्त सुविधा की उपलब्धता

55. बैंक इस सुविधा को आसानी से प्राप्त कर सकें इसके लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को इस बात की अनुमति दी गयी कि वे 1985-86 में बैंक की औसत जमा राशियों के 0.5 प्रतिशत के बराबर राशि तक का पुनर्वित्त अधिक से अधिक 14 दिन के लिए रिजर्व बैंक की पूर्व-स्वीकृति लिये बिना अपने विवेकाधिकार से आहरित कर सकते हैं। 14 दिन से अधिक की अवधि के लिए अथवा ऊपर निर्दिष्ट जमा से अधिक की राशि आहरित करने के लिए रिजर्व बैंक की पूर्व स्वीकृति की अपेक्षा जारी रही।

निर्यात पुनर्वित्त सीमाएं

56. सामान्य परम्परा से हटते हुए यह निर्णय किया गया कि बैंकों की निर्यात पुनर्वित्त सीमाओं की गणना के लिए आधार वर्ष आगे न बढ़ाया जाये जिसका अर्थ वास्तव में यह था कि बैंकों को निर्यात पुनर्वित्त सुविधा उस राशि से लगभग 200 करोड़ रुपये अधिक उपलब्ध होगी जो उन्हें उस स्थिति में मिलती यदि आधार वर्ष आगे ले आया गया होता।

खजाना बिल

57. खजाना बिलों से संबंधित ऋण व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए भी दो उपाय घोषित किये गये थे।

(i) 182 दिवसीय खजाना बिल

58. खजाना बिलों को लचीली दरों वाली लिखत के रूप में विकसित करने के लिए मुद्रा प्रणाली के कार्य की समीक्षा संबंधी सिफारिशों को अपनाते हुए प्रारम्भ में मासिक नीलामी आधार पर 182 दिवसीय खजाना बिलों की योजना लागू की गयी; इसके लिए रिजर्व बैंक से कोई पुनः खरीद व्यवस्था नहीं होगी और इस प्रकार की पहली नीलामी नवम्बर 1986 में हुई थी। उक्त नयी लिखत अल्पावधि निवेशों के लिए एक विकल्प प्रदान करने की दृष्टि से बनायी गयी थी और यह आशा की गयी थी कि समय बीतने के साथ अलग अलग अवधि समाप्ति वाली लिखतों का एक व्यापक विन्यास (समूह) तैयार हो जायेगा, जिससे द्वितीयक बाजार के विकास में सहायता मिलेगी।

(ii) 91 दिवसीय खजाना बिलों की समय से पहले पुनर्भुनाई पर अतिरिक्त शुल्क

59. रिजर्व बैंक के खजाना बिल संविभाग (पोर्टफोलियो) में जल्दी जल्दी उतार चढ़ाव न हों, इस दृष्टि से 91 दिवसीय खजाना बिलों की समय से पहले पुनर्भुनाई पर नवम्बर 1986 में अतिरिक्त शुल्क लागू किया गया। इस शुल्क की दर प्रति एक लाख रुपये के अंकित मूल्य पर पहले दिन 8.11 रुपये से लेकर सातवें दिन 50 रुपये तक अलग अलग रही और 14 दिन तक यह दर कायम रही। 14 दिन के बाद से पहले पुनर्भुनाई के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया। इसके परिणाम स्वरूप प्रभावी रूप से मिलने वाला शुल्क पहले दिन शून्य है और 14 दिन तक धीरे धीरे बढ़ता जाता है। 8 अक्तूबर 1986 से रिजर्व बैंक के पास रखे हुए पुनः भुनाए गये जिन खजाना बिलों की अवधि पूरी होने में 30 दिन से अधिक की अवधि शेष थी, उन्हें उसी दर पर निवेशकों को पुनः जारी किया गया, जो दर उसी प्रकार के नये बिलों के लिए लागू थी। समय से पहले पुनः भुनाने पर अतिरिक्त शुल्क रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये नए बिलों और साथ ही पुराने बिलों के बदले जारी किये गये नये बिलों दोनों पर लगाया गया है।

1986-87 के पेराई मौसम के लिए चीनी उद्योग को अग्रिम

60. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे 1986-87 के मौसम (अक्तूबर-सितम्बर) के लिए चीनी बिलों को पिछले मौसम में उपयोग में लायी गयी अधिकतम राशि (अस्थायी अतिरिक्त आहरणों को छोड़कर) के 115 प्रतिशत तक आवश्यकता पर आधारित ऋण सीमाएं रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना मंजूर कर सकते हैं।

नीतिसंबंधी उपाय—जनवरी 1987

61. जैसा कि अक्तूबर 1986 में घोषित किया गया था, वृद्धिशील प्रारक्षित नकदी अनुपात के अंतर्गत रिजर्व बैंक के पास अभी भी अवरुद्ध अतिरिक्त नकद राशि की पहली किस्त, जो 248 करोड़ रुपये थी 22 नवम्बर 1986 को जारी की गयी थी। किन्तु 248 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त की अदायगी पहले स्थगित कर दी गयी और बाद में बैंकों की सुविधाजनक चलनिधि स्थिति को देखते हुए मार्च 1987 में रद्द कर दी गयी।

नीतिसंबंधी उपाय—फरवरी 1987

62. दिसम्बर 1986 के अंत और जनवरी 1987 में समग्र चलनिधि में भारी वृद्धि हुई थी। उत्पादन क्षेत्रों को ऋण के मौसमी प्रवाह में कोई रुकावट डाले बिना बैंकिंग तंत्र की चलनिधि को स्थिरता प्रदान करने दृष्टि से यह निर्णय किया गया कि 28 फरवरी, 1987 से प्रारम्भ पखवाड़े से प्रारक्षित नकदी अनुपात 9.0 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत कर दिया जाये।

नीतिसंबंधी उपाय—मार्च 1987

63. ऋण नीति संबंधी उपायों की समीक्षा मार्च 1987 में की गयी थी। यह देखा गया कि 1985-86 और 1986-87 में किये गये उपायों के परिणामस्वरूप बैंकों द्वारा सांविधिक चलनिधि अनुपात रखने संबंधी अपेक्षा के अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। फिर, बैंकों द्वारा धारित खजाना बिलों में सप्ताह-दर-सप्ताह होने वाली अस्थिरता बहुत कम हो गयी। पिछले कुछ वर्षों में प्रारक्षित मुद्रा में भारी वृद्धि अहा चिंता की बात थी, वहीं रिजर्व बैंक की शुद्ध घरेलू आस्तियों* से यह संकेत मिलता है कि देश से उद्भूत प्राथमिक मुद्रा निर्माण पर नियंत्रण रखा गया है जिससे अनावश्यक द्वितीयक विस्तार रोका जा सका है। रिजर्व बैंक की शुद्ध घरेलू अस्तियों में 1986-87 (अप्रैल मार्च) में 2,192 करोड़ रुपए (9.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष इनमें 2,293 करोड़ रुपये (11.0 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। 1987-88 की पहली छमाही के लिए ऋण नीति संबंधी उपाय मुद्रागत और ऋण संबंधी गतिविधियों और वास्तविक अर्थ अवस्था में संभावित गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च 1987 को घोषित किये गये।

64. मूल्य स्थिति और अर्थ व्यवस्था चलनिधि की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह उचित समझा गया है कि 1987-88 में समग्र चलनिधि की वृद्धि को, 1986-87 में हुई वृद्धि दर से काफी नीचे रखा जाये। M_3 की वृद्धि को संयत रखने की नीति के अनुसार 1987-88 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशि में वृद्धि के लिए कार्यकारी अनुमान 18,500 करोड़ रुपये (18.0 प्रतिशत) रखा गया, जबकि 1986-87 में यह 17,340 करोड़ रुपये (20.3 प्रतिशत था)। वर्ष की दोनों छमाहियों में जमाराशियों की वृद्धि लगभग समान रहने का अनुमान था। इस वृद्धि से बैंक न केवल 1987-88 की पहली छमाही के दौरान ऋण आवश्यकताएं पूरी करने में समर्थ होंगे, बल्कि अपनी चलनिधि भी बना सकेंगे।

65. चूंकि यह अनुमान था कि बैंक 1987-88 की पहली छमाही में सुविधाजनक चलनिधि की स्थिति में होंगे, अतः यह उचित समझा गया कि समग्र उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए वर्ष की पहली छमाही में ही नीतिगत समायोजन किये गये। इस संदर्भ में ऋण नीति संबंधी निम्नलिखित उपाय घोषित किये गये थे।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ऋण और जमा दरें

66. जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है, मुद्रा की लागत और ब्याज-दर नीति को लचीला बनाने की दृष्टि से ऋण और जमा दरों में कुछ परिवर्तनों की घोषणा की गयी थी। ऋण दरों में कमी से ऐसी अनेक श्रेणियों के कर्जदारों को राहत मिली है जिनके लिए ब्याज दरें पहले बहुत बढ़ा दी गयी थीं। जिन श्रेणियों के लिए ऋण दरों में पहले ही काफी रियायतें मौजूद थीं और जिनमें सितम्बर 1979 और उसके बाद बहुत कम वृद्धि हुई थी, वे अपरिवर्तित रहीं। जमा दरों में इसी के साथ साथ वृद्धि से बैंकों की लाभप्रदता सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी, अन्यथा ऋण दरें कम करने के परिणामस्वरूप उनकी लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता

(i) ऋण दरें

67. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के 15 प्रतिशत से अधिक के सभी स्तरों पर निर्धारित ऋण दरों में एक प्रतिशत अंक की कमी की गयी विभिन्न श्रेणियों के लिए ब्याज दरों की जो न्यूनतम और उच्चतम सीमाएं थीं उस प्रणाली को बनाये रखा गया किन्तु 16.5—17.5 प्रतिशत के उच्चतम चरण के लिए 16.5 प्रतिशत की एक नियत दर निर्धारित की गयी। उक्त परिवर्तन 1 अप्रैल 1987 से निम्नलिखित रूप में लागू किये गये : (सारणी 8)।

सारणी 8—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ऋण दरें

(प्रतिशत वार्षिक)

क्र. सं.	31 मार्च 1987 तक लागू	1 अप्रैल 1987 से लागू
1	2	3
1.	16.50—17.50 और 17.50 की सीमा (नियत)	16.50 (नियत)
2.	16.50 तक की उच्चतम सीमा	15.50 तक की उच्चतम सीमा
3.	16.50 (नियत)	15.50 (नियत)

*प्रारक्षित मुद्रा घटाकर (भा.रि.बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां + रिजर्व बैंक के पास बैंकों की शेष राशियां + रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाराशियां)

विनिमय बिलों की भुनाई पर अधिकतम प्रभावी ब्याज दर घटाकर 15.5 प्रतिशत अर्थात् नयी अधिकतम ऋण दर से 1 प्रतिशत अंक कम कर दी गयी। इस उपाय से बिलों के उपयोग की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा और भुगतान प्रणाली को सुधारने में भी सहायता मिलेगी।

(ii) जमा दरें

68 अधिकतम जमा दर 11 प्रतिशत से घटाकर पहली अप्रैल 1987 से 10 प्रतिशत कर दी गयी और यह उच्चतम दर दो वर्ष और उससे अधिक अवधि वाली जमाराशियों पर लागू की गयी। किन्तु वर्तमान जमाराशियों पर 31 मार्च 1987 तक प्रभावी दरें उन राशियों की अवधि पूरी होने तक लागू रहेंगी। मीयादी जमाराशियों की अवधि पूर्णता संबंधी विन्यास में पिछले 15 वर्षों में विन्यासगत रूप का परिवर्तन हुआ है। 1969 में मीयादी जमाराशियों की केवल 27 प्रतिशत राशियां तीन वर्ष से अधिक पूर्णतावाली थीं, जबकि 1982 में तुलनीय अनुपात 73 प्रतिशत है। अपेक्षाकृत लंबी जमाराशियों में ह्रास की अवधि में तीव्र वृद्धि के परिणामस्वरूप ब्याज विन्यास में मजबूती आयी है जिससे बैंकों को ब्याज दरों में सामान्य गिरावट को समायोजित करने में कठिनाई होने लगी, क्योंकि वे लंबी अवधि वाली जमाराशियों पर उच्चतम दरें अदा करने के लिए प्रतिबद्ध थे। अवधि पूर्णतया संबंधी विन्यास को, अब तक की 5 वर्ष की जमाराशियों के बजाए दो वर्ष की जमाराशियों पर अधिकतम जमाराशि दर अदा करते हुए कम करने में बैंक बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसरण में ब्याज दरों को और आसानी से समायोजित कर सकेंगे। जमा दरों में संशोधित विन्यास विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों और अनिवासी (बाह्य) (रुपया खातों को छोड़कर) सारणी 9 में दिया गया है।

69. विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों की जमा दर का विन्यास और अवधि पूर्णता का स्वरूप अपरिवर्तित रहा। ये दरें घरेलू जमा दरों से पहले ही अलग की जा चुकी थीं और विदेशी मुद्रा अनिवासी जमाराशियों के लिए दरों का अलग विन्यास निर्धारित किया गया था। अनिवासी बाह्य रुपया खातों की एक वर्ष और उससे अधिक की जमा दरों के मामले में घरेलू जमा दर से इनकी सम्बद्धता खत्म कर दी गयी थी और ब्याज दरों तथा पूर्णता अवधि के लिए एक स्वतन्त्र विन्यास 1 अप्रैल 1987 से निर्दिष्ट किया गया था। किन्तु अनिवासी (बाह्य) रुपया खातों की जमाराशियों के लिए निर्दिष्ट दरें और पूर्णता की अवधि का जो विन्यास 31 मार्च 1987 से पहले प्रचलित था, उसे नहीं बदला गया।

सांविधिक चलनिधि अनुपात

70. 25 अप्रैल 1987 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से सांविधिक चलनिधि अनुपात शुद्ध मांग और मीयादी देयताओं के 37 प्रतिशत बढ़ाकर 37.5 प्रतिशत कर दिया गया। भारतीय खाद्य निगम ने 1986-87 में भारत सरकार से 1,200 करोड़ रुपये का सुलभ ऋण लिया था जिसमें से 634 करोड़ रुपये का ऋण 31 मार्च 1987 को जारी कर दिया गया, जिसे बैंकों ने खाद्य ऋण की वापसी के रूप में प्राप्त किया। पिछले बकाया उपदान के 550 करोड़ रुपये भारतीय खाद्य निगम को अप्रैल और मई 1987 में अदा किये गये थे। इसके अलावा उपदान की मासिक "लेखागत" अदायगी की प्रणाली लागू की गयी है। इस प्रकार 25 अप्रैल 1987 से प्रभावी सांविधिक चलनिधि के अनुपात में वृद्धि से बैंकों के सामने कोई समस्या नहीं आई।

सारणी 9—जमाराशियों पर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ब्याज दरें

विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों/अनिवासी (बाह्य) रुपया खातों को छोड़कर

(प्रतिशत वार्षिक)

क्र. सं.	सीमा	31 मार्च 1987 तक लागू	1 अप्रैल 1987 से लागू
1	2	3	4
1.	चालू खाते	कुछ नहीं	कुछ नहीं
2	बचत खाते	5.0	5.0
3.	मीयादी जमाराशियां :		
	(क) 15 दिन से 45 दिन	3.0	3.0
	(ख) 46 दिन से 90 दिन	4.0	4.0
	(ग) 91 दिन और अधिक लेकिन छः माह से कम	6.5	6.5
	(घ) छः माह और अधिक लेकिन 1 वर्ष से कम	8.0	8.0
	(ङ) 1 वर्ष और अधिक लेकिन 2 वर्ष से कम	8.5	9.0
	(च) 2 वर्ष और अधिक लेकिन 3 वर्ष से कम	9.0	10.0*
	(छ) 3 वर्ष और अधिक लेकिन 5 वर्ष से कम	10.0	
	(ज) 5 वर्ष से अधिक	11.0	

*2 वर्ष और अधिक के लिए लागू दर।

विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों के संबंध में प्रारक्षित नकदी संबंधी अपेक्षाएं

71. पिछले दो वर्षों में विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों की जमा दरें क्रमिक रूप से कम करके उन स्तरों पर ले आयी गयीं, जो घरेलू बैंक जमाराशियों पर मिलने वाली दरों से कम थीं। लेकिन तंत्र में समग्र चलनिधि कम करने के उपाय के रूप में विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों की जमाराशि संबंधी देयताओं के संबंध में प्रारक्षित नकदी अनुपात 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 23 मई, 1987 से 9.5 प्रतिशत कर दिया गया। किन्तु विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता जमाराशि संबंधी देयताओं में पहले की तरह उस 10 प्रतिशत वृद्धिशील प्रारक्षित नकदी अनुपात से छूट मिलती रही, जो नवम्बर 1983 में लागू किया गया था।

चयनात्मक ऋण नियंत्रण

72 पिछले दो वर्षों में चयनात्मक ऋण नियंत्रण को काफी औचित्यपूर्ण बनाया गया है और जहां इस प्रकार के नियंत्रणों की आवश्यकता नहीं रही, वहां इन्हें हटा दिया गया, फिर जहां शेष पण्य और मूल्यों में उतार-चढ़ाव अनुकूल रहे, उन मदों के मामले में नियंत्रण को कम कठोर रखा गया। चयनात्मक ऋण नियंत्रणों में पहली अप्रैल 1987 से निम्नलिखित परिवर्तन किये गये।

(i) ऋण की उच्चतम सीमाओं का स्तर

73. जिन पण्यों के मामले में ऋण के स्तर के बारे में 1981-82, 1982-83 और 1983-84 (नवम्बर-अक्तूबर) की तीन वर्ष की अवधि के आधार पर रखने की शर्त लगायी गयी थी, वहां इस आधार को एक वर्ष आगे बढ़ाकर 1982-83, 1983-84 और 1984-85 की अवधि कर दी गयी।

(ii) मार्जिन

74. "अन्य खाद्यान्नों", दालों, चीनी, गुड़ और खांडसारी के जारी किये गये स्टॉक से न्यूनतम मार्जिन में सीधे 15 प्रतिशत अंक की कमी कर दी गयी। तिलहन, वनस्पति तेलों और चीनी के जारी न किये गये स्टॉक के लिए न्यूनतम मार्जिन अपरिवर्तित रखे गये। न्यूनतम मार्जिन का नया विन्यास सारणी 10 में दिया गया है।

(iii) मिल मालिकों/और व्यापारियों को ऋण

75. रबी 1987 में गेहूं की भारी फसल के संदर्भ में बैंकों को सूचित किया गया कि वे आटा मिलों और व्यापारियों को अब तक की अपेक्षा और अधिक मुक्त रूप में ऋण प्रदान करने पर विचार करें, किन्तु यह सामान्य ऋण अनुशासन के अनुपालन की शर्त पर होगा।

विवेकाधीन पुनर्वित्त की उपलब्धता

76. जो बैंक खाद्य संघ के सदस्य नहीं थे और जिनकी विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता जमाराशियों में बड़ा हिस्सा था और जिन्हें मार्च 1987 के अन्त के लिए समायोजन की समस्या का सामना करना पड़ सकता था, उनके मामले में रिजर्व बैंक द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि बहुत कम समय के लिए अतिरिक्त विवेकाधीन पुनर्वित्त के अनुरोध पर गुण-दोष के आधार पर विचार किया जायेगा।

रिजर्व बैंक के पास शेष नकदी पर क्रमिक ब्याज दरें

77. प्रारक्षित नकदी के अनुपात में कमियों के लिए पात्र नकदी शेष राशियों पर क्रमिक ब्याज दरों की योजना 1 जनवरी, 1982 से लागू की गयी थी। प्रारक्षित नकदी अनुपात में कम गिरावटों के लिए बैंकों को और राहत देने के लिए क्रमिक ब्याज दरों की अनुसूची संशोधित की गयी थी। पहले की अनुसूची और संशोधित अनुसूची सारणी 11 में दी गयी है।

सारणी 10—चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के अन्तर्गत आने वाले पण्यों के स्टॉकों पर बैंक अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन

(पहली अप्रैल 1987 से लागू)

(प्रतिशत)

पण्य	स्टॉकों पर		गोदाम रसीदों पर
	प्रोसेसिंग इकाइयां/मिलें	अन्य	
1. 'अन्य खाद्यान्न'	30	45	30
2. दालें	30	45	30
3. तिलहन (मूंगफली, तोरिया/सरसों, एरण्ड, अलसी तथा सभी आयातित तिलहन)	30	45	30
4. वनस्पति तेल (मूंगफली का तेल, तोरिया/सरसों का तेल, अलसी का तेल, एरण्ड का तेल, वनस्पति तथा आयातित तेल)	30*	60	45
5. चीनी			
(क) बफर	0	—	—
(ख) जारी न किये गये स्टॉक	17.5	—	—
(ग) जारी किये गये स्टॉक	60	60	45
6. गुड़ तथा खाण्डसारी	30	60	45

*पंजीकृत तेल मिलों तथा वनस्पति विनिर्माताओं पर लागू।

सारणी 11—प्रारक्षित नकदी अनुपात बनाये रखने में कमी—शेषराशियों पर क्रमिक ब्याज दरों की अनुसूची

(31 मार्च 1987 तक लागू)		(पहली अप्रैल 1987 से लागू)	
रखे जाने के लिए अपेक्षित अनुपात की निरपेक्ष राशि के प्रतिशत के रूप में पखवाड़े के दौरान कमी (तक और को शामिल करते हुए)	3 प्रतिशत के न्यूनतम सांविधिक अनुपात से अधिक वास्तव में रखी गयी राशि पर देय ब्याज की दर (प्रतिशत वार्षिक)	रखे जाने के लिए अपेक्षित अनुपात की निरपेक्ष राशि के प्रतिशत के रूप में पखवाड़े के दौरान कमी (तक और को शामिल करते हुए)	3 प्रतिशत के न्यूनतम सांविधिक अनुपात से अधिक वास्तव में रखी गयी राशि पर देय ब्याज की दर (प्रतिशत वार्षिक)
1	2	3	4
	10.50	0.0	10.50
0.5	10.00	0.5	10.25
1.0	8.75	1.0	10.00
1.5	5.25	1.5	9.50
2.0	2.50	2.0	8.75
		2.5	7.75
3.0	0.50	3.0	6.50
3.00 से अधिक	0.00	3.5	5.00
		4.0	3.00
		4.5	1.25
		5.0	0.50
		5.0 से अधिक	0.00

मुद्रा बाजार संबंधी कार्यकारी दल

78. मुद्रा बाजार संबंधी कार्यकारी दल ने अपनी रिपोर्ट जनवरी, 1987 में प्रस्तुत की। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, रिजर्व बैंक ने व्यापक विचार-विमर्श के बाद निम्नलिखित निर्णय/उपाय घोषित किये।

मांग मुद्रा ब्याज दरें और सहभागी

79. प्रशासित ब्याज दरों के अनुसार मांग मुद्रा बाजार का विन्यास और बाजार के सहभागी फिलहाल अपरिवर्तित रहेंगे।

बिल भुनाई दर में कमी

80. अल्पावधि अग्रिमों के लिए निर्धारित ब्याज दरें, जो विभिन्न श्रेणी के कर्जदारों के लिए उनके नकदी ऋण, ओवर ड्राफ्टों और बिलों के लिए एकसमान थीं, संदत्त की गयीं, उच्चतम ऋण दर 1 अप्रैल, 1987 से 17.5 प्रतिशत से घटाकर 16.5 प्रतिशत करने की दृष्टि से इस प्रकार की श्रेणी के कर्जदारों के लिए बिलों पर ब्याज दर वह निर्धारित की गयी जो नयी उच्चतम ऋण दरों से एक प्रतिशत कम है इस प्रकार से अप्रैल, 1987 से बैंकों से यह अपेक्षा की गयी कि वे इस प्रकार के कर्जदारों के लिए बिल भुनाई दर उस स्तर पर नियत करेंगे जो 15.5 प्रतिशत की प्रभावी ब्याज दर के बराबर हो, जो वास्तव में इस समय मौजूदा स्तर से दो प्रतिशत अंक कम पड़ता है।

पुनर्भुनाई दर में वृद्धि

81. पहली अप्रैल 1987 से पुनर्भुनाई दर की उच्चतम सीमा 11.5 प्रतिशत वार्षिक से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत वार्षिक कर दी गयी। हालांकि बिलों के लिए भुनाई और पुनर्भुनाई दरों के बीच अंतर उनके उच्चतम स्तरों पर 2.5 प्रतिशत अंक से कुछ अधिक तक कम किया गया है, लेकिन इस उपाय से, अनुमान है, पुनर्भुनाई बाजार में अतिरिक्त निधियां आयेंगी और इससे जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट को मांग बाजार से पुनर्भुनाई बाजार की ओर अधिक रूप से जाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

पुनर्भुनाई बाजार में सहभागिता

82. रिजर्व बैंक फिलहाल पुनर्भुनाई बाजार में संस्थाओं के प्रवेश को हरेक मामले के आधार पर नियंत्रित करना जारी रखेगा। हालांकि पुनर्भुनाई बाजार के लिए पहुंच वर्तमान की अपेक्षा कम प्रतिबंधक होगी।

बिल वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए उपाय

83. भुनाई दर कम करने (बिल प्रणाली को कर्जदारों के लिए आकर्षक बनाने के लिए) और पुनर्भुनाई दर बढ़ाने (पुनर्भुनाई बाजार में निधियों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए) के अलावा बिल वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाय भी किये गये।

(1) बिलों के माध्यम से वित्तपोषित प्राप्य माल का अनुपात

84. ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत आने वाली सभी पार्टियों (निजी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र दोनों) के मामले में 1 अप्रैल 1988 से प्राप्य माल की जमानत पर नकदी ऋण/ओवरड्राफ्ट सुविधाएं तय करते समय पात्र प्राप्य माल का केवल 75 प्रतिशत बैंकों द्वारा निर्धारित सामान्य मार्जिन की शर्त पर वित्तपोषण के लिए विचार में लिया जायेगा। शेष ऋण आवश्यकता के लिए मांग/मीयादी बिलों के माध्यम से वित्त प्रदान किया जा सकता है। जिन पार्टियों के मामलों में प्राप्य माल पर वित्तपोषण का अनुपात पहले ही 75 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में बैंकों को सूचित किया गया कि नकदी ऋण/ओवरड्राफ्ट सुविधाओं के अंतर्गत में प्राप्य माल पर वित्तपोषण के अनुपात को न बढ़ने दें।

(2) तदर्थ बिल सीमाएं मंजूर करने के लिए बैंकों को विवेकाधिकार

85. अप्रैल 1986 में ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत आने वाली सभी पार्टियों को अधिक से अधिक 3 महीने तक की अवधि के लिए अस्थायी रूप से वर्तमान कार्यकारी पूंजी सीमा से 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त सीमाएं मंजूर करने का बैंकों का विवेकाधिकार 75 लाख रुपये की समग्र उच्चतम सीमा से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर दिया गया। परिचालनों में वृद्धि की स्थिति में बिल सुविधा के उपयोग के लिए प्रोत्साहन रूप में, अतिरिक्त सीमाओं को अस्थायी रूप से मंजूर करने के लिए वर्तमान अधिकारों के अलावा, एक अलग अतिरिक्त अंतर्देशीय बिल सीमा बैंकों द्वारा प्रदान करने की अनुमति है, जो कि तीन महीनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं होगी और मौजूदा बिल सीमा के 10 प्रतिशत तक के बराबर राशि तक के लिए होगी और यह 1 करोड़ रुपये की उच्चतम सीमा के भीतर होगी।

(3) उधार (प्रत्यय) खरीद के लिए बिल स्वीकरण संबंधी शर्त

86. ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत आनेवाली सभी पार्टियों (निजी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र दोनों) से यह अपेक्षा की गयी थी कि ये उधार खरीदारी के बिल स्वीकरण का 25 प्रतिशत का अनुपात 1 अप्रैल 1988 तक प्राप्त कर लें। जिन मामलों में यह अनुपात निर्धारित स्तर से कम था, बैंकों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अपने ग्राहकों को यह सूचित करें कि वे निर्धारित अनुपात प्राप्त करने के लिए क्रमशः वृद्धि करें। जो पार्टियां निर्धारित अनुपात से अधिक पहले ही प्राप्त कर चुकी थीं, उनके मामले में उसे कम न होने देने और वस्तुतः उधार खरीद के लिए बिल स्वीकरण के अनुपात में वृद्धि करने के लिए कहा गया। निर्धारित अनुपात पर दृढ़ रहना इस बात पर विचार करने के लिए एक मुख्य आवश्यकता होगी कि कोई खाता संतोषजनक रूप से परिचालित किया जा रहा है या नहीं और एक प्रारम्भिक अवधि के बाद विशिष्ट प्रोत्साहन/हतोत्साहन करने के उपाय तय किये जायेंगे।

'182–दिवसीय खजाना बिल' पुनर्वित सुविधा लागू करना

87. पहली अप्रैल 1987 से '182-दिवसीय खजाना बिल' पुनर्वित सुविधा लागू की गयी, जिसके अंतर्गत अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, 182-दिवसीय खजाना बिलों की बैंकों की धारिता के 50 प्रतिशत के बराबर राशि का पुनर्वित प्रदान किया जाता है । यह पुनर्वित्त 10 प्रतिशत वार्षिक की ब्याज दर पर होता है।

बिल गृह की स्थापना

88. रिजर्व बैंक ने सिद्धांतः यह निर्णय किया है कि अल्पावधि मुद्रा बाजार लिखतों का व्यवहार करने के लिए एक वित्त गृह स्थापित किया जाये, जिसका प्रमुख उद्देश्य इन लिखतों को जलनिधि प्रदान करना है यह वित्त गृह सरकारी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जायेगा।

89. इस प्रकार, 1987 के कम कामकाज के समय के प्रारंभ में घोषित ऋण नीति संबंधी उपायों में एक व्यापक क्षेत्र निहित था और कुछ उपाय मूलभूत विन्यासगत परिवर्तनों को लागू करने के लिए थे।

मौद्रिसंबंधी उपाय-मई 1987 विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता जमाराशियों पर ब्याज दरें

90. अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में, विशेषकर डालर की ब्याज दरों में वृद्धि होने से भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के पास विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों की जमाराशियों पर ब्याज दरें 25 मई 1987 से बढ़ा दीं । 3 वर्षों के लिए मीयादी जमाराशियों पर अदा की जानेवाली उच्चतम दर 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5 प्रतिशत कर दी गयी। दो वर्षों और उससे अधिक किन्तु 3 वर्षों से कम अवधिवाली जमाराशियों के लिए दर 8.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दी गयी, एक वर्ष और उससे अधिक किन्तु 2 वर्ष से कम अवधिवाली जमाराशियों के लिए दरें 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत तथा 6 महीने और उससे अधिक किन्तु एक वर्ष से कम वाली राशियों के लिए यह दरें 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत कर दी गयी ।

मुद्रा, ऋण और मूल्यों की प्रवृत्तियां

मुद्रा आपूर्ति

91. व्यूल मुद्रा (एम3) के अर्थ में मुद्रागत विस्तार 1986-87 में 18.5 प्रतिशत (1985-86 के 16,381 करोड़ रुपये की तुलना में 21,918 करोड़ रुपये) था, जो कि 1985-86 के 16.1 प्रतिशत से अधिक था। 1983-84 से 1985-86 के दौरान पिछले तीन वर्षों में औसत वृद्धि दर 17.6 प्रतिशत के लगभग थी, जो सकल राष्ट्रीय उत्पाद में लगभग 5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के अनुपात के संदर्भ में उच्च मानी जा सकती है (सारणी 12)। 1986-87 में एम3 में वृद्धि 17.4 प्रतिशत थी जो, महीनों के अंतिम शुक्रवारों के औसत के आधार पर निकाली गयी है। यह वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 0.3 प्रतिशत अंक से थोड़ी-सी ही अधिक थी।

92. जनता के पास मुद्रा आपूर्ति (एम1) में 1986-87 के दौरान बिन्दु-दर आधार पर 7,307 करोड़ रुपये (17.0 प्रतिशत) की भारी वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष में यह 3,950 करोड़ रुपये (10.0 प्रतिशत) ही थी (सारणी 12)। किन्तु महीनों के अंतिम शुक्रवारों के औसत के अनुसार एम1 में 0.6 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई और यह 14.5 प्रतिशत थी।

93. एम3 के घटकों में, जनता के पास मुद्रा और जमाराशि दोनों में ही भारी वृद्धि हुई। जनता के पास मुद्रा में वृद्धि 3,371 करोड़ रुपये अथवा 13.4 प्रतिशत थी, जो 1985-86 की वृद्धि से 2.4 प्रतिशत अंक अधिक थी। बैंकों के पास कुल जमाराशियों में पिछले वर्ष की 14,229 करोड़ रुपये (18.1 प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में 18,446 करोड़ रुपये (19.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। बैंकों के पास मांग जमाराशियों में वृद्धि 3,925 करोड़ रुपये (21.6 प्रतिशत) थी जो पिछले वर्ष की 1,793 करोड़ रुपये (11.0 प्रतिशत) की तुलना में दुगुनी से भी अधिक थी । बैंकों के पास मीयादी जमाराशियों में भी भारी वृद्धि हुई और वह 1985-86 की 12,431 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 14,521 करोड़ रुपये थी, किन्तु 19.4 प्रतिशत की वृद्धि दर 0.6 प्रतिशत अंक कम थी ।

94. $एम_3$ में मुद्रा का वृद्धिशील अनुपात 0.15 था, जो पिछले वर्ष की तुलना में कोई घट-बढ़ नहीं दर्शाता है। अलबत्ता, वर्ष के अंत में $एम_3$ में मुद्रा का अनुपात 1983-84 के 0.23 से घटते हुए 1986-87 में 0.20 तक पहुंच गया, जिससे देश में बैंकिंग की आदत में वृद्धि परिलक्षित होती है। वर्ष 1986-87 में एम3 की तुलना में मांग जमा राशियों के वृद्धिशील अनुपात में तीव्र वृद्धि हुई और वह 0.11 से बढ़कर 0.18 हो गया (सारणी 13)।

95. 1986-87 के दौरान $एम_3$ के विस्तार में जिन कारणों का योगदान रहा उनमें सरकार को दिये गये शुद्ध बैंक ऋण में 12,825 करोड़ रुपये (21.9 प्रतिशत) की वृद्धि भी थी जो पिछले वर्ष हुई 9,572 करोड़ रुपये (19.6 प्रतिशत) की अपेक्षा अधिक थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से सरकार को अन्य बैंकों द्वारा दिये गये ऋण में 1985-86 के 445 करोड़ रुपये (2.3 प्रतिशत) की तुलना में 5,958 करोड़ रुपये (30.4 प्रतिशत)। की तीव्र वृद्धि होने के कारण हुई। सरकार को दिये गये रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण में पिछले वर्ष के 9,127 करोड़ रुपये (30.7 प्रतिशत) की तुलना में 6,867 करोड़ रुपये (17.7 प्रतिशत) जितनी कम वृद्धि हुई। वर्ष 1986-87 के दौरान बैंकों की सरकारी प्रतिभूतियों की धारिता में जो तीव्र वृद्धि हुई, वह जहां सरकारी प्रतिभूतियों की ब्याज दरों में वृद्धि के फलस्वरूप उनके अधिक आकर्षक होने के कारण थी, वहां बैंकों द्वारा सांविधिक चलनिधि अनुपात का दैनिक आधार पर अनुपालन करने के संबंध में रिजर्व बैंक की कड़ी निगरानी का भी इसमें हाथ रहा।

96 वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये बैंक ऋण में 1986-87 के दौरान 10,878 करोड़ रुपये (13.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष 11,051 करोड़ रुपये (15.6 प्रतिशत) जितनी अधिक वृद्धि हुई थी। इसका मुख्य रूप से कारण यह था कि वाणिज्य क्षेत्र को अन्य बैंकों द्वारा दिये गये ऋण में 1985-86 के 10,750 करोड़ रुपये (15.8 प्रतिशत) की तुलना में 10,515 करोड़ रुपये (13.3 प्रतिशत) जितनी कम वृद्धि हुई। यह ह्रास ऋण की राशि में कमी के कारण हुआ जैसा कि अगले पैरा में बताया गया है।

सारणी 12—मुद्रास्टाक ($एम_3$) में घट-बढ़ (करोड़ रुपये)

	निम्नलिखित वित्तीय वर्षों के दौरान परिवर्तन*							
	1985-86		1986-87@		1986-87 (अप्रैल-जून)		1987-88@ (अप्रैल-जून)	
	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत
	1	2	3	1	5	5	7	8
I. $एम_3$ (क + ख + ग)	+16381	+16.1	+21918	+18.5	+8549	+7.2	+6548	+4.7
(क) जनता के पास मुद्रा	+2504	+11.0	+3371	+13.4	+1490	+5.9	+1939	+6.8
(ख) बैंकों के पास कुल जमा-राशियां (i+ii)	+14229	+18.1	+18446	+19.9	+7038	+7.6	+4695	+4.2
i) मांग जमा राशियां	+1798	+11.0	+3925	+21.6	+1694	+9.3	+210	+1.0
ii) मीयादी जमाराशियां	+12431	+20.0	+14521	+19.4	+5344	+7.2	+4485	+5.0
(ग) रिजर्व बैंक के पास 'अन्य' जमा राशियां	—352	—58.4	+101	+40.2	+21	+8.4	—86	—24.4
II. $एम_1$ [क + ख (i) + ग]	+3950	+10.0	+7397	+17.0	+3205	+7.4	+2063	+4.0
III. मुद्रा स्टॉक ($एम_3$) के स्रोत (1+2+3+4—5)								
1 सरकार को शुद्ध बैंक ऋण (अ + आ)	+9572	+19.6	+12825	+21.9	+6773	+11.6	+6030	+8.5
(अ) सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण (i—ii)	+9127	+30.7	+6867	+17.7	+4880	+12.5	+1874	+10.6
i) सरकार पर दावे	+3881	+11.0	+6757	+17.3	+4767	+12.2	+4875	+10.6
ii) मा० रि० बैंक के पास सरकारी जमा राशियां	—5246	—96.7	—110	—61.5	—113	—63.1	+1	+1.4
(आ) सरकार को अन्य बैंकों का ऋण	+445	+2.3	+5958	+30.4	+1893	+9.6	+1206	+4.7
2. वाणिज्य क्षेत्र को बैंक का ऋण (अ + आ)	+11051	+15.6	+10878	+13.3	+1814	+2.2	+803	+0.9
(अ) वाणिज्य क्षेत्र को रिजर्व बैंक का ऋण**	+301	+10.9	+363	+11.8	—17	—0.6	—59	—1.7
(आ) वाणिज्य क्षेत्र को अन्य बैंकों का ऋण	+10750	+15.8	+10515	+13.3	+1831	+2.3	+862	+1.0
3. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां (अ + आ)	+195	+5.9	+1231	+36.0	+274	+7.9	—223	—4.7
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	+299	+9.8	+1251	+37.4	+274	+8.2	—223	—4.9
(आ) दूसरे बैंकों की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	—104	—44.3	—	—	—	—	—	—
4. जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	+163	+21.0	+201	+21.4	+74	+7.9	—	—

**नाबार्ड की स्थापना के बाद से बैंकों को इसका पुनर्वित्त शामिल नहीं है।

*मार्च/माह के अन्तिम आकड़ों पर आधारित।

@अनन्तिम

	1	2	3	4	5	6	7	8
5 मीयादी जमाराशियों के अलावा बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं								
(अ+आ)	+4600	+21.1	+3237	+12.2	+336	+1.5	+112	+0.4
(अ) भा०रि० बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं	+2991	+38.9	+2183	+20.1	+557	+5.2	—253	—2.0
(आ) अन्य बैंकों की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं	+1609	+11.4	+1054	+6.7	—171	-1.1	+365	+2.2

नोट. 1. चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं, इसलिए उनका जोड़ कुल जोड़ के बराबर नहीं होगा।

सारणी 13—मौद्रिक अनुपात

वर्ष	वर्ष के अन्त में अनुपात					वृद्धिशील अनुपात				
	मु०	मु०	कु० ज०	मांज	मी० ज०	मु०	मु०	कु० ज०	मां० ज०	मी० ज०
	एम 1	एम 3	एम 3	$एम_3$	एम3	एम 1	एम 3	एम 3	एम 3	एम 3
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1982-83	0.58	0.23	0.77	0.16	0.61	0.57	0.21	0.79	0.15	0.64
1983-84	0.59	0.23	0.77	0.15	0.62	0.64	0.22	0.77	0.12	0.65
1984-85	0.57	0.22	0.77	0.16	0.61	0.17	0.19	0.79	0.20	0.59
1985-86	0.58	0.21	0.79	0.16	0.63	0.63	0.13	0.87	0.11	0.76
1986-87	0.56	0.20	0.79	0.15	0.64	0.46	0.15	0.84	0.18	0.66

मु० : मुद्रा   कु०ज० : कुल जमा   मी०ज० : मीयादी जमा   मां० ज० : मांग जमा

97. बैंकिंग क्षेत्र की विदेशी मुद्रा की शुद्ध आस्तियों में पिछले वर्ष के 195 करोड़ रुपये की तुलना में 1,251 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई।

98. राजकोषीय वर्ष 1987-88 की पहली छिमाही के दौरान $एम_3$ में 6,548 करोड़ रुपए (4.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में इसमें 8,549 करोड़ रुपए (7.2 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। वृद्धि की यह दर राशि और प्रतिशत दोनों ही दृष्टियों से कम थी। एम 1 में भी कम अर्थात् 3,205 करोड़ रुपए (7.4 प्रतिशत) की तुलना में 2,063 करोड़ रुपए (4.0 प्रतिशत) की वृद्धि हुई इसके घटकों में, जनता के पास चलमुद्रा की वृद्धि दर में वृद्धि हुई और बैंकों के पास मांग और मीयादी जमाराशियों में कम वृद्धि हुई जिससे इसकी संचय दर में मात्र कमी हुई। स्रोतवार, सरकार को दिए गए शुद्ध बैंक ऋण में पिछले वर्ष उसी अवधि के दौरान हुई वृद्धि की तुलना में कम वृद्धि हुई। वाणिज्य क्षेत्र को दिए गए बैंक ऋण में हुई वृद्धि भी काफी कम रही बैंकिंग क्षेत्र की विदेशी मुद्रा की शुद्ध आस्तियों में कमी हुई जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में इसमें वृद्धि हुई थी।

आरक्षित मुद्रा

99. आरक्षित मुद्रा की वृद्धि दर 1986-87 के दौरान 18.2 प्रतिशत (6,904 करोड़ रुपए) रही जो पिछले वर्ष के 20.3 प्रतिशत (6,381 करोड़ रुपए) की तुलना में कम थी। महीनों के औसत की दृष्टि से भी आरक्षित मुद्रा की वृद्धि दर 17.3 प्रतिशत रही जो 1985-86 की तुलना में 0.1 प्रतिशत अंक कम थी। इसके घटकों में जनता के पास चलमुद्रा में 1985-86 के 11.0 प्रतिशत की तुलना में 1986-87 में 13.4 प्रतिशत जितनी तेज वृद्धि हुई और वृद्धिशील आरक्षित मुद्रा में इसका अंश सर्वाधिक रहा (सारणी 11)। रिजर्व बैंक के पास बैंकों की जमाराशियों में पिछले वर्ष की तुलना में कम वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान आरक्षित मुद्रा में वृद्धि की दर कम रहने का कारण यह था कि 1985-86 की तुलना में सरकार को दिए गए रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण में अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई। यह ध्यान देने योग्य बात है कि सरकार को रिजर्व बैंक के ऋण और आरक्षित मुद्रा की वृद्धि दर 1985-86 की तुलना में 1986-87 में कम रही, हालांकि 1985-86 की तुलना में 1986-87 में सरकार के बजट का घाटा अधिक था। पिछले वर्षों के विपरीत, वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक (नए ऋणों के नकद अभिदानों को हिसाब में लेते हुए) प्रतिभूतियों की शुद्ध बिक्री करने में सफल रहा।

सारणी 14—प्रारक्षित मुद्रा घट-बढ़ : घटक तथा स्रोत

(करोड़ रुपये)

	निम्नलिखित के दौरान घट-बढ़			
	1985-86 (अप्रैल—जून)	1986-87 (अप्रैल—जून)	1986-87 (अप्रैल—जून)	1987-88 (अप्रैल—जून)
1	2	3	4	5
प्रारक्षित मुद्रा (1+2+3+4)	+6381	+6904	+3919	+4395
	(+20.3)	(+18.2)	(+10.4)	(+9.8)
1. जनता के पास मुद्रा	+2504	+3371	+1490	+1939
	(+11.0)	(+13.4)	(+5.9)	(+6.8)
2. भा०रि० बैंक के पास अन्य जमाराशियां	—352	+101	+21	—86
	(+58.4)	(+40.2)	(+8.4)	(—24.4)
3. बैंकों के पास नकदी	+89	+73	+438	+310
	(+7.4)	(+5.7)	(+33.9)	(+22.7)
4. भा० रिज़र्व बैंक के पास बैंकरों की जमा राशियां	+4140	+3359	+1970	+2232
	(+59.1)	(+30.1)	(+17.7)	(+15.4)
प्रारक्षित मुद्रा के स्रोत (1+2+3+4+5+6)				
1. सरकार को भा० रि० बैं० का शुद्ध ऋण	+9127	+6867	+4830	+4874
	(+30.7)	(17.7)	(+12.5)	(+10.6)
2. वाणिज्य और सहकारी बैंकों पर रिज़र्व बैंक के दावे@	—519	+405	—734	—449
	(—19.5)	(+17.7)	(—32.1)	(+16.7)
3. वाणिज्य क्षेत्र को रिज़र्व बैंक के ऋण	+301	+363	—17	—59
	(+10.9)	(+11.8)	(—0.6)	(—1.7)
4. भा० रि० बैं० की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	+299	+1251	+274	—223
	(+9.3)	(+37.4)	(+8.2)	(—4.9)
5. जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	+163	+201	+74	—
	(+21.0)	(+21.4)	(+7.9)	—
6. भा०रि०बैं० की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं	+2991	+2183	+557	—253
	(+38.9)	(+20.4)	(+5.2)	(—2.0)

* अंतिम @नाबार्ड सहित

टिप्पणी : 1. चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं इसलिए उनका जोड़ कुल जोड़ के बराबर नहीं होगा।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े घट-बढ़ दर्शाते हैं।

100 राजकोषीय वर्ष 1987-88 की प्रथम तिमाही के दौरान प्रारक्षित मुद्रा में 9.8 प्रतिशत (4,395 करोड़ रुपये) जितनी कम वृद्धि हुई जबकि 1986-87 में इसी अवधि के दौरान इनमें 10.4 प्रतिशत (3,919 करोड़ रुपए) की वृद्धि हुई थी। प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि दर में तिमाही के दौरान जो कमी हुई वह सरकार को दिये गये रिज़र्व बैंक के शुद्ध ऋण में वृद्धि की दर कम होने और इसकी विदेशी मुद्रा की शुद्ध आस्तियों में कमी होने के कारण थी।

बैंकिंग चलराशियों में घट-बढ़

101. वित्तीय वर्ष 1986-87 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से संबंधित प्रमुख बैंकिंग चलराशियों में घट-बढ़ की प्रवृत्तियों से यह पता चलता है कि जमाराशियों और निवेशों में जहां काफी वृद्धि हुई वहां ऋण विस्तार में कमी आई (सारणी 15) वर्ष के दौरान समग्र जमाराशियों में हुई वृद्धि की राशि 17,340 करोड़ रुपए थी। यह पिछले वर्ष के 13,160 करोड़ रुपए के स्तर से काफी अधिक थी। जमाराशियों में वृद्धि की दर भी 1985-86 के 18.2 प्रतिशत की तुलना में अधिक अर्थात 20.3 प्रतिशत थी (सारणी 15)।

102. घटकवार, मांग जमाराशियों में 23.2 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई जबकि 1985-86 में यह दर 10.5 प्रतिशत थी, इसके विपरीत मीयादी जमाराशियों की वृद्धि दर पिछले वर्ष के 20.1 प्रतिशत की तुलना में कम अर्थात् 19.7 प्रतिशत थी। यह उल्लेखनीय है कि मांग जमाराशियों की वृद्धि में क्रमिक उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति बनी रही और वृद्धि दरों में क्रमशः वृद्धि और कमी होती रही।

103. बैंक ऋण में 7,169 करोड़ रुपए की जो वृद्धि हुई वह राशि की दृष्टि से 1985-86 के दौरान 7,114 करोड़ रुपए की हुई वृद्धि की तुलना में अधिक थी, परन्तु वृद्धि की दर 12.8 प्रतिशत रही जो 1.5 प्रतिशत अंक जितनी कम थी। खाद्य ऋण में 1986-87 में 404 करोड़ रुपए जितनी अधिक वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष इसमें 130 करोड़ रुपए की कमी हुई थी। खाद्य ऋण में यह कमी सरकार के इस निर्णय के कारण हुई कि भारतीय खाद्य निगम को सुलभ ऋण उपलब्ध करवाए जाएं ताकि वह बकाया खाद्य ऋण का आंशिक भुगतान कर सके। परन्तु खाद्येतर ऋण में 7,573 करोड़ रुपए जितनी अधिक वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में 1985-86 में इसमें 7,244 करोड़ की वृद्धि हुई थी। खाद्येतर गैर पेट्रोलियम बैंक ऋण में भी 1986-87 में 7,827 करोड़ रुपए जितनी अधिक वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष इसमें 6,943 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई थी।

104. बैंकों के निवेशों में 1986-87 में 8,081 करोड़ रुपए (26.4 प्रतिशत) की अत्यधिक तीव्र वृद्धि हुई, जबकि इसकी तुलना में

1986-87 में 2,115 करोड़ रुपए (3.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। निवेशों में, विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों में जो भारी बढ़ोतरी हुई वह मुख्यतः सरकारी प्रतिभूतियों की लाभ प्राप्ति दर में परिवर्तन किए जाने और अंशतः सांविधिक चलनिधि अनुपात के व्यतिक्रमों के संबंध में दंडात्मक प्रावधान लागू करने के फलस्वरूप बैंकों द्वारा सांविधिक अपेक्षाओं का बेहतर अनुपालन किए जाने के कारण थी।

103. बैंकों की हाथ में नकदी और रिज़र्व बैंक के पास उनकी शेष राशियों में 1985-86 के 4,252 करोड़ रुपए की तुलना में 3,372 करोड़ रुपए जितनी कम वृद्धि हुई। बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक से लिए गये उधारों में 339 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई जबकि इसके विपरीत पिछले वर्ष इनमें 604 करोड़ रुपए की कमी हुई थी।

106. वित्तीय वर्ष 1987-88 की पहली तिमाही (अर्थात् 27 मार्च, 1987 से 26 जून, 1987 तक) की अवधि के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यकलाप निम्न स्तर पर रहे और प्रमुख बैंकिंग चलराशियों में घट-बढ़ अर्थात् समय जमाराशियां, बैंक ऋण और बैंकों के निवेश जैसी बैंकिंग चलराशियों में वृद्धि की दर में कमी आयी। जमाराशि में वृद्धि की दर 4,,601 करोड़ रुपए (4.5 प्रतिशत) रही जो 1986-87 की तदनुरूप तिमाही के 6,424 करोड़ रुपए अथवा 7.5 प्रतिशत की तुलना में राशि और प्रतिशत दोनों ही दृष्टियों से कम थी। बैंक ऋण में 517 करोड़ रुपए (0.8 प्रतिशत) का जो विस्तार हुआ वह 1986-87 की पहली तिमाही के दौरान में हुए विस्तार अर्थात् 1,162 करोड़ रुपए (2.1 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम था। यह विस्तार पूरी तरह से खाद्य ऋण में अप्रैल-जून, 1986 के दौरान हुई 876 करोड़ रुपए की वृद्धि की तुलना में 174 करोड़ रुपए की कमी

सारणी 15—महत्वपूर्ण बैंकिंग निर्देशकों में उतार-चढ़ाव

(अनुसूचित वाणिज्य बैंक)

(करोड़ रुपये)

क्र.सं.	मदें	निम्नलिखित तारीखों को बकाया राशि			निम्नलिखित वित्तीय वर्षों में घट-बढ़		तिमाही उतार-चढ़ाव	
		28 मार्च 1986	27 मार्च 1987*	26 जून 1987*	1985-86	1986-87	1986 (अप्रैल-जून)	1987 (अप्रैल-जून)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	कुल मांग एवं मीयादी देयताएं (इसमें भा.रि.बैं. भा.औ.वि.बैं/नाबार्ड से लिये गये उधार शामिल नहीं हैं)	97024	114914	120506	+15139	+17890	+6377	+5592
2	कुल जमाराशियां (क+ख)	85404	102744	107345	+13160 (+18.2)	+17340 (+20.3)	+6424 (+7.5)	+4601 (+4.5)
	(क) मांग जमाराशियां	15612	19234	19383	+1481 (+10.5)	+3622 (+23.2)	+1381 (+8.8)	+149 (0.8)
	(ख) मीयादी जमाराशियां	69792	83510	87962	+11679 (+20.1)	+13718 (+19.7)	+5043 (+7.2)	+4452 (+5.3)
3.	रिज़र्व बैंक से उधार	954	1293	1136	—604	+339	—410	—157
4.	बैंक ऋण	56067	63236	63753	+7114 (+14.3)	+7169 (+12.8)	+1162 (+2.1)	+517 (+0.8)
	(क) खाद्य ऋण	5535	5131	4957	—130	—404	+876	—174
	(ख) गैर-खाद्य ऋण	50532	58796	58414	+7244 (+16.7)	+7573 (+15.0)	+286 (+0.6)	+691 (+1.2)
5.	निवेश (क+ख)	30553	38634	40387	+2415 (+8.6)	+8081 (+26.4)	+2526 (+8.3)	+1753 (+4.5)
	(क) सरकारी प्रतिभूतियां	19044	24897	26093	+347 (+1.9)	+5853 (+30.7)	+1852 (+9.7)	+1196 (+4.8)
	(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	11509	13737	14294	+2068 (+21.9)	+2228 (+19.4)	+674 (+5.9)	+557 (+4.1)
6	हाथ में नकदी	1127	1172	1481	+83	+45	+388	+309
7.	भा.रि.बैं. के पास शेष राशियां	11053	14380	16572	+4169 (+60.6)	+3327 (+30.1)	+1887 (+17.1)	+2192 (+15.2)
8.	ऋण-जमा अनुपात (प्रतिशत)	65.6	61.5	59.4				
9.	निवल ऋण-जमा अनुपात (प्रतिशत)	59.2	56.6	54.8				

*संशोधित

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े घट-बढ़ का प्रतिशत दर्शाते हैं।

सारणी 16—मांग जमाराशियों में वृद्धि (प्रतिशत रूप में)

मांग जमाराशियां	निम्नलिखित के दौरान प्रतिशत रूप में वृद्धि					
	1981-82	1982-83	1983-84	1984-85	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6	7
बिन्दुवार आधार पर . . .	7.5	19.1	13.3	24.9	10.5	23.2
बारह महीनों के औसत के आधार पर .	19.3	11.6	14.1	17.0	18.9	17.7

होने के कारण हुआ। इसके विपरीतर खाद्येत्तर ऋण में पिछले वर्ष की तुलनात्मक तिमाही के 286 करोड़ रुपए की तुलना में 691 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। बैंकों के निवेशों में 1,753 करोड़ रुपए (4.5 प्रतिशत) की जो वृद्धि हुई वह1986-87 की पहली तिमाही के दौरान हुई वृद्धि अर्थात् 2,526 करोड़ रुपए (8.3 प्रतिशत) की तुलना में बहुत कम थी।

ऋण-जमा अनुपात

107. प्रारक्षित निधि संबंधी अपेक्षाओं के संबंध में लागू होने वाले नीति विषयक निर्णयों के कारण अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण-जमा अनुपात के समग्र स्तर में हाल ही के वर्षों में कमी की प्रवृत्ति पायी जा रही है; ऋण-जमा अनुपात जून, 1981 के अन्त के 65.5 प्रतिशत से घटकर जून, 1986 के अन्त तक 62.3 प्रतिशत और जून, 1987 के अन्त तक और भी घटकर 59.4 प्रतिशत हो गया। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं में मार्च, 1979 तक ऋण-जमा अनुपात के लिए 60 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कहा गया था; ग्रामीण शाखाओं के संबंध में तो यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है परन्तु अर्ध-शहरी शाखाओं में इसे प्राप्त नहीं किया जा सका है।

108. क्षेत्रवार आंकड़ों से यह पता चलता है कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) के ऋण-जमा अनुपात के संबंध में उल्लेखनीय अन्तर-क्षेत्रीय विभिन्नताएं विद्यमान हैं। जून, 1985 के अन्त के आंकड़ों के अनुसार, यह अनुपात उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए 42.2 प्रतिशत से पश्चिमी क्षेत्र के लिए 81.5 प्रतिशत के बीच रहा। ऋण के उपयोग के आधार पर तदनुरूप, अनुपात 65.9 प्रतिशत और 80.3 प्रतिशत थे। परन्तु यदि ऋण के उपयोग के अलावा, राज्य-स्तरीय प्रतिभूतियों और बांडों में किये गये निवेशों को भी हिसाब में लिया जाए तो कुछ क्षेत्रों के संबंध में इस अनुपात में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो जाते हैं। केवल ऋण मंजूरियों के आधार पर, जून, 1985 के अन्त में ऋण-जमा अनुपात उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए 42.2 प्रतिशत, पूर्वी क्षेत्र के लिए 53.8 प्रतिशत और मध्यवर्ती क्षेत्र के लिए 48.5 प्रतिशत रहा। इसके विपरीत, उपयोग किये गये ऋण और निवेशों की दृष्टि से विचार करने पर, ऋण और निवेश सहित जमा के अनुपात, उन्हीं क्षेत्रों के लिए क्रमश: 89.8 प्रतिशत, 66.8 प्रतिशत और 63.8 प्रतिशत बैठते हैं। दक्षिण क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में यह वृद्धि इतनी अधिक स्पष्ट नहीं है। हालांकि एक सांख्यिकीय निर्देशक के रूप में ऋण-जमा अनुपात के अपने उपयोग हैं, फिर भी इसका उपयोग सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। जिन राज्यों में जमाराशियों का आधार बड़ा है, उनमें कम ऋण-जमा अनुपात से भी प्रति-व्यक्ति ऋण की ऊंची उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है जबकि जिन राज्यों में जमाराशियों का आधार छोटा है उनमें यह आवश्यक नहीं है कि अधिक अनुपात होने पर भी प्रति व्यक्ति-ऋण की मात्रा अधिक हो। इसलिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि किसी राज्य की ऋण संबंधी आवश्यकताओं की पर्याप्त मात्रा में पूर्ति हो, क्योंकि इनके निर्धारण के लिए ऋण-जमा अनुपात केवल एक निर्देशक है।

ऋण का क्षेत्रवार नियोजन

109. ऋण के क्षेत्रवार वितियोजन* से संबंधित आंकड़ों से यह पता चलता है कि 1986-87 (अप्रैल-मार्च) के दौरान सकल बैंक ऋण में 7,330 करोड़ रुपये (13.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष के दौरान 7,257 करोड़ रुपये (15.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। खाद्य वसूली के लिए दिये गये बैंक ऋण में 404 करोड़ रुपये की हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष इसमें 130 करोड़ रुपये जितनी कम कमी हुई थी। खाद्येतर सकल बैंक ऋण में 7,734 करोड़ रुपये (15.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में 1985-86 के दौरान इसमें 7,387 करोड़ रुपये (17.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी (सारणी 17)।

110. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये बैंक ऋण में 1985-86 के 3,157 करोड़ रुपये की तुलना में 1986-87 के दौरान अपेक्षाकृत अधिक, अर्थात् 3,493 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। मार्च, 1987 के अन्त तक शुद्ध बैंक ऋण में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये अग्रिमों का अंश 42.3 प्रतिशत था जबकि एक वर्ष पहले इसका अंश 43.8 प्रतिशत था।

111. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये अग्रिमों में हुई कुल वृद्धि में कृषि और लघु उद्योगों का अंश क्रमश: 1,530 करोड़ रुपये (43.8 प्रतिशत) और 1,287 करोड़ रुपये (36.8 प्रतिशत) था जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष इनका अंश क्रमश: 1,398 करोड़ रुपये (44.3 प्रतिशत) और 1,204 करोड़ रुपये (38.1 प्रतिशत) था। मार्च, 1987 के अन्तिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार कृषि क्षेत्र को दिये गये अग्रिमों की बकाया राशि 10,588 करोड़ रुपये थी जबकि इसकी तुलना में एक वर्ष पहले यह राशि 9,058 करोड़ रुपये थी। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये कुल अग्रिमों में इसका अंश वर्ष के दौरान थोड़ा-सा बढ़कर 42.3 प्रतिशत हो गया। लघु उद्योगों को दिये गये अग्रिमों की राशि 9,103 करोड़ रुपये थी और प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये कुल ऋण में इसका अंश 36.3 प्रतिशत रहा, यह अनुपात एक वर्ष पहले के 36.2 प्रतिशत के निकट रहा। अन्य प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को, जिनमें छोटे परिवहनचालक, स्वनियोजित व्यक्ति, ग्रामीण कारीगर, आदि शामिल हैं, दिये गये अग्रिमों की राशि बढ़कर 5,368 करोड़ रुपये हो गयी और प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को दिये गये कुल अग्रिमों में मार्च, 1987 में इनका अंश 21.4 प्रतिशत था, जबकि इसकी तुलना में मार्च 1986 में इनकी राशि 4,692 करोड़ रुपये या 21.8 प्रतिशत थी।

112. 1986-87 के दौरान मझोले और बड़े उद्योगों को दिये गये अग्रिमों में 3,017 करोड़ रुपये (15.7 प्रतिशत) की वृद्धि हुई और इनकी राशि बढ़ाकर 22,187 करोड़ रुपये हो गई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष के दौरान इनमें 3,231 करोड़ रुपये (20.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी, और इनकी राशि बढ़कर 19,170 करोड़ रुपये हो गयी थी, पेट्रोलियम को छोड़कर यह वृद्धि क्रमश: 3,271 करोड़ रुपये (17.4 प्रतिशत) और 2,930 करोड़ रुपये (18.5 प्रतिशत) थी।

*आंकड़े 50 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से संबंधित हैं (सारणी 17 देखें)

सारणी 17—प्रमुख क्षेत्रों द्वारा सकल बैंक ऋण का क्षेत्रीय वितरण* (करोड़ रुपये)

क्षेत्र	निम्नलिखित महीने के अन्तिम शुक्रवार को बकाया			घट-बढ़ (वित्तीय वर्ष)	
	मार्च 1985	मार्च 1986	मार्च 1987	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6
I. सकल बैंक ऋण (1+2)	47956	55213	62543	+7257	+7330
1. सार्वजनिक खाद्य वसूली ऋण	5665	5535	5131	—130	—404
2. गैर-खाद्य सकल बैंक ऋण	42291	49678	57412	+7387 (100.0)	+7734 (100.0)
(अ) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	18409	21566	25059	+3157 (42.7)	+3493 (45.2)
(i) कृषि	7660	9058	10588	+1398 (18.9)	+1530 (19.7)
(ii) लघु उद्योग	6612	7816	9103	+1204 (16.3)	+1287 (16.6)
(iii) अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र	4137	4692	5368	+555 (7.5)	+676 (8.7)
(आ) उद्योग (मझोले और बड़े)	15939	19170	22187	+3231 (43.7)	+3017 (39.0)
(इ) थोक व्यापार (खाद्य वसूली के अलावा)	2649	3066	3072	+417 (5.7)	+6 (0.1)
(i) भारतीय रूई निगम	135	160	109	+25 (0.3)	—51 (—0.7)
(ii) उर्वरक वितरण के लिए भारतीय खाद्य निगम	166	141	149	—25 (—0.3)	+8 (0.1)
(iii) भारतीय जूट निगम	116	127	198	+11 (0.1)	+71 (0.9)
(iv) अन्य व्यापार	2232	2638	2616	+406 (5.5)	—22 (—0.3)
(ई) अन्य क्षेत्र	5294	5876	7094	+582 (7.9)	+1218 (15.7)
II. निर्यात ऋण मद (2) के अन्तर्गत शामिल	2335	2409	3143	+7	7

*अनन्तिम

टिप्पणी : 1. ये आंकड़े 50 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से संबंधित हैं, जिनका हिस्सा सकल बैंक में 95 प्रतिशत है। इसके अलावा सकल बैंक ऋण के इन आंकड़ों में भारिबैं, भाऔवि, विबैं, निर्यात-आयात बैंक तथा अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं के पुनः भुनाये गये बिल और सहभागिता प्रमाणपत्र शामिल हैं।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े गैर-खाद्य वृद्धिशील ऋण के अनुपात हैं।

113. बैंक ऋण का उद्योगवार (लघु उद्योग सहित) वितरण सारणी 18 में दर्शाया गया है। 1986-87 में ऋण की वृद्धि में जिन उद्योगों का अंश सर्वाधिक था, वे थे—इंजीनियरी समूह (1,177 करोड़ रुपये), रसायन समूह (509 करोड़ रुपये), लोहा और इस्पात (363 करोड़ रुपये), सूती वस्त्र (290 करोड़ रुपये), अन्य वस्त्र (172 करोड़ रुपये) और अन्य उद्योग (1,267 करोड़ रुपये)। जिन उद्योगों के मामले में काफी कमी हुई, वे थे : पेट्रोलियम (254 करोड़ रुपये) और नयी योजना के अन्तर्गत विदेशों से प्राप्त जहाज (44 करोड़ रुपये)।

114. थोक व्यापार (खाद्य वसूली को छोड़कर) को दिये गए अग्रिमों में 1986-87 के दौरान 6 करोड़ रुपये जितनी मामूली वृद्धि हुई, 1985-86 में इसमें 417 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी।

115. अवशिष्ट क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले 'अन्य क्षेत्रों' को दिये गये ऋण में, जिनमें वित्तीय संस्थाओं, किराया खरीद एजेंसियों, लीजिंग कंपनियों, वैयक्तिक ऋणों, आदि को दिये गये अग्रिम शामिल हैं। पिछले वर्ष हुई 582 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 1,218 करोड़ रुपये जितनी अधिक वृद्धि हुई।

116. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिज़र्व बैंक से मिलने वाली वित्तीय सहायता से संबंधित नीति विषयक परिवर्तनों के बारे में, ऋण नीति विषयक गतिविधियों की जानकारी देते समय पहले ही चर्चा की जा चुकी है।

117. विभिन्न पुनर्वित्त सुविधाओं के उपयोग संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी निम्न प्रकार है :

खाद्य ऋण पुनर्वित्त

118. खाद्य ऋण की बकाया राशियों का स्तर मार्च, 1986 के अन्त में चूंकि 5,800 करोड़ रुपये के न्यूनतम स्तर से कम था, इसलिए बैंक खाद्य पुनर्वित्त के पात्र नहीं थे। जून, 1986 में सूचना देने के अन्तिम शुक्रवार को बैंकों की खाद्य ऋण पुनर्वित्त सीमाएं 736 करोड़ रुपये थी.

थीं, जिसमें 34 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी। वित्तीय वर्ष 1986-87 के दौरान खाद्य ऋण पुनर्वित्त सीमाओं का शिखर स्तर 866 करोड़ रुपये था, यह स्तर 18 जुलाई, 1986 को रहा जबकि इसी तारीख को बकाया राशि 281 करोड़ रुपये (उपयोग अनुपात 32.4 प्रतिशत) थी।

निर्यात ऋण पुनर्वित्त

119. बैंकों की निर्यात ऋण पुनर्वित्त सीमाएं 27 मार्च, 1987 को 894 करोड़ रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गयीं जबकि वर्ष के दौरान सर्वोच्च बकाया राशि उसी तारीख को 778 करोड़ रुपये थी जबकि 87.0 प्रतिशत सीमाओं का उपयोग हुआ था। 19 जून, 1987 को इस सुविधा के अन्तर्गत सीमाओं की राशि 1,372 करोड़ रुपये थी जिसमें से 343 करोड़ रुपये या 25.0 प्रतिशत का उपयोग किया गया।

सहायक पुनर्वित्त सीमाएं

120. बैंकों को मंजूर की गयी सहायक पुनर्वित्त सीमाओं की राशि मार्च, 1996 में सूचना देने के अन्तिम शुक्रवार को 50 करोड़ रुपये थी जिसमें से 40 करोड़ रुपये या 80.0 प्रतिशत का उपयोग किया गया था। 1985-86 के दौरान बैंकों को मंजूर की गयी सहायक पुनर्वित्त सीमाओं की अधिकतम राशि 25 अप्रैल, 1986 को 40 करोड़ रुपये थी और इस पूरी राशि का उपयोग नहीं किया गया था। 27 मार्च, 1987 को इस सुविधा के अन्तर्गत सीमाओं की राशि 14 करोड़ रुपये थी जिसका पूर्ण उपयोग किया गया था जबकि 19 जून, 1997 को 50 करोड़ रुपये की सीमाओं का उपयोग नहीं किया गया था।

सारणी 18—संकल बैंक ऋण का उद्योगवार वितरण* (अन्तिम शुक्रवार को)

(करोड़ रुपये)

उद्योग	निम्नलिखित महीने के अन्तिम शुक्रवार को बकाया			घट-बढ़ (वित्तीय वर्ष)	
	मार्च 1985	मार्च 1986	मार्च 1987	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6
उद्योग (लघु उद्योग, मझोले और बड़े उद्योगों को जोड़)	22531	26986	31290	+4435	+4304
1. कोयला	119	93	160	-26	+67
2. लोहा और इस्पात	1430	1270	1633	-160	+363
3. अन्य धातुएं और धातु उत्पाद	801	958	1050	+157	+92
4. सभी इंजीनियरिंग	5560	6760	7937	+1200	+1177
5. बिजली	416	493	532	+78	+39
6. सूती वस्त्र	1869	2169	2459	+300	+290
7. जूट वस्त्र	263	274	298	+11	+24
8. अन्य वस्त्र	1365	1039	1811	+274	+172
9. चीनी	428	536	550	+108	+14
10. चाय	295	320	387	+25	+67
11. वनस्पति तेल (वनस्पति घी सहित)	311	347	386	+36	+39
12. तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद	159	184	228	+25	+44
13. कागज और कागज उत्पाद	596	672	798	+76	+126
14. रबड़ और रबड़ उत्पाद	434	460	513	+26	+53
15. रसायन, रंग पेण्ट आदि	2325	3156	3665	+831	+509
जिनमें से: उर्वरक	(361)	(700)	(852)	(+339)	(+152)
16. सीमेंट	282	351	472	+69	+121
17. चमड़ा और चमड़े के उत्पाद	323	376	420	+53	+44
18. निर्माण	265	285	379	+20	+94
19. पेट्रोलियम	72	373	119	+301	-254
20. नयी योजना के अन्तर्गत विदेशों से लिये गये जहाज	376	326	282	-50	-44
21. बाकी उद्योग	4863	5944	7211	+1081	+1267

* अनन्तिम

विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाएं

121. विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमा की सुविधा आशयों से उपलब्ध करवाने की दृष्टि से 30 अक्तूबर, 1986 से सभी लाइसेंस-प्राप्त अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को विवेकाधीन पुनर्वित्त का आहरण करने की अनुमति दी गयी थी। इसके अन्तर्गत रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना बैंक अपनी 1985-86 (अप्रैल-मार्च) की औसत जमा राशियों के 0.5 प्रतिशत जितनी राशि तक 14 प्रतिशत वार्षिक की दर से 14 दिन से अनधिक अवधि और उसके बाद 14 दिन की "राहत" अवधि के लिए विवेकाधीन पुनर्वित्त का आहरण कर सकते हैं। अपवादतः, जो बैंक 14 दिन से अधिक अवधि के किसी अवधि खण्ड के लिए अथवा निर्धारित सीमा से अधिक किसी राशि के लिए विवेकाधीन पुनर्वित्त प्राप्त करना चाहते हों, उन्हें रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी लेनी होगी। इस योजना के अन्तर्गत कुल विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं की राशि 388 करोड़ रुपये थी। विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं की 28 मार्च, 1986 को कुल राशि 398 करोड़ रुपये थी जिसमें से 337 करोड़ रुपये अथवा 84.7 प्रतिशत का उपयोग किया गया था। 27 मार्च, 1987 को विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं का स्तर 458 करोड़ रुपये था; यह 1986-87

की अवधि के दौरान प्राप्त सर्वोच्च स्तर भी था। इसमें से 204 करोड़ रुपये अथवा 44.8 प्रतिशत का उपयोग किया गया था। 1986-87 के दौरान बैंकों द्वारा विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं का समग्र उपयोग कम रहा। 19 जून, 1987 तक 389 करोड़ रुपये की विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाओं का बिल्कुल उपयोग नहीं किया गया था।

समग्र स्थिति

122. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की विभिन्न पुनर्वित्त सुविधाओं के अन्तर्गत उपलब्ध कुल सीमाओं की राशि (पोतलदान ऋणों और मुल्क वापसी पर दिये जाने वाले विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर) जो 28 मार्च, 1986 को 787 करोड़ रुपये थी, 12 सितम्बर, 1986 को घटकर 402 करोड़ रुपये के अपेक्षाकृत कम स्तर पर पहुंच गयी। 28 मार्च, 1986 को सीमाओं का उपयोग 629 करोड़ रुपये या 79.9 प्रतिशत जितना था। 27 मार्च, 1987 को कुल पुनर्वित्त सीमाओं की समग्र राशि 1,363 करोड़ रुपये थी जिसमें से 995 करोड़ रुपये या 73.0 प्रतिशत का उपयोग किया गया था जबकि 19 जून, 1987 को कुल पुनर्वित्त सीमाओं की राशि 1,847 करोड़ रुपये थी जिसमें से 343 करोड़ रुपये या 18.6 प्रतिशत का उपयोग किया गया था (सारणी 19)।

सारणी 19—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की सहायता

(जहाजरानी ऋणों पर विशेष पुनर्वित्त तथा मुल्क वापसी को छोड़कर) (करोड़ रुपये)

निम्नलिखित के अन्तिम शुक्रवार को	खाद्य ऋण पुनर्वित्त		निर्यात ऋण पुनर्वित्त		आपाती पुनर्वित्त		विवेकाधीन पुनर्वित्त		कुल पुनर्वित्त	
	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1986										
मार्च	--	--	339.3	252.7	50.0	40.0	398.0	336.5	787.3	629.2
जून	736.1	33.6	510.4	68.6	--	--	46.0	1.0	1292.5	103.2
सित.	--	--	463.3	89.1	--	--	--	--	463.3	89.1
दिस.	--	--	634.7	111.3	--	--	388.3	--	1023.0	111.3
1987										
मार्च	--	--	894.1	777.5	14.0	14.0	455.0	203.6	1363.1	995.1
जून	--	--	1372.4	343.4	50.0	--	389.4	-	1846.8*	343.4

* इनमें 35.0 करोड़ रुपये की 182 दिवसीय खाद्यान्न वित्त पुनर्वित्त सुविधायें शामिल हैं।

ऋणों के बजट

123. आलोच्य अवधि के दौरान 54 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋणों के बजटों की जांच की गयी। इनमें से सरकारी क्षेत्र के 21 बैंकों और 9 विदेशी बैंकों के प्रमुख कार्यपालकों के साथ जून-अगस्त 1986 की अवधि के दौरान विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श के दौरान बैंकों को इस बात के लिए जोर दिया गया कि वे अपनी योजनाएं अग्रिम रूप से बनायें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सांविधिक चलनिधि अनुपात की कमी के लिए 4 प्रतिशत की छूट सीमा की समाप्ति सरलतापूर्वक हो। बैंकों का ध्यान इस लक्ष्य की ओर आकर्षित किया गया कि मौद्रिक लक्ष्यों, विशेष रूप से सरकार को रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण पर अधिक जोर दिए जाने के कारण रिजर्व बैंक के पास बैंकों की नकदी शेष राशियों में तीव्र उतार-चढ़ाव से बचना चाहिए और इस परिप्रेक्ष्य में बैंकों द्वारा नकदी के बेहतर प्रबन्ध किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे अपने उधार संबंधी क्रियाकलापों को स्वयं अपने साधनों के आधार पर नियोजित करें और मुद्रा बाजार की अनिश्चित उतार-चढ़ाव वाली निधियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि ऋण का जो बजट बनाया जाये, उसमें वास्तविक कारोबार स्पष्ट रूप से परिलक्षित होना चाहिए।

मूल्य स्थिति

124. थोक मूल्यों में 1986-87 में बिन्दुवार आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी तुलना में 1985-86 में इसमें 3.8 प्रतिशत और 1984-85 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अलबत्ता, साप्ताहिक औसत आधार पर यह वृद्धि 5.4 प्रतिशत थी जो 1985-86 के 5.7 प्रतिशत की तुलना में मामूली-सी कम थी।

125. औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अन्तर्गत मूल्यों में बिन्दुवार आधार पर 1986-87 में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में 1985-86 में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अलबत्ता, औसत के आधार पर मूल्यों में 1986-87 में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 1985-86 के 6.4 प्रतिशत की तुलना में अधिक थी।

126. थोक मूल्य सूचकांक का बिन्दुवार आधार पर समूहवार विश्लेषण करने पर यह पता चलता है कि 1986-87 में हुई वृद्धि में सर्वाधिक अंश प्राथमिक वस्तुओं और निर्मित उत्पादों का था। इस प्रकार, प्राथमिक वस्तुओं के समूह में 1985-86 के 2.8 प्रतिशत की तुलना में 1986-87 में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निर्मित उत्पादों के समूह में भी 1985-86 के 3.1 प्रतिशत की तुलना में 6.3 प्रतिशत जितनी अधिक वृद्धि हुई। इसके विपरीत, ईंधन, बिजली आदि समूह में 1985-86 के 8.9 प्रतिशत की तुलना में 2.8 प्रतिशत जितनी कम वृद्धि हुई (सारणी 20)।

127. थोक मूल्य सूचकांक में हुई वृद्धि में प्रमुख पण्य समूहों के भार की दृष्टि से योगदान के आंकड़े सारणी 21 में दिये गये हैं।

128. निर्मित उत्पाद समूह, जिसका सूचकांक में भार 50.0 प्रतिशत है, का मूल्य वृद्धि में योगदान 56.5 प्रतिशत रहा जबकि 1985-86 के दौरान यह योगदान 38.5 प्रतिशत था। प्राथमिक वस्तु समूह, जिनका सूचकांक में भार 42.0 प्रतिशत रहा, का मूल्य वृद्धि में योगदान 1985-86 के 29.1 प्रतिशत की तुलना में 35.9 प्रतिशत रहा। मूल्य वृद्धि

में सबसे कम योगदान ईंधन, बिजली आदि के समूह का रहा जिसका सूचकांक में भार केवल 8 प्रतिशत है; 1986-87 में हुई वृद्धि में इसका योगदान 7.6 प्रतिशत रहा जबकि इसकी तुलना में 1985-86 में इसका योगदान 32.4 प्रतिशत था।

	थोक मूल्य सूचकांक					
	भार	मार्च के अंत में			जून के अंत में	
		1985	1986	1987	1986	1987
1	2	3	4	5	6	7
सभी पण्य	1000.00	346.3	359.3	378.2	374.5	394.6
प्राथमिक वस्तुएं	416.67	321.6	330.7	347.0	344.9	370.3
ईंधन, बिजली, प्रकाश और चिकनाई वाली वस्तुएं	84.59	559.2	609.2	626.2	618.1	626.2
निर्मित उत्पाद	498.74	330.8	340.9	362.3	357.9	375.6

क्र. सं.	प्रतिशत घट-बढ़				भार की दृष्टि से योगदान			
	राजकोषीय वर्ष		पहली तिमाही		राजकोषीय वर्ष		पहली तिमाही	
	1986-87	1987-88	1986-87	1987-88	1985-86	1986-87	1986-87	1987-88
1	8	9	10	11	12	13	14	15
सभी पण्य	+3.8	+5.3	+4.2	+4.3	100.0	100.0	100.0	100.0
प्राथमिक वस्तुएं	+2.8	+4.9	+4.3	+6.7	+29.1	+35.9	+39.0	+59.4
ईंधन, बिजली, प्रकाश और चिकनाई वाली वस्तुएं	+8.9	+2.8	+1.5	--	+32.4	+7.6	+5.1	--
निर्मित उत्पाद	+3.1	+6.3	+5.0	+3.7	+38.5	+56.5	+55.9	+40.6

129. थोक मूल्यों में मौसमी उतार-चढ़ाव पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जारी रहे। थोक मूल्य सूचकांक में मूल्यों में वर्ष के शुरू में तेजी से वृद्धि होने से अप्रैल से जुलाई, 1986 के दौरान 5.6 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई, जबकि इसकी तुलना में 1985-86 में इसी अवधि के दौरान इसमें 5.4 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई थी। अगस्त से अक्तूबर, 1986 तक के अगले तीन महीनों में यह वृद्धि 1.4 प्रतिशत अंक जितनी कम रही जबकि इसके विपरीत 1985 में इसी अवधि में इसमें 1.1 प्रतिशत अंक की कमी आयी थी। वित्तीय वर्ष के अन्तिम महीनों अर्थात् नवम्बर, 1986 से मार्च, 1987 के दौरान, जो मोटे तौर पर अधिक कामकाज की अवधि का प्रमुख अंश था, मूल्यों में 1985-86 में हुई 0.4 प्रतिशत अंक की कमी की तुलना में 1.7 प्रतिशत अंक की कमी हुई।

130. सारणी 22 में थोक मूल्य सूचकांक की मौसमी प्रवृत्तियां दर्शायी गयी हैं। सारणी में दिये गये प्रमुख समूहों को देखने से यह पता चलता है कि सभी पण्यों में एक जैसी प्रवृत्तियां रहीं। प्राथमिक वस्तुओं के समूह में मौसमी प्रवृत्तियां अधिक स्पष्ट परिलक्षित होती हैं। इस प्रकार, मार्च अन्त से जुलाई अन्त की अवधि के बीच 1986-87 में मूल्यों में वृद्धि अपेक्षाकृत अधिक अर्थात् 7.1 प्रतिशत अंक रही जबकि इसकी तुलना में 1985-86 में यह 6.6 प्रतिशत अंक थी। जुलाई अन्त से अक्तूबर अन्त तक की अगली अवधि में इस समूह में 1986-87 में 1.8 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई जबकि इसके विपरीत पिछले वर्ष के दौरान इसमें 3.3 प्रतिशत अंक की कमी हुई थी। वर्ष के अन्तिम पांच महीनों के दौरान (अक्तूबर अन्त से मार्च अन्त तक) 1986-87 में मूल्यों में हुई कमी काफी तीव्र अर्थात् 3.7 प्रतिशत अंक थी जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष यह 0.3 प्रतिशत अंक थी। निर्मित उत्पाद समूह में उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति भी कमोबेश इसी प्रकार रही।

131. सारणी 23 में मूल्य प्रवृत्तियों का बिन्दुवार आधार पर पण्य-वार विश्लेषण दिया गया है। इससे यह पता चलता है कि प्राथमिक वस्तु समूह में जिन प्रमुख पण्यों में मौसत वृद्धि की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई, उनमें फल और सब्जियां, दूध और दुग्ध उत्पाद तथा अन्य खाद्य वस्तुएं, रेशे और तिलहन शामिल हैं।

सारणी 21—थोक मूल्य सूचकांक :

मार्च समूहों के भारित योगदान में प्रवृत्तियां

मदें	भार	1985-86	1986-87
1	2	3	4
सभी पण्य	1000.00	100.00	100.00
I. प्राथमिक वस्तुएं	416.67	+29.1	+35.9
1. अनाज	107.43	+24.0	+07
2 दालें	21.79	+2.8	—4.6
3. फल और सब्जियां	61.32	+31.6	+14.7
4. दूध और दूध से बनी वस्तुएं	61.50	+3.0	+11.4
5. अंडे, मछली और मांस	18.97	+7.1	+6.6
6. अन्य खाद्य पदार्थ	16.04	—11.2	+4.0
7. तिलहन	42.01	—3.8	+15.3
8. रेशे	31.73	—26.8	+8.5
II. ईंधन, पावर, बिजली और चिकनाई वाले पदार्थ	84.59	+32.4	+7.6
9. कोयला खनन	11.47	—7.2	—
10. खनिज तेल	49.12	+6.1	+0.1
11. बिजली	24.00	+19.1	+7.5
III. विनिर्मित वस्तुएं	498.74	+38.5	+56.5
12. डेयरी उत्पाद	3.88	—	+0.3
13. गल्ला मिल उत्पाद	4.61	+0.5	+0.7
14. बेकरी उत्पाद	1.85	+0.2	+0.2
15. चीनी, कन्फेक्शनरी आदि	0.53	+0.1	—
16. चीनी, खाण्डसारी और गुड़	72.41	+18.8	—8.9
17. खाद्य तेल	37.16	—0.3	+21.3
18. तैयार तम्बाकू	19.49	+12.5	+2.5
19. सूती वस्त्र	81.02	—1.0	+5.4
20. जूट, सन तथा मेस्ता वस्त्र	12.14	—16.2	+1.8
21. जूते तथा चमड़े की वस्तुएं	0.90	+0.5	+0.3
22. परिवहन उपकरण	16.73	+6.4	+1.3

टिप्पणी : भारित योगदान 'सभी पण्य' के प्रतिशत के रूप में हैं।

सारणी 22—थोक मूल्य सूचकांक में उतार चढ़ावों के तीन चरण

(प्रतिशत रूप में)

	मार्च के अन्त से जुलाई के अन्त तक		जुलाई के अन्त से अक्तूबर के अन्त तक		अक्तूबर के अन्त से मार्च के अन्त तक	
वर्ग	1985-86	1986-87	1985-86	1986-87	1985-86	1986-87
1	2	3	4	5	6	7
सभी पण्य	+5.4	+5.6	-1.1	+1.4	—0.4	-1.7
प्राथमिक वस्तुएं	+6.6	+7.1	-3.3	-1.8	—0.3	-3.7
ईंधन, पावर, बिजली तथा चिकनाई के पदार्थ	+1.7	+1.5	+1.4	0.3	+5.6	+1.0
तैयार माल	+5.4	+5.5	0.1	1.4	—2.2	-0.7

सारणी 23—थोक मूल्यों के सूचकांकों में चढ़ाव (1970-71 = 100)

प्रमुख समूह/समूह/उप समूह/पण्य	भार	प्रतिशत घट-बढ़ (बिन्दुवार) निम्नलिखित वित्तीय वर्षों में			
		1985-86	1986-87	1986-87 (अप्रैल-जून)	1987-88 (अप्रैल-जून)
1	2	3	4	5	6
सभी पण्य	1000.00	+3.8	+5.3	+4.2	+4.3
I. प्राथमिक वस्तुएं	416.67	+2.8	+4.9	+4.3	+6.7
खाद्य वस्तुएं	297.99	+7.8	+6.5	+4.8	+5.0
(क) अनाज	107.43	+11.9	+0.4	-1.5	+2.8
(i) चावल	51.31	+4.4	+6.7	+5.1	+4.4
(ii) गेहूं	34.17	+16.8	-2.0	-8.6	-2.2
(ख) दालें	21.79	+4.0	-8.8	-9.7	+7.7
(ग) फल और सब्जियां	61.32	+21.8	+12.2	+16.2	+8.8
(घ) दूध और दुग्ध उत्पाद	61.50	+2.4	+12.6	+3.5	+2.3
(ङ) अन्य खाद्य वस्तुएं	16.04	-21.3	+14.1	+20.1	+8.9
चाय	11.49	-23.9	+19.2	+21.5	+7.4

1	2	3	4	5	6
गैर-खाद्य वस्तुएं	106.21	-9.7	+15.5	+4.5	+13.4
(क) रेशे	31.73	-36.9	+27.0	-4.5	+13.4
पटसन	22.46	-25.2	+33.3	-7.8	+17.7
(ख) तिलहन	42.01	-4.1	+24.7	16.0	23.7
खनिज	12.47	+0.6	—30.9	+0.1	+0.1
कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस	6.02	--	+38.4	--	--
II. ईंधन, बिजली, प्रकाश और चिकनाई वाली वस्तुएं	84.59	+8.9	+2.8	+1.5	--
कोयला	10.39	+13.8	--	--	--
खनिज तेल	49.12	+2.7	+0.1	+0.3	--
बिजली	24.00	+24.2	+11.1	--	--
III. निर्मित उत्पाद	498.74	+3.1	+6.3	+5.0	+3.7
चीनी, खांडसारी और गुड़	72.41	+8.9	-6.2	+14.7	+10.8
(i) चीनी	21.91	+23.2	-0.7	—4.2	+1.6
(ii) गुड़	45.58	+4.8	-7.4	+23.2	+14.4
(iii) खांडसारी	4.92	+21.7	-13.2	-1.0	+9.7
खाद्य तेल	37.16	-0.3	+36.4	+15.1	+17.2
वस्त्र	110.26	-7.9	+8.3	+1.7	+1.1
कागज और कागज उत्पाद	8.51	+3.9	-0.3	-0.1	--
सीमेंट	7.03	-6.0	-0.1	+0.1	-0.8
रसायन और रसायन उत्पाद	55.48	+5.1	+5.4	+1.3	+1.1
लोहा इस्पात और लौहमिश्र धातुएं	34.73	+1.1	+0.7	+0.3	--

132. निर्मित उत्पाद समूह में 1986-87 में जिन प्रमुख मदों में अपेक्षाकृत अधिक मूल्य वृद्धि हुई वे थी : खाद्य तेल (36.4 प्रतिशत) वस्त्र (8.3 प्रतिशत) तथा रसायन और रसायन उत्पाद (5.4 प्रतिशत)।

133. दालें उप-समूह में अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही। आपूर्ति स्थिति अच्छी होने के साथ-साथ आयात किये जाने के कारण दालों के मूल्यों में 8.9 प्रतिशत की कमी हुई जबकि पिछले वर्ष इनमें 4.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

134. तिलहनों और रेशों के मूल्य में जो वृद्धि हुई उसका कारण तिलहनों के आयातों में कमी और रुई के उत्पादन की मात्रा कम होने से आपूर्ति में आयी कमी था। अलबत्ता, रेशों के मूल्यों में वृद्धि को पिछले वर्ष जूट और के मूल्यों में हुई भारी कमी की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। हनों और रेशों के मूल्यों में हुई वृद्धि से कृषकों को उत्पादन बढ़ाने के लिए मूल्य संबंधी प्रोत्साहन मिलने की आशा की जा सकती है।

135. निर्मित उत्पादों के अन्तर्गत खाद्य तेलों और वस्त्रों में हुई मूल्य वृद्धियां तिलहनों और रुई के मूल्यों में तीव्र वृद्धियां होने के फलस्वरूप हुईं, जिनका प उल्लेख किया जा चुका है। इसके विपरीत चीनी, खाण्डसारी और गुड़ के मूल्यों में हुई कमी का कारण उत्पादन की मात्रा अधिक होना था।

136. ईंधन, बिज, आदि के समूह में मूल्यों में इस वर्ष हुई वृद्धि काफी कम थी, मुख्य रूप से इसका कारण यह था कि खनिज तेलों के मूल्यों में अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही।

137. 1987-88 की पहली तिमाही के दौरान सामान्य मूल्य स्तर में बिन्दुवार आधार पर 4.3 प्रतिशत की जो वृद्धि हुई वह पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही .2 प्रतिशत) के लगभग बराबर थी। हाल ही में जो मूल्य वृद्धि हुई वह प्राथमिक वस्तु समूह के कारण हुई; 1987-88 की पहली तिमाही के दौरान इसमें 6.7 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में 1986-87 की पहली तिमाही के दौरान 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। ईंधन बिजली, रोशनी और चिकनाई पदार्थ समूह में कोई मूल्य वृद्धि नहीं हुई जबकि निर्मित उत्पाद समूह में 5.0 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में अपेक्षाकृत कम अर्थात् 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अवधि के दौरान हुई वृद्धि में जिन महत्वपूर्ण पण्यों का योगदान रहा वे थे : रेशे, दालें, तिलहन और खाद्य तेल। रेशों और दालों में जहां 1986-87 की पहली तिमाही के दौरान क्रमशः 4.5 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत कमी के विपरीत 13.4 प्रतिशत और 7.7 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई, वहां तिलहनों और खाद्य तेलों में क्रमशः 16.0 प्रतिशत और 15.1 प्रतिशत की तुलना में 23.7 प्रतिशत और 17.2 प्रतिशत जितनी अधिक वृद्धि हुई। अलबत्ता, फल और सब्जियां तथा चीनी, खाण्डसारी और गुड़ उप-समूहों में पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही के दौरान हुई क्रमशः 16.2 प्रतिशत और 14.7 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में अपेक्षाकृत कम अर्थात् 8.8 प्रतिशत और 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

निर्देशित मूल्यों में परिवर्तन

138. जो वस्तुएं सरकार के नियंत्रण के अन्तर्गत आती हैं उनके संबंध में सरकार की मूल्य नीति के उद्देश्य बहुमुखी होते हैं जैसेकि लागत वृद्धि की पूर्ति करना, उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में सामंजस्य बनाये रखते हुए उत्पादन में वृद्धि करना और आर्थिक सहायता (उपदान) की मात्रा में कमी करना। एक ओर लागतों को पूरा करने हेतु अपेक्षाकृत अधिक साधन जुटाने के लिए निर्देशित मूल्यों में वृद्धि करने तथा दूसरी ओर निर्देशित पण्यों की लागत और उनके मूल्यों के बीच की खाई को पाटने के लिए बजटीय संसाधनों से अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थाएं करने के बीच सामान्यतः तालमेल रखा जाता है।

139. कृषि मूल्य नीति में लाभकारी मूल्यों की व्यवस्था के द्वारा उत्पादन में वृद्धि पर जोर देना जारी रखा गया। सरकार ने 1986-87 और 1987-88 के दौरान अनाजों, दालों, आदि सहित प्रमुख कृषि पण्यों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि की।

140. 16 दिसम्बर, 1986 को सरकार ने 1987-88 के विपणन मौसम के लिए गेहूं के वसूली मूल्य में 4 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा

की जिससे यह बढ़कर 166 रुपये प्रति क्विंटल हो गया । 1987-88 के विपणन मौसम के लिए वसूली मूल्यों में वृद्धि के बाद सरकार ने 9 अप्रैल, 1987 को गेहूं के मध्यवर्ती निर्गम मूल्य में 1 मई, 1987 से 5 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि घोषित की । तदनुसार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए मध्यवर्ती निर्गम मूल्य विद्यमान 190 रुपये प्रति क्विंटल के बदले 195 रुपये प्रति क्विंटल होगा । समन्वित जनजाति विकास परियोजना क्षेत्रों और जन जाति वाले राज्यों के लिए मध्यवर्ती निर्गम मूल्य 130 रुपये प्रति क्विंटल और उपभोक्ता मूल्य 155 रुपये प्रति क्विंटल होगा जबकि वर्तमान मूल्य क्रमशः 125 रुपये और 150 रुपये प्रति क्विंटल है ।

141. 29, अगस्त, 1986 को 1986-87 के विपणन मौसम के लिए धान के वसूली मूल्य सभी किस्मों—सामान्य, उत्तम और अत्युत्तम के लिए 4 रुपये प्रति क्विंटल की एक-समान वृद्धि की गयी तदनुसार, सामान्य, उत्तम और अत्युत्तम किस्मों के लिए संशोधित मूल्य क्रमशः 146 रुपये, 150 रुपये, और 154 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किये गये । सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बेचे जाने वाले चावल के निर्गम मूल्य में भी तीनों किस्मों के लिए 1 अक्तूबर से 8 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी । सामान्य, उत्तम और अत्युत्तम किस्मों के लिए संशोधित दरें क्रमशः 239 रुपये, 251 रुपये और 266 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गयी । समन्वित जनजाति विकास कार्यक्रम क्षेत्रों और जनजाति राज्यों में वितरण के लिए चावल का मध्यवर्ती निर्गम मूल्य सामान्य किस्म के लिए 160 रुपये प्रति क्विंटल, उत्तम किस्म के लिए 170 रुपये प्रति क्विंटल और अत्युत्तम किस्म के लिए 185 रुपये प्रति क्विंटल पर अपरिवर्तित रखा गया ।

142. मोटे अनाजों का वसूली मूल्य 1986-87 के विपणन मौसम के लिए सितम्बर, 1986 में 2 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 132 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया ।

143. तूर, मूंग और उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य 1986-87 के विपणन मौसम के लिए एक-समान रूप से 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 320 रुपये प्रति क्विंटल कर दिये गये । 1987-88 के विपणन मौसम के लिए उपर्युक्त सभी दालों के लिए मूल्यों में एक-समान रूप से 5 रुपये प्रति क्विंटल की और वृद्धि करके उनका मूल्य 325 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया । दिसम्बर, 1986 में सरकार ने चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1987-88 के विपणन मौसम के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 280 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया ।

144. तिलहनों के समर्थन मूल्यों में अपेक्षाकृत अधिक सीमा तक वृद्धि की गयी ताकि उत्पादन को बढ़ावा मिल सके । इस प्रकार मूंगफली (साबुत) के लिए न्यूनतम मूल्य 1986-87 के विपणन मौसम के लिए 22 सितम्बर, 1986 को 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 370 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी बीज के लिए 15 रुपये बढ़ाकर 350 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया । 1987-88 के विपणन मौसम के लिए मूंगफली के मूल्य में दुबारा वृद्धि करके 390 रु. प्रति क्विंटल कर दिया गया । सोयाबीन (पीली और काली किस्में) के मूल्यों में भी 1986-87 के मौसम के लिए क्रमशः 15 रुपये और 5 रुपये की वृद्धि करके 290 रुपये प्रति क्विंटल और 255 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया और उसके बाद 1987-88 के विपणन के मौसम के लिए क्रमशः 300 रुपये और 260 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया ।

145. इसी प्रकार, रुई की एफ-414 और एच-777 किस्मों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1986-87 के विपणन मौसम के लिए 5 रुपये बढ़ाकर 430 रुपये प्रति क्विंटल और 1987-88 के विपणन मौसम के लिए और बढ़ाकर 440 रुपये प्रति क्विंटल किया गया । गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य जो 8.5 प्रतिशत चीनी की मूल वसूली से संबद्ध है, उसे बढ़ाकर 1986-87 में 17 रुपये प्रति क्विंटल और 1987-88 के विपणन मौसम के लिए 18 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया । सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आपूर्ति की जाने वाली लेवी चीनी के निर्गम मूल्य में 15 दिसम्बर, 1986 से 5 पैसे प्रति किलोग्राम की वृद्धि करके उसे 4.85 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया । जूट (डब्ल्यू-5 आसाम से) का सांविधिक न्यूनतम मूल्य भी 1987-88 के विपणन मौसम के लिए 15 रुपये बढ़ाकर 240 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया ।

146. बिजली और रेल की दरों में कुछ वृद्धियां की गयी । कुछ बिजली बोर्डों ने बिजली की दरों में वृद्धियां की जिससे थोक मूल्य सूचकांक में बिजली समूह के मूल्य सूचकांक में 1986-87 में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई । जहां तक रेल दरों का संबंध है, दिसम्बर, 1986 में भाड़ा दरों के सूक्ष्म स्वरूप को इस प्रकार संशोधित किया गया कि उससे माल परिवहन के भाड़ा प्रभारों में वृद्धि हो जाये ।

147. विभिन्न निविष्टियों की लागत में हुई मूल्य वृद्धि को देखते हुए, सरकार ने दिसम्बर, 1986 में लेवी सीमेंट के प्रतिधारण मूल्य में 24.50 रुपये प्रति टन की वृद्धि करके 399.50 रुपये प्रति क्विंटल करने का निर्णय किया । चूंकि प्रतिधारण मूल्य की पूर्ति सीमेंट वितियमन लेखे की बचतों से की जानी थी, इसलिए उपभोक्ताओं के लिए लेवी सीमेंट के मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं हुआ ।

148. विभिन्न ग्रेडों के एल्यूमिनियम में सरकार ने पहली मार्च, 1987 से वृद्धियां कीं । वाणिज्यिक ग्रेड की धातु का उत्पादन-गुल्क फैक्ट्री मूल्य 21,962 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 26,449 रुपये प्रति टन, विद्युत संवाहक (इलेक्ट्रिक कन्डक्टर) ग्रेड की धातु का मूल्य 22,188 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 27,152 रुपये प्रति टन और विद्युत संवाहक ग्रेड की तार की छड़ों का मूल्य 22,994 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 27,858 रुपये प्रति टन कर दिया । इन परिवर्तनों के फलस्वरूप सरकार ने 2 मार्च, 1987 को एल्यूमिनियम उत्पादकों के लिए नये प्रतिधारण मूल्य निर्धारित किये ।

149. तेल और प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा गैस के मूल्यों में वृद्धि किये जाने के कारण कैप्रोलेक्टम की एकाधिकार आपूर्ति करने वाली, दि गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स कंपनी ने कैप्रोलेक्टम के फैक्टरी मूल्य में पहली फरवरी, 1987 से 1,400 रुपये प्रति टन की वृद्धि करके उसे 30,400 रुपये प्रति टन कर दिया ।

150. संयुक्त संयंत्र समिति ने इस्पात की वस्तुओं, विशेष रूप से गोलों, सलाखों और छड़ों के मूल्यों में 23 अप्रैल, 1987 से 100 रुपये प्रति टन की वृद्धि की । यह वृद्धि पहली अप्रैल, 1987 से "पैकिंग अतिरिक्त प्रभार" के रूप में की गयी 35 रुपये प्रति टन की वृद्धि के अतिरिक्त थी ।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों की प्रवृत्तियां

151. पिछले वर्ष की तरह, 1986-87 के दौरान पाये गये वृद्धि के दबाव थोक मूल्यों की अपेक्षा फुटकर मूल्यों में अधिक स्पष्ट थे । अतः औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार : 1960=100) में बिन्दुवार आधार पर मूल्य वृद्धि की दर अधिक अर्थात् 7.5 प्रतिशत रही जबकि उसकी तुलना में 1986-87 के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । बिन्दुवार आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 1986-87 में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1985-86 में यह वृद्धि 8.9 प्रतिशत थी । अलबत्ता, औसत के आधार पर 1986-87 में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 1985-86 के 6.4 प्रतिशत की तुलना में अधिक थी ।

152. चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान बिन्दुवार आधार पर, औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वित्तीय वर्ष की इसकी तिमाही में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । अलबत्ता, इसी

अवधि के दौरान औसत आधार पर 8.0 प्रतिशत की जो वृद्धि हुई वह पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि के 8.4 प्रतिशत से थोड़ी-सी कम थी ।

153. शहरी, गैर-श्रमिक कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार : 1960=100) के आंकड़ों से पता चलता है कि 1986-87 में औसत आधार पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वह 1985-86 के 6.8 प्रतिशत की तुलना में कम थी । बिन्दुवार आधार पर इसमें 7.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष के 8.1 प्रतिशत की तुलना में कम थी ।

154. थोक मूल्य सूचकांक और औद्योगिक कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि की दरों में असमानताओं के कारण इस प्रकार हैं : वृद्धि के थोक मूल्यों से खुदरा मूल्यों तक पहुंचने में लगने वाली समय-अंतराल और दोनों समूहों में शामिल की जाने वाली वस्तुओं में अंतर होना तथा अलग-अलग मदों को अलग-अलग वजन दिया जाना। अलबत्ता, कुछ समय के बाद इन दोनों श्रेणियों के बीच वृद्धि की दरों में अंतर अधिक नहीं रहता ।

सरकारी वित्त

155. राजकोषीय क्षेत्र में, वर्ष 1986-87 के बजट में 1985-86 में शुरू किये गये राजकोषीय सुधारों को जारी रखा गया है । 1986-87 के बजट की प्रमुख बातें इस प्रकार थीं : उत्पादन शुल्क के ढांचे में पूरी तरह संशोधन के साथ संशोधित मूल्य-योजित कर लागू करना, लघु इकाइयों के लिए उत्पादन शुल्क की रियायतों की एक सरल और अधिक उत्पादन उन्मुख योजना शुरू करना, उपहार और पूंजी लाभों से संबंधित कराधान उपबंधों को युक्तिसंगत बनाना, निवेश छूट के स्थान पर निवेश जमा लेखा योजना आरंभ करना आदि । सार्वजनिक क्षेत्र योजना के परिव्यय में सहायता देने के लिए अधिक संसाधन जुटाने हेतु केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बांड और इंदिरा विकास पत्र तथा 182 दिवसीय खजाना बिलों जैसी नयी वित्तीय लिखतें जारी कीं । वास्तविक आय/धन के स्वैच्छिक प्रकटीकरण के प्रति उत्साहजनक रुख मिलने के कारण योजना की अवधि 31 मार्च 1987 तक बढ़ा दी गयी । सीमा शुल्क और उत्पादन शुल्कों से संबंधित अपराधों को माफ करने और न्यायालय के मामलों का निपटारा करने के लिए वित्त मंत्री ने पहली अगस्त, 1986 को एक अन्य योजना की घोषणा भी की ।

156. केन्द्र सरकार के राजस्व में वृद्धि की प्रवृत्ति 1986-87 में भी जारी रही । अलबत्ता, व्यय विशेष रूप से गैर-योजना व्यय में जो तीव्र वृद्धि हुई वह राजस्व में हुई वृद्धि से कहीं अधिक थी । 1986-87 के संशोधित अनुमानों के अनुसार योजना और गैर-योजना व्ययों में 1986-87 के लिए बजट अनुमानों की तुलना में क्रमशः 9.2 प्रतिशत और 17.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । परिणामस्वरूप, 1986-87 के लिए बजट घाटा 3,703 करोड़ रुपये (बजट अनुमान) से बढ़कर 8,285 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) हो गया । सकल देशी उत्पाद के प्रतिशत के रूप में घाटा 1985-86 के 2.0 प्रतिशत से बढ़कर 1986-87 में 3.1 प्रतिशत हो गया । राज्यों के वित्त में घाटे की प्रवृत्ति रही और 23 राज्यों का संयुक्त घाटा 1986-87 में 945 करोड़ रुपये रहा जबकि बजट में 291 करोड़ रुपये का अनुमान किया गया था ।

केन्द्र सरकार का बजट, 1987-88

157. करों की 1986-87 की दर पर 1987-88 में बजट घाटा अनुमानतः 6,010 करोड़ रुपये होगा । इस संबंधी प्रस्तावित उपायों और राहतों को हिसाब में लेने के बाद केन्द्र सरकार को 322 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की आशा है जिससे अधूरित बजट घाटा 5,688 करोड़ रुपये रह जायेगा । (सारणी 24) । 70 करोड़ रुपये की बजटोपरान्त कर रियायतों की घोषणा किये जाने के बावजूद बजटीय घाटा उतना ही रहेगा क्योंकि राजस्व में कमी वर्ष के दौरान बेहतर वसूलियों के द्वारा पूरी किये जाने की आशा है । प्रधानमंत्री ने संसद को पक्के तौर पर यह आश्वासन दिया कि 1987-88 का घाटा बजट में दी गयी राशि से अधिक नहीं होगा । तदनुसार, इस बात्ते सरकारी व्यय पर निगरानी रखने के लिए एक मंत्रिमंडलीय समिति का गठन किया गया जिससे यह पता चलता है कि सरकार व्यय, विशेष रूप से गैर-योजना व्यय, में वृद्धि के बारे में काफी गंभीर है । हालांकि 1987-88 के योजना परिव्यय में 1986-87 के मुकाबले केवल 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है, परंतु 1984-85 के मूल्यों के आधार पर सातवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान कुल योजना परिव्यय की तुलना में कुल परिव्यय 63 प्रतिशत रहा । गैर-योजना व्यय में तीव्र वृद्धि और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अपेक्षित अंशदान में कमी के होने कारण योजना में निर्धारित की गई मात्रा से अधिक उधार लेने की आवश्यकता पड़ी, ताकि योजना व्यय के इस स्तर को बनाये रखा जा सके ।

सारणी 24—बजट घाटा, बाजार ऋण और केन्द्रीय सरकार के बाजार ऋणों के लिए रिजर्व बैंक का समर्थन
(1985-86 से 1987-88 तक के राजकोषीय वर्ष)

(करोड़ रुपये)

क्रम सं०	मदें	1985-86 (लेखे)	1986-87 (बजट अनुमान)	1986-87 (संशोधित अनुमान)	1987-88* (बजट अनुमान)
1	2	3	4	5	6
1.	राजस्व लेखा				
	(क) प्राप्तियां£	29,206	31 309	35,153	38,202
	(ख) व्यय£	34,771	38,464	42,386	44,944
	(ग) अधिशेष (+)/घाटा (—)	—5,565	—7,155	—7,233	—6 742
2.	पूंजीगत लेखा				
	(क) प्राप्तियां	16,763	19,236	18,190	20,566
	(ख) संवितरण	16,135**	15,784	19,242	19,512
	(ग) अधिशेष (+)/घाटा (—)	+628**	+3,452	—1,052	+1,054

1	2	3	4	5	6
3.	कुल प्राप्तियां 1(क)+2(क)	45,969	50,545	53,343	58,768
4.	समग्र अधिशेष (+)/घाटा (—)**	—4,937	—,703	—8,285	—5,683
5.	(3) के प्रतिशत के रूप में (4)	10.7	7.3	15.5	10.0
6.	सकल बाजार ऋण	5,513	6,350	6,350	7,121
7.	(3) के प्रतिशत के रूप में (6)	12.4	12.6	11.9	12.5
8.	रिजर्व बैंक के अधिकार में विनांकित प्रतिभूतियों (वृद्धियां) (+) कमियां (—)$	+367.9	—1,612.1	—1,612.1	

@इनमें वाणिज्य विभाग शामिल हैं।

* इनमें बजट प्रस्तावों के प्रभाव शामिल हैं लेकिन बजट के बाद की कर रियायतें शामिल नहीं है।

** राज्य सरकारों को, उनके ओवरड्राफ्ट समाप्त करने के लिये दिये गये, दिनांक 29 जनवरी, 1985 की स्थिति के अनुसार, 1,628 करोड़ रुपये के मध्यावधि ऋण शामिल नहीं है।

$रिजर्व बैंक के अभिलेखों के आधार पर बही मूल्य पर।

158. गैर-योजना व्यय के अंतर्गत तीन प्रमुख मदों अर्थात् ब्याज अदायगियों, रक्षा व्यय और प्रमुख उपदानों में क्रमशः वृद्धि होती रही है। ब्याज अदायगियों में 1986-87 के दौरान, 1,100 करोड़ रुपये (11.5 प्रतिशत) की वृद्धि होने की संभावना है। कुल गैर-योजना व्यय में ब्याज अदायगियों का अंश 1986-87 में 25.5 प्रतिशत से बढ़कर 1987-88 में 27.1 प्रतिशत हो जायेगा। ब्याज अदायगियों के बढ़ते हुए भार का इस बात से पता चलता है कि सातवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान यह 1984-85 के 5,974 करोड़ रुपये से बढ़कर 1987-88 में 10,650 करोड़ रुपये हो गया है अर्थात् इसमें 78.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे आंतरिक ऋण शोधन अनुपात (ब्याज और ऋण की अदायगी की तुलना में कुल प्राप्तियों का अनुपात) 1984-85 के 17.0 प्रतिशत से बढ़कर 1987-88 में 20.0 प्रतिशत हो गया है। उधारों में वृद्धि होते रहने के कारण आगामी वर्षों में यह अनुपात और अधिक बढ़ जाने की संभावना है। बजटीय साधनों पर दबाव डालने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण गैर-योजना व्यय रक्षा व्यय है। जिसमें 1986-87 के दौरान बजट के अनुसार (संशोधित अनुमान) 2,318 करोड़ रुपये (22.7 प्रतिशत) की और वृद्धि होगी जबकि 1985-86 में पहले ही इसमें 17.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सातवीं योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान रक्षा व्यय 1984-85 के 6,661 करोड़ रुपये से बढ़कर 1987-88 (बजट अनुमान) में 12,512 करोड़ रुपये हो गया है अर्थात् इसमें 87.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रमुख उपदानों अर्थात् खाद्य वस्तुओं, उर्वरकों और निर्यात संवर्धन संबंधी उपदानों पर होने वाला व्यय 1984-85 के 3,456 करोड़ रुपये से बढ़कर 1987-88 में 4,780 करोड़ रुपये हो गया है अर्थात् इसमें पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ब्याज अदायगियों में तीव्र वृद्धि होने के फलस्वरूप कुल गैर-योजना व्यय में इन तीन मदों का अंश 1986-87 के 67.7 प्रतिशत से बढ़कर 1987-88 में 73.3 प्रतिशत हो गया है।

159. 1987-88 के बजट में प्रस्तावित कर प्रस्तावों से 1,109 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की आशा है। बजट में उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क में 595 करोड़ रुपये की रियायतें भी दी गयीं जिनसे कई उद्योगों को राहत मिलेगी और आम आदमी को लाभ होगा। राहतों के कारण राजस्व में होने वाली हानि और नये करों में राज्यों के अंश को हिसाब में लेने के बाद केन्द्र सरकार को प्राप्त होने वाले अतिरिक्त राजस्व की शुद्ध राशि 322 करोड़ रुपये होगी।

160. दीर्घकालीन राजकोषीय नीति के अनुरूप आय कर का वर्तमान ढांचा अपरिवर्तित रखा गया है। अलबत्ता, गृह निर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए किसी नयी रिहायशी संपत्ति की लागत के संबंध में किसी एक वर्ष में ऋण की अदायगी और 10,000 रुपये की सीमा तक की गयी ब्याज अदायगी 40,000 रुपये की वर्तमान वार्षिक सीमा के भीतर धारा 80-ग के अंतर्गत छूट के लिए पात्र मानी जायेगी।

161. बजट में महंगे होटलों में किये जाने वाले व्यय पर 10 प्रतिशत के एक नये कर का प्रस्ताव किया गया है परंतु यह कर उन पर्यटकों पर नहीं लगाया जायेगा जो अपने बिलों की अदायगी विदेशी मुद्रा में करेंगे; इससे पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

162. विदेशों में अध्ययन और डाक्टरी इलाज करवाने के लिए की जाने वाली विदेश यात्राओं को छोड़कर, विदेश यात्रा के लिए जारी की जाने वाली विदेशी मुद्रा पर 15 प्रतिशत का एक कर लगाने का प्रस्ताव भी बजट में किया गया है।

163. हालांकि पूंजीगत लाभों पर कराधान की दरों में कोई परिवर्तन नहीं किये गये। लेकिन उनसे संबंधित कुछ प्रावधानों को युक्तिसंगत बनाया गया है। दीर्घकालीन पूंजी लाभ कर के अंतर्गत रियायत की सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए शेयरों को रोक रखने की अवधि 36 महीने से घटाकर 12 महीने कर दी गयी। आवासीय मकान की बिक्री कर उससे कोई नया मकान खरीदने पर प्राप्त होनेवाले पूंजीगत लाभ की छूट, जो अब तक अलग-अलग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध थी, उसे हिंदू अविभक्त परिवारों पर भी लागू कर दिया गया।

164. दीर्घकालीन राजकोषीय नीति के अनुसार, बजट में यह संकेत किया गया कि अप्रैल 1987 में मूल्य-ह्रास के लिए उदार नियम लागू किये जायेंगे। संशोधित व्यवस्था के अंतर्गत मूल्यह्रास के लिए अलग-अलग आस्तियों से जुड़ी वर्तमान व्यवस्था के स्थान पर आस्तियों के समूहों के संबंध में अनुमति दी जायेगी। मूल्यह्रास की दरों को भी युक्तिसंगत बनाया गया और उनकी संख्या घटाकर केवल तीन दरें, अर्थात् 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 33.1/3 प्रतिशत, निर्धारित की गयी हैं।

165. कंपनी कराधान में किये गये प्रमुख परिवर्तनों में शून्य-कर वाली कंपनियों के संबंध में 1983 में जोड़ी गयी धारा 80-फफ को वापस लेना शामिल है। उस प्रावधान के स्थान पर एक नया प्रावधान शामिल किया गया जिससे प्रत्येक कंपनी को अपने बही-लाभों की कम-से-कम 30 प्रतिशत राशि पर कंपनी कर देना होगा। इस प्रावधान के परिणामस्वरूप किसी घरेलू कंपनी को बही-लाभों पर कम-से-कम 15 प्रतिशत कर देना होगा। अलबत्ता, इस प्रावधान को बाद में संशोधित कर दिया गया ताकि पिछली हानियों अथवा अनावशोषित मूल्यह्रास, जो भी कम हो, का लाभों से प्रतिसंतुलित किया जा सके। प्रशासन में सुधार करने और करवंचन को रोकने की दृष्टि से वित्त विधेयक में एक नई धारा 194-ड जोड़ दी गयी। इसके अन्तर्गत व्यावसायिक और तकनीकी सेवाओं का शुल्क, रायल्टी, किराया, कमीशन अथवा दलाली और सरकार को सप्लाई की गयी वस्तुओं के लिए भुगतान इत्यादि के एक निश्चित राशि से ऊपर किये गये भुगतानों के संबंध में निर्धारित दरों पर स्रोत पर कर की कटौती करने का प्रावधान है। किन्तु यह प्रस्ताव बाद में इस अभिवेदन के आधार पर रोक दिया गया कि इससे बड़ी संख्या में कर-दाताओं को असुविधा हो जायेगी।

166. शुद्ध बचत सिद्धान्त के आधार पर, बजट में एक नई बचत योजना का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय बचत योजना के अन्तर्गत 20,000 रुपये तक जमा करायी गयी राशि को 50 प्रतिशत राशि पर कर योग्य आय में छूट की अनुमति होगी। यह छूट आयकर अधिनियम की धारा 80-सी के अन्तर्गत प्रदत्त 40,000 रुपये की सीमा के अतिरिक्त होगी। किन्तु आहरण के वर्ष में आहरित की जाने वाली राशि का 50 प्रतिशत उस वर्ष के दौरान की कर-योग्य आय में जुड़ जायेगा।

167. अप्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में संशोधित योजित मूल्य कर (मॉडवेट) योजना को जो, 1986-87 में कुछ पण्यों के लिए लागू की गयी थी, वस्त्र, तंबाकू और पेट्रोलियम क्षेत्रों से संबंधित वस्तुओं को छोड़कर, सभी पण्यों पर लागू कर दी गयी है। बजट में अधिकांश मदों में अंतिम उत्पाद पर शुल्क में किसी प्रकार की वृद्धि का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

168. विशेष तौर पर पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाया गया है। सामान्य परियोजना आयातों और सामान्य मशीनरी के आयातों पर शुल्कों की दरों में अंतर को समाप्त कर दिया गया और शुल्क की एक-समान दर लागू की गयी। देशी पूंजीगत वस्तु उद्योग के हितों को रक्षा करने की दृष्टि से उर्वरकों, 50 मे.वा. और उससे कम क्षमता वाले बिजली संयंत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिकी उद्योग जैसी विनिर्दिष्ट परियोजनाओं के आयातों के मामले में सीमा शुल्क में वृद्धि की गयी थी। इसके अलावा कतिपय महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे पॉवर, भारी उपस्कर तथा वस्त्र, मशीनरी इत्यादि में देशी निर्माताओं की लागत को कम करने की दृष्टि से इस्पात की विशेष किस्मों पर शुल्क में कमी की गयी।

169. भवन-निर्माण क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन देने के अलावा, बजट में सातवीं योजना अवधि के दौरान अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के लिए दस लाख मकानों का निर्माण करने के लिए इन्दिरा आवास योजना के वास्ते 125 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रावधान रखा गया है। बजट में यह भी प्रावधान है कि भवन निर्माण के लिए निधियां उपलब्ध कराने हेतु एक नये वित्तीय ढांचे का निर्माण किया जाये। इस योजना के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा 100 करोड़ रुपये की ईक्विटी पूंजी के साथ एक शिखर स्तरीय नये आवास बैंक की स्थापना की जायेगी। यह बैंक स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों ही स्तरों पर भवन निर्माण संस्थाओं की स्थापना करेगा।

170. सितम्बर 1986 में भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने छोटे निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ईक्विटी में निवेश हेतु एक पारस्परिक निधि (म्युचुअल फंड) की स्थापना की थी। भारतीय स्टेट बैंक भी इसी प्रकार की पारस्परिक निधि की स्थापना करेगा।

राज्यों के बजट : 1987-88

171. करों की 1986-87 की दरों पर, राज्यों की संयुक्त बजट स्थिति *वर्ष 1987-88 के लिए समग्र रूप से 1,545 करोड़ रुपये का घाटा दर्शाती है जबकि 1986-87 (परिशोधित अनुमान) में 945 करोड़ रुपये का घाटा तथा 1985-86 (लेखा) में, 1,688 करोड़ रुपये का अधिशेष था। 1987-88 के दौरान बारह राज्यों ने 833 करोड़ रुपये के शुद्ध राजस्व की आय के लिये अतिरिक्त संसाधन जुटाने के उपाय प्रस्तावित किये है। इसके अलावा राज्यों को केन्द्र के नये कर उपायों में से उनके अंश के रूप में 192 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होने का अनुमान है। राज्यों के, स्वयं के अतिरिक्त संसाधन जुटाने और केन्द्र के नये कर उपायों में उनके अंश की राशि को हिसाब में लेने के बाद समग्र घाटा कम होकर 520 करोड़ रुपये रह जायेगा। 1987-88 में विकास-व्यय की राशि 1986-87 के 16.9 प्रतिशत की तुलना में 5.3 प्रतिशत की कम दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि गैर-विकास व्यय में पिछले वर्ष हुई 20.4 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 1987-88 के दौरान 21.1 प्रतिशत की अधिक वृद्धि होगी।

*आंकड़े 23 राज्यों से संबंधित हैं। अरुणाचल प्रदेश और गोवा के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

समेकित स्थिति : केन्द्र और राज्य : 1987-88

172. केन्द्र और राज्य सरकारों की संयुक्त वित्तीय स्थिति से संबंधित आंकड़े सारणी 25 में दिये गये है। केन्द्र और 23 राज्यों का संयुक्त बजट घाटा 1987-88 में 6,208 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो परिशोधित अनुमानों की तुलना में 3,022 करोड़ रुपये अथवा 32.7 प्रतिशत कम है, किन्तु 1986-87 के बजट अनुमानों की तुलना में 2,214 करोड़ रुपये अथवा 55.1 प्रतिशत अधिक है।

173. 1987-88 के दौरान केन्द्र और राज्यों की कुल प्राप्तियां 100,216 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जो 87,185 करोड़ रुपये के बजट अनुमान की तुलना में 14.9 प्रतिशत तथा 1986-87 के लिए 92,171 करोड़ रुपये के परिशोधित अनुमानों की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक हैं। 1987-88 में उनकी राजस्व प्राप्तियों (69,282 करोड़ रुपये) और पूंजीगत प्राप्तियों (30,934 करोड़ रुपये) में पिछले वर्ष के बजट अनुमानों की तुलना में क्रमशः 19.0 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। पिछले दो वर्षों में कर प्राप्तियों में पायी गयी तेजी 1987-88 में भी जारी रहने का अनुमान है। तदनुसार, कर प्राप्तियों में पिछले वर्ष के बजट अनुमानों की तुलना में 20.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है जबकि 1986-87 में इनमें 15.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। 1987-88 में किये गये केन्द्रीय बजट कर प्रस्तावों से 514 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होने का अनुमान है जिसमें से 145 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर प्रस्तावों से और 369 करोड़ रुपये अप्रत्यक्ष कर प्रस्तावों से प्राप्त होंगे। अप्रत्यक्ष करों के अंतर्गत प्रमुख अंश (302 करोड़ रुपये अथवा 81.8 प्रतिशत) उत्पाद शुल्कों से प्राप्त होगा। अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए अप्रत्यक्ष करों पर निरंतर निर्भरता के कारण केन्द्रीय सरकार की कुल कर-वसूली में प्रत्यक्ष कर वसूली का अनुपात धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। कुल कर-प्राप्तियों में प्रत्यक्ष कर वसूली (शुद्ध) का अनुपात, जो 1985-86 के 17.8 प्रतिशत से घटकर 1986-87 (परिशोधित अनुमान) में 16.9 प्रतिशत रह गया था, आगे और घटकर 1987-88 में 15.8 प्रतिशत हो जायेगा।

174. 1987-88 में केन्द्र और राज्यों के कुल संवितरण 106,424 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो 1986-87 के बजट अनुमानों से 16.7 प्रतिशत अधिक और परिशोधित अनुमानों से 5.0 प्रतिशत अधिक होंगे। विकास व्यय 1986-87 के बजट अनुमानों की तुलना में 7,338 करोड़ रुपये अथवा 12.7 प्रतिशत बढ़ जायेंगे और 64,789 करोड़ रुपये के परिशोधित अनुमानों की तुलना में यह राशि 133 करोड़ रुपये अथवा 0.2 प्रतिशत अधिक होगी। दूसरी ओर, गैर-विकास व्यय की 39,522 करोड़ रुपये की राशि बजट अनुमानों की तुलना में 7,941 करोड़ रुपये अथवा 25.1 प्रतिशत और 1986-87 के परिशोधित अनुमानों की तुलना में 5,406 करोड़ रुपये अथवा 15.8 प्रतिशत अधिक होगी। केन्द्र के योजना परिव्यय की राशि पिछले वर्ष के 23,625 करोड़ रुपये की तुलना में 24,622 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी हैं (परिशोधित अनुमान)। इस प्रकार उसमें 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों का योजना परिव्यय 19,537 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.0 प्रतिशत अधिक है। 1987-88 के दौरान योजना परिव्यय का केन्द्रीय बजट समर्थन 23,677 करोड़ रुपये होगा, जिसमें 14,923 करोड़ रुपये केन्द्रीय योजना के लिए और 8,754 करोड़ रुपये राज्य तथा संघ शासित क्षेत्रों की योजनाओं के लिए होंगे।

बाजार उधार

175. 1986-87 के दौरान केन्द्रीय सरकार ने कुल सात बार बाजार से उधार लिये। इनमें से एक बार 350 करोड़ रुपये की राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पक्ष में रखने के लिए ली गयी और कुल 6,350 करोड़ रुपये उधार लिये गये। वर्ष के दौरान अवधि पूर्णता वाले ऋणों के

सारणी 25—केन्द्र और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और वितरण
(1985-86 से 1987-88 तक के राजकोषीय वर्ष)

(करोड़ रुपये)

मदें	1985-86 लेखा	1986-87 (बजट अनुमान)	1986-87 (संशोधित अनुमान)		1987-88 (बजट अनुमान)	
			राशि	पिछले वर्ष के लेखा से प्रतिशत घट-बढ़	राशि	पिछले वर्ष के बजट अनुमानों से प्रतिशत घट-बढ़
1	2	3	4	5	6	7
I. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	81221	87185	92171	+13.5	100216	+14.9
अ. राजस्व प्राप्तियां	54097	58217	63776	+17 9	69282	+19.0
जिसमें से कर प्राप्तियां (क+ख)	42991	46841	49469	+15 1	56457	+20.5
(क) प्रत्यक्ष कर	7047	7058	7989	+13.4	8563	+21.4
(ख) परोक्ष कर	35944	39783	41480	+15.4	47889	+20.4
आ. पूंजीगत प्राप्तियां	27124	28968	28395	+4.7	30934	+6.8
II. कुल वितरण (अ+आ+इ)	84470	91179	101401	+20.0	106424	+16.7
अ. विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	55032	57584	64789	+17.7	74922	+12.7
(क) राजस्व	32621	34832	38305	+17.4	39966	+14.7
(ख) पूंजी	12310	12530	14003	+13 8	13301	+6.2
(ग) ऋण और अग्रिम	10101@	10222	12481	+23.0	11655	+14.7
आ. गैर विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	27332	31581	3416	+24.9	33523	+25.1
(क) राजस्व	25984	29656	32020	+23.2	39744	+17.2
(ख) पूंजी	1116	1429	1564	+40 1	4280	+19.59
(ग) ऋण और अग्रिम	232	496	532	+129.3	498	+0.4
इ. अन्य	2106	2014	2496	+18.5	1980	--1.7
III. कुल अधिशेष (+) अथवा घाटा (—) (I-II)	—3249	—3994	—9230		—6208	

*इसमें बजट प्रस्तावों के प्रभाव शामिल हैं। बजट के बाद की कर रियायतों को नहीं लिया गया है।

@गैर विकासात्मक व्यय शामिल है।

टिप्पणियां (1) राज्यों के बजटों के संबंध में आंकड़े 23 राज्यों से संबंधित हैं, अर्थात इनमें अरुणाचल प्रदेश और गोवा शामिल नहीं हैं। इसके अलावा आंकड़ों में विधान सभा वाले संघशासित क्षेत्र शामिल नहीं है। नागालैण्ड तथा जम्मू और कश्मीर के लिए 1985-86 के आंकड़े संशोधित अनुमानों से संबन्धित हैं।

(2) अन्य वितरणों में आन्तरिक और बाह्य ऋण चुकाना स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति और दी गयी राशियां, आकस्मिक निधियों में विनियोजन और शुद्ध प्रेषण शामिल हैं और राज्य सरकारों द्वारा अपने संबन्धित बजटों में दर्शाये गये केन्द्र सरकार के किये गये ऋण भुगतान के आंकड़ों के लिए उन्हें समायोजित किया गया है।

लिए 1,050 करोड़ रुपये की चुकौती की व्यवस्था करने के पश्चात् (3 प्रतिशत परिवर्तन ऋण, 1946 सहित जिसकी 16 सितम्बर, 1936 को चुकौती की जानी थी) शुद्ध बाजार उधार की राशि 5,300 करोड़ रुपये थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 199 करोड़ रुपये अथवा 3.9 प्रतिशत अधिक थी (सारणी 26)। 6,350 करोड़ रुपये के सकल बाजार उधारों में 5,883 करोड़ रुपये नकद अभिदान से और 467 करोड़ रुपये परिवर्तन से प्राप्त हुए।

176. 1986-87 के दौरान राज्य सरकारों के बाजार उधारों की सकल राशि 1,446 करोड़ रुपये थी जिसमें से 1,404 करोड़ रुपये नकद अभिदान से और शेष 42 करोड़ रुपये परिवर्तन से प्राप्त हुए थे। 283 करोड़ रुपये के अवधिपूर्णता वाले ऋणों की चुकौती को हिसाब में लेने के बाद राज्य सरकारों के शुद्ध बाजार उधारों की कुल राशि 1,163 करोड़ रुपये थी, जो पिछले वर्ष में उधार ली गयी वास्तविक राशि की तुलना में 190 करोड़ रुपये अथवा 19.5 प्रतिशत अधिक थी।

177. केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा आयोजित स्थानीय प्राधिकरणों और संस्थाओं द्वारा लिये गये सकल उधारों की राशि 3,143 करोड़ रुपये थी। उसमें से अवधि-पूर्णता वाले ऋणों की चुकौती के लिए 782 करोड़ रुपये की राशि की व्यवस्था करने के बाद इन संस्थाओं की शुद्ध बाजार उधारों की राशि 2,366 करोड़ रुपये थी, जो 1985-86 की राशि की तुलना में 158 करोड़ रुपये अथवा 7.2 प्रतिशत अधिक थी।

178. 1987-88 के लिए केन्द्रीय बजट में 6,300 करोड़ रुपये के शुद्ध बाजार उधारों का अनुमान है। ये पिछले वर्ष की तुलना में 1,000 करोड़ रुपये (18.9 प्रतिशत) की वृद्धि के द्योतक हैं। इसके परिणामस्वरूप, शुद्ध बाजार उधार, जो 1986-87 में केन्द्र के चालू राजस्वों (राज्यों के अंश के शुद्ध) के 15.9 प्रतिशत थे, 1987-88 में बढ़कर 17.4 प्रतिशत हो जायेंगे। केन्द्र के अपने बाजार उधारों के अतिरिक्त, कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को भी अपनी विकास योजनाओं

सारणी 26—केन्द्र और राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों एवं केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं द्वारा बाजार से लिये गये ऋण—1985-86 और 1986-87 (राजकोषीय वर्ष)

(करोड़ रुपये)

क्रम सं.	केन्द्र सरकार/निकाय	सकल बाजार ऋण		चुकौतियां (कुल ऋण जिनकी अवधि पूरी हुई)		शुद्ध बाजार ऋण	
		1985-86	1986-87	1985-86	1986-87	1985-86	1986-87
1		2	3	4	5	6	7
1.	केन्द्र सरकार	5,764	6,350	663	1,050	5101	5,300
2.	राज्य सरकारें	1,414	1,446	441	283	973	1,163
3.	सरकार के कुल ऋण (1+2)	7,178	7,796	1,104	1,333	6,074	6,463
4.	केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित संस्थाएं	1,644	1,869	177	267	1,467	1,602
5.	राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित संस्थाएं (स्थानीय निकायों सहित)	1,311	1,279	570	515	741	764
6.	संस्थाओं को कुल ऋण (4+5)	2,955	3,148	747	782	2,208	2,366
7.	कुल बाजार ऋण (3+6)	10,133	10,944	1,851	2,115	8,282	8,829

के वित्तपोषण के लिए देशी बाजारों में बांड जारी करने और विदेशों से वाणिज्यिक उधारों के माध्यम से संसाधन जुटाने की अनुमति दी गयी है।

179. 1987-88 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा बांड जारी करके 1,500 करोड़ रुपये और विदेशी वाणिज्यिक उधारों के माध्यम से 485 करोड़ रुपये जुटाये जाने का अनुमान है। इसके परिणामस्वरूप योजना वित्त में उधार ली गयी निधियों का अंश धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा प्राप्त कुल उधारों से केन्द्रीय योजना परिव्यय के लिए 33.6 प्रतिशत वित्त प्राप्त होगा, जबकि 1986-87 में यह 33.0 प्रतिशत था। दीर्घकालीन राजकोषीय नीति में यह परिकल्पना की गयी थी कि केन्द्र के शुद्ध बाजार उधार 1985-86 के सकल देशी उत्पाद के 2.1 प्रतिशत से कम होकर 1986-87 में 1.6 प्रतिशत रह जायेंगे। 1986-87 के सांकेतिक सकल देशी उत्पाद में अनुमानित वृद्धि के आधार पर यह अनुपात 2 प्रतिशत के आसपास हो सकता है।

केन्द्रीय सरकार के ऋणों पर ब्याज (कूपन) दरें

180. 1986-87 के दौरान दीर्घावधि प्रतिभूतियों पर 11.5 प्रतिशत की उच्चतम ब्याज दर रखी गयी थी, किन्तु अवधि समाप्ति समय 30 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष कर दिया गया था। 1986-87 के दौरान 5-वर्षीय और 10-वर्षीय ऋणों पर ब्याज (कूपन) दरों में 1.0 प्रतिशत अंक की वृद्धि करते हुए उन्हें क्रमशः 10.00 प्रतिशत और 10.50 प्रतिशत कर दिया गया था।

181. ऊपर वर्णित बाजार उधारों के अलावा, केन्द्र और राज्यों ने भविष्य निधियों और अल्प बचतों जैसे अन्य उधारों के माध्यम से भी संसाधन जुटाये थे। 1986-87 में केन्द्र और राज्यों के आंतरिक उधार और अन्य देयताओं में शुद्ध योग की राशि 27,020 करोड़ रुपये थी, जो सकल देशी उत्पाद की 9.9 प्रतिशत होगी, जबकि 1985-86 में वह 23,319 करोड़ रुपये अर्थात् 9.6 प्रतिशत थी।

केन्द्रीय ऋणों में भारतीय रिजर्व बैंक का समर्थन

182. 11.5 प्रतिशत की उच्चतम कूपन दर और दैनिक आधार पर सांविधिक चलनिधि अनुपात के कड़ाई से प्रवर्तन के साथ 1985-86 में सांविधिक चलनिधि अनुपात में लागू की गयी वृद्धि ने बाजार से अधिक संसाधन जुटने में सहायता की। 1986-87 में जुटाये गये कुल ऋणों में से 11.5 प्रतिशत की कूपन दर पर जुटाये गये ऋण 82.8 प्रतिशत थे, जबकि 1985-86 में वे 72.4 प्रतिशत थे। परिणामस्वरूप, 1986-87 के दौरान ऋण जुटाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के समर्थन पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी हुई। 1986-87 में केन्द्रीय ऋणों में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रारंभिक नकद अभिदान की राशि 2,266.4 करोड़ रुपये अर्थात् कुल जुटाये गये ऋणों की 35.7 प्रतिशत थी। इसके विपरीत 1985-86 में भारतीय रिजर्व बैंक ने 2,905.5 करोड़ रुपये का प्रारंभिक अभिदान दिया, जो कुल ऋणों का लगभग 50 प्रतिशत था। किन्तु, 1986-87 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुद्ध बिक्रियां की गयी थीं।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांड

183. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांड (दूसरा निर्गम) 3 वर्ष की अवधि समाप्ति के साथ 7 जुलाई 1984 को जारी किये गये और उनकी ब्याज दर 7.5 प्रतिशत थी। जैसा कि 9 जुलाई 1979 से प्रारंभ किये जाने वाले सात वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांडों के मामले में था, उक्त बांड आस्तियों के अंतरण/बिक्री पर पूंजीगत लाभ कर से छूट प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों को निवेश सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयोजन से प्रारंभ किये गये थे। बांडों की बिक्री के प्रारंभ से 31 मार्च 1987 की स्थिति के अनुसार 3 वर्षीय बांडों की कुल बकाया राशि 55 करोड़ रुपये थी और 7 वर्षीय बांडों की 161 करोड़ रुपये थी।

सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्र

184. 1 जून 1982 से जनता के उपयोग के लिए, विशेष रूप से छोटे बचतकर्ताओं की निजी बचत राशियों को जुटाने के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी किये गये। उनकी ब्याज दर (अर्द्धवार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर) 11.3 प्रतिशत थी। 31 मार्च 1987 की स्थिति के अनुसार सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्रों में किया गया कुल अभिदान 18.1 करोड़ रुपये था।

पूंजी निवेश बांड

185. पूंजी निवेश बांड 28 जून 1982 को 10 वर्ष की अवधि समाप्ति के साथ जारी किये गये थे। इन पर 7.0 प्रतिशत वार्षिक की दर पर कर मुक्त ब्याज का प्रावधान है। 28 जून 1987 की स्थिति के अनुसार इन बांडों की बकाया राशियां 167.3 करोड़ रुपये थीं।

राष्ट्रीय जमा योजना

186. सार्वजनिक निवेश के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए 30 जुलाई 1984 को राष्ट्रीय जमा योजना प्रारंभ की गयी। मोटे तौर पर इसकी मुख्य बातें बैंकों की दीर्घावधि जमा योजनाओं जैसी ही हैं। इस योजना के अधीन चार वर्ष की अवधि के लिए जमाराशियां रखी जाती हैं, जिन पर प्रति वर्ष 10.50 प्रतिशत ब्याज लगाया जाता है।

प्रारंभ से लेकर इन जमाराशियों में अभिदान की राशि 31 मार्च 1987 को 68.3 करोड़ रुपये थी, जबकि निर्धारित लक्ष्य 500 करोड़ रुपये का था। यह योजना अब सरकार द्वारा पहली अप्रैल 1987 से बन्द कर दी गयी है।

राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

187. छः वर्षीय राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र-6 और 7 निर्गम पहली मई 1981 से प्रारंभ किये गये थे। ये प्रमाणपत्र उच्च प्रतिलाभ तथा आय कर अधिनियम और संपत्ति कर अधिनियम के अन्तर्गत उदार लाभ की वजह से निरन्तर लोकप्रिय और आकर्षक बनते गये हैं। 1986-87 (अप्रैल-मार्च) के दौरान इन प्रमाणपत्रों की बिक्री से कुल प्राप्त राशि 1985-86 के 2,182 करोड़ रुपये की तुलना में 3,132 करोड़ रुपये थी। पहली अप्रैल 1987 से राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्रों की ब्याज दर 12.0 प्रतिशत से घटकर 11.0 प्रतिशत कर दी गयी है।

इन्दिरा विकास पत्र

188. ग्रामीण बचत को जुटाने की दृष्टि से भारत सरकार ने 19 नवम्बर 1986 को इन्दिरा विकास पत्र नामक एक नयी अल्प बचत लिखत प्रारंभ की। पांच वर्ष की अवधि समाप्ति वाले ये इंदिरा विकास पत्र 500 रुपये, 1,000 रुपये और 5,000 रुपये के मूल्य वर्ग में जारी किये गये थे। इनकी खरीद के समय निवेशकों को इंदिरा विकास पत्र के मूल्य-वर्ग की आधी कीमत चुकानी थी। इस प्रकार, प्रतिलाभ की अंतर्निहित ब्याज दर 14.87 प्रतिशत वार्षिक बैठती है। किन्तु इंदिरा विकास पत्रों पर किसी प्रकार की कर रियायत नहीं है। पहली अप्रैल 1987 से, इंदिरा विकास पत्र की समाप्ति-अवधि बढ़ाकर साढ़े पांच वर्ष कर दी गयी है ताकि इस पर होने वाले प्रतिलाभ को मार्च 1987 अंत में घोषित न्यूनतम ब्याज दर पद्धति के अनुकूल किया जा सके। मार्च 1987 अन्त में इंदिरा विकास पत्र योजना के संबंध में कुल बकाया राशियां 835 करोड़ रुपये थीं।

182-दिवसीय खजाना बिल

189. वर्ष के दौरान 182 दिवसीय खजाना बिलों की एक नयी विलीय लिखत प्रारंभ किये जाने के बारे में पहले उल्लेख किया जा चुका है। ये बिल कम से कम एक लाख रुपये की राशि और उसके गुणकों में बट्टागत आधार पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं। बट्टा दर और तदनुरूपी निर्गम मूल्य साप्ताहिक नीलामियों द्वारा निश्चित किया जाता है। ये बिल भारत के निवासी किसी भी व्यक्ति द्वारा खरीदे जा सकते हैं जिनमें व्यक्ति, फर्म, कंपनियां, निगमित निकाय और संस्थाएं शामिल हैं। किन्तु, राज्य सरकारें और भविष्य निधियां इनमें निवेश करने के लिए पात्र नहीं है। रिजर्व बैंक इसके द्वारा निर्गम हेतु प्रस्तावित खजाना बिलों की राशि, निविदा की प्राप्ति के पश्चात प्रत्येक नीलामी पर निश्चित करता है और इसे बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली अथवा सभी बोलियों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है। स्वीकृत निविदाओं के संबंध में, बोली लगाने वाले द्वारा संबंधित आवेदन पत्र में उल्लिखित मूल्य पर खजाना बिल जारी किये जाते हैं। यह बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात के प्रयोजनों के लिए एक अनुमोदित निवेश है और यह रिजर्व बैंक की सहायक पुनर्वित्त सुविधा के अन्तर्गत उससे उधार प्राप्त करने के लिए एक पात्र जमानत है।

राज्य सरकारों को अर्थोपाय अग्रिम

190. रिजर्व बैंक राज्य सरकारों को उनकी प्राप्तियों और व्यय की वजह से होने वाली नकदी प्राप्तियों में मौसमी असन्तुलनों पर काबू पाने के लिए अर्थोपाय अग्रिम उपलब्ध कराता है। अर्थोपाय अग्रिमों की सीमाएं पिछली बार जुलाई 1982 में संशोधित की गयी थीं। राज्यों से प्राप्त प्रतिवेदनों और 1982 के बाद से बजटीय लेन देनों में हुए उतार चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए, रिजर्व बैंक के पास खाते रखने वाले सभी राज्यों के मामले में सामान्य अर्थोपाय अग्रिमों की मौजूदा सीमाओं में पहली अक्तूबर 1986 से 20 प्रतिशत की मूल वृद्धि करने का फैसला किया गया था। इसके अलावा, चूंकि वर्ष की पहली छमाही के दौरान राज्य सरकारों द्वारा महसूस की जा रही नकदी प्राप्ति की समस्या दूसरी छमाही की अपेक्षा अधिक तीव्र बनायी गयी है, अतः पहली छमाही की अवधि के लिए 10 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि की मंजूरी दी गयी थी। दूसरे शब्दों में कहें तो रिजर्व बैंक के पास खाता रखने वाली 20 राज्य सरकारों को क्रमशः अप्रैल-सितम्बर और अक्तूबर मार्च की अवधि के लिए उस समय की मौजूदा कुल 520 करोड़ रुपयों की सामान्य सीमाओं पर 30 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की वृद्धि मंजूर की गयी थी। विशेष सीमाओं में अथवा रिजर्व बैंक के पास रखी जाने वाली न्यूनतम निधियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। बाद में, 3 नये बनाये गये राज्यों अर्थात् अरुणाचल प्रदेश, गोवा तथा मिजोरम ने भी रिजर्व बैंक को अपना बैंकर नियुक्त किया। इस तरह रिजर्व बैंक के पास खाता रखने वाले राज्यों की कुल संख्या 23 हो गयी। अब अर्थोपाय अग्रिमों की कुल सीमाएं राजकोषीय वर्ष के अप्रैल-सितम्बर के दौरान 957.60 करोड़ रुपये तथा अक्तूबर-मार्च के दौरान 904.10 करोड़ रुपये हैं। इनमें विशेष अर्थोपाय अग्रिमों के लिए 226 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सीमाएं शामिल है।

191. वर्ष के दौरान सभी राज्य सरकारों ने ओवरड्राफ्ट विनियमन योजना का पालन किया। किसी भी राज्य ने ओवरड्राफ्ट के लिए निर्धारित 7 निरन्तर कार्य दिवसों का उल्लंघन नहीं किया।

पूंजीगत बाजार

192. 1986-87 (अप्रैल मार्च) में गैर सरकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के 2,161.6 करोड़ रुपये के नये पूंजीगत निर्गम 1985-86 के 1646.6 करोड़ रुपये के निर्गमों की तुलना में 19.5 प्रतिशत अधिक थे (सारणी 27)। ईक्विटी निर्गम 4.1 प्रतिशत अधिक रहे, अलबत्ता, यदि किसी एक कम्पनी द्वारा अपवाद के रूप में अधिक निर्गम के लिए गंजाइश रखी जाये तो ईक्विटी निर्गम 17.0 प्रतिशत की गिरावट दर्शाते हैं। गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान 27.8 प्रतिशत कम रहे। दूसरी तरफ, परिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम 1985-86 के 85.2 करोड़ रुपये से कई गुना बढ़कर 1986-87 में 1064.6 करोड़ रुपये हो गये। गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों से परिवर्तनीय डिबेंचरों की तरफ इस झुकाव के पीछे गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बांडों से महसूस की जा रही प्रतिस्पर्धा तथा सक्रिय गौण बाजार की कमी जैसे कारण थे। इस संदर्भ में यह भी नोट किया जाना चाहिए कि 1986-87 में कुछ कंपनियों ने परिवर्तनीय डिबेंचरों के बहुत से निर्गम जारी किये जिनमें परिवर्तन की आकर्षक शर्तें दी गयी थीं।

सारणी-27 गैर-सरकारी पब्लिक लि. कंपनियों के पूंजीगत निर्गम

(करोड़ रुपये)

निर्गम के प्रकार	1985-86*	1986-87*
1	2	3
ईक्विटी शेयर	846.5	880.8
अधिमान शेयर	1.2	0.8
डिबेंचर	798.9	1,580.0
(1) परिवर्तनीय	85.2	1,064.6
(2) अपरिवर्तनीय	713.7	515.4
जोड़	1,646.6	2,461.6

*अनन्तिम

†बोनस शेयर शामिल नहीं।

टिप्पणी :

1. अधिक प्राप्त अभिदान की राशि, जो रख ली गयी है, के आंकड़े उन मामलों में शामिल है, जहां इस संबंध में विशिष्ट सूचना उपलब्ध थी।
2. वित्तीय संस्थाओं आदि के पास निजी रूप में रखे गये निर्गम इन आंकड़ों में शामिल नहीं है।

193. 1986-87 के दौरान 14 प्रतिशत ब्याज दर और/अथवा कर मुक्त 10 प्रतिशत ब्याज दर वाले नये सार्वजनिक क्षेत्र के बांड जारी किये गये थे। 14 प्रतिशत बांड और 10 प्रतिशत बांड दोनों को ही संपत्ति कर से छूट मिली हुई है। इसके अलावा, 10 प्रतिशत बांडों से प्राप्त ब्याज की आय भी आयकर से मुक्त है। इससे प्राप्त कुल राशियां पिछले वर्ष के 353.7 करोड़ रुपये की तुलना में 4,516.1 करोड़ रुपये (रख लिये गये अधिक अभिदान सहित) थी। इन बांडों के लिए अभिदान का अधिकतर हिस्सा बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त हुआ। हालांकि करमुक्त बांडों पर वास्तविक प्रतिफल काफी अधिक है, फिर भी अलग अलग निवेशकों की इसमें दिलचस्पी है। इस संबंध में निर्गम जारी करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को चाहिए कि वे प्रचार और कारोबार की प्रगति के प्रयासों पर और अधिक ध्यान दें और वे निर्गमों को अब तक की तुलना में अधिक लंबी अवधियों तक के लिए खुला रखें। यदि इन बांडों के लिए एक गौण बाजार का विकास किया जाता है तो कारगर उपाय करने की जरूरत होगी।

194. अनंतिम आंकड़े यह दर्शाते हैं कि 1986-87 में गैर सरकारी कंपनियों द्वारा बोनस शेयरों में जुटायी गयी पूंजी को छोड़कर अन्य पूंजी (चुकता) की राशि 1,632 करोड़ रुपये थी जो 1985-86 की 1,071 करोड़ रुपये से अधिक थी। इस तरह जुटायी गयी राशि पूंजीगत निर्गमों में अनेक कारणों से भिन्न है। पहले तो निर्गमों और वास्तविक अभिदानों के बीच समय का अन्तराल है। दूसरे जारी की गयी राशि का अभिदान एक से अधिक किस्तों में किया जा सकता है और तीसरे निश्चित राशि से कम अथवा अधिक अभिदान की संभावनाएं है।

195. जुटायी गयी पूंजी के संबंध में ये आंकड़े कुछ हद तक कम दर्शाये गये हैं। इसका कारण संबंधित कंपनियों द्वारा पूंजीगत निर्गमों के नियन्त्रण को सांख्यिकीय विवरणियां प्रस्तुत करने में देरी या चूक करना है। 1986-87 में सरकारी कंपनियों द्वारा अनुमोदनों के आधार पर जुटायी गयी पूंजी (अधिकांशतः सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा जारी 14 प्रतिशत की ब्याज दर और/अथवा 10 प्रतिशत की करमुक्त ब्याज दर वाले बांडों के जरिये) 1978.6 करोड़ रुपये रही। पूंजीगत निर्गम (छूट) आदेश 1969 के अन्तर्गत (जिसके अन्तर्गत एक करोड़ रुपये तक के निर्गम आमतौर पर पूंजी निर्गम नियंत्रण से मुक्त रहते हैं) गैर-सरकारी कंपनियों द्वारा जुटायी गयी पूंजी 200 करोड़ रुपये के आसपास रहने का अनुमान है। आंकड़ों की कम सूचना दी गयी है, इसको ध्यान में रखते हुए सरकारी कंपनियों और गैर सरकारी कंपनियों द्वारा (पूंजीगत निर्गमों के लिए अनुमोदनों पर तथा छूट आदेश के अन्तर्गत) जुटायी गयी (चुकता) पूंजी 1,000 करोड़ रुपये के आसपास रहने का अनुमान है।

वित्तीय संस्थाओं द्वारा सहायता

196. अनंतिम आंकड़ों के अनुसार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (अर्थात् भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक, जीवन बीमा निगम तथा साधारण बीमा निगम तथा उसकी सहायक कंपनियों) द्वारा 1986-87 (अप्रैल-मार्च) के दौरान मंजूर और वितरित सहायता क्रमशः 7,486.0 करोड़ रुपये तथा 5,172.0 करोड़ रुपये रही। यह पिछले वर्ष की तुलना में मंजूरियों में 20.3 प्रतिशत की और वितरणों में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा 1986-87 के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में अधिक मंजूरियां, निवेश करने की इच्छा के ऊंचे स्तर की द्योतक है। पूंजीगत निर्गमों के नियंत्रक द्वारा सरकारी और गैर-सरकारी कम्पनियों को 1986-87 में नये पूंजीगत निर्गमों के लिए मंजूर किये गये 5,489 करोड़ रुपयों के अनुमोदनों को देखते हुए, 1987-88 में औद्योगिक निवेश में उत्साह बने रहने की संभावना है (सारणी 28)।

87/1861 GI—11

सारणी 28—पूंजी जुटाने के लिए गैर-सरकारी कम्पनियों (सार्वजनिक और निजी) को पूंजी निर्गमों के नियंत्रक द्वारा मंजूर की गयी सहमतियां/स्वीकृतियां

(करोड़ रुपये)

क्र सं	निर्गम	1985-86	1986-87
1	2	3	4
1.	शेयर	1,082	1,512
	जिनमें से :		
	(1) प्रारम्भिक निर्गम	645	825
	(2) बाद के निर्गम	437	687
2.	डिबेंचर/बांड	2,377	3,977
	जिनमें से :		
	(1) परिवर्तनीय	372	1,962
	(2) गैर-परिवर्तनीय	2,005	2,015
		(354)	(1,107)
3.	उप जोड़ (1+2)	3,459	5,489
4.	बोनस शेयर	236	354
5.	विविध निर्गम (ऋण आदि)	221	228
6.	कुल जोड़ (3+4+5)	3,916	6,071

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े सार्वजनिक क्षेत्र के 14 प्रतिशत और दस प्रतिशत (कर मुक्त) बांडों के निर्गम के लिए दी गयी सहमतियां दर्शाते हैं।

स्रोत : पूंजी निर्गम नियंत्रक।

नीतिगत परिवर्तन

197. 1987-88 के लिए केन्द्रीय बजट में पूंजी बाजार को मजबूत बनाने के लिए कई प्रस्ताव थे। मौजूदा प्रावधान को, जिसके अन्तर्गत आयकर अधिनियम की धारा 80 एम के अन्तर्गत नयी कंपनियों की कुछेक श्रेणियों के ईक्विटी शेयरों में निवेश के संबंध में कर योग्य आय से कर की कटौती की अनुमति को, जिसे 31 मार्च 1987 को समाप्त होना था, और 3 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया। इसके अलावा इस तरह के शेयरों को रखने की अवधि को 5 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष कर दिया गया। बजट ने दीर्घकालिक पूंजी लाभों के लिए अनुमत रियायती कर ढांचे की श्रेणी में आने के प्रयोजनों के लिए शेयरों को रखने की अवधि को 36 महीने से घटाकर 12 महीने कर दिया। इसके अलावा ईक्विटियों पर लाभांश के भुगतान और डिबेंचरों पर ब्याज के भुगतानों पर स्रोत पर कर को कटौती के लिए मौजूदा छूट सीमा को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया। इन उपायों से नियमित क्षेत्र के शेयरों और डिबेंचरों में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

198. पूंजी बाजार को मजबूत करने और निवेश के वातावरण को बेहतर बनाने की दृष्टि से सरकार ने 1986-87 में कई उपाय शुरू किये। भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा पहले ही संगठित पारस्परिक निधि की तरह भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक नयी निधि गठित करने का प्रस्ताव है। शेयर बाजारों तथा प्रतिभूति उद्योग के विनियमन तथा व्यवस्थित ढंग से काम करने के लिए अलग से एक बोर्ड स्थापित किया जाना है। सरकार ने विशेष मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये और डिबेंचरों के जरिये निधियां जुटाने वाली कंपनियों के लिए डिबेंचर शोधन निधियां रखना अनिवार्य कर दिया। एक के बाद दूसरे बोनस निर्गम के बीच के न्यूनतम समय-अंतराल को 36 महीने से घटाकर 24 महीने कर दिया गया है।

199. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के संगठनात्मक ढांचे और नीतिगत उपायों में एक महत्वपूर्ण बात यह रही कि उसने 20, मई 1986

को लघु उद्योग विकास निधि नाम की एक अलग निधि स्थापित की जो केवल लघु उद्योग क्षेत्र के विकास, विस्तार, आधुनिकीकरण, उसके नये क्षेत्र खोजने तथा पुनर्वास के लिए होगी। यह निधि लघु औद्योगिक क्षेत्र को दी जाने वाली वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायता के लिए मध्यस्थ संस्था का कार्य करती है। लघु उद्योग विकास निधि की स्थापना के साथ, विकास बैंक ने लघु उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे उपाय किये हैं। राज्य लघु उद्योग विकास निगमों को अपनी सहायता की सीमा में लाने के अलावा विकास बैंक ने लघु उद्योगों के लिए अपना पुनर्वित्त और बिल पुनर्भुनाई योजनाओं में कई रियायतें दी हैं।

200. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में समीक्षाधीन वर्षों के दौरान संशोधन किये गये। इन संशोधनों से अन्य बातों के साथ-साथ भा. औ. वि. नि. का कार्यक्षेत्र बढ़ा है और उसकी प्राधिकृत पूंजी में वृद्धि हुई है।

201. भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने जुलाई 1986 में मेरिल लिंच इंटरनेशनल एण्ड कम्पनी के सहयोग से भारत निधि की स्थापना की ताकि अनिवासी भारतीय और विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति तथा भारत से बाहर बसे व्यक्ति और संस्थाएं भारत के प्रतिभूति बाजारों में निवेश कर सकें। इस निधि का मूल उद्देश्य भारत में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों में निवेश के जरिये दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि करना है। इस निधि के जरिये 139.5 करोड़ रुपये की निधि जुटाया गया। भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने भी सितंबर 1986 में पारस्परिक निधि योजना शुरू की और इसके लिए 150 करोड़ रुपये जुटाये। इस योजना के अंतर्गत यूनिट, जो कि मास्टर शेयर कहलाते हैं, सभी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं।

202. अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं ने स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. नाम की एक कम्पनी स्थापित की है। यह वित्तीय संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले प्रतिभूतियों के लेनदेनों से संबंधित कारोबार के बाद की कारगर सेवाएं उपलब्ध करायेगी। समय बीतने के साथ-साथ निगम द्वारा आम जनता को भी सेवाएं उपलब्ध कराने की आशा है।

ईक्विटी मूल्य

203. ईक्विटी मूल्यों में 1985-86 के दौरान असामान्य उछाल देखने में आया। यह उछाल मुख्य रूप से बाजार भाव बढ़ जाने की आशा तथा कुछ हद तक सट्टेबाजी बढ़ जाने के कारण आये। शेयरों के मूल्य फरवरी 1986 के मध्य में शिखर स्तर पर पहुंच गये किन्तु उसके बाद तेजी से घटने लग गये। बजट प्रस्तावों ने बाजार की आशाओं को पूरा नहीं किया और इस प्रकार उन्होंने बाजार के रूख को प्रभावित किया, बजट प्रस्तावों से निवेश की अनुमति और अंतर-कारपोरेट लाभांश पर कर रियायत को वापस लेना तथा ब्याज के पूंजीकरण को अनुमति न देना शामिल है।

204. अप्रैल 1986 के पहले पखवाड़े में ईक्विटियों में कुछेक बजट प्रस्तावों में आशोधनों से आंशिक सुधार हुआ। इनमें अन्तर-कम्पनी लाभांशों पर कर से संबंधित प्रस्ताव विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, अलबत्ता, अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में निरन्तर बिक्री दबावों के कारण और बाहरी समर्थन के अभाव में ईक्विटियां फिर से लुढ़की। यह प्रवृत्ति मई के तीसरे सप्ताह तक जारी रही, जब खास तौर पर हतोत्साहित करने वाले समाचारों की वजह से बाजार का रूख विपरीत रूप से प्रभावित हुआ।

205. बम्बई शेयर बाजार द्वारा 14 सक्रिय लिखतों को गैर-निर्दिष्ट सूची से निर्दिष्ट सूची में अंतरित करने के अनुकूल निर्णय और वित्तीय संस्थाओं द्वारा शेयरों की चयनात्मक खरीद किये जाने से मई के अंतिम सप्ताह से जून के मध्य तक स्थिति में फिर सुधार हुआ। बाद में निराशाजनक निगम रिपोर्टों से ईक्विटी मूल्यों में गिरावट की प्रवृत्ति ने जोर पकड़ा। यह प्रवृत्ति जून, 1986 के दूसरे पखवाड़े से शुरू हो कर अक्तूबर से थोड़ी सी संभलने के बाद, दिसम्बर के दूसरे सप्ताह तक जारी रही। उसके बाद, वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये गये समर्थन से तथा शेयर बाजारों द्वारा अपनाये गये विनियामक उपायों से ईक्विटियों में जनवरी और फरवरी, 1987 में काफी सुधार हुआ।

206. फरवरी, 1987 से ईक्विटी मूल्यों में उतार-चढ़ाव भी बाजार की अत्यधिक बढ़ी हुई उम्मीदों से प्रेरित था जिन्हें 1987-88 के केन्द्रीय सरकार के बजट ने पूरा नहीं किया। जिन प्रस्तावों ने बाजार की भावना को विशेष रूप से धक्का पहुंचाया, उनमें बही लाभों पर 30 प्रतिशत की न्यूनतम दर पर निगम कर लगाया जाना और कुछेक भुगतानों के संबंध में स्रोत पर कर की कटौती करना शामिल है। मार्च 1987 के पहले सप्ताह में भारी मात्रा में बिक्रियां हुईं और प्रमुख शेयर बाजारों ने मूल्यों में और गिरावट पर काबू पाने के लिए अल्पावधि बिक्रियों पर रोक लगा दी। उसके बाद मई में जब बही लाभों पर 30 प्रतिशत की न्यूनतम दर पर कर से संबंधित बजट प्रस्ताव को आशोधित किये जाने और स्रोत पर कर की कटौती के प्रस्ताव को वापस लिये जाने के बाद बाजार की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ।

207. इन प्रवृत्तियों का द्योतक रिजर्व बैंक का सामान्य शेयर मूल्यों का अखिल भारतीय सूचकांक (आधार 1980-81=100) जो 29 मार्च 1986 को समाप्त होने वाले सप्ताह में 239.5 पर था, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 248.6 पर जा पहुंचा। यह 24 मई को समाप्त सप्ताह में गिरकर 230.5 रह गया लेकिन 14 जून को समाप्त सप्ताह में फिर से बढ़कर 248.0 हो गया। उसके बाद सूचकांक में आमतौर पर गिरावट आयी और वह सितम्बर के अंत में 229.5 रह गया। अक्तूबर में कुछ सुधार के बाद वह कम होता हुआ 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 209.5 तक नीचे आ गया। उसके बाद सूचकांक 10 जनवरी तक 229.4 तक ऊपर उठा और उसके बाद सीमित दायरे में ऊपर-नीचे होता हुआ 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में घटकर 219.3 पर रूक गया। अलबत्ता, 230.7 पर 1986-87 (अप्रैल-मार्च) के लिए औसत सूचकांक 1985-86 के औसत की तुलना में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष इसमें 63 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कई कंपनियों की सुधरी हुई लाभांश स्थिति से ईक्विटियों पर औसत सकल लाभ 1985-86 के 3.2 प्रतिशत से थोड़ा सा बढ़कर 1986-87 में 3.6 प्रतिशत हो गया।

208. ईक्विटी मूल्यों में अनियमित उतार-चढ़ावों ने प्राथमिक बाजार की गतिविधियों पर बुरा असर पड़ा। हाल ही में देखा गया शेयर मूल्यों की प्रवृत्ति कुछ हद तक 1985-86 में पायी गयी असाधारण रूप से ऊंची वृद्धियों पर सुधारात्मक स्थिति मानी जा सकती है। आर्थिक मूलभूत बातों के काफी हद तक संतोषजनक होने के साथ बाजार के रूख में सुधार हो सकता है और पूंजी बाजार में पासा पलट सकता है।

विदेशी क्षेत्र विषयक गतिविधियां

भुगतान संतुलन

209. राजकोषीय वर्ष 1986-87 के लिए भुगतान संतुलन के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं। उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि चालू खाते में घाटा वर्ष के दौरान कुछ कम हो गया है, जबकि 1985-86 में इसमें तीव्र वृद्धि हुई थी। सकल देशी उत्पाद की तुलना में चालू खाते में घाटा (सरकारी अंतरणों सहित) जो 1985-86 के दौरान 2.4 प्रतिशत के ऊंचे स्तर तक जा पहुंचा था, व्यापार घाटे में कमी तथा परोक्ष खाते में कुछ सुधार की वजह से 1986-87 में घटकर 1.9 प्रतिशत के आस पास रह गया।

210. राजकोषीय वर्ष 1986-87 के दौरान, देश की विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियों में, जिनमें रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियां,

स्वर्णधारिताएं तथा विशेष आहरण अधिकार शामिल हैं, मार्च 1987 के अंत में 331 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और इनकी राशि 8,151 करोड़ रुपये हो गयी। जबकि 1985-86 के दौरान उनमें 577 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। विशेष आहरण अधिकारों के रूप में ये निधियां £मार्च 1987 के अंत में 51,130 लाख विशेष आहरण अधिकारों के बराबर थी जो 1986-87 में 6,150 लाख विशेष आहरण अधिकार की गिरावट दर्शाती है। 1985-86 में इनमें 2,760 लाख विशेष आहरण अधिकारों की गिरावट आयी थी। सारणी 29 में भारत की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियां तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आहरण और हाल ही के वर्षों में की गयी पुनर्खरीदें दर्शायी गयी हैं।

सारणी 29—भारत की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियां

क्रम सं	निम्नलिखित माह के अंत में	विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियां					कोष से क्षतिपूर्ति निधि सुविधा तथा विस्तारित निधि सुविधा के अंतर्गत संकल आहरण (दस लाख वि आ अ)	कोष से पुनः खरीद* (दस लाख वि आ अ)	शुद्ध आहरण (दस लाख वि आ अ) (8—9)
		वि आ अ (दस लाख)	वि आ अ** (लाख रु.)	स्वर्ण (लाख रु.)	विदेशी मुद्रा (लाख रु.)	जोड़ (लाख रु.) (स्तम्भ 4+5+6)			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	मार्च 1985	146.49	180,50	245,78	6816,79	7243,06	4166.00	199.50	3966.50
2.	जून 1985	303.67	376,89	246,67	6679,80	7303,36	4166.00	251.50	3914.50
3.	मार्च 1986	115.13	161,40	274,28	7384,35	7820,03	4166.00	397.25	3768.75
4	जून 1986	126.86	186,27	274,28	7084,91	7545,16	4166.00	466.00	3700.00
5.	मार्च 1987	139.44	231,76	274,28	7645,17	8151,21	4166.00	828.50	3337.50
6.	जून 1987 @	105.44	173,26	274,28	7276,44	7723,98	4166.00	953.50	3212.50

टिप्पणी : संकल आहरण और पुनः खरीद राशियां अगस्त 1980 से हैं, जब क्षतिपूर्ति निधि सुविधा का आहरण किया गया था।

*पुनः खरीद क्षतिपूर्ति निधि सुविधा और विस्तारित निधि सुविधा के अन्तर्गत है।

**संबन्धित महीनों के अंत में रुपया वि आ अ विनिमय दर पर।

@अनंतिम

£अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय आंकड़ों के अनुसार स्वर्ण का मूल्यन 35 विशेष आहरण अधिकार प्रति औंस दर पर किया गया है।

211. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष न्यास निधि ऋण के संबंध में अदायगियों सहित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को अदायगियां 1985-86 के 327 करोड़ रुपये की तुलना में 1986-87 में 840 करोड़ रुपये रहीं। मार्च 1987 के अंत में विस्तारित निधि सुविधा आहरणों तथा न्यास निधि ऋण के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को देयताएं 37,090 लाख विशेष आहरण अधिकारों के बराबर थीं। यह मौजूदा विनिमय दर पर 6,165 करोड़ रुपये के बराबर होती है।

पण्य कारोबार

212. 1986-87 के दौरान भारत के विदेशी व्यापार में, खास तौर पर निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार 12,550 करोड़ रुपये के निर्यात 20.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाते हैं, जबकि 1985-86 में इनमें 7.8 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। तेल से इतर निर्यातों में 1986-87 में 22.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 1985-86 में यह वृद्धि 5.7 प्रतिशत की थी। अलबत्ता तेल के आयात बिल में काफी बचत करने के बावजूद कुल आयातों की वृद्धि मामूली-सी ही कम हुई। 1986-87 के दौरान 20,063 करोड़ रुपये के आयात पिछले वर्ष की 11.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। बाद में वर्ष के दौरान व्यापार घाटा 1985-86 के 7,951 करोड़ रुपये से 438 करोड़ रुपये घटकर 7,513 करोड़ रुपये रह गया।

213. निर्यातों में मात्रा की दृष्टि से वृद्धि के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं। विशेष आहरण अधिकारों के रूप में तेल से इतर निर्यातों में 1986-87 के दौरान 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1985-86 में इनमें 2.4 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। अंतर्राष्ट्रीय पण्य मूल्यों तथा निर्मित वस्तुओं के मूल्यों में उतार-चढ़ावों को ध्यान में रखने पर, हो सकता है कि 1986-87 में मात्रा की दृष्टि से भारत के निर्यात लगभग 7-8 प्रतिशत अधिक रहे हों। पिछले वर्ष इनमें मामूली-सी गिरावट आयी थी।

214. 1986-87 के लिए निर्यातों के पण्यवार उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि रत्नों और आभूषणों के निर्यातों में 37.5 प्रतिशत, चमड़े और चमड़े से बनी वस्तुओं के निर्यातों में 61.3 प्रतिशत और इंजीनियरी माल के निर्यातों में 27.5 प्रतिशत तथा काजू की गिरी के निर्यातों में 49.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निर्यातों की बेहतर स्थिति का काफी श्रेय कपड़ों तथा तैयार, वस्त्रों, समुद्री उत्पादों, कॉफी तथा रसायनों और संबद्ध उत्पादों के अधिक निर्यातों को भी जाता है।

215. तेल निर्यातों को घटाकर, तेल के शुद्ध आयातों में 2,146 करोड़ रुपये की कमी आयी और वे 1986-87 के दौरान 2,656 करोड़ रुपये रह गये। इनसे स्पष्टतः अन्तर्राष्ट्रीय तेल मूल्यों में गिरावट का पता चलता है। अलबत्ता, तेल से इतर आयात तेजी से बढ़ते रहे और 1986-87 में यह वृद्धि 29.6 प्रतिशत की रही, जबकि रुपये की दृष्टि से 1985-86 में यह वृद्धि 18.4 प्रतिशत की थी। विशेष आहरण अधिकार के रूप में इनमें पिछले वर्ष 9.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 1986-87 में मशीनरी तथा परिवहन उपकरणों, मोतियों तथा कीमती पत्थरों तथा कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों के आयात काफी अधिक बढ़े। ये वृद्धियां पिछले वर्ष हुई वृद्धियों से अधिक थीं। मशीनरी आदि के आयातों में 1986-87 के दौरान 1985-86 के स्तर से 50.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोतियों, कीमती पत्थरों और कम कीमती

पत्थरों के निर्यातों में 35.2 प्रतिशत तथा कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों के आयातों में 17.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय पण्य मूल्यों में गिरावट से कुछ वस्तुओं जैसे कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पादों, उर्वरकों और खाद्य तेलों के संबंध में भारत के आयात बिल में कुछ कमी आयी लेकिन गैर-तेल आयातों में कुल मिलाकर मात्रा की दृष्टि से वृद्धि काफी अधिक बनी रही ।

परोक्ष निर्यात

216. शुद्ध परोक्ष प्राप्तियों के संबंध में उपलब्ध आंकिक जानकारी से पता चलता है कि 1986-87 के दौरान परोक्ष प्राप्तियां, यात्रा प्राप्तियों में तीव्र वृद्धि की वजह से पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी अधिक हो सकती है। 1986-87 के दौरान भारत में आनेवाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जबकि 1985-86 के दौरान इनकी संख्या में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विदेशी सहायता के अंतर्गत तथा वाणिज्यिक शर्तों पर और अधिक ऋण लेने की वजह से निवेश आय से देश से बाहर जाने वाली राशियां निरंतर बढ़ती रहीं । परोक्ष निर्यातों की अन्य मदों के संबंध में आय पिछले वर्ष की तुलना से बहुत अधिक अलग प्रतीत नहीं होती।

विदेशी सहायता, द्विपक्षीय लेनदेन तथा कारोबारी ऋण

217. हाल ही के वर्षों में सकल विदेशी सहायता में घटी आ रही बढ़ोतरी की प्रवृत्ति 1986-87 के दौरान भी जारी रही। यह सहायता 3,532 करोड़ रुपये रही जो 1985-86 की तुलना में 645 करोड़ रुपये अधिक थी। विदेशी ऋणों पर परिशोधन भुगतानों की 1,166 करोड़ रुपये की राशि 1985-86 की 796 करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक थी। परिणामस्वरूप, विदेशी सहायता की शुद्ध प्राप्तियां 2,366 करोड़ रुपये रहीं जबकि 1985-86 के दौरान ये 2,091 करोड़ रुपये थीं। अमरीकी डालरों के रूप में 1986-87 के दौरान विदेशी सहायता की प्राप्तियां 18,520 लाख अमरीकी डालर थीं, इसकी तुलना में 1985-86 में यह राशि 17,090 लाख अमरीकी डालर थी। 1986-87 के दौरान द्विपक्षीय खाता रखनेवाले देशों के साथ लेनदेनों की वजह से पिछले वर्ष की तुलना में अधिक राशियां देश से बाहर गयीं। 1985-86 में वाणिज्यिक उधारों का 1.5 अरब अमरीकी डालर की सीमा तक सहारा लिया गया और इस तरह के ऋणों की अदायगियों की शुद्ध राशि 1.0 अरब अमरीकी डालर रही। ऐसा प्रतीत होता है कि 1986-87 के दौरान वाणिज्यिक ऋणों का पिछले वर्ष की तुलना में कुछ अधिक योगदान रहा ।

अनिवासी (विदेशी) रुपया खातों तथा विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजनाओं के अंतर्गत वृद्धि

218. 1986-87 के दौरान अनिवासी (विदेशी) रुपया खातों के अंतर्गत आने वाली राशियां पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक और विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजनाओं के अंतर्गत मामूली सी अधिक थीं 1986-87 के दौरान अनिवासी (विदेशी) रुपया योजना के अंतर्गत वृद्धि (अनुमानित ब्याज अंश को छोड़कर), जिनके लिए अनंतिम आंकड़े उपलब्ध हैं, 1985-86 के दौरान के 281 करोड़ रुपये की तुलना में 485 करोड़ रुपये रहीं । 1986-87 के दौरान विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना के अंतर्गत शुद्ध प्राप्तियां 1985-86 के 1,151 करोड़ रुपये की तुलना में 1,169 करोड़ रुपये थीं। इन अनिवासी खातों के अंतर्गत 1985-86 में 1,432 करोड़ रुपये और 1986-87 में 1,654 करोड़ रुपये की बड़ी मात्रा में प्राप्तियों से वर्ष के दौरान भुगतान संतुलन को काफी सहारा मिलता रहा।

विदेशी मुद्रा आस्तियां

219. विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के तीन घटकों में से, रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान वृद्धि । 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियों में 192 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि इसकी तुलना में 1985-86 की इसी अवधि के दौरान 405 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी ।

विशेष आहरण अधिकार

220. 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान विशेष आहरण अधिकारों की धारिताओं में 214 लाख विशेष आहरण अधिकारों की कमी आई 1985-86 के दौरान 1,768 लाख वि. आ. अ. की कमी आयी थी 1986-87 के दौरान वि. आ. अ. धारिताओं के स्तर में यह कमी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 4,875 लाख विशेष आ. अ. की पुनर्खरीद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को 2,975 लाख वि. आ. अ. के बराबर प्रभारों ब्याज का भुगतान, 7,150 लाख वि. आ. अ. के बराबर वि. आ. अ. की प्राप्ति, अनुपूरक वित्तपोषण सुविधा प्रभारों के रूप में 254 लाख वि. आ. अ. की ब्याज सहायता तथा वि. आ. अ. धारिताओं पर ब्याज तथा 232 लाख वि. आ. अ. के बराबर प्राप्त पारिश्रमिक का शुद्ध परिणाम थी ।

स्वर्ण

221. रिजर्व बैंक की स्वर्ण धारिताएं, जिनमें 1985-86 के दौरान 28 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी, वे 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान जून 1986 के अंत के स्तर पर अर्थात् 274 करोड़ रुपये रहीं ।*

अंतरराष्ट्रीय आर्थिक गतिविधियां

222. तेल मूल्यों में कमी और पण्य मूल्यों में लगातार गिरावट की वजह से औद्योगिक देशों को लगभग 100 अरब डालर के स्रोतों के विशाल अंतरण के बाद 1986 के दौरान उनकी आय वृद्धि में काफी अधिक सुधार की आशा की गयी थी, किंतु यह सुधार नहीं हुआ। वस्तुतः, औद्योगिक देशों ने पिछले वर्ष की 3.0 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 1986 में 2.4 प्रतिशत की कम वृद्धि दर दर्ज की। अलबत्ता, मात्रा की दृष्टि से विश्वव्यापी व्यापार में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि 1986 की 3.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में अधिक थी। ईंधन से इतर वस्तुओं का निर्यात करने वाले देशों ने भी अपनी वृद्धि स्थिति को बेहतर बनाया और उसे 1985 के 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 1986 में 5.4 प्रतिशत पर ले आये और साथ ही मात्रा की दृष्टि से अपने निर्यातों को 5.2 प्रतिशत से 7.7 प्रतिशत कर दिया । ईंधन से इतर वस्तुओं का निर्यात करने वाले विकासशील देशों के चालू खाता घाटे और कम हो गये। अलबत्ता, उन्हें अंतरित की गयी शुद्ध राशियां (उनके द्वारा प्राप्त सकल ऋणों में से ऋण अदायगी घटाकर) 1986 में फिर बढ़ गयी परिणाम यह हुआ कि एक समूह के रूप में उनकी निवेश गतिविधि में रुकावट आयी और अंतरराष्ट्रीय ब्याज दरों में और गिरावट के बावजूद पूंजी आयात करने वाले विकासशील देशों का ऋण अदायगी अनुपात 1985 के 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 1986 में 24.7 प्रतिशत हो गया।

223. विश्व के अधिकतर देशों में मुद्रास्फीति की दरें निरंतर कम होती जा रही है। 1986 के दौरान औद्योगिक देशों में 2.3 प्रतिशत की मुद्रास्फीति की दर पिछले 25 वर्षों में सबसे कम थी और इसके साथ ही 1986 में तेल मूल्यों में गिरावट तथा तेल से इतर पण्यों के मूल्यों में निरंतर कमी ने अपना योगदान दिया। विकासशील देशों के समूह में, जहां ईंधन से इतर निर्यातकों में मुद्रास्फीति की औसत दर 1985 के 55.9 प्रतिशत से कम होकर 1986 में 33.1 प्रतिशत रह गयी, वहीं ईंधन निर्यातक देशों में मूल्य वृद्धि 1985 के 13.4 प्रतिशत से बढ़कर 19.4 प्रतिशत हो गयी।

224. मुद्रास्फीति की दरों में काफी बड़ी असमानताओं की वजह से कई देशों में विनिमय दरों की गतिविधियों पर लगातार दबाव पड़ता जारी रहा, जिससे अंतरराष्ट्रीय लेनदेनों में अनिश्चितता बढ़ती रही। अंतरराष्ट्रीय ब्याज दरों में स्वागत योग्य कमी जारी रही। हालांकि कुछ

*प्रति 10 ग्राम 84.39 रुपये के सांकेतिक धारिता मूल्य के अनुसार निर्धारित मूल्य

समय से अमरीकी डालर की ब्याज दरों में कमी आयी है, जो सं. रा. अमरीका में बड़ी मात्रा में चालू खाता घाटे के वित्तपोषण की जरूरत को दर्शाता है। छमाही जमाराशियों के लिए यूरो डालर दर जून 1986 के अंत के 6.8 प्रतिशत से गिरकर अक्तूबर 1986 के अंत में 5.9 प्रतिशत रह गयी, लेकिन उसके बाद फिर से बढ़ते हुए जून 1987 के अंत में 7.3 प्रतिशत हो गयी। दूसरी ओर यूरो येन और यूरो ड्यूश मार्क की जमा दरें उसी अवधि में जून 1986 के अंत की 4.6 प्रतिशत से घटकर जून 1987 के अंत में 4.0 प्रतिशत के आसपास रह गयीं। यूरो अमरीकी दर के उतार चढ़ाव के अनुरूप अमरीका में प्रमुख दर जून 1986 को 8.5 प्रतिशत से कम होकर अक्तूबर 1986 में 7.5 प्रतिशत रह गयी, लेकिन उसके बाद बढ़कर जून 1987 में 8.25 प्रतिशत हो गयी।

225. अमरीकी डालर, येन तथा ड्यूशमार्क की विनिमय दरों में उल्लेखनीय एकरूपता आने के बावजूद इन देशों की चालू खाता शेष राशियों में 1986 के दौरान असंतुलन और बढ़ गये। इससे प्रशुल्कवाद दबावों को बढ़ावा मिला और व्यापारिक संबंधों में तनाव आया। अमरीका के चालू खाते का घाटा 1985 के 118 अरब डालर से बढ़कर 1986 में 141 अरब डालर हो गया, जबकि जापान तथा पश्चिम जर्मनी के अधिशेष 49 अरब डालर तथा 13 अरब डालर से बढ़कर क्रमश: 86 अरब डालर तथा 36 अरब डालर हो गये। इस बात को 2 वर्ष से अधिक हो चुके हैं कि इन मुद्राओं की विनिमय दरें सही दिशा में बढ़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद वे अपनी चालू खाता शेष राशियों में वांछित समायोजन नहीं कर पा रहे हैं। अब यह सोचा गया है कि उनकी चालू खाता स्थिति में विनिमय दरों में परिवर्तनों के प्रभाव को महसूस करने में अपेक्षाकृत काफी समय लगेगा।

226. अभी हाल ही में व्यापार में मात्रा की दृष्टि से कुछ परिवर्तनों के संकेत मिले हैं, जिनसे चालू मुद्रा दरों के पुनर्निर्धारण के प्रभाव का पता चल सकेगा। अलबत्ता, जापान और पश्चिम जर्मनी में घरेलू मांग इतनी तेजी से नहीं बढ़ रही है कि वह विदेशी मांग में कमी की भरपाई कर सके और इन सबका प्रभाव कुछ ही समय में विश्वव्यापी निवेश और वृद्धि पर पड़नेवाला है।

227. जिन विकासशील देशों का तेल से इतर निर्यातकों के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उनकी 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हालांकि औद्योगिक देशों की तुलना में बहुत अधिक थी, लेकिन उनकी जरूरतों की तुलना में पर्याप्त नहीं थी। औद्योगिक देशों में वृद्धि के लिए और मध्यावधि तक विश्वव्यापी व्यापार विस्तार के लिए वातावरण असंतोषजनक बना रहा। विकासशील देशों के समूह में भी उचित शर्तों पर बेहतर वित्तीय साधन जुटाने के आसार बहुत अच्छे नहीं हैं। परिणाम यह होगा कि इस समूह के देशों की चालू खाता स्थिति पर दबाव पड़ सकता है।

228. कुछ समय से विकासशील देश औद्योगिक देशों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे अपने नीतिगत भेदभावों को दूर करें और अपने विकास में सुधार लायें, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय जिन आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है उनसे मुक्ति मिल सके। अब इस विचार को कई देशों का समर्थन मिल रहा है और यह उम्मीद की जाती है कि विकसित देश शीघ्र ही उचित कार्रवाई करेंगे। सितंबर 1986 में उरुगुए में टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार में हिस्सा लेनेवाले देशों द्वारा शुरु की गयी बहुपक्षीय व्यापार वार्ता को पूरा करने में कुछ वर्ष लगेंगे। तब तक खुले व्यापार की पद्धतियों को प्रशुल्कवाद के बढ़ते हुए दबावों से बचाने की जरूरत है। विश्वव्यापी अर्थव्यवस्था के अधिक हित के लिए यह उचित है कि विकासशील देशों के निर्यात, जो प्रतिस्पर्धा में ठहर सकते हैं, बिना किसी रोक टोक के औद्योगिक देशों के बाजारों में पहुंच सकें। पिछले कुछ वर्षों में विकासशील देश अपनी वृद्धि के साथ समायोजन करने के प्रयासों में जिस सबसे बड़ी अड़चन का सामना कर रहे हैं, वह है, आसान शर्तों पर पर्याप्त वित्त का मिलना। बहुपक्षीय संस्थाओं को, उनके सदस्यों द्वारा, इस बात के लिए प्रेरित किये जाने की जरूरत है कि वे अपने वित्त प्रदान करने के कार्य बढ़ायें, इसके लिए संस्थाओं को पर्याप्त मात्रा में स्रोत उपलब्ध कराये जाने चाहिये। विकासशील देशों को आधिकारिक विकास सहायता प्रदान कर रहे औद्योगिक और अन्य देशों को चाहिये कि वे अपनी नीतियों का पुनर्मूल्यांकन करें, ताकि वे अपनी सहायता में काफी वृद्धि कर सकें। औचित्यपूर्ण मामलों में ऋणों की अवधि में फेरबदल करने की जरूरत है, ताकि वार्षिक ऋण चुकौती की राशियों में कमी लायी जा सके। कुछेक मुद्राओं में लिये जाने वाले ब्याज के संबंध में सांकेतिक और वास्तविक दरों को भी कुछ नीचे लाने की गुंजाइश है और नीतियों को इसके अनुरूप बनाने की जरूरत है।

विनिमय दर संबंधी गतिविधियां

229. मई 1986 की टोकियो घोषणा के अनुसरण में ग्रुप 5/ग्रुप 7 के वित्त मंत्रियों ने वर्ष के दौरान प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दरों में सापेक्ष स्थिरता लाने के अपने प्रयास जारी रखे। उन्होंने समूह के बीच सापेक्ष ब्याज दरों में उचित संशोधन करते हुए तथा प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दरों की अपेक्षित श्रृंखला के समर्थन में सहमत दखल से नीतिगत समायोजनों पर एकमत होने के प्रयास किये। कई बार बातचीत सिर्फ ग्रुप-3 तक सीमित होकर रह गयी और द्विपक्षीय भागीदारी और सहमतियों की बात उभर कर ऊपर आने लगी। यह बात अक्तूबर 1986 में अमरीका और जापान के बीच हुई संधि से स्पष्ट हो जाती है। बाद में फरवरी 1987 में पेरिस तथा अप्रैल 1987 में वाशिंगटन में हुई बैठक से विनिमय में स्थिरता लाने के उपाय सुनिश्चित करने की दर को नया की पुष्टि कर दी और इसी की फिर से पुष्टि जून 1987 में वेनिस बैठक में हो गयी। अलबत्ता, विनिमय बाजारों में अस्थिरता अभी भी बरकरार है।

230. लगातार दूसरे वर्ष भी, अमरीकी डालर 1986-87 (जुलाई-जून) में सभी प्रमुख मुद्राओं और वि. आ. अ. के मुकाबले कमजोर बना रहा। मासिक औसतों के आधार पर, डालर 1986-87 में वि. आ. अ. के मुकाबले नवम्बर 1986 और जून 1987 को छोड़कर हर महीने कमजोर बना रहा। इसी तरह ड्यूश मार्क की तुलना में, यह नवम्बर 1986, मार्च तथा जून 1987 को छोड़कर नीचे गिरा तथा येन के मुकाबले यह सितम्बर से नवम्बर 1986 और जून 1987 को छोड़कर सभी महीनों में कमजोर बना रहा। पौंड स्टर्लिंग के मुकाबले डालर अगस्त से नवम्बर 1986 और जून 1987 में कमजोर बना रहा।

231. वर्ष 1986-87 के दौरान अमरीकी डालर में ड्यूशमार्क, येन तथा वि. आ. अ. की तुलना में मूल्यह्रास 1985-86 में हुए मूल्यह्रास की अपेक्षा अधिक था, लेकिन यह पौंड स्टर्लिंग के मुकाबले कम रहा। अवधि के औसत (जुलाई-जून 1985-86 की तुलना में जुलाई-जून 1986-87 में) के रूप में, डालर येन के मुकाबले 22.7 प्रतिशत की सीमा तक कमजोर हो गया, जबकि पिछले वर्ष उसके मूल्य में गिरावट 20.8 प्रतिशत रही थी। पिछले वर्ष के मुकाबले 1986-87 के दौरान अन्य मुद्राओं की तुलना में डालर के मूल्यों में गिरावट की तुलनात्मक दरें इस प्रकार रहीं, ड्यूशमार्क 22.4 प्रतिशत तथा 19.2 प्रतिशत, पौंड स्टर्लिंग 5.6 प्रतिशत तथा 15.2 प्रतिशत और विशेष आहरण अधिकार 11.5 प्रतिशत तथा 9.7 प्रतिशत। येन में पौंड स्टर्लिंग, डालर तथा वि. आ. अ. की तुलना में पिछले वर्ष के मुकाबले और मजबूती आयी, लेकिन यह ड्यूश मार्क के मुकाबले कमजोर हुआ यही बात पौंड स्टर्लिंग, डालर तथा वि. आ. अ. की तुलना में ड्यूश मार्क के संबंध में भी रही। पौंड स्टर्लिंग डालर मुकाबले सुधरा, लेकिन ड्यूश मार्क, येन तथा वि. आ. अ. के मुकाबले कमजोर हो गया।

रुपये की विनिमय दर

232. रुपये की मूल्य भारत के प्रमुख कारोबारी भागीदारों के शामिल मुद्रा समूहों से तथा मध्यवर्ती मुद्रा के रूप में पौंड स्टर्लिंग के

सन्दर्भ में निर्धारित होता रहा। कार-स्टर्लिंग दर में 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान समायोजनों की कुल संख्या 141 रही, जबकि 1985-86 में 149 बार समायोजन किये गये थे। अमरीकी डालर के मुकाबले रुपया मोटे तौर पर स्थिर बना रहा। जैसा कि पहले बताया जा चुका है, येन, ड्यूश मार्क, पाउंड स्टर्लिंग, स्विस फ्रैंक तथा फ्रेंच फ्रैंक के मुकाबले अमरीकी डालर मूल्य में गिरावट को देखते हुए रुपया इन मुद्राओं तथा वि. आ. अ. के मुकाबले नरम रहा।

रुपया-रूबल विनिमय दर

233. रुपया रूबल की विनिमय दर में 1986-87 (जुलाई-जून) में चार बार अर्थात् 17 जुलाई, 21 सितम्बर, 4 दिसम्बर, 1986 को तथा 23 जनवरी 1987 को परिवर्तन किया गया। परिणामस्वरूप रुपया-रूबल दर जो जून 1986 के अंत में 12.96 रुपये प्रति रूबल थी, जून 1987 के अंत में 14.79 रुपये प्रति रूबल हो गयी, इससे इस अवधि के दौरान रुपये में 12.4 प्रतिशत की नरमी का पता चलता है।

मूल्यांकन और संभावनाएं

234. 1986-87 के दौरान अर्थव्यवस्था की गतिविधियों से यह संकेत मिलता है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में निर्धारित वृद्धि की दर यथावत बनाये रखी गयी है। कृषि को प्रभावित करने वाले प्रतिकूल मौसम के बावजूद 1986-87 में अर्थव्यवस्था में वास्तविक वृद्धि दर, 1985-86 के मुकाबले थोड़ी-सी ही कम रहने की संभावना है, जब सकल राष्ट्रीय उत्पाद की वृद्धि दर 5.1 प्रतिशत रही थी। हालांकि कृषि की वृद्धि दर में स्थिरता और औद्योगिक उत्पादन में पिछले वर्षों की तुलना में अल्प वृद्धि दर चिन्ता का विषय हैं, लेकिन घरेलू क्षेत्र में बचत की दर में थोड़े से सुधार और सुधरी हुई निर्यात स्थिति को वर्ष 1986-87 में अर्थव्यवस्था की कुछ खास बातों के रूप में देखा जा सकता है। तेल के मूल्यों में काफी कमी और उनके परिणामस्वरूप तेल के आयात बिल में कमी के बावजूद व्यापार घाटा थोड़ा ही कम हो पाया। इस वजह से भुगतान संतुलन के क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखने की जरूरत है।

235. 1987 में अच्छे मानसून की आशा थी लेकिन उसने बहुत निराश किया। अगस्त के पहले सप्ताह के अंत तक देश के 35 मौसम वैज्ञानिक उप प्रभागों में से केवल 9 उप प्रभागों में सामान्य अथवा सामान्य से अधिक वर्षा हुई, जिसके परिणामस्वरूप देश में भयानक सूखे की स्थिति पैदा हो गयी है। 1987-88 में कृषि उत्पादन में भारी गिरावट के अलावा इतना बड़ा सूखा सरकार के वित्तीय साधनों पर भी असर डालेगा, क्योंकि राहत कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। 1987-88 में औद्योगिक क्षेत्र का कार्य भी उत्साहजनक नहीं होगा, क्योंकि बिजली की उपलब्धता अंशतः वर्षा पर निर्भर है। कृषि पैदावार अच्छी न होने का असर औद्योगिक क्षेत्र पर दो तरह से पड़ेगा—एक तो कच्चा माल कम उपलब्ध होगा, दूसरे मांग में गिरावट आयेगी। इस पृष्ठभूमि में मूल्य स्थिति पर सावधानी से नजर रखनी होगी। अनाज के उत्पादन में होनेवाली गिरावट को अनाज के भारी भंडारों में से निकालकर पूरा किया जा सकता है। इस प्रकार 1987-88 के लिए अच्छी संभावनाएं नहीं हैं। हालांकि अगस्त के अंत और सितंबर की बरसात का सहायक असर, विशेषकर सर्दी की फसल पर होगा। भविष्य में पैदा होनेवाले अनेक तनावों के कारण, यदि विकास की प्रक्रिया को किसी भी प्रकार की बाधा से बचाना है तो बड़ी निपुणता से आर्थिक व्यवस्था करनी होगी।

236. सातवीं पंचवर्षीय योजना का अब तीसरा वर्ष चल रहा है। हाल ही के वर्षों के वृद्धि के पैटर्न पर एक निगाह डालना उपयोगी रहेगा। हालांकि सकल देशी उत्पाद में संतोषजनक वृद्धि दर प्राप्त कर ली गयी है, ऊंची वृद्धि दर अंशतः कृषि और विनिर्माण जैसे पण्य उत्पादक क्षेत्रों की वृद्धि की तुलना में तृतीयक क्षेत्र में मजबूत वृद्धि की स्थिति दर्शाती है। वार्षिक औसत आधार पर 1985-86 में समाप्त होने वाली 5 वर्ष की अवधि के दौरान कृषि में सकल मूल्य में वृद्धि दर 2.7 प्रतिशत रही, जबकि विनिर्माण में सकल मूल्य में वृद्धि दर इसी अवधि में 5.9 प्रतिशत रही। इसके विपरीत, तृतीयक क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत तक ऊंची रही जो मुख्य रूप से लोक प्रशासन और प्रतिरक्षा घटक में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि की द्योतक है। सकल देशी उत्पाद में इस घटक का हिस्सा 1980-81 के 6.9 प्रतिशत से बढ़कर 1985-86 में 9.6 प्रतिशत हो गया। अब कुल मिलाकर तृतीयक क्षेत्र का सकल देशी उत्पाद में योगदान 40 प्रतिशत का है। जहां तृतीयक क्षेत्र में वृद्धि अर्थव्यवस्था में बढ़ती हुई विविधता की द्योतक है, भारत जैसे विशाल देश में, जहां जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, उसके विकास की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, पण्यों का उत्पादन करने वाले मजबूत और सक्रिय क्षेत्र की जरूरत है, जिससे निरन्तर आधार पर आर्थिक वृद्धि प्राप्त की जा सके।

237. कृषि क्षेत्र का कार्य अधिकांशतः अनाज की पैदावार पर निर्भर करता है जो कुल कृषि क्षेत्र के तीन-चौथाई से कुछ ही कम है। मानसून के विपरीत होने से अनाज के उत्पादन पर जो असर पड़ता उसे कुछ हद तक सिंचित क्षेत्र में लगातार और काफी वृद्धि करके तथा अधिक पैदावार देने वाले बीजों, उर्वरकों और कीटनाशकों जैसी निवेश-वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग करके कम किया गया है। 1980-81 में 430 लाख हेक्टेयर में अधिक पैदावार वाले बीजों की किस्में बोयी जाती थीं जो बढ़कर 1985-86 में 550 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रमाणित बीजों का वितरण 1980-81 में 25 लाख क्विंटल था जो बढ़कर 1985-86 में 55 लाख क्विंटल हो गया है। उर्वरकों की खपत 1980-81 के 55 लाख टन से बढ़कर 1985-86 में 87 लाख टन हो गयी है। कृषि क्षेत्र के, हाल ही के कार्य में संस्थागत ऋण ने भी अहम भूमिका निभायी। किन्तु ऋण की उपलब्धता का सर्वोत्तम प्रभाव वहीं पड़ा है जहां सिंचाई सुविधाएं और अन्य निवेश सामग्री की व्यवस्था के लिए मूलभूत सुविधाएं अच्छी तरह विकसित हैं।

238. समग्र लचीलेपन के बावजूद उत्पादन और उपज में काफी क्षेत्रीय विभिन्नताएं हैं। हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में औसत उपज 1981-82 और 1985-86 के बीच 27.4 प्रतिशत बढ़ी। देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में इन तीन राज्यों का हिस्सा भी 32.7 प्रतिशत से बढ़कर 37.6 प्रतिशत हो गया। इस अवधि के दौरान इन तीन राज्यों में खाद्यान्न उत्पादन में 29.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उसने कुल खाद्यान्न उत्पादन में हुई वृद्धि में 75.5 प्रतिशत का योगदान दिया। पूर्वी क्षेत्र के कुछ राज्यों और साथ ही मध्य प्रदेश ने भी उत्पादन का अच्छा स्तर दर्शाया। 1981-82 और 1985-86 के बीच असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा तथा मध्य प्रदेश में औसत उत्पादन 26.9 प्रतिशत बढ़ा है और कुल खाद्यान्न उत्पादन में उनका हिस्सा 26.6 प्रतिशत से बढ़कर 30.1 प्रतिशत हो गया है। अलबत्ता, पश्चिम बंगाल को छोड़कर इन राज्यों में औसत उपज अभी भी राष्ट्रीय औसत से नीचे है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों के समूह में, जिसका 1985-86 के खाद्यान्न उत्पादन में हिस्सा 41.0 प्रतिशत था, गतिहीनता या लगभग गतिहीनता की स्थिति बनी हुई है। भले ही उपजों में क्षेत्रीय अंतर से [illegible] प्राकृतिक विशेषताओं का पता चलता है, फिर भी, देश के कई हिस्सों में खाद्यान्न उत्पादन की उपज बढ़ाने की अभी भी बहुत गुंजाइश है।

239. इसके अलावा, कुछ वाणिज्यिक फसलों में मांग-पूर्ति के बीच असंतुलन बने हुए हैं। इनमें भी, शायद तिलहन के क्षेत्र में सबसे अधिक असंतुलन विद्यमान है, इसीलिए बड़ी मात्रा में आयात में किये जाने की जरूरत है।

240. तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में सफलता पाने की महत्ता का पता इसी बात से चलता है कि तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत कई व्यापक उपाय किये जा रहे हैं। मिशन की सफलता में इस बात का भी योगदान है कि तिलहन के मूल्यों में पिछले वर्षों में काफी वृद्धि हुई है। अलबत्ता, मूल्यों में इस वृद्धि का लाभ अक्सर किसान तक नहीं पहुंच

पाता। इसलिए बाजार की व्यवस्थाओं को मजबूत किये जाने की जरूरत है जिससे तिलहन उत्पादकों को वास्तव में मदद मिल सकेगी।

241. हाल ही के वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में तीव्र वृद्धि के संकेत मिले हैं। औद्योगिक उत्पादन के 1980-81 के आधार वाले नये सूचकांक से पता चलता है कि इस क्षेत्र में 1984-85 में 8.6 प्रतिशत तथा 1985-86 में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक ने 1986-87 के पहले 10 महीनों के दौरान 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। पूंजी की उत्पादकता में भी कुछ सुधार के संकेत मिले हैं। विनिर्माण के क्षेत्र में पूंजी उत्पादन अनुपात में कुछ गिरावट आयी है, लेकिन कुछ घटकों की उत्पादकता वृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस वृद्धि में आधारभूत उद्योगों के सुधरे हुए कार्य-निष्पादन ने भी अपना योगदान दिया है। कुछ भी हो, पूंजी के इस्तेमाल में तथा उत्पादन की इकाई लागत में कमी लाने में ज्यादा कुशलता लाने की एक निरन्तर जरूरत बनी हुई है, ताकि औद्योगिक माल के लिए मांग के क्षेत्र को और विस्तार दिया जा सके।

242. 1986-87 के दौरान कई उद्योगों ने रिपोर्ट दी है कि उनके पास स्टॉक जमा हो गये हैं। इनमें उत्पादन और माल उठाये जाने के बीच के फर्क से बने माल भी शामिल हैं। इनमें अधिक उल्लेखनीय माल में उर्वरक, कोयला, बिक्री योग्य इस्पात तथा जीपें शामिल हैं। इस तरह के माल जमा होने के पीछे हर उद्योग के लिए अलग-अलग कारण हैं, आयातों और उत्पादन के बीच समायोजन पर इस रूप में और अधिक ध्यान देने की जरूरत है कि उपलब्धता और मांग साथ-साथ चल सकें। कुछ उद्योगों में मांग की कमी के लिए कृषि के क्षेत्र में कामकाज को उत्तरदायी ठहराया जा सकता है। जिन उद्योगों के पास स्टॉक जमा हो गये हैं, उनके मामले में अतिरिक्त ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें कुछ राहत दिलायी जा सकती है, लेकिन अतिरिक्त माल के लिए अनिश्चित समय तक ऋण जारी रखने से माल की असहनीय सीमा तक कीमत बढ़ सकती है।

243. भारतीय उद्योग इस समय संरक्षित से अधिक प्रतियोगी माहौल की तरफ जाने के दौर से गुजर रहा है। लाइसेंस और आयात आदि को उदार बना देने से देशी और साथ ही अन्तरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। भारतीय उद्योग के ढांचे में कुछेक परिवर्तन किये जा रहे हैं। कुछ पुराने उद्योग जैसे कपड़ा उद्योग अपनी महत्ता खो रहे हैं, जबकि रसायन और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों की जड़ें गहरी हो रही हैं। संक्रमण काल की इन जरूरतों को बहुत ही सावधानीपूर्वक पूरा करना होगा, ताकि कम से कम विपरीत प्रभाव पड़े। लाइसेंस विनियमों आदि में ढील दिये जाने से निगम और गैर निगमित संस्थाओं के कंधों पर यह जिम्मेदारी आ जाती है कि वे भविष्य की बाजार जरूरतों के बारे में ठोस निर्णय कर सकें। यहां वित्तीय संस्थाओं की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। हालांकि क्षमता और मांग के बीच के कुछ असंतुलनों से बचा नहीं जा सकता और क्षमता से अधिक उत्पादन के लिए हो सकता है, कुछ उपाय करने वांछनीय भी हों, परंतु समग्र रूप से पूंजी की कमी को देखते हुए किसी समय 'वरीय' समझे जाने वाले उद्योगों में ही पूंजी के केन्द्रीकरण से बचना होगा, क्योंकि इस प्रकार के केंद्रीकरण से औद्योगिक रुग्णता उत्पन्न हो सकती है।

244. आयातों को उदार बनाये जाने से जरूरत की निवेश वस्तुओं की उपलब्धता में सुधार हुआ है और इससे औद्योगिक क्षेत्र की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाने के लिए टेक्नालॉजी के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलना चाहिये। अलबत्ता, इस बात में सावधानी बरतनी होगी कि देशी उद्योगों को, खास तौर पर वहां, जहां वे पर्याप्त रूप से कुशल हैं, बड़े झटके न लगें। भुगतान संतुलन पर जरूरत से ज्यादा दबाव न पड़े, इस बात पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

245. पिछले तीन दशकों के दौरान भारत ने पूंजीगत माल की बहुत-सी किस्मों के उत्पादन के लिए एक बहुत ही शानदार आधार तैयार किया है और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्वावलम्बन का स्थान हासिल किया है। अलबत्ता, पूंजीगत माल के उद्योगों के कई घटकों में मौजूद टेक्नालॉजी पुरानी पड़ चुकी है। यह सीमित तथा रक्षित माहौल की वजह से हुआ है। इस बात में कोई शक नहीं कि पूंजीगत माल के उद्योगों में स्तर और लागत की दृष्टि से प्रतिस्पर्धा होनी ही चाहिए; अन्यथा उपभोक्ता क्षेत्रों तथा निर्यातों के लिए इसका गलत प्रभाव पड़ सकता है। इसके बावजूद, आयातों पर शुल्कों के जरिये मात्रात्मक प्रतिबंध लगाने होंगे, ताकि इस क्षेत्र में कुशलता को बढ़ावा मिल सके। यह बदलाव की स्थिति धीरे-धीरे और चयनात्मक आधार पर हो और इसके लिए हर क्षेत्र की खास-खास बातों को ध्यान में रखा जाये।

246. पिछले वर्षों में पूंजी लगातार बढ़ रही है। इससे निजी निगमित क्षेत्र को और कुछ समय से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को अपनी निवेश संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए वित्त जुटाने में काफी मदद मिलती है। इन्हीं प्रवृत्तियों को दर्शाते हुए ईक्विटी मूल्य आमतौर पर ऊंचे बने रहे और 1985-86 में अब तक की सबसे ऊंची कीमतों पर जा पहुंचे। उस समय कुछ ईक्विटियां इतने ऊंचे मूल्यों पर बिक रही थीं कि वास्तव में संबंधित आधारभूत मूल्यों से काफी बाहर थीं।

247. 1986-87 के दौरान पूंजी बाजार ने मिली-जुली प्रवृत्तियां दर्शायीं। आम तौर पर अनुमोदन और नये पूंजी निर्गम, दोनों ही पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत की दृष्टि से काफी ऊंचे थे। परिवर्तनीय डिबेंचरों के निर्गम और ईक्विटी निर्गम ऊपर चढ़े लेकिन गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम नीचे आ गये। 1986-87 में ईक्विटी मूल्यों की प्रवृत्तियां अनियमित ही रहीं। प्राथमिक बाजार पर इसका 1986-87 की दूसरी छमाही में और विशेष रूप से अंतिम तिमाही में विपरीत प्रभाव पड़ा। कई नये निर्गमों को कोई उत्साहजनक परिणाम नहीं मिले।

248. हालांकि पूंजी बाजार में तीव्र और निरन्तर बनी रहने वाली ह्रासोन्मुख प्रवृत्ति चिंता की बात है, फिर भी हाल ही की घटनाओं को उचित नजरिये से देखने की जरूरत है। तेजी से नीचे आने के बावजूद रिजर्व बैंक का साधारण शेयर मूल्यों का अखिल भारतीय सूचकांक (आधार 1980-81=100) जून 1987 में 201.8 पर स्थित रहा जबकि 1984-85 में यह 136.0 के औसत पर था। यह 48.4 प्रतिशत की वृद्धि का द्योतक है। 1985-86 में मूल्यों में तीव्र वृद्धि के बाद से बाजार कुछ हद तक अपरिहार्य सुधारात्मक दौर से गुजर रहा है।

249. बाजार में अच्छे, भरोसेमंद शेयरों की अपेक्षाकृत कमी है तथा कुछ कम्पनियों की निष्पादकता में हुए उतार-चढ़ावों ने बाजार के रुख को बुरी तरह प्रभावित किया है। अलबत्ता, इस खामी को समय के बीतने के साथ ही तभी दूर किया जा सकता है, जब अच्छी और बेहतर निष्पादकता वाली फर्में बाजार में अपनी जगह बनाती हैं। कुल मिलाकर, पूंजी बाजार की सारी मजबूती निगम क्षेत्र की निष्पादकता पर निर्भर करती है। जब निगमित क्षेत्र अच्छे परिणाम देने लगेगा तो निवेशकों का विश्वास लौट आयेगा।

250. इस बात में कोई शक नहीं है कि निगमित क्षेत्र की वृद्धि के लिए एक जीवन्त और सक्रिय शेयर बाजार जरूरी है। अलबत्ता रुकावटें डालने वाले उतार-चढ़ावों से यदि बचना है तो बाजार की जरूरतों को अच्छी तरह से विकसित करना होगा। यदि ऊपर चढ़ते और नीचे गिरते बाजार मूल्यों की तेज गति को रोकना है तो भीतरी लोगों और बाहरी ताकतों द्वारा बहुत ज्यादा सट्टेबाजी को कड़ाई से हतोत्साहित करना होगा।

251. बाजार के ढांचे, उसकी प्रणालियों, प्रक्रियाओं तथा टेक्नालॉजी में सुधार की जरूरत है ताकि निवेशकों को तुरंत और कुशल सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इन मामलों पर सरकार पहले ध्यान दे रही है। इस संबंध में एक पर्यवेक्षी और नियामक बोर्ड की तत्काल स्थापना की जरूरत है।

252. बाजार स्थितियों में काफी विविधता देखने में आयी है। पूंजी बाजार में कई वित्तीय संस्थाओं की भागीदारी भी बहुत बढ़ गयी है। वाणिज्य बैंक पूंजी बाजार के विकास में महत्वपूर्ण और उपयोगी भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हुए हैं। अपने व्यापारिक बैंकिंग प्रभागों अथवा पट्टेदारी अथवा व्यापारिक बैंकिंग सहायक कम्पनियों के जरिए बैंक पूंजीगत निर्गमों की व्यवस्था कर रहे हैं और उन्हें समर्थन दे रहे हैं तथा अन्य वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। वे काफी बड़ी मात्रा में नये निर्गमों की हामीदारी कर रहे हैं। बैंक मजबूत और भरोसेमंद पार्टियों तथा सुनियोजित परियोजना प्रस्तावों को प्रायः नाम और समर्थन देकर तथा संदेहास्पद रिकार्ड और संभावनाओं वाले प्रस्तावों तथा पार्टियों की ओर ध्यान न देकर एक मजबूत बाजार के विकास में भी सहायता दे रहे हैं। हालांकि इन बांडों को जारी करनेवालों को भी आशा और से गहन विपणन प्रयास करने की भी जरूरत होती है। अलबत्ता, प्राथमिक निधियों की ऊंची अपेक्षाओं, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों की उनकी वचनबद्धताओं तथा कार्यकारी पूंजी उपलब्ध कराने की उनकी प्रमुख भूमिका को देखते हुए पूंजी बाजार में उनकी वित्तीय गतिविधियां निश्चित रूप से सीमित और सट्टेबाजी से परे होनी चाहिएं।

253. राजकोषीय स्थिति के संबंध में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में राजस्व खाते में बड़ी मात्रा में बजटीय घाटे, जिसका वित्तपोषण पूंजी बजट के अधिशेषों से किया गया था, के जारी रहने के बारे में बताया गया था। इसका परिणाम यह होता है कि विकास व्यय की कीमत पर वित्तीय चालू व्यय के ये स्त्रोत पहले ही खाली हो जाते हैं। यह प्रवृत्ति 1987-88 के दौरान भी जारी रही। असंतुलन की यह स्थिति रातों-रात होनेवाली कोई घटना नहीं है। राजस्व प्राप्तियों की वृद्धि की दरों तथा राजस्व व्ययों के बीच एक लगातार खाई बनी रही है। इन दोनों के बीच गठनात्मक असंतुलन से मूलतः इसी तथ्य का पता चलता है कि चालू मूल्योंपर आय के संबंध में राजस्वों में वृद्धि (1974-75 से 1984-85 की अवधि में 1.022 से अधिक अनुमानित) राजस्व व्यय (इसी अवधि के दौरान हुई वृद्धि 1.232) से कम है। हालांकि सकल देशी उत्पाद में कर प्राप्तियों का अनुपात धीरे-धीरे बढ़ रहा है, सकल देशी अनुपात में योजनेतर व्यय बहुत तेज गति से बढ़ रहा है। योजनेतर व्यय की ऊंची दर ने न केवल राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को निष्प्रभावी कर दिया है बल्कि साथ ही योजना के स्त्रोतों को भी खाली कर दिया है। सकल देशी उत्पाद में केन्द्र के कर का अनुपात (प्रतिशत रूप में) 1980-81 के 10.3 से बढ़कर 1984-85 में 10.9 तथा 1986-87 में और बढ़कर 12.0 हो गया; सकल देशी उत्पाद में योजनेतर व्यय का अनुपात 1980-81 के 10.2 से बढ़कर 1984-85 में 11.6 तथा 1986-87 में और बढ़कर 13.8 हो गया। योजनेतर व्यय के भीतर प्रतिरक्षा ब्याज के भुगतानों तथा सहायता राशि जैसी मदों में वृद्धि अधिक मुखर थी। सातवीं योजना में इन मदों में वृद्धि की मात्रा बहुत अधिक रही है। कुल योजनेतर व्यय में इन मदों का हिस्सा 1984-85 के 67.2 से तेजी से बढ़कर 1987-88 के बजट में 73.3 प्रतिशत हो गया। इसका परिणाम यह हुआ कि चालू राजस्व की शेष राशियां अर्थात् योजनेतर राजस्व व्यय पर चालू राजस्वों का अधिशेष 1986-87 के (—)532 करोड़ रुपये से और कम होकर 1987-88 में (—)1,612 करोड़ रुपये हो गया।

254. राजस्व और व्यय के बीच स्त्रोतों के असंतुलन से अधिक मात्रा में ऋण लेने की प्रवृत्ति सामने आयी है। 1987-88 के दौरान केन्द्र के शुद्ध बाजार ऋणों से योजना व्यय की 26.6 प्रतिशत का वित्तपोषण होगा जबकि 1986-87 में 23.1 प्रतिशत और 1984-85 में 24.4 प्रतिशत का वित्तपोषण हुआ था। सहकारी क्षेत्र के उद्यमों के देशी और बाहरी ऋणों को हिसाब में लेने के बाद उधार ली गयी निधियों से योजना परिव्यय के 33.6 प्रतिशत का वित्तपोषण होगा जबकि 1986-87 में इन निधियों ने 33.0 प्रतिशत का वित्तपोषण किया था। बाजार ऋणों का बहुत अधिक सहारा लेने का प्रभाव निश्चित रूप से यह पड़ा है कि ऋण चुकाने का भार बढ़ गया है। 1987-88 के दौरान केवल ब्याज भुगतानों में ही कुल योजनेतर व्यय का 27.1 प्रतिशत हिस्सा निकल जाएगा, तीन वर्ष पहले यह अनुपात 23.8 प्रतिशत था। यदि केन्द्र और राज्य सरकारों के ऋण भुगतानों को एक साथ मिलाया जाए तो ये 1987-88 में सकल देशी उत्पाद में 4.1 प्रतिशत होंगे जबकि 1984-85 में यह प्रतिशत 3.4 था।

255. हमारे सामने मुख्य कार्य यह है कि स्त्रोतों के असंतुलन पर काबू पाया जाए और योजना के लिए पर्याप्त राशियां जुटायी जाएं। अधिक उधार लेने से भविष्य के लिए समस्याएं जुड़ती चली जाएंगी, खासकर तब, जब इन निधियों से खड़ी की गयी आस्तियों पर प्रतिफल की दर अदा किये जाने वाले ब्याज की दर से भी कम पड़ जाए। सकल देशी उत्पाद में समग्र कर के अनुपात को 20 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से बढ़ाने की गुंजाइश का पता लगाने की जरूरत है।

256. 1986-87 में लगातार दूसरे वर्ष भुगतान संतुलन पर काफी दबाव बना रहा, हालांकि सकल देशी उत्पाद अनुपात में चालू खाता घाटे की तुलना में कुछ सुधार दिखाई दिया। यह घाटा वर्ष 1985-86 के 2.4 प्रतिशत से घटकर 1986-87 में लगभग 1.9 प्रतिशत रह गया था। मात्रा की दृष्टि से 1986-87 में निर्यात में वृद्धि मजबूत रही तथा सातवीं योजना में निर्धारित 6.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के लगभग बराबर रही। निर्यात के विभिन्न क्षेत्रों के कार्यों में सुधार लाने की दृष्टि से हाल ही में शुरू की गयी नीतियों के परिणाम दिखायी देने लगे हैं। अंतर्राष्ट्रीय तेल मूल्यों में कमी एक आकस्मिक घटना थी, जिससे 1986-87 में तेल आयात बिल में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई। पर्यटकों के आगमन में वृद्धि से पर्यटन से होने वाली विदेशी मुद्रा की आय में एकदम तीव्र वृद्धि हुई। अंतर्राष्ट्रीय ब्याज दरों में गिरावट के कारण निवेश आय भुगतान की वृद्धि की गति कम हो गयी। अनिवासी भारतीयों से जमा खातों में नई पूंजी के आने से भुगतान संतुलन को काफी सहायता मिलती रही।

257. तथापि, सातवीं योजना के पहले दो वर्षों में तेल से इतर वस्तुओं के आयात में तीव्र वृद्धि जारी रही। सातवीं योजना के पहले दो वर्षों के दौरान ये आयात 55 प्रतिशत तक बढ़ गये। हालांकि इनमें से बहुत से आयातों के कारण मध्यावधि तथा दीर्घ अवधि में उत्पादकता, सक्षमता और प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सुधार आ सकते हैं, लेकिन फिलहाल इनसे व्यापार अंतराल बढ़ गया है और वित्तपोषण की आवश्यकताएं बढ़ गयी हैं। काफी दिनों से निजी अंतरणों में जो बहुत अधिक वृद्धि हो रही थी, इन दिनों बन्द हो गयी तथा तेल मूल्यों में गिरावट के कारण हो सकता है, उसमें थोड़ी कमी भी हो गयी हो। रियायती विदेशी सहायता चाहे थोड़ी ही सही, वित्तीय आवश्यकताओं का एक हिस्सा होती है, जो विदेशी ऋणों तथा वाणिज्यिक या वाणिज्यिक जैसी शर्तों पर ऋण की निर्भरता को बढ़ाती है और इससे ऋण अदायगी देयताएं बढ़ जाती हैं।

258. सकल देशी उत्पाद की तुलना में चालू खाते में घाटे के अनुपात को और कम करना जरूरी हो गया है ताकि यह सातवीं योजना में बताये गये पूरी योजना अवधि के 1.6 प्रतिशत के बराबर हो जाए। तथापि अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में परेशान करने वाली कुछेक बातें मौजूद हैं जिनसे यह काम कठिन होगा। औद्योगिक देशों में वृद्धि दर कम बनी रही तथा विश्व व्यापार में सुधार की संभावना भी ज्यादा नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय तेल मूल्यों में 1986 की कमी के बाद वृद्धि हुई जो भारत के तेल आयात बिल को बढ़ायेगी। रियायती सहायता की संभावनाएं असंतोषजनक बनी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय ब्याज दरों में उतार चढ़ाव मिले जुले रहे। अमरीकी डालर की ब्याज दरें बढ़ी हैं, जबकि येन, ड्यूश मार्क तथा पौंड स्टर्लिंग की ब्याज दरें गिरी हैं। कुल मिलाकर विदेशी उधार की औसतन ब्याज दरों में वृद्धि होने की संभावना है।

259. यह महत्वपूर्ण होगा कि निर्यात वृद्धि की मात्रा में प्रति वर्ष कम से कम 7 प्रतिशत की वृद्धि बरकरार रहे, जो कि सातवीं योजना में परिकल्पना की गयी है। हालांकि, विश्व निर्यातों में भारत का हिस्सा थोड़ा यानी लगभग 0.5 प्रतिशत है, पर इसका यह मतलब नहीं है कि बाजार में अपने हिस्से में सुधार लाना आसान होगा, क्योंकि बहुत से प्रतियोगी विकासशील देशों को मजबूरन अपने निर्यातों में सुधार लाना पड़ेगा। पिछले दो वर्षों में, विदेशों में भारतीय माल की प्रतियोगिता में सुधार लाने के लिए बहुत से उपाय किये गये हैं और कुछ क्षेत्रों में इनके अच्छे परिणाम भी नजर आये हैं। इस सुधार को बनाये रखना जरूरी है। पण्यों के निर्यातों में स्थिरता बनाये रखनी चाहिए। नये निर्यात करने के लिए बड़ी और मझौली इकाइयों को आगे आने की जरूरत है। निर्यात स्थिति की सफलता के लिए उचित मूल्य स्थिरता बनी रहना भी महत्वपूर्ण है।

260. जहां तक आयातों का संबंध है, ऊर्जा स्रोतों, विशेष रूप से तेल के कुशल उपयोग के लिए किये गये उपाय जारी रहने चाहिए ताकि तेल आयात बिल सीमित रहे इसका कारण यह है कि अंतर्राष्ट्रीय तेल मूल्यों में वृद्धि हुई है तथा सातवीं योजना के बचे हुए वर्षों के दौरान देशी तेल उत्पादन में थोड़ी सी ही वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। देशी आपूर्ति की बेहतर संभावनाओं को देखते हुए 1987-88 के दौरान उर्वरकों तथा चीनी के आयात में काफी कटौती की संभावना नजर आती है, विशेष रूप में ऐसे क्षेत्रों में जहां देशी निर्माता उद्योग मांग की पूर्ति लगभग प्रतियोगी दरों पर पूरी कर सकते हैं, वहां पूंजीगत माल के आयात पर नजर रखनी होगी। आने वाले वर्षों में आयात आयोजना पर और अधिक ध्यान देना होगा।

261. वर्ष 1986-87 के दौरान पर्यटन उद्योग की बहुत अच्छी स्थिति से आने वाले वर्षों में परोक्ष लेखों में इसके योगदान की काफी आशाएं नजर आती हैं। अंतर्राष्ट्रीय तेल मूल्यों में वृद्धि के कारण निजी अंतरणों में कुछ सुधार की आशा की जा सकती है। जैसे जैसे हमारे विदेशी उधारों में वृद्धि होगी वैसे ही निवेश आय भुगतान में वृद्धि जारी रहेगी।

2. शुद्ध विदेशी सहायता प्राप्तियों में वृद्धि हो रही है। प्रतिबद्ध निधियों की प्राप्त होने वाली मात्राओं को देखते हुए यह जरूरी है कि सहायता प्राप्त परियोजनाओं को जल्दी पूरा किया जाये और इन्हें उच्च प्राथमिकता दी जाये। सातवीं योजना के अंतिम तीन वर्षों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (जिसमें न्यास निधि अग्रिम शामिल है) को लगभग 4,000 करोड़ रुपये लौटाने का अनुमान है। पिछले दो वर्षों के दौरान विदेशी मुद्रा अनिवासी जमा खातों में आने वाली राशियों में काफी वृद्धि हुई है तथा यह महत्वपूर्ण होगा कि ऐसी नीतिगत ढांचा बनाये रखा जाये, जो उनकी वृद्धि को प्रोत्साहन देता रहे।

263. वाणिज्यिक ऋणों के संबंध में भारत ने सावधानी पूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है तथा यह जारी रहना चाहिए, क्योंकि 1985-86 में ऋण भुगतान अनुपात 17 प्रतिशत तक पहले ही पहुंच चुका है। फिर भी जैसे ही अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के ऋण चुका दिये जाएंगे, उधार लेने की हमारी गुंजाइश और बढ़ जाएगी।

264. जून 1987 के अंत में विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि का स्तर, आयातों के चार महीनों से अधिक की अवधि के स्तर के बराबर था और इसे काफी संतोषजनक स्थिति माना जा सकता है। फिर भी, चालू खाता घाटे की पूर्ति करने के लिए इन प्रारक्षित निधियों में से राशियां निकालने की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। विभिन्न प्रकार के वित्तपोषण की संभावनाओं तथा वाणिज्यिक उधारों पर स्व आरोपित विवेकपूर्ण सीमाओं को देखते हुए भुगतान संतुलन की क्षमता को बनाये रखना, निर्यात बढ़ाने के अधिक प्रयासों तथा आयातों के सावधानीपूर्वक आयोजना पर निर्भर करता है।

265. बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित नीतियों ने अपनी प्रगति के समेकन पर बल देना जारी रखा, ताकि बैंकों की क्षमता, लेखा संबंधी आंतरिक कार्य, ग्राहक सेवा, ऋण प्रबंध और वित्तीय क्षमता में सुधार हो सके। बैंकों की पूंजी में वृद्धि की जा रही है। वर्तमान शाखा लाइसेंसीकरण नीति ग्रामीण क्षेत्रों में दो स्थानों की दूरी को भरने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शहरी तथा महानगरीय क्षेत्रों में केवल बतायी गयी आवश्यकता तथा संभावित सक्षमता के आधार पर नयी शाखाएं खोलने की अनुमति देती है। घाटा दर्शाने वाली शाखाओं को लाभ कमाने वाली यूनिटों में बदलने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। स्टाफ की कार्य कुशलता बढ़ाने तथा लागत नियंत्रित करने पर जोर दिया जा रहा है। ऋण संविभागों की स्थिति का मूल्यांकन और उनकी स्थिति सुधारने के लिए प्रयास जारी हैं। बैंकों के कार्यकलापों का भी चयनात्मक रूप से मशीनीकरण किया जा रहा है।

266. जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में बताया गया है, बैंक अपने कार्य निष्पादन में सुधार लाने के लिए व्यापक समयबद्ध योजना कार्यान्वित कर रहे हैं। इसके लिए बैंकों ने अपने आंतरिक गठन का विशेष रूप से प्रधान कार्यालय, आंचलिक तथा क्षेत्रीय स्तरों पर औचित्यपूर्ण तथा मजबूत बना लिया है। उन्होंने अपनी प्रशिक्षण क्षमता तथा पाठ्यक्रमों की समीक्षा की है तथा उसमें सुधार किया है। लेखा संबंधी आंतरिक कार्यों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैंकों के लाभ भी बढ़ रहे हैं। बैंकर तथा ग्राहक के बीच अधिक निकटता, ग्राहकों की शिकायतों का तत्परता से निपटान, कूरियर सेवाओं में विस्तार के कारण बाहरी चैकों का त्वरित संग्रहण तथा बैंकिंग हाल में और तेजी से सेवाएं उपलब्ध होने के कारण ग्राहक सेवा में सुधार हो रहा है। फिर भी, हम इसी पर संतोष करके बैठे नहीं रह सकते।

267. हाल ही में हुए बैंक तथा स्टाफ यूनियन के समझौते से मशीनीकरण की प्रक्रिया बढ़नी चाहिए, जिससे उच्चतर उत्पादकता तथा बेहतर ग्राहक सेवा मिल सकेगी। रिजर्व बैंक द्वारा नियंत्रित प्रमुख समाशोधन गृहों में समायोजन कार्यों में कम्प्यूटरीकरण के अलावा रिजर्व बैंक द्वारा संचालित 8 प्रमुख समाशोधन गृहों में से बंबई, मद्रास, दिल्ली तथा कलकत्ता में तेजी से काम करने वाले रीडर सार्टरों की स्थापना की गयी है, ताकि इन महानगरों में चेकों का समाशोधन तेजी से हो सके।

268. ऋण आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा समय पर वसूली ये दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर बैंकों को अधिक से अधिक ध्यान देने की जरूरत है। ग्रामीण तथा औद्योगिक ऋणों के संबंध में अतिदेय राशियां अधिक बनी हुई हैं। जहां तक औद्योगिक ऋण का संबंध है, अग्रिमों के वर्गीकरण के लिए स्वास्थ्य कूट की शुरूआत तथा अग्रिम सीमाओं की समय से समीक्षा करने पर जोर देने से बैंक अवरुद्ध तथा संभावित अवरुद्ध अग्रिमों के अधिक कारगर ढंग से पता लगाने और नियंत्रित करने का कार्य कर सकते हैं। सक्षम ऋण यूनिटों के पुनर्वास उपायों को अंतिम रूप देने तथा कार्यान्वित करने के लिए बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं को अपनी क्रियाविधियों में तेजी लानी होगी। इस संबंध में मीयादी ऋण देने वाली संस्थाओं तथा बैंकों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए कदम उठाये गये हैं तथा संघ रूप में अग्रणी की भूमिका को मजबूत बनाते हुए बैंक संघ के के कामकाज को और बेहतर बनाया जा रहा है। ऋणों के संबंध में निर्णय तेजी से लिए जा सकें इसके लिए ऋण प्राधिकरण योजना को सरल बना दिया गया है। ऋण यूनिटों की समस्याओं के हल जल्दी ढूंढने में औद्योगिक और वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड से भी सहायता मिलनी चाहिए जिसका गठन इसी उद्देश्य के लिए किया गया है। पर साथ ही सक्षम न हो सकने वाले यूनिटों का अनावश्यक रूप से वित्तपोषण न होने पाये।

269. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देने के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में बैंकों ने उल्लेखनीय कार्य किया है। परन्तु इस क्षेत्र में देय राशि की वसूली का समग्र स्तर अपर्याप्त बना हुआ है। उदाहरण के

तौर पर कृषि संबंधी देय राशियों में वसूली का औसत पिछले वर्षों मांग का 50 से 55 प्रतिशत तक रहा। इसमें वैकिंग तंत्र की निधियों को फिर से इस्तेमाल करने तथा स्रोतों के इष्टतम उपयोग की क्षमता को हानि पहुंचती है, अतः क्षेत्रीय तथा अन्तर बैंकों में काफी घट बढ़ से यह पता चलता है कि वसूली कार्यों को बेहतर बनाने की गुंजाइश है। वसूली कार्यों को कई बातें प्रभावित करती हैं। इनमें से दो का यहां विशेष रूप से उल्लेख किया जा रहा है। पहली, यह अवश्य देखा जाए कि उत्पादक प्रयोजनों के लिए समय पर ऋण दिया जाता है तथा वस्तुतः उसी के अनुसार उसका उपयोग होता है। इस उद्देश्य के लिए यह महत्वपूर्ण है कि ऋण देने के लिए निर्धारित सिद्धांतों तथा कार्य प्रणाली का पालन किया जाये, ऋण के उपयोग पर निगरानी रखी जाये तथा ऋण का दूसरे कामों में इस्तेमाल होने से रोका जाये। अभी हाल ही में यह निर्देश दिया गया है कि ग्रामीण शाखाओं को सप्ताह में एक दिन गैर-कारोबारी कार्य-दिवस निश्चित करना चाहिए। शाखा प्रबंधक इस दिन को जमाराशि जुटाने के लिए ग्राहकों से संपर्क बढ़ाने, ऋण लेने वाले संभावित व्यक्तियों का पता लगाने, ऋणों के इस्तेमाल की निगरानी करने तथा बकाया राशियों की समय पर वसूली बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करेगा। दूसरी बात यह है कि वित्तीय अनुशासन और बकाया राशियों की वसूली के अनुरूप एक माहौल बनाना और उसे बनाये रखना बहुत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकारों को इस संबंध में बहुत ही अहम भूमिका निभानी है। वे बैंकों को कारगर समर्थन दे सकते हैं, ताकि जानबूझकर की जाने वाली चूकें न हों। इसके अलावा प्रत्येक मामले के गुण-दोषों पर विचार किये बिना ऋण लेने वालों को आमतौर पर माफ कर देने और बट्टे खाते डालने के मामलों पर निगरानी की भी जरूरत है, क्योंकि उनसे ग्रामीण ऋण प्रणाली को नुकसान पहुंच सकता है और किसानों, कारीगरों तथा अन्य उधारकर्ताओं के हितों पर बुरा असर पड़ सकता है। प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों के ऋणकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए वर्तमान उपबंध हैं। जब कभी जरूरत हो इनकी सहायता ली जाये। बैंकों के अलावा अन्य कोई भी प्राधिकरण इन ऋणों को बट्टे खाते नहीं डाल सकता। सामान्य छूटों के, जहां कहीं ऋणकर्ता के दायित्वों की चुकौती की जिम्मेदारी राज्य सरकार ले लेती है, कभी गंभीर प्रभाव नजर आते हैं। ऐसे उपाय जहां सामान्य रूप से ऋणकर्ता को अपने ऋण चुकाने के लिए न केवल कमजोर बनाते हैं, बल्कि इसके अलावा उनमें यह आशा भी जगाते हैं कि भविष्य में भी ऋणों में इस तरह की छूट मिलेगी, अतः समय पर चुकौती का वातावरण दूषित हो जाता है। छठे दशक के शुरू के वर्षों में संस्थागत ऋण, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कुल ऋण का केवल 4 प्रतिशत था, अब बढ़कर लगभग 65 प्रतिशत हो गया है। अतः यह महत्वपूर्ण है कि ग्रामीण ऋण प्रणाली, जिसने पिछले कुछ वर्षों में कृषि तथा अन्य ग्रामीण कार्यकलापों में काफी सहायता की है, तथा ग्रामीण विकास के लिए आवंटित बजट स्रोतों का प्रमुख अनुपूरक बना गयी है, को कमजोर करने के लिए कुछ न किया जाये।

270. हाल ही के वर्षों में मौद्रिक नीति अर्थव्यवस्था में समग्र चलनिधि को नियंत्रित करने की जरूरत तथा मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के बीच अधिक तालमेल पर ज्यादा ध्यान देने लगी है। हालांकि उत्पादन, मुद्रा तथा मूल्यों के स्थूल अन्तर संबंधों को हमेशा ध्यान में रखा गया है, पर हाल ही की अवधि में मौद्रिक सकल राशियों में वृद्धि के अनुरूप प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि पर नियंत्रण की आवश्यकता को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। उत्पादन, मुद्रा तथा मूल्यों में अन्तर संबंध जटिल अन्तराल पर निर्भर करते हैं। इन अन्तरालों को कम करने के लिए विशिष्ट कार्य निर्धारित करना हालांकि मुश्किल है, पर यह पाया गया है कि एक ग य के बाद निहित मूलभूत अन्तर संबंध अच्छे ही साबित होते हैं। इसी वजह से चक्रवर्ती समिति ने चलनिधि मौद्रिक लक्ष्यों की शुरुआत की सिफारिश की है, ताकि मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि, उत्पादन की वृद्धि से कम न हो। साथ ही समिति ने रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिये जाने वाले ऋणों की वृद्धि पर भी एक महत्वपूर्ण संकेतक के रूप में ध्यान केन्द्रीत किया है, क्योंकि यह प्रारक्षित मुद्रा सृजन के बड़े हिस्से के लिए उत्तरदायी होता है। 1987-88 के केन्द्रीय बजट में केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण में संभावित वृद्धि के अनुमान का उल्लेख पहली बार किया गया है। इससे मुद्रागत तथा राजकोषीय नीतियों में बेहतर तालमेल का आधार उपलब्ध होना चाहिए।

271. 1986-87 में मौद्रिक नीति का उद्देश्य एम$_3$ की वृद्धि को पिछले तीन वर्षों के औसत स्तर से नीचे रखना था। अक्तूबर, 1986 के अंत तक मौद्रिक वृद्धि ठीक रही, लेकिन उसके बाद मुद्रागत विस्तार की गति में तेजी आयी, जो पिछले तीन वर्षों के औसत से स्पष्ट रूप से अधिक थी। इस संदर्भ में रिजर्व बैंक ने जनवरी-मार्च 1987 की अवधि के दौरान मौद्रिक विस्तार की गति को कम करने के लिए कतिपय कदम उठाये। इस दौर में 1986-87 में मौद्रिक वृद्धि वांछित वृद्धि से अधिक थी। किन्तु यदि ये कदम न उठाये गये होते, तो यह वृद्धि और अधिक होती।

272. 1987 में कम कारोबार की अवधि की शुरुआत में घोषित ऋण नीति में कुछ विशिष्ट बातें हैं। पहली यह कि ब्याज दरों के विन्यास के मुताबिक इसमें काफी बदलाव हैं, जिनकी समीक्षा पिछली स्थितियों के परिप्रेक्ष्य में की जानी चाहिए। 1979-81 की अवधि में ब्याज दरें उक्त अवधि में अत्यधिक मुद्रास्फीति की दरों के संदर्भ में तेजी से बढ़ायी गयीं। तथापि मुद्रास्फीति में कमी के साथ इन सांकेतिक दरों से ब्याज की वास्तविक ऊंची दरों का पता चलता है। हालांकि ब्याज दरों के संचालित विन्यास, मुद्रास्फीति की दरों में होने वाले अचानक परिवर्तनों सामने नहीं ठहर सकते, अतः यह आवश्यक है कि इन्हें कम-से-कम मध्यावधि, प्रवृत्तियों के अनुरूप बदला जाए। वर्ष 1979 तथा 1981 के बीच चल रही उच्च स्तरों से उतरती हुई मुद्रास्फीति की दरों के साथ, 1983 तथा 1985 के बीच, दो चरणों में उच्चतम उधार ब्याज दर को कम कर 19.5 प्रतिशत से 17.5 प्रतिशत पर लाया गया। मार्च 1987 में इसे और कम करके 16.5 प्रतिशत कर दिया गया। इसी वजह से जमाराशियों पर दी जाने वाली उच्चतम ब्याज दर को भी 11 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया गया। तथापि यह दर 2 वर्षों और अधिक की अवधि समाप्ति वाले ऋणों पर लागू की गयी। जिन अवधियों के लिए उच्चतम ब्याज दर लागू है, उनकी संख्या में कटौती से बैंकिंग तंत्र में, जमाराशियों पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी या कमी लायी जा सकेगी और जरूरत पड़ने पर ऋणों में भी लचीलापन लाया जा सकेगा। जब जमाराशियां लम्बी अवधि में परिपक्व होने वाले ऋणों में अटक जाती हैं तब उधार ब्याज दरों को जरूरत होने पर भी नीचे लाना मुश्किल हो जाता है क्योंकि वर्तमान जमाराशियों की अवधि पूरी होने में लम्बा समय लगता है तथा साथ ही काफी समय के लिए जमाराशियों की दर में कटौती का पूरा लाभ बैंकों को नहीं मिल पाता। बैंक जमाराशियों पर ब्याज दरों में कटौती के साथ अन्य बचत लिखतों आदि की दरों में भी एक साथ कटौती की गयी, ताकि विभिन्न बचत योजनाओं में आपस में प्रतियोगिता बनी रहे।

273. दूसरी बात, अप्रैल 1985 में शुरू हुई चयनात्मक ऋण नियंत्रण को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया और आगे बढ़ायी गयी। पिछले दो वर्षों से कई पण्यों जैसे कि गेहूं, धान और चावल, रुई और कपास तथा बिनौले और बिनौले के तेल के मामले में, जहां आपूर्ति-मांग का संतुलन पर्याप्त माना गया, वहां चयनात्मक ऋण नियंत्रण समाप्त कर दिया गया। कतिपय अन्य पण्यों के मामले में शर्तों को सरल कर दिया गया। इससे नियंत्रण की प्रणाली और अधिक लचीली हो गयी तथा अधिक ऋण दिये जाने को रोकने के मूलभूत उद्देश्य से अलग न होते हुए कम जटिल हो गयी; अधिक ऋण से सट्टेबाजी के लिए स्टॉक रखने को बढ़ावा मिलता है।

274. तीसरे, विभिन्न उपायों द्वारा मुद्रा बाजार में उल्लेखनीय सुधार लाने का प्रयास किया गया है। वर्तमान साधनों को सुधारने तथा नये साधनों के विकास तथा मुद्रा बाजार साधनों को चलनिधि देने के लिए आवश्यक संस्थागत मूलभूत सुविधाओं के सृजन पर जोर दिया जा रहा

है। खजाना बिलों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है—नीलामी प्रणाली के अंतर्गत 182 दिन का एक नया खजाना बिल शुरू करना। बिल प्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न उपाय घोषित किये गये। वित्त गृह की स्थापना की संभावना से दावों के निपटान में बिलों का इस्तेमाल को बढ़ाना चाहिए और इस प्रकार अर्थव्यवस्था में अदायगी तंत्र में सुधार आना चाहिए।

275. वर्ष 1987-88 में मुद्रागत तथा ऋण नीति की मिसाल एक चेतावनी के रूप में, विशेष रूप से अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबावों को पुनः उभरने से रोकने की आवश्यकता के संदर्भ में, बनी रहनी चाहिए। विभिन्न मुद्रागत तथा ऋण जमाराशियां जिनमें शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में परिवर्तन शामिल हैं, का लगातार नियंत्रण आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मुद्रागत तथा ऋण में वृद्धि मौसम के अनुसार बढ़ोतरी या गिरावट वास्तविक क्षेत्र के विकास के लगभग साथ हो है।

भाग II—बैंकिंग तथा अन्य गतिविधियां

276. इस रिपोर्ट के भाग I में 1986-87 के दौरान, समग्र आर्थिक परिदृश्य की पृष्ठ भूमि में मौद्रिक और ऋण नीति विषयक उपायों की समीक्षा की गई है। इस भाग में रिजर्व बैंक के परिचालन-क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियां प्रस्तुत की जा रही हैं। रिजर्व बैंक के संगठनात्मक मामले और लेखे अंत में दिये गये हैं।

मुख्य बातें

277. वर्ष के दौरान गतिविधियों की महत्वपूर्ण बातें निम्नलिखित हैं:

(i) शाखा लाइसेंस नीति में ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर एक बैंक शाखा की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए, समेकन पर विशेष बल दिया गया।

(ii) शहरी निर्धन व्यक्तियों की गरीबी दूर करने के लिए नयी ऋण नीति प्रारम्भ करके सामाजिक बैंकिंग के क्षेत्र को और विस्तृत किया गया। अल्प-संख्यकों को अधिकाधिक मात्रा में ऋण सुलभ कराने के उपाय भी किये गये।

(iii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का पूंजी-आधार विस्तृत करके उन्हें सुदृढ़ बनाने की कार्रवाई की गयी।

(iv) जनवरी, 1988 से दिसम्बर 1990 के बीच की अवधि को व्याप्त करते हुए जिला ऋण योजनाओं के चौथे दौर की तैयारी के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये।

(v) बैंकों द्वारा बिलों के वित्तपोषण को लोकप्रिय बनाने के बारे में उपाय किये गये।

(vi) बैंकों को और व्यापक विवेकाधीन शक्तियां प्रदान करने और विलम्ब को कम करने की दृष्टि से ऋण प्राधिकरण योजना को और अधिक उदार बनाया गया।

(vii) रिजर्व बैंक ने पौंड स्टर्लिंग के अतिरिक्त, हाजिर आधार पर, प्राधिकृत व्यापारियों को अमरीकी डालर की बिक्री भी आरम्भ की।

(viii) विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) के अधीन न आनेवाली (गैर-फेरा) कम्पनियों के लाभांशों के प्रेषण, निर्यातों पर एजेंसी कमीशन के प्रेषण और अनिवासी भारतीयों द्वारा निवेश के संबंध में विदेशी मुद्रा विनियमन नियमों को और उदार बनाया गया।

(ix) भारतीय रिजर्व बैंक और आयात व्यापार नियंत्रण (आई.टी.सी.) की पिछली निर्बंध परमिट योजनाओं (ब्लैंकेट परमिशन स्कीम्स) के स्थान पर निर्यात संवर्द्धन से सम्बद्ध सभी प्रयोजनों के लिए विदेशी मुद्रा विमुक्त करने की एक नयी विस्तृत आधार वाली [illegible] योजना आरम्भ की गयी।

वाणिज्यक बैंकिंग से संबंधित गतिविधियां

बैंकों के लिए कार्य योजना—नवम्बर 1985 से दिसम्बर 1987

278. बैंकों की कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की रिजर्व बैंक द्वारा निगरानी बराबर जारी रही। 20 राष्ट्रीयकृत बैंकों और भारतीय स्टेट बैंक की मार्च 1987 तक की कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के विषय में, उनके अध्यक्षों से, 1986-87 के दौरान हर तिमाही के अन्त में चर्चाएं की जाती रहीं।

279. मोटे तौर पर बैंकों ने *प्रधान-कार्यालय* और *नियंत्रक-कार्यालय* स्तर पर अपने तंत्र को पुनर्गठित कर लिया है। समुचित शक्तियां का प्रत्यायोजन करते हुए विभिन्न स्तरों पर भूमिकाओं और दायित्वों की समीक्षा की गयी है।

280. कर्मचारीवर्ग की उत्पादकता में सुधार के लिये बैंकों ने विशेष प्रयास किये हैं। बैंकों ने प्रशिक्षण क्षमताओं की वृद्धि की दिशा में प्रगति की और 1986 के दौरान प्रशिक्षित स्टाफ की संख्या 1985 की अपेक्षा बहुत अधिक रही। प्रशिक्षण के बाद की तैनातियों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

281. बैंकों ने ऋण-प्रबंधन में परिवर्तन के लिए भी विभिन्न उपाय किये हैं। किन्तु यह देखा गया कि ऋण-सीमाओं की समीक्षा और नवीकरण से संबंधित स्थिति में सुधार की गुंजाइश है। समस्या प्रणालीगत प्रतीत होती है और बैंकों से कहा गया है कि वे इस बारे में नियंत्रण कार्यालयों और शाखाओं द्वारा, आवश्यक अनुशासन का परिपालन सुनिश्चित करें।

282. सभी बैंक प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिये जानेवाले अग्रिमों विषयक निर्धारित लक्ष्यों और सामान्यतः उपक्षेत्रों विषयक लक्ष्यों को भी बराबर पूरा करते रहे। किन्तु सामान्यतः अतिदेय राशियों में वृद्धि हो रही है; दिसंबर 1986 के अंत में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की बकाया राशियां, कुल बकाया ऋण की 20 प्रतिशत थीं जबकि गैर-प्राथमिकता क्षेत्रों की बकाया राशियां 11.5 प्रतिशत थीं। प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों के संबंध में, वसूली के कार्य-निष्पादन की स्थिति असंतोषजनक हो गयी हुई है। बैंकों से जोर देकर कहा गया है कि वे [illegible] ([illegible]) प्रक्रिया पर निगरानी, रुग्ण इकाइयों के विषय में कार्रवाई, और समग्र वसूली विषयक कार्य निष्पादन के संबंध में विभिन्न स्तरों पर अपने तंत्र को सन्नद्ध करें।

283. यद्यपि शाखाओं द्वारा नियंत्रण विवरणियां भेजने, शाखाओं के निरीक्षण और लेखा-परीक्षा आदि में सुधार हुआ है, फिर भी इस दिशा में और सुधार की गुंजाइश है। शाखाओं में बहियों के तुलन और अन्तर शाखा खातों के समाधान में बहुत अधिक सुधार हुआ है।

284. जहां तक लाभप्रदता (प्रोफिटेबिलिटी) का प्रश्न है, 1986 के दौरान बैंकों का कार्य निष्पादन सामान्यतः बहुत अच्छा रहा है। सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा किये कुछ निर्णयों से [illegible] लाभप्रदता में सहायता मिली है। इस प्रकार के कुछ निर्णय ये हैं: पूंजीगत आधार का संवर्धन, सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज दर (कूपन रेट) में वृद्धि, खाद्य ऋणों पर उच्चतर ब्याज दर रिजर्व बैंक के पास रखे गये नकदी शेषों पर अधिक मात्रा में प्रतिलाभ और सेवा प्रभारों में वृद्धि। घाटा उठानेवाली शाखाओं की संख्या और उनके द्वारा उठाये घाटे की मात्रा में भी 1986 के दौरान कमी लायी गयी।

शाखा विस्तार नीति तथा प्रगति

285. गत वर्ष की रिपोर्ट में नयी शाखा लाइसेंसिंग नीति के निर्धारण का उल्लेख किया गया था जो सातवीं पंचवर्षीय योजना के साथ-साथ समाप्त होगी। ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में शाखाएं खोलने में काफी प्रगति करनेवाले बैंकों से आशा की जाती है कि वे अपनी स्थिति सुदृढ़ करेंगे और अपनी परिचालनगत कार्य कुशलता और सेवा गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। नयी नीति का उद्देश्य यह है कि विकास खंड (डेवलपमेंट ब्लाक) को आधार मानते हुए, औसतन प्रति 17,000 व्यक्तियों (1981 की जनगणना के अनुसार) के लिए एक बैंक शाखा

का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त बैंक शाखाएं खोली जायें। इसके अतिरिक्त यह अपेक्षा की जाती है कि 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर एक बैंक शाखा उपलब्ध हो जाय जो लगभग 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को व्याप्त करेगी। पहाड़ी क्षेत्रों और कम आबादी वाले क्षेत्रों तथा आदिवासी क्षेत्रों पर जनसंख्या विषयक मानदंडों में ढील देकर विशेष रूप से विचार किया जाता है। बैंकों से यह भी कहा गया कि जिन क्षेत्रों में कारोबार की मात्रा और अन्य दृष्टियों से, नियमित शाखा स्थापित करना उपयुक्त न हो वहां अनुषंगी/चल शाखाएं खोलने पर विचार करें।

286. राज्य सरकारों से प्राप्त निर्धारित केन्द्रों की सूचियों के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने जून, 1987 तक 4,396 ग्रामीण/अर्ध शहरी केन्द्र शाखाएं खोलने के लिये, बैंकों को आवंटित किये हैं। बैंकों से कहा गया है कि चालू कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित स्थानों पर शाखाएं खोलने के कार्य को सातवीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि में बांट लिया जाए।

287. ग्रामीण शाखाओं के कार्य की समीक्षा के बाद यह अनुभव किया गया कि यद्यपि बैंकों ने बैंकिंग सेवाओं को देश के अंचलों तक पहुंचा दिया है, उनके कार्य-निष्पादन में सुधार की काफी गुंजाइश है। बैंकों से कहा गया है कि वे अपनी ग्रामीण शाखाओं में सप्ताह में एक दिन को बिना सार्वजनिक कारोबार कार्य-दिवस रखें, ताकि उन शाखाओं के प्रबंधक फील्ड में जाकर जमाराशियां जुटाने, ऋण-उपयोग पर निगरानी रखने, ऋणों की वसूली और ऋणकर्ताओं को समुचित मार्गदर्शन जैसे विकास और संवर्धन कार्यों के लिये उस दिन को पूरी तरह अपने वर्तमान और भावी ग्राहकों से संपर्क करने में बिता सकें।

288. भारत सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक में हिन्दुस्तान कमर्शियल बैंक लि. (बिना लाइसेंस वाले बैंक) के समामेलन की योजना को 18 दिसंबर, 1986 को स्वीकृति प्रदान की थी और उसके परिणामस्वरूप उस बैंक का नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची से 23 जनवरी, 1987 से हटा दिया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की संख्या 79 बनी रही। वर्ष 1986-87 (अप्रैल 1986—मार्च 1987) के दौरान, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों ने 417 कार्यालय खोले। मार्च 1987 अन्त की स्थिति के मुताबिक बैंक कार्यालयों की कुल संख्या बढ़कर, 53,565 हो गयी। नये खोले गये कार्यालयों में से 353 ग्रामीण स्थानों और 25 अर्ध शहरी स्थानों पर थे। यह संख्या नये खोले गये कार्यालयों की संख्या की 86.30 प्रतिशत बैठती है। इनमें से 40 कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों के 126 कार्यालय 20 राष्ट्रीयकृत बैंकों के और 259 कार्यालय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के थे। मार्च 1987 में ग्रामीण कार्यालयों की संख्या कुल संख्या की 56 प्रतिशत हो गयी थी। इसकी तुलना में जून, 1969 में ग्रामीण कार्यालयों की संख्या 22 प्रतिशत थी।

विदेशों में भारतीय बैंक

289. इस वर्ष के दौरान भारतीय बैंकों ने विदेशों में कोई शाखा नहीं खोली। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी 4 शाखाएं बन्द कर दीं जिनमें से एक यूनाइटेड अरब अमीरात में, 2 ब्रिटेन में और एक गुयाना में थी। इसके अतिरिक्त भारतीय बैंकों के विदेशी परिचालनों के पुनर्गठन/पुनः संरचना के एक भाग के रूप में ब्रिटेन में कार्यरत पंजाब नेशनल बैंक की चार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की तीन और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक की एक-एक शाखा ने परिचालन कार्य बंद कर दिया। इन शाखाओं में बरमिंघम और ईस्थम में कार्यरत दो शाखाएं अंतरिती बैंकों की शाखाओं के रूप में कार्य कर रही हैं। जबकि अन्य शाखाएं बंद कर दी गयीं। इस प्रकार 30 जून 1987 की स्थिति के मुताबिक विदेशों में कार्य कर रहे भारतीय बैंकों और उनकी विदेशी शाखाओं की संख्या क्रमशः 9 और 123 हो गयी। इस वर्ष के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने लेबनान में बेरूत में अपना प्रतिनिधि कार्यालय बंद करने की सूचना दी और इस प्रकार चार भारतीय बैंकों के प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या 11 से घटकर 10 हो गयी। भारतीय बैंकों द्वारा स्थापित की गयी जमा राशियां स्वीकार करनेवाली कंपनियां (जो सभी हांगकांग में हैं) और पूर्ण स्वामित्ववाली बैंकिंग अनुषंगी कम्पनियों की कुल संख्या अपरिवर्तित रही और 6 बनी रही। साथ ही, 30 जून 1987 की स्थिति के मुताबिक भारतीय बैंकों के विदेशी-क्षेत्र में, बैंकिंग कारोबार में लगी हुई अधिकांश स्वामित्व वाली दो अनुषंगी कंपनियां और चार संयुक्त उद्यम बैंक शामिल थे।

भारत में विदेशी बैंक

290. रिपोर्ट की अवधि के दौरान विदेशी बैंकों ने भारत में कोई नयी शाखा नहीं खोली। अलबत्ता, बैंक ऑफ कैलिफोर्निया (अमेरिका) बांका नेशनल डेल लावोरो (इटली), दाइ इचि कांग्यो बैंक लि. (जापान) और सानवा बैंक (जापान) ने देश में अपने प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित किये। परिणामस्वरूप, भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं और कार्यालयों की संख्या क्रमशः 136 (21 बैंकों की) और 18 (18 बैंकों की) हो गयी।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

291. जुलाई 1986 से अप्रैल 1987 के बीच दो नये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खोले गये और इस प्रकार इनकी कुल संख्या 196 हो गयी। जो 354 जिलों को व्याप्त करते हैं। सूचना देनेवाले 194 क्षे.ग्रा. बैंकों की जमाराशियां और मीयादी अग्रिमों की राशियां अप्रैल 1987 के अंत में क्रमशः 1,744 करोड़ रुपये और 1,841 करोड़ रुपये थीं। भारत सरकार ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ढांचे का अध्ययन करने और उनकी समग्र क्षमताओं में सुधार के उपाय सुझाने के लिए एक कार्यकारी दल की स्थापना की थी। इस कार्यकारी दल की जो प्रमुख सिफारिशें स्वीकार कर ली गयी हैं वे ये हैं: (1) प्रत्येक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की चुकता पूंजी 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 100 लाख रुपये कर दी जानी चाहिए; (2) प्रायोजक बैंकों को अपने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिये जाने वाले पुनर्वित्त पर उधार की दर 8.5 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर देनी चाहिए; (3) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अपनी अतिरिक्त निधियां प्रायोजक बैंकों के चालू खातों में जमा न करके सरकारी और अन्य प्यासी प्रतिभूतियों में निवेश करनी चाहिए ताकि उनको लाभप्रदता बढ़े; और (4) प्रायोजक बैंकों को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के निधि प्रबंधन, स्टाफ प्रशिक्षण और आंतरिक लेखा-परीक्षा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

विशेष योजनाओं के अधीन प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को बैंकों की सहायता

292. सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने विशेष योजनाओं के अधीन प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देने का अपना स्तर बराबर बनाये रखा। सरकारी क्षेत्र के 28 बैंकों के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों की राशियां मार्च 1987 के अंत में 24,552 करोड़ रुपये थीं जो कि 44.0 प्रतिशत बैठती हैं और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के भीतर कमजोर वर्गों को दिये गये अग्रिम, बैंकों के शुद्ध ऋण के 11.0 प्रतिशत बैठते हैं। कृषि को दिये गये प्रत्यक्ष अग्रिम की बकाया राशियां 9,058 करोड़ रुपये थी जो कि कुल शुद्ध बैंक ऋण की 16.2 प्रतिशत बनती हैं, जबकि मार्च 1987 के लिए लक्ष्य 16 प्रतिशत रखा गया था। (अप्रैल, 1987 में शुरू किये गये संशोधित 20 सूत्री कार्यक्रम से पहले) 20 सूत्री कार्यक्रम के अधीन हिताधिकारियों को मिलनेवाली सहायता मार्च, 1987 के अंत में 162 लाख खातों में 8,458 करोड़ रुपये (अनंतिम) थी।

विभेदक ब्याज दर योजना

293. दिसंबर 1986 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान विभेदक ब्याज दर योजना के अधीन सरकारी क्षेत्र के बैंकों के ऋण खातों की संख्या में 4.79 लाख की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 47.97 लाख हो गयी और ऋणों की बकाया राशियों में 98.13 करोड़ रुपए की वृद्धि होकर वह 560.83 करोड़ रुपए हो गयीं। मार्च 1987 के अंत की स्थिति के अनुसार ये अग्रिम और बढ़कर 48.79 लाख खातों में 575.34 करोड़ रुपए हो गए और कुल ऋणों के 1.1 प्रतिशत बैठते थे, जो कि 1 प्रतिशत के निर्धारित न्यूनतम स्तर से अधि थें। क

स्व-रोजगार तथा अन्य योजनाएं

294. शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए स्व-रोजगार योजना के अधीन 1986-87 के दौरान सहायता पाने वाले हिताधिकारियों की संख्या पिछले दो वर्षों की तरह 2.50 लाख रखी गयी। प्रत्येक राज्य के लिए निर्धारित कुल लक्ष्य में इस वर्ष के दौरान मंजूर किए गए औद्योगिक उद्यमियों का अनुपात कुल मंजूरियों के 50 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए था और व्यापार उद्यमियों के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए था। अलबत्ता, अरुणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड सिक्किम और त्रिपुरा के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए ढील दी गयी। इन क्षेत्रों के लिए औद्योगिक उद्यमियों का न्यूनतम अनुपात 50 प्रतिशत के बजाय 30 प्रतिशत रखा गया और व्यापार उद्यमियों के हिस्से की कोई उपरी सीमा निर्धारित नहीं की गयी। वर्ष 1985-86 के दौरान बैंकों ने 2.21 लाख हिताधिकारियों को 430 करोड़ रुपए के ऋण मंजूर किए थे। जबकि हिताधिकारियों को 430 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए थे, और हिताधिकारियों का लक्ष्य संख्या 2.50 लाख था। रिपोर्ट भेजने वाले बैंकों के संबंध में उपलब्ध अनंतिम आंकड़ों के अनुसार चालू वर्ष (1986-87) के दौरान मार्च 1987 तक 2.19 लाख हिताधिकारियों को कुल 455.12 करोड़ रुपए की समग्र राशि मंजूर की गयी है। यह सूचना मिलने पर कि वाणिज्य बैंकों ने उक्त योजना के अधीन ऋण आवेदनों में से बहुत बड़ी संख्या का रद्द कर दिया है, रिजर्व बैंक ने इस वर्ष के दौरान इस प्रकार के रद्दकरण का अध्ययन किया। इस अध्ययन रिपोर्ट की जांच की जा रही है।

295. सितम्बर 1986 में भारत सरकार ने शहरी निर्धन व्यक्तियों की गरीबी दूर करने के लिए एक नयी योजना आरंभ की। शहरी निर्धन व्यक्तियों के लिए स्व-रोजगार कार्यक्रम नामक इस योजना में शहरी निर्धन व्यक्तियों को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रावधान है और यह 10,000 से अधिक जनसंख्या वाले उन सभी नगरों/कस्बों पर लागू होती है जो समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई आर डी पी) के अधीन नहीं आते हैं। यह कार्यक्रम सरकारी क्षेत्र के बैंकों की चुनी हुई शाखाओं के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। चुने हुए हिताधिकारियों को प्रति परिवार 5,000 रुपए तक की सहायता मिलती है, जिसमें ऋण राशि के 25 प्रतिशत के बराबर भारत सरकार द्वारा सहायता दी जाती है। उधार की निर्धारित ब्याज दर 10 प्रतिशत है। यह सहायता पात्र केन्द्रों पर प्रति 300 की जनसंख्या पर एक हिताधिकारी को उपलब्ध करायी जाती है। प्राप्त सूचना के अनुसार मार्च, 1987 तक 3.21 लाख हिताधिकारियों को कुल 109.18 करोड़ रुपए की समग्र राशि मंजूर की जा चुकी है।

296. भूतपूर्व सैनिकों को स्व-रोजगार में मदद करने की भारत सरकार की योजना के अधीन वाणिज्य बैंक भूतपूर्व सैनिकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। यह योजना हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में से प्रत्येक के एक जिले में चालू थी और इसे अब तीन और राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, केरल और मणिपुर के 8 जिलों में लागू कर दिया गया है।

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

297. समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई. आर. डी. पी.) के अधीन मार्च, 1987 में समाप्त द्वितीय वर्ष में 37.41 लाख हिताधिकारियों को सहायता दी गयी और सभी बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों सहित) ने 997.78 करोड़ रुपए के सावधिक ऋण मंजूर किए।

अल्प संख्यक समुदायों को ऋण

298. अल्प संख्यक समुदायों के कल्याण के विषय में प्रधान मंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के अनुरूप, बैंकों से जुलाई 1986 में कहा गया कि वे अल्प संख्यक समुदायों को ऋण प्राप्ति सुलभ बनाने के लिए कुछ विशेष उपाय करें। इन उपायों में ये शामिल थे। अल्प संख्यकों के हितों की देखभाल के लिए विशेष कक्षों की स्थापना किए गए उपाय और प्रगति की सावधिक समीक्षा तथा जिन क्षेत्रों में अल्प संख्यक समुदायों की संख्या बहुत अधिक है वहां गरीबी निवारण के विभिन्न कार्यक्रमों का समुचित प्रचार।

अनु. जातियों/अनु. जनजातियों को ऋण

299. अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के हिताधिकारियों को दिए गए सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बकाया अग्रिमों की राशियां मार्च, 1986 के अंत के 1,394 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 1987 के अंत तक 1,696 करोड़ रुपए हुई।

अग्रणी बैंक योजना

300. जिला ऋण योजनाओं के चौथे दौर के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को अंतिम रूप दिए जाने तक, अग्रणी, (लीड) बैंकों से कहा गया कि वे प्राप्त अनुभव के आधार पर आवश्यक समझे जाने वाले कुछ परिवर्तनों के साथ, सामान्य रूप रेखा के मुताबिक 1987 के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करें। तदनुसार 1987 के लिए वार्षिक कार्य योजनाएं तैयार की गयी और उन्हें देश के सभी जिलों में कार्यान्वित के लिए प्रारंभ किया गया। इस बीच जनवरी 1988 से दिसम्बर 1990 तक की अवधि के लिए जिला ऋण कार्यक्रमों के चौथे दौर की तैयारी के विषय में मार्गदर्शी सिद्धांतों को सभी अग्रणी बैंकों को सूचित कर दिया गया है।

301. नए जिलों के निर्माण के परिणामस्वरूप तीन राज्यों के चार नए जिलों का अग्रणी दायित्व सरकारी क्षेत्र के बैंकों को सौंपा गया। दिसम्बर 1986 के अंत की स्थिति के मुताबिक देश के 438 जिले अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत थे।

ऋण प्राधिकरण योजना

302. मुद्रा बाजार विषयक कार्यकारी दल की सिफारिशों के आधार पर बिल वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए कुछ उपाय किए गए। ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन निर्धारित अधिकतम सीमा (कट आफ प्वाईंट) से अधिक समग्र कार्यकारी पूंजीगत सुविधाओं का उपभोग करने वाले ऋणकर्ताओं के मामले में, 1 अप्रैल 1988 से वहीं ऋणों पर मंजूर की गयी ऋण सीमाएं अंतर्देशीय ऋण बिक्रियों का वित्तपोषण करने के लिए इस प्रकार के ऋण कर्ताओं को मंजूर की गयी कुल ऋण सीमा के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगी। शेष ऋण आवश्यकताओं का वित्तपोषण मांग/मीयादी बिलों के माध्यम से किया जाता है। ऐसे मामलों, में जहां वहीं ऋणों पर नकदी ऋण/ओवरड्राफ्ट सुविधाओं के माध्यम से प्राप्त वित्तपोषण का अनुपात पहले ही 75 प्रतिशत से कम हो, वहां बैंकों को बिक्री के वित्तपोषण के मामलों के लिए अनुपात में वृद्धि की अनुमति नहीं देनी चाहिए। 1 अप्रैल 1987 से बैंकों को यह अनुमति दी गयी कि वे अन्तर्देशीय (इनलैंड) बिलों की सीमा में, 3 मास की अवधि के लिए, वर्तमान बिल सीमा के 10 प्रतिशत तक की तदर्थ वृद्धि उपलब्ध करा सकते हैं किन्तु शर्त यह है कि इस वृद्धि की उपरी सीमा एक करोड़ रुपए होगी यह सीमा 1 जुलाई 1987 से और बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए कर दी गयी है। यह अनुमति बैंकों में पहले ही से निहित अन्य विवेक शक्तियों के अतिरिक्त है। ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन आने वाले सभी ऋणकर्ताओं से यह अपेक्षित है कि वे 1 अप्रैल 1988 तक, उधार खरीदों से बिल स्वीकरण के अपने अनुपात को 25 प्रतिशत तक पहुंचा दें। जिन मामलों में यह अनुपात उक्त स्तर से नीचे हों, वहां बैंकों को अपने ग्राहकों से कहना चाहिए कि वे क्रमशः इस लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर प्रगति करें।

303. जून, 1987 में की गयी ऋण प्राधिकरण योजना की समीक्षा से ज्ञात हुआ कि यद्यपि प्राधिकरण योजना से काफी बड़ी मात्रा में वित्तीय अनुशासन आया है, फिर भी अनेक पार्टियों द्वारा इसका अनुपालन अपेक्षाओं से काफी कम है। ऋण सीमाओं की स्वीकृति और संवितरण में विलंबों

को कम करने के उद्देश्य से तथा विभिन्न अपेक्षाओं का अनुपालन करने वालों को प्रोत्साहन देने तथा अन्य ऋणकर्ताओं को अनुपालन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह निश्चय किया गया कि जो पार्टियां मोटे तौर पर निर्धारित अनुशासन का पालन करती हैं उनके साथ अनुपालन न करनेवाली पार्टियों की तुलना में भिन्न व्यवहार किया जाये।

304. तदनुसार, 1 जुलाई 1987 से बैंक, रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण के बिना ही निम्नलिखित बड़े ऋणकर्ताओं को अतिरिक्त स्वीकृत ऋण सीमाओं की संपूर्ण राशि प्रदान कर सकते हैं : (i) जो ऋण प्रदान करने की द्वितीय प्रणाली का अनुसरण करते हैं जिसमें 1.33:1 का न्यूनतम चालू अनुपात अपेक्षित है; (ii) जो निर्धारित तिमाही विवरण नियमित रूप से प्रस्तुत करते हैं और (iii) जो वस्तु सूची प्राप्यों के स्तर को निर्धारित मानदंडों/पिछले स्तरों के भीतर या अनुरूप बनाए रखते हैं। दूसरे इस प्रकार के ऋणकर्ताओं के बारे में जो उपर्युक्त (i) और (ii) अनुशासनों का तो अनुपालन करते हैं मगर वस्तु सूची और प्राप्य के विषय में पूर्णतः अनुपालन नहीं कर रहे हैं। बैंकों को यह विवेकाधिकार है कि मानदंडों में 20 प्रतिशत तक ढील दे। इस प्रकार के मामलों को भी परिवर्द्धित ऋण सीमाओं के संबंध में पूर्ण अनुमति के लिए रिजर्व बैंक को भेजने की आवश्यकता नहीं है। आशा है कि इन नियमों के कारण रिजर्व बैंकों को भेजे जाने वाले ऋण प्राधिकरण योजना के मामलों में लगभग 35 प्रतिशत की कमी आ जायेगी।

305. जिन मामलों को अभी भी रिजर्व बैंक के पास भेजना आवश्यक है, उनमें बैंकों द्वारा तीन महीने तक की वर्तमान अस्थायी निधि-सीमा को काफी बढ़ा दिया गया है और अब वे वर्तमान पैकिंग ऋण सीमा के 25 प्रतिशत और (पैकिंग ऋण से भिन्न) वर्तमान कार्यकारी पूंजी की सीमाओं के 10 प्रतिशत तक हो सकते हैं। इस विषयक समग्र सीमा अब तक के 2 करोड़ रुपये के बजाय 4 करोड़ रुपये होगी।

306. रिजर्व बैंक ने यह निर्णय किया है कि वह पूर्व प्राधिकरण के लिए आये सभी प्रस्तावों पर अपने निर्णय उन प्रस्तावों की प्राप्ति की तारीख के एक मास के भीतर दे देगा। बैंकों से कहा गया कि वे बड़ी ऋण सीमाओं के विषय में कार्रवाई करने के अपने तंत्र को मजबूत बनायें ताकि उनके बारे में निर्णय अनावश्यक विलंब के बगैर किये जा सकें।

307. जिन पार्टियों के बारे में रिजर्व बैंक का पूर्व प्राधिकरण अपेक्षित था उनके मामलों में की संख्या मार्च, 1986 के अंत के 843 से घटकर जून, 1986 के अंत तक 598 हो गयी। इस संख्या में यह कमी अप्रैल 1986 में निर्दिष्ट-सीमा (कट-आफ-प्वाइंट) को 4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6 करोड़ रुपये कर देने के कारण हुई। जून 1987 के अंत तक ऋण प्राधिकरण योजना की पार्टियों की संख्या बढ़कर 644 हो गयी। इन पार्टियों से संबद्ध कुल कार्यकारी पूंजीगत सीमाएं, जून 1987 के अंत में 19,647 करोड़ रुपये थीं, जिनमें सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का भाग 12,721 करोड़ रुपये अथवा 65 प्रतिशत था। जून 1987 के अंत में कुल ऋण सीमाओं का सुविधावार संवितरण इस प्रकार था : कार्यकारी पूंजीगत प्रयोजनों (पैकिंग ऋण सीमाओं और बिलों सहित) के लिए 93.3 प्रतिशत, सावधि बिल के लिए 5.6 प्रतिशत और आस्थगित अदायगी के आधार पर मशीनों की बिक्री के लिए 1.1 प्रतिशत।

बैंकों द्वारा संघीय व्यवस्था के अधीन ऋण प्रदान करना

308. संघीय व्यवस्था के अधीन बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने के संबंध में रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन में देखी गयी कमियों के कारण इन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए जून 1987 में नये निर्देश जारी किये गये। इन निर्देशों में बहु वित्त-पोषण प्रबंधों के अधीन अग्रणी बैंक के चुनाव के बारे में स्वतः निर्णय (ऑटोमेटीसिटी) की व्यवस्था है और इस प्रकार के अग्रणी बैंक द्वारा केन्द्रीय भूमिका निभाये जाने की कल्पना है। इन निर्देशों में निम्नलिखित बातें शामिल हैं : संघीय व्यवस्था में बैंकों की अधिकतम संख्या, जहां समग्र निधि के आधार पर किसी एक ऋणकर्ता को स्वीकृति किसी एक बैंक की ऋण सीमायें 100 करोड़ रुपये से अधिक होती हों, वहां संघ बनाने की आवश्यकता अग्रणी बैंकों द्वारा, अकेले स्वयं ही अथवा अगले नम्बर के बड़े वित्तपोषक बैंक के साथ मिलकर प्रस्ताओं का मूल्यांकन और, जहां आवश्यक हो, रिजर्व बैंक से प्राधिकरण प्राप्त करना और इसके लिए अन्य सदस्य बैंकों की मंजूरी की प्रतीक्षा न करना, बहुमत के आधार पर नये सदस्य/सदस्यों के प्रवेश निर्णय करने के बारे में बैंक अधिकारियों को अधिक विवेकाधिकार शक्तियां प्रदान करना, एक निर्दिष्ट समयावधि के भीतर निर्णयों को लागू करना, प्रलेखों को सरल बनाना, शर्तों और उपबंधों की एकरूपता और कारोबार, आय और गैर-निधि पर आधारित सुविधाओं के संबंध में सान्धिक हिस्सेदारी। बैंकों से कहा गया कि वे विशेष रूप से संवितरण, प्रलेखन आदि के लिए एक स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य (सिंगल विंडो एप्रोच) प्राप्त करने का प्रयास करें और इस संकल्पना को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने के लिए परिचालनात्मक मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करने के वास्ते एक समिति स्थापित की गयी है।

ऋणकर्ताओं पर वित्तीय अनुशासन लागू करने के उपाय

309. बैंकों से कहा गया कि वे ऐसी कंपनियों के बारे में जो कि बिना किसी न्याय संगत कारण के सावधि ऋणों की वापसी अदायगी में निरंतर व्यतिक्रम करती रही हैं, उनकी (आस्थगित अदायगी गारंटियों सहित) नयी परियोजनाओं अथवा विस्तार के लिए नये सावधि वित्त मंजूर करने के आवेदनों पर विचार न करें। जहां तक कार्यकारी पूंजीगत अपेक्षाओं का संबंध है, जहां बैंकों के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि संबद्ध इकाइयों के प्रबंधक-वर्ग कदाचार (मालप्रैक्टिसेज) अपना रहे हैं और इसीलिए देय राशियों की वापसी अदायगी में बराबर व्यतिक्रम कर रहे हैं, वे नयी मंजूरियां देने अथवा निधियां विमुक्त करने को रोक रख सकते हैं और यदि प्रबंधक-वर्ग को अपेक्षित वित्तीय अनुशासन का अनुपालन करने के लिए बाध्य करने के वास्ते आवश्यक हो तो उनके खातों के परिचालनों को अवरुद्ध कर सकते हैं या उन्हें बदलने के बारे में कार्रवाई कर सकते हैं।

310. ऋणकर्ताओं द्वारा भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा जैसी सांविधिक देय राशियों की अदायगी से संबद्ध बढ़ती हुई बकाया को ध्यान में रखते हुए बैंकों से अन्य बातों के साथ-साथ, कहा गया है कि वे ऋण सुविधाओं की स्वीकृति/नवीकरण/वृद्धि से संबद्ध आवेदन फार्मों में इस प्रकार से संशोधन करें कि यह सुनिश्चित हो सके कि सांविधिक देय राशियों के सम्बन्ध में सूचना उनमें स्पष्ट रूप से उभर कर आये।

राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थाओं और बैंकों के बीच समन्वय

311. वाणिज्य बैंकों और राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थाओं (अर्थात् राज्यों के वित्तीय, औद्योगिक विकास और निवेश निगमों) के बीच उपयुक्त समन्वयन स्थापित करने के उद्देश्य से बैंकों से यह कहा गया है कि वे कुछ अतिरिक्त उपाय करें। उद्देश्य यह है कि विलंब से बचा जाए और औद्योगिक इकाइयों के लिए बैंकों द्वारा कार्यकारी पूंजीगत सहायता उपयुक्त मात्रा में उपलब्ध करायी जाए। इन उपायों में ये शामिल हैं। संयुक्त अथवा साथ-साथ परियोजना मूल्यांकन, कार्यकारी पूंजीगत वित्त उपलब्ध कराने के संबंध में आरंभिक स्थिति में ही बैंकों द्वारा "सिद्धांत रूप से" वचनबद्धता और इकाइयों द्वारा उत्पादन आरंभ करने से कम से कम 3 महीने पहले बैंकों द्वारा कार्यकारी पूंजीगत ऋण सीमाओं की स्वीकृति। प्रभारों के धारणाधिकार के संबंध में पारस्परिक सहमति, वित्तीय संस्थाओं और बैंकों के बीच आवश्यक तालमेल स्थापित करना और शाखा स्तर पर अधिक व्यापक स्वीकृति की शक्तियां प्रत्यायोजित करना, आदि के मामले भी इनमें शामिल हैं।

विवादग्रस्त उत्पादन शुल्क और अन्य सांविधिक उपबंधों के बारे में कार्रवाई

312. कार्यकारी पूंजीगत आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के संबंध में विवादग्रस्त उत्पादन शुल्क और अन्य सांविधिक देयताओं से संबद्ध कार्रवाई के मामले की समीक्षा करके जून 1987 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को नये मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये । इनमें यह कहा गया कि विवादग्रस्त उत्पादन शुल्क देयता को आकस्मिक देयता दिखाकर अथवा तुलन पत्र में इसके बारे में टिप्पणी देकर इस देयता को, बैंक-वित्त की गणना के लिए, अनुमत चालू देयता नहीं माना जाएगा जब तक कि उसे वसूल न कर लिया गया हो अथवा ऋणकर्त्ता के खातों में उसके लिए व्यवस्था न कर दी गयी हो ।

चीनी उद्योग को अग्रिम

313. रिपोर्ट के भाग I में चीनी उद्योग को दिये जानेवाले अग्रिमों के विषय में नीतिगत परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है । ऋण खातों में वास्तविक आहरणों को मिलों के मासिक नकदी बजटों में प्रकट किये गये घाटे के आधार पर विनियमित किया जाना है । ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन आनेवाली अलग-अलग इकाइयों के लिए 1985-86 के मौसम के दौरान उनके द्वारा उपभुक्त अधिकतम राशि के 115 प्रतिशत (पश्चिम उत्तर प्रदेश की इकाइयों के मामले में 125 प्रतिशत) की सीमा से अतिरिक्त ऋण सीमाओं के बारे में निर्णय रिज़र्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण के अधीन होगा । ये मार्गदर्शी सिद्धांत सहकारी चीनी कारखानों के संबंध में गिरवी सीमाओं के बारे में राज्य सहकारी बैंकों को भी जारी किये गये ।

निर्यात ऋण

314 इस रिपोर्ट के भाग I में निर्यात ऋण पर ब्याज की दरें घटाए जाने का उल्लेख किया गया है । संशोधित ब्याज दरें नीचे लिखे अनुसार हैं :

	(1 अगस्त 1986 से लागू) प्रतिशत वार्षिक
पोतलदान पूर्व ऋण	
(i) 180 दिन तक	9.5
(ii) 180 दिन से अधिक और 270 दिन तक	11.5
(iii) नकद प्रोत्साहन आदि पर, जिन्हें ईसीजीसी गारंटी के अन्तर्गत शामिल किया गया है (90 दिन तक)	9.5
पोतलदानोत्तर ऋण	
(i) मार्गस्थ अवधि के लिए मांग बिल (भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ द्वारा यथा निर्दिष्ट)	
(ii) मीयादी बिल—180 दिन तक	
(iii) नकद प्रोत्साहन, शुल्क वापसी आदि, जो ईसीजीसी की गारंटी के अन्तर्गत सरकार से प्राप्य है (90 दिन तक)	9.5
(iv) अग्राहरित शेष राशियां (90 दिन तक)	
(v) धारण राशि पर (केवल आपूर्ति अंश के लिए), जो पोतलदान की तारीख से एक वर्ष के अंदर देय है (90 दिन तक)	
(vi) निर्यात ऋण जो अन्य प्रकार से निर्दिष्ट नहीं है (पहली अप्रैल 1987 से लागू)	14.0 से 15.5

315. वाणिज्य बैंकों से कहा गया कि मांग बिलों पर दिये गये अग्रिमों के मामले में, यदि वे बिल "सामान्य मार्गस्थ अवधि" के समाप्त होने से पूर्व वसूल हो जाते हैं तो अग्रिम देने की तारीख से इस प्रकार के बिलों की वसूली की तारीख तक रियायती दर पर ब्याज वसूल किया जाना चाहिए । यह दिसम्बर 1986 से प्रभावी होगा । बैंकों को ब्याज में सहायता केवल बिलों की वसूली तक की वास्तविक अवधि के लिए उपलब्ध होगी ।

316. बैंकों से जनवरी 1987 में यह भी कहा गया कि यदि पोतलदान पूर्व अग्रिम, उन अग्रिमों को मंजूर किये जाने के प्रारंभिक 180 दिन की अधिकतम अवधि के बाद भी 180 दिन तक निर्यात प्रलेख प्रस्तुत करके समंजित नहीं किये जाते हैं तो वे अग्रिम आरम्भ से ही निर्यातकर्त्ताओं के लिए रियायती दर पर ब्याज के पात्र नहीं रहेंगे । दूसरे शब्दों में, मूल अग्रिम की तारीख से यदि 360 दिन के भीतर निर्यात नहीं होता, तो बैंक अग्रिम के पहले दिन से ही निर्यात ऋण की उच्चतम सीमा तक ब्याज वसूल कर सकते हैं ।

आवास वित्त

317. 1986 के दौरान बैंकिंग प्रणाली द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले आवास वित्त की मात्रा 150 करोड़ रुपये पर अपरिवर्तित रही । इसके अतिरिक्त बैंकों से कहा गया कि वे आवास विकास वित्त निगम (हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनांस कार्पोरेशन--एच.डी.एफ.सी.) को (वार्षिक विनिधान में शामिल किये गये 10 करोड़ रुपये के अतिरिक्त) उसके आवास वित्त संबंधी कार्यों के वास्ते 10 करोड़ रुपये की और राशि उपलब्ध करायें । बैंकों को यह भी प्राधिकार दिया गया कि वे, संयोय आधार पर 150 करोड़ रुपये के समग्र विनिधान के भीतर, आवास और शहरी विकास निगम (हाउसिंग एंड अरबन डेवलपमेंट कार्पोरेशन--एच.यू.डी.सी.ओ.) को 50 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करायें, ताकि वह विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए चलायी जा रही अपनी आवास परियोजनाओं के निर्माण व्यय को आंशिक रूप से पूरा कर सके । एच.यू.डी.सी.ओ. और राज्य स्तरीय अन्य अभिकरणों को बैंकों द्वारा दी जानेवाली इस प्रकार की सीधी सहायता उस वित्त के अतिरिक्त होगी, जो उन्हें उनके गारंटीकृत बांडों और डिबेंचरों में अंशदान के रूप में उपलब्ध कराया गया था ।

318. जून 1986 में राष्ट्रीय आवास बैंक (नेशनल हाउसिंग बैंक) की स्थापना के प्रस्ताव की जांच के लिए भारत सरकार ने रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय दल स्थापित किया था । इस दल से यह भी कहा गया था कि वह आवास के लिए निधियां एकत्र करने के तरीके पर भी विचार करे । इसमें आवास वित्त संस्था के निर्माण के प्रयोजन के लिए किये जाने वाले उपयोग का निर्धारण भी शामिल हैं । इस दल ने सिफारिश की है कि विशेषीकृत आवास वित्त संस्थाओं का एक जाल निर्मित किया जाए, जिसके शीर्ष स्तर पर राष्ट्रीय आवास बैंक हो और इसकी स्थापना 100 करोड़ रुपये की प्रारंभिक शेयर पूंजी से की जाए, जिसे पूरी तरह रिज़र्व बैंक उपलब्ध कराये । राष्ट्रीय आवास बैंक की, जो कि एक सांविधिक निगम के रूप में स्थापित किया जा रहा है, प्राथमिक जिम्मेदारी यह होगी कि वह क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर विशेषीकृत आवास वित्त संस्थाएं स्थापित करें । ये संस्थाएं अतिरिक्त बचत राशियां जुटायेंगी और आवास निर्माण के लिए वित्त उपलब्ध करायेंगी । उक्त बैंक आवास के लिए संसाधन और ऋण जुटाने के लिए निधियों का निर्माण, आवास वित्त संस्थाओं के कार्य का विनियमन और साथ ही उनकी और आवास क्षेत्र के अन्य अभिकरणों की गतिविधियों का समन्वयन करेगा । वह आवास वित्त विषयक मध्यवर्ती संस्थाओं को वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा । राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना से संबंधित वैधानिक ढांचे को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

पट्टे पर देना

319. गत वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम में संशोधन के परिणामस्वरूप, रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति से वाणिज्य बैंकों को उपस्कर पट्टे पर देने (लीजिंग) के कारोबार के लिए सहयोगी बैंक स्थापित करने की अनुमति दी जा रही है। इस वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के दो बैंकों के और निजी क्षेत्र के एक बैंक के (इसी प्रकार के दो और बैंकों के साथ मिलकर), उपस्कर पट्टे पर देने के कारोबार के लिए सहयोगी बैंक स्थापित करने की तीन प्रस्तावों का अनुमोदन किया है ।

शेयरों और डिबेंचरों तथा सरकारी बांडों में निवेश और उनकी हामीदारी

320. वाणिज्य बैंकों को हामीदारी अथवा वाणिज्यिक बैंकिंग वायदों के माध्यम से मिलनेवाली निजी कंपनी क्षेत्र के शेयरों और डिबेंचरों को उनके अपने निवेश संविभाग में रखने की अनुमति दी गयी है । नवंबर 1986 में यह विनिर्दिष्ट किया गया था कि इस प्रकार के निवेश पिछले वित्तीय वर्ष की वृद्धिशील जमाराशियों के 1.5 प्रतिशत की सीमा तक सीमित रहने चाहिए । इन मार्गदर्शी सिद्धांतों को लागू करने के संबंध में लचीलेपन की भी अनुमति दी गयी है जिसके अनुसार कोई भी बैंक 1.5 प्रतिशत की सीमा पार करने पर इस प्रकार की अतिरिक्त राशि रखने के लिए रिजर्व बैंक से अनुमोदन का अनुरोध कर सकता है; अलग-अलग बैंक, सभी बैंकों की वृद्धिशील जमाराशियों के 1.5 प्रतिशत की समग्र सीमा के भीतर इस प्रकार की अतिरिक्त राशियां रख सकते हैं ।

321. मई 1987 में बैंकों से कहा गया कि सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के बांडों की कुल राशि को उनके निवेशों की राशि के साथ मिलाने पर यह किसी भी राजकोषीय वर्ष में उनके पिछले वर्ष की वृद्धिशील जमाराशियों के 1.5 प्रतिशत से अधिक न हो । किन्तु यदि कोई बैंक 1.5 प्रतिशत की इस सीमा का अतिक्रमण करे तो वह इसके कारणों को बताते हुए रिजर्व बैंक का अनुमोदन प्राप्त कर सकता है । यह सीमा राजकोषीय वर्ष 1987-88 से लागू होगी और निगमित क्षेत्र के शेयरों और डिबेंचरों के संबंध में सीमा के अलावा होगी ।

322. बैंकों से यह भी कहा गया है कि वे सरकारी क्षेत्र के बांडों अथवा निगमित क्षेत्र के शेयरों और डिबेंचरों की अपनी धारिताओं के संबंध में वापसी-खरीद (बाई-बैक) की व्यवस्था न करें । वापसी-खरीद के सौदे बैंकों द्वारा स्वयं अपने निवेश-संविभाग में वस्तुतः धारित सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूमियों तक ही पूरी तरह सीमित रहने चाहिये ।

रुग्ण औद्योगिक प्रतिष्ठान

323. इस रिपोर्ट के भाग I में रुग्ण इकाइयों की समस्या का उल्लेख किया गया है । जून 1986 के अंत में, उपलब्ध अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बैंकों द्वारा रुग्ण इकाइयों के रूप में निर्धारित इकाइयों की कुल संख्या 130,606 थी और उनकी कुल बकाया बैंक ऋण राशि 4,665 करोड़ रुपये थी । इनमें से 689 इकाइयां बड़ी रुग्ण औद्योगिक इकाइयां थीं अर्थात् ऐसी इकाइयां जो अलग-अलग बैंकिंग प्रणाली से एक करोड़ रुपये अथवा इससे अधिक की ऋण-सीमाओं का उपभोग कर रही थीं और उनकी कुल बकाया बैंक ऋण राशि 3,239 करोड़ रुपये थी। इसकी तुलना में जून, 1985 के अंत में ऐसी इकाइयों की संख्या 597 थी और उनकी बकाया राशि 2,655 करोड़ रुपये थी । उपर्युक्त 689 रुग्ण इकाइयों में से 598 इकाइयों के बारे में अर्थ-क्षमता अध्ययन पूरे कर लिये गये और इनमें से 374 इकाइयों की अर्थक्षमता की संभावना वाला माना गया तथा 230 इकाइयों को बैंकों के पोषण कार्यक्रम (नर्सिंग प्रोग्राम) के अधीन रख दिया गया । जून 1986 के अंत की स्थिति के अनुसार, लघु औद्योगिक क्षेत्र की रुग्ण इकाइयां 128,687 थीं और इनमें 1,184 करोड़ रुपये की बैंक वित्त फंसा हुआ था । इसकी तुलना में एक वर्ष पूर्व, इस प्रकार की इकाइयों की संख्या 97,890 थी और उनमें 955 करोड़ रुपये का बैंक वित्त अन्तर्ग्रस्त था । उपर्युक्त 128,687 इकाइयों में से 13,028 इकाइयों को बैंकों ने अर्थक्षमता की संभावना से युक्त पाया और 2,656 इकाइयों को अपने पोषण कार्यक्रम के अधीन ले लिया ।

वित्तीय संस्थाओं को भारतीय रिजर्व बैंक की सहायता

324. भारतीय रिजर्व बैंक ने 1986-87 (जुलाई-जून) के लिये राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 330 करोड़ रुपये की एक ऋण-सीमा की मंजूरी दी । यह ऋण-सीमा 15 वर्ष की अवधि के लिए है और इस पर ब्याज की दर 8 प्रतिशत प्रति वर्ष है । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने इस ऋण-सीमा का पूरा उपयोग कर लिया है । इसने इस वर्ष के दौरान 44.58 करोड़ रुपये की राशि की वापसी अदायगी की है और जून 1987 के अंत में, उक्त निधि से इसके ऋण की बकाया राशि 2,875 करोड़ रुपये थी । अगस्त 1986 में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 200 करोड़ रुपये की एक अल्पावधि ऋण-सीमा मंजूर की गयी थी (जो कि अक्टूबर 1986 के अंत तक वैध थी) किन्तु उसने इस ऋण-सीमा का उपयोग नहीं किया । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा भुनाये गये पात्र मियादी बिलों (यूजेंस बिलों) की जमानत पर भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को, 14 मई 1987 को, 300 करोड़ रुपये की एक नयी ऋण-सीमा मंजूर की गयी । यह ऋण-सीमा अगस्त 1987 के अंत तक वैध है ।

325. निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) को, 1986-87 के लिये, "राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि" से 85 करोड़ रुपये की एक ऋण-सीमा मंजूर की गयी । एक्जिम बैंक ने इस ऋण सीमा का पूरा उपयोग किया और 30 जून 1987 को उक्त निधि से उसके ऋणों की बकाया राशि 315 करोड़ रुपये थी ।

326. भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक को "राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि" से 1986-87 के लिए 15 करोड़ रुपये की एक ऋण सीमा मंजूर की गयी। उक्त बैंक ने इस ऋण सीमा का पूरा उपयोग किया और जून, 1987 के अंत में उक्त निधि से ऋण की बकाया राशि 25 करोड़ रुपये थी ।

327. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को 1987 के कैलेण्डर वर्ष के लिए 15 करोड़ रुपये की एक तदर्थ उधार सीमा स्वीकृत की गयी थी। इस निगम ने 30 जून, 1987 के अंत तक इस सुविधा का लाभ नहीं उठाया था ।

328. भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम (आई. सी. आई. सी. आई.) को 1986 के कैलेंडर वर्ष के लिए 15 करोड़ रुपये की एक तदर्थ ऋण-सीमा मंजूर की गयी थी, इसे 31 मार्च 1987 तक की अवधि के लिए और बढ़ाया गया । उक्त तारीख को इस ऋण-सीमा के अधीन कोई राशि बकाया नहीं थी । आई. सी. आई. सी. आई. को, इस बीच 20 करोड़ रुपये की एक नयी ऋण-सीमा मंजूर की गयी है जो 31 मार्च 1988 तक वैध है। 30 जून 1987 को इस विषयक बकाया राशि 20 करोड़ रुपये थी ।

329 इस वर्ष के दौरान, संबद्ध राज्य सरकार द्वारा गारंटीकृत तदर्थ बांडों की जमानत पर, रिजर्व बैंक ने 15 राज्य वित्तीय निगमों को उन अधिदेशों के मुताबिक कुल 55.20 करोड़ की नयी तदर्थ ऋण सीमाएं मंजूर कीं। ये ऋण-सीमाएं 25 जून, 1987 तक वैध थीं । इन ऋण सीमाओं के विषय में कोई राशि बकाया नहीं थी ।

330. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को, वर्ष 1986-87 के लिए 1,400 करोड़ रुपये की ऋण-सीमाएं मंजूर की गयीं ताकि वह, राज्य सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को पुनर्वित्त के रूप में अल्पावधि ऋण और अग्रिम उपलब्ध करा सके। इस ऋण सीमा के विषय में बकाया राशि की उच्चतम सीमा, 28 फरवरी, 1987 को 1,267 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी । जून, 1987 के अंत में इस ऋण व्यवस्था के अधीन 950 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी ।

बैंकों का निरीक्षण

331. भारतीय रिज़र्व बैंक में निहित शक्तियों के अधीन बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग द्वारा वाणिज्य बैंकों का निरीक्षण किया जाता रहा है।

332. समीक्षाधीन अवधि में सरकारी क्षेत्र के 29 बैंकों और भारतीय स्टेट बैंक के 12 स्थानीय प्रधान कार्यालयों और केन्द्रीय कार्यालय की वार्षिक वित्तीय समीक्षा आरंभ/पूरी की गयी।

333. इस अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र के 4 बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक के 13 स्थानीय प्रधान कार्यालयों और केन्द्रीय कार्यालय, निजी क्षेत्र के 17 बैंकों और 8 विदेशी बैंकों के वित्तीय निरीक्षण या तो आरंभ किये गये अथवा पूरे किये गये। इन निरीक्षणों के अलावा उक्त विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी विभिन्न शिकायतों/धोखाधड़ी/बैंकों/उनके कर्मचारियों के विरुद्ध आरोपों के अनेक मामलों की जांच की। इन क्षेत्रीय कार्यालयों में सरकारी क्षेत्र के ऐसे 7 बैंकों के अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभागों के सांविधिक निरीक्षण भी किये, जिनकी शाखाएं विदेशों में स्थित हैं।

देय राशियों की वसूली (सरकारी क्षेत्र के बैंक और वित्तीय संस्थाएं) विधेयक, 1985

334. सरकारी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की देय राशियों की वसूलियों से संबंधित विधेयक का प्रारूप, जिसमें बैंक ऋणों की वसूली से संबंधित मुद्दों पर ही अधिनिर्णय के लिए विशेष न्यायाधिकरण (स्पेशल ट्रिब्यूनल) स्थापित करने का प्रावधान है, भारत सरकार के विचाराधीन है।

ग्राहक सेवा

335. मार्च 1986 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों से कहा गया कि वे ग्राहक सेवा विषयक कार्यकारी दल की सिफारिशों की सीमा, प्रभावशीलता और कार्यान्वयन के बारे में सर्वेक्षण करें। यह बताया गया है कि बैंकों ने मोटे तौर पर इस कार्यकारी दल की अधिकांश सिफारिशों का कार्यान्वयन कर दिया है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों से यह कहा गया है कि वे 2,500 रुपये तक के बाहरी स्थान के चेकों और साथ ही सरकारी/अर्ध सरकारी निकायों द्वारा जारी किये गये वेतन के 2,500 रुपये के चेकों को तुरंत जमा दिखा दिया करें।

बैंकों में धोखाधड़ियां

336. जुलाई 1986 से अप्रैल 1987 तक की अवधि के दौरान 110 बैंक कार्यालयों में 21 धोखाधड़ियों/शिकायतों की जांच की गयी। इनके निष्कर्षों को सुधारात्मक कार्रवाई और कर्मचारियों के दृष्टिकोण से मामलों की जांच के लिए संबद्ध बैंकों को सूचित कर दिया गया। इन जांचों के निष्कर्षों को जहां कहीं आवश्यक था, सरकार के ध्यान में भी लाया गया।

337. सरकार और रिज़र्व बैंक देश में, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में, बैंक डकैतियों/लूट की बढ़ती हुई घटनाओं से बहुत चिंतित है। वर्ष 1986 में देश में बैंक डकैतियों/लूट की 110 घटनाएं हुईं जिनमें 395.34 लाख रुपये की रकम अंतर्ग्रस्त थी। इसकी तुलना में 1985 के दौरान इस प्रकार के 79 मामले हुए थे जिनमें 171.14 लाख रुपये की रकम अंतर्ग्रस्त थी। सुरक्षा उपायों के बारे में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किये गये और बैंकों से कहा गया कि वे कार्य योजनाएं बनायें तथा उनके कार्यान्वयन के बारे में तिमाही रिपोर्टें प्रस्तुत करें।

338. डकैतियों, लूटपाट की बढ़ती हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक समझा गया कि बैंकों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए और उन्हें मजबूत बनाने के उपाय सुझाए जाएं। तदनुसार बैंकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए रिज़र्व बैंक ने मार्च 1987 में एक समिति स्थापित की जिसमें सरकारी क्षेत्र के बैंकों, भारतीय रिज़र्व बैंक और सरकार के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। समिति की रिपोर्ट की जांच की जा रही है।

वाणिज्य बैंकों में सतर्कता तंत्र

339. सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों का एक सम्मेलन अप्रैल 1986 में आयोजित किया गया। सरकारी क्षेत्र के बैंकों को सतर्कता व्यवस्थाएं मजबूत करने के लिए किये जाने वाले विभिन्न उपायों से अवगत कराया गया। उनसे यह भी कहा गया कि वे विचाराधीन पड़े हुए अनुशासनिक मामलों का शीघ्रता से निपटान करें और सतर्कता विषयक प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता को अधिकतम स्तर तक पहुंचाने के बारे में अपने कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें।

चेक समाशोधन का कंप्यूटरीकरण

340. एम आई सी आर फार्मेट में बंबई, कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली पर आहरित अंतर-नगरीय चेकों का समाशोधन अब मध्यम गति के रीडर/सार्टर प्रणालियों और सेवा का उपयोग करके किया जाता है। इस नयी व्यवस्था के परिणामस्वरूप अब अंतर-नगरीय चेकों का एक सप्ताह के भीतर समाशोधन हो जाता है जबकि पहले इसमें चार सप्ताह तक लग जाते थे। 1987-88 के दौरान ग्राहकों द्वारा उपर्युक्त चार नगरों पर आहरित और अहमदाबाद, बंगलूर और हैदराबाद में जमा किये गये एम. आई. सी. आर. चेकों का समाशोधन भी उपर्युक्त योजना के अधीन किया जायेगा। स्थानीय समाशोधन चेकों की मशीनों द्वारा छंटाई और जांच के लिए बंबई और मद्रास में उच्च गति की रीडर/सार्टर मशीनें लगायी गयी हैं। उपर्युक्त दोनों केन्द्रों पर यह प्रणाली पूरी तरह परिचालन में आ गयी है। यह सुविधा 1987-88 में कलकत्ता और नई दिल्ली में लागू की जाएगी।

कार्यकारी दल/समितियां

341. राष्ट्रीय वित्त और ऋण परिषद् द्वारा दिसंबर 1986 में दिये गये सुझावों के अनुसरण में रिज़र्व बैंक ने जनवरी 1987 में एक कार्यकारी दल स्थापित किया जिसका उद्देश्य वित्तीय संस्थाओं की कार्यकारी सहित अथवा उसके बिना बैंकों द्वारा संघीय आधार पर रुग्ण और रुग्ण इकाइयों को दिये गये ऋणों की वर्तमान व्यवस्था की जांच करना, और उसके बारे में मानदंड निर्धारित करना है। इस कार्यकारी दल का निर्णय करने की प्रक्रिया को तीव्र बनाने और ऋणकर्ताओं को समय से और पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने की दृष्टि से उचित सिफारिशें भी करनी हैं। इस दल ने अपनी पहली रिपोर्ट मार्च 1987 में प्रस्तुत की जिसमें मुख्य रूप से रुग्ण और कमजोर औद्योगिक इकाइयों के संबंध में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं और वाणिज्य बैंकों के बीच समन्वयन की समस्याओं की जांच की गयी है।

342. इस दल की सिफारिशों के अनुसरण में जून 1987 में बैंकों को कारोबार निर्देश जारी किये गये जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, संघीय व्यवस्था में अग्रणी बैंक और दूसरे नंबर पर सबसे बड़े बैंक (या बहुविध-वित्तपोषण व्यवस्थाओं में दो प्रमुख बैंकों) द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका अदा किये जाने की कल्पना की गयी है। अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों का संबंध अर्थक्षमता विषयक अध्ययन और पुनः स्थापना विषयक पैकेज उपायों के कार्यान्वयन, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के बीच सूचना के आदान-प्रदान, संयुक्त समीक्षा, अनियमों को बाधा मानने के संबंध में संयुक्त कार्रवाई, बैंक अधिकारियों को और अधिक विवेकाधीन शक्तियां देने और स्टाफ की कार्यकुशलता बढ़ाने और प्रशिक्षण से है।

343. निर्यात वित्त संबंधी स्थायी समिति ने निर्यात ऋण के ब्याज दर ढांचे के अध्ययन के लिए एक समिति नियुक्त की थी। रिज़र्व बैंक द्वारा इस समिति की सिफारिशों की जांच की गयी और उनके बारे में अंतिम निर्णय किया जा रहा है।

344. रिज़र्व बैंक की 1985-86 की रिपोर्ट में रुग्ण लघु औद्योगिक इकाइयों के निर्धारण और पुनः स्थापन विषयक समस्याओं पर विचार करने के लिए एक समिति की नियुक्ति का उल्लेख किया गया था। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर बैंकों को मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये जिनमें रुग्ण इकाइयों के लिए पुनः स्थापना के एक मुख्य उपायों के अधीन उपयुक्त और गहन राहत उपायों की आवश्यकता और उन्हें

शीघ्रता से लागू करने पर बल दिया गया है। इन मार्गदर्शी सिद्धांतों में प्रारंभिक रुग्णता के कार्य-मूलक संकेतों की उदाहरण सूची भी शामिल की गयी है और रुग्ण इकाइयों को दी जा सकने वाली राहतों/रियायतों की सूची भी दी गयी है।

345. लघु औद्योगिक क्षेत्र को संस्थागत ऋण की उपलब्धता की समीक्षा विषयक स्थायी सलाहकार समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित सिफारिशें कीं :

346. राज्य सरकारों और लघु उद्योगों के विकास से संबद्ध संघों/संगठनों को औद्योगिक रुग्णता विषयक समस्याओं/कारणों के संबंध में लघु उद्योग इकाइयों के नमूना अध्ययन करने चाहिएं। ग्राहक सेवा केन्द्रों को लोकप्रिय बनाने के लिए उपाय किये जाने चाहिएं ताकि ऋणों की उपलब्धता में विलंब को कम किया जा सके और समन्वयन की समस्याएं हल की जा सकें।

347. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में लघु उद्योग क्षेत्र के वित्तपोषण के संबंध में व्यापक चर्चा के बाद उक्त समिति ने यह महसूस किया कि मूलभूत ढांचे की सुविधाएं विस्तृत करके और उद्यम विकास, कच्चे माल और संबद्ध निविष्टियों की पर्याप्त आपूर्ति के सुनिश्चय, टेक्नोलॉजी के समुन्नयन और पर्याप्त बाजार सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र की ऋण उपयोग क्षमता को क्रमशः बढ़ाया जाना चाहिए।

सहकारी बैंकिंग से संबंधित गतिविधियां

प्राथमिक सहकारी बैंकों की प्रगति

348. 30 जून, 1987 की स्थिति के मुताबिक देश में 1,359 प्राथमिक सहकारी बैंक थे, जिनमें से 1,262 शहरी सहकारी बैंक थे और 97 वेतनभोगियों की समितियां। जुलाई 1986 से जून 1987 के बीच की अवधि के दौरान 384 (नये और साथ ही पहले से मौजूद) बैंकों को बैंकिंग कारोबार शुरू करने और/अथवा चालू रखने के लाइसेंस जारी किये गये और इस प्रकार लाइसेंस प्राप्त प्राथमिक सहकारी बैंकों की कुल संख्या 845 हो गयी। प्राथमिक सहकारी बैंकों को चार विस्तार काउंटर और 9 शाखा कार्यालय खोलने की भी अनुमति दी गयी। सहकारी प्राथमिक बैंकों के प्रधान कार्यालयों सहित उनके कुल कार्यालयों की संख्या मार्च 1986 के अंत तक 2,995 से बढ़कर 31 दिसंबर 1986 को 3,059 हो गयी। राज्य सहकारी बैंकों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई और उनकी संख्या 8 बनी रही। लाइसेंसप्राप्त मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की संख्या में एक की वृद्धि हुई और दिसंबर 1986 के अंत में उनकी संख्या 36 हो गयी। 1986-87 के दौरान चार राज्य सहकारी बैंकों को 11 नये कार्यालय खोलने के लिए लाइसेंस जारी किये गये।

349. जुलाई 1986 से जून 1987 तक की अवधि के दौरान 386 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के निरीक्षण किये गये। वर्तमान प्राथमिक सहकारी बैंकों को लाइसेंस देने के मानदंडों की समीक्षा की गयी और संशोधित मानदंड तैयार किये गये। इसके अतिरिक्त बैंकों को लाइसेंस जारी करने के कार्य में शीघ्रता लाने के लिए 226 बैंकों की खाता बहियों की शीघ्रता से जांच और उनके परिचालनों के तरीकों का अध्ययन किया गया।

जमा और उधार दरें

350. रिपोर्ट के भाग I में वाणिज्य बैंकों की घरेलू, एफ. सी. एन. आर०और०एन० आर० ई० जमाराशियों पर लागू ब्याज दर ढांचे और उधार की ब्याज दरों में परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है। ये परिवर्तन उसी तारीख से सहकारी बैंकों पर भी लागू किये गये।

ऋण प्राधिकरण योजना

351. महत्वपूर्ण पक्षों से संबंधित 5 करोड़ रुपये से अधिक के खातों के संबंध में रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अधीन ऋण प्राधिकरण योजना को राज्य और केन्द्रीय सहकारी बैंकों पर लागू करने विषयक कार्य नाबार्ड द्वारा किये जाते हैं। जुलाई 1986 से जून 1987 तक की अवधि के दौरान रिजर्व बैंक के इस प्रकार के अनुमोदन की अपेक्षा वाले 4 प्रस्ताव नाबार्ड से प्राप्त हुए, जिसमें कुल 283 करोड़ रुपये की कार्यकारी पूंजी विषयक ऋण सीमा अंतर्ग्रस्त थी। जुलाई 1986 से जून 1987 तक की अवधि के दौरान 46.02 करोड़ रुपये की कुल राशि, ऋण प्राधिकरण योजना के अधीन अग्रिम के रूप में मंजूर करने का प्राधिकरण मांगते हुए 12 शहरी बैंकों से 66 प्रस्ताव प्राप्त हुए, 25.04 करोड़ रुपये की समग्र राशि के कुल 38 प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

पुनर्वित्त सुविधाएं

352. अनुमोदित कुटीर और लघु उद्योगों के 22 व्यापक समूहों की कार्यकारी पूंजीगत आवश्यक राज्यों का वित्तपोषण करने के लिए शहरी बैंकों को पुनर्वित्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। 1986-87 के राजकोषीय वर्ष के दौरान कुटीर और लघु उद्योग इकाइयों का वित्तपोषण करने के लिए 53 प्राथमिक सहकारी बैंकों की ओर से 6 राज्य सहकारी बैंकों को 29.91 करोड़ रुपये की समग्र राशि के लिए अल्पावधि ऋण सीमाएं स्वीकृत की गयीं। इसकी तुलना में पिछले वर्ष 24.61 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी थी।

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को ऋण

353. शहरी सहकारी बैंकों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को उनके ऋण, उनके कुल अग्रिमों के कम से कम 60 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच जाने चाहिएं, जिनमें से कम से कम 25 प्रतिशत समाज के कमजोर वर्गों के लिए होने चाहिएं। यद्यपि आरंभ में बैंकों से कहा गया था कि वे जून 1985 तक चरणबद्ध रूप से इस लक्ष्य को प्राप्त कर लें, किन्तु कुछ बैंक निर्धारित समय के भीतर यह लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके और उन्हें जून 1986 तक की समय वृद्धि दी गयी। यद्यपि छोटे शहरी सहकारी बैंकों ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, बड़े बैंकों का कार्य-निष्पादन संतोषजनक नहीं रहा।

स्थायी सलाहकार समिति

354. फरवरी 1987 में हुई शहरी सहकारी बैंकों विषयक स्थायी सलाहकार समिति की छठी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ, शहरी सहकारी बैंकों के विकास में राज्य सहकारी बैंकों की भूमिका, शहरी बैंकों के सांकेतिक (नॉमीनल) सदस्यों को वित्त प्रदान करने पर प्रतिबंधों और शहरी सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यालयों और अन्य महत्वपूर्ण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबद्ध मामलों पर भी विचार किया गया। इस समिति ने वर्तमान शहरी बैंकों को लाइसेंस जारी करने और कमजोर बैंकों की पुनः स्थापना के कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

समितियां और कार्यकारी दल

355. शहरी सहकारी बैंकों और ऋण समितियों के दिल्ली में हुए सम्मेलन में रिजर्व बैंक की घोषणा के अनुसरण में, रिजर्व बैंक के एक कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति स्थापित की गयी जिसका उद्देश्य उक्त सम्मेलन में पारित संकल्पों की जांच करना और उनके बारे में उपयुक्त सिफारिशें करना था। रिजर्व बैंक के अतिरिक्त समिति में शहरी सहकारी बैंकों और ऋण समितियों के राष्ट्रीय संघ, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रारों और भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था। इस समिति ने अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दे दिया है और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

356. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त "नाबार्ड-I ऋण परियोजना" के एक भाग के रूप में देश में कृषि ऋण व्यवस्था की व्यापक समीक्षा आरंभ करने के बारे में उल्लेख किया गया था। इस परियोजना में पहली जुलाई 1986 से 3 वर्ष की अवधि के वास्ते 3,750 लाख

ग्रमे. डालरों का कुल ऋण ग्रंतर्ग्रस्त है। यह सहायता कृषि में निवेश के लिए नाबार्ड के चालू ऋण पुनर्वित्त कार्यक्रम में सहभागिता के रूप में थी ताकि कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके और ऋण सुपुर्दगी व्यवस्था मजबूत हो सके। इस प्रयोजन के लिए गठित एक वरिष्ठ विशेषज्ञ दल, कृषि ऋण व्यवस्था को इस समय प्रभावित करने वाली प्रमुख समस्याओं और मुद्दों का मूल्यांकन करेगा और इस क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के कार्यक्रम के बारे में सिफारिशें करेगा।

357. गत वर्ष की रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्र को संस्थागत ऋण की उपलब्धता और संबद्ध विषयों की समीक्षा विषयक उच्च स्तरीय समिति का उल्लेख किया गया था। इस समिति ने मई 1987 में आयोजित अपनी चौथी बैठक में "उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बैंकिंग के विकास से संबंधित अध्ययन दल" की रिपोर्ट पर विशेष रूप से विचार किया। इस बैठक में उत्तर पूर्वी क्षेत्र के शीघ्र आर्थिक विकास पर विशेष रूप से जोर दिया गया। इस प्रयोजन के लिये, इस क्षेत्र को हर राज्य के वास्ते एक अलग टास्क फोर्स स्थापित करने का निर्णय किया गया। हर जिले में कम से कम एक ब्लॉक के विकास के लिये मार्गदर्शी (पायलट) आधार पर एक समन्वित योजना तैयार की जायेगी।

विदेशी मुद्रा और अन्य मामलों संबंधी गतिविधियां

रिजर्व बैंक द्वारा अमरीकी डालरों की बिक्री

358. रिजर्व बैंक ने 2 फरवरी 1987 से प्राधिकृत व्यापारियों को अमरीकी डालरों की बिक्री की योजना आरंभ की। इससे पहले रिजर्व बैंक केवल हाजिर आधार पर पौंड स्टर्लिंग का विक्रय कर रहा था, जबकि हाजिर और वायदा दोनों आधारों पर प्राधिकृत व्यापारियों से चार मुद्राओं, अर्थात् पौंड स्टर्लिंग, अमरीकी डालर, ड्यूश मार्क और जापानी येन की खरीद करता था। रिजर्व बैंक द्वारा डालर बेचने के निर्णय से अब बैंकों के लिये यह आवश्यकता समाप्त हो गयी है कि वे अमरीकी डालरों की अपनी जरूरतें पूरी करने के लिये पहले अंतर-बैंक बाजार या रिजर्व बैंक से पौंड स्टर्लिंग खरीदें और फिर विदेशी बाजार से उन्हें डालरों में परिवर्तित करायें। रिजर्व बैंक जिन दरों पर डालर बेचता है वे सामान्यतः उन दरों से बेहतर होती हैं, जो रिजर्व बैंक से पौंड स्टर्लिंग खरीद कर उस मुद्रा को विदेशों में अमरीकी डालरों में परिवर्तित कराने पर प्राधिकृत व्यापारियों को प्राप्त होती। अभी बंबई तक सीमित इस योजना का उद्देश्य यह है कि स्थानीय विदेशी मुद्रा बाजार के स्वस्थ विकास में सहायता दी जाय और साथ ही आयातकों को प्राधिकृत व्यापारियों से बेहतर दरें प्राप्त करने में मदद मिले। डालरों की खरीद की मात्रा की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है।

भारतीय कंपनियों के अनिवासी शेयरधारकों को लाभांशों का प्रेषण

359. 31 जुलाई, 1986 से पहले यदि किसी गैर-फेरा (नान एफ. ई. आर. ए.) कंपनी में अनिवासी शेयरधारकों द्वारा धारित ईक्विटी शेयर अंकित मूल्य में, कुल जारी ईक्विटी पूंजी के 25 प्रतिशत अथवा 5 लाख रुपये से अधिक न हो, तभी प्राधिकृत व्यापारी, रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति के बगैर, उन अनिवासी शेयर धारकों के लाभांशों का प्रेषण कर सकते थे। अनिवासी शेयरधारकों को लाभांशों के शीघ्र प्रेषण को सुविधाजनक बनाने के लिए, रिजर्व बैंक ने 31 जुलाई, 1986 से प्राधिकृत व्यापारियों को इस बात की सामान्य अनुमति प्रदान कर दी है कि वे सभी गैर-फेरा कंपनियों के अनिवासी शेयरधारकों के ईक्विटी शेयरों के लाभांशों का प्रेषण कर सकते हैं, चाहे अनिवासी शेयरधारकों द्वारा धारित ईक्विटी शेयरों का अंकित मूल्य अथवा जारी पूंजी से प्रतिशतता कुछ भी क्यों न हो। अब केवल फेरा (एफ. ई. आर. ए.) के आवेदनों को पूर्व अनुमति के लिये रिजर्व बैंक को भेजना आवश्यक है।

नयी निर्बंध विदेशी मुद्रा परमिट योजना

360. भारतीय रिजर्व बैंक और आई. टी. सी. की अलग-अलग परमिट योजनाओं के स्थान पर रिजर्व बैंक ने निर्यातकों के लिये एक ही व्यापक निर्बंध (ब्लैंकेट) विदेशी मुद्रा परमिट योजना की शुरुआत की। इस नयी योजना के मुख्य पहलू नीचे दिये गये हैं :

(1) अनुमोदित प्रयोजनों की सूची जिसके लिये निर्बंध परमिट धारक विदेशी मुद्रा प्राप्त कर सकते हैं उसमें पर्याप्त वृद्धि कर दी गयी है ताकि निर्यातक रिजर्व बैंक में बार-बार आवेदन करने से बच सकें।

(2) अनुमोदित प्रयोजनों के लिये विदेशी मुद्रा व्यय की निर्धारित मद्वार सीमा को या तो हटा दिया गया है या पर्याप्त रूप से बढ़ा दिया गया है ताकि निर्यातकों को काफी आजादी मिल सके।

(3) विनिमय पात्रताओं की मात्रा, निर्यातित माल के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के संदर्भ में वसूल किये गये विशिष्ट प्रतिशत से सम्बंधित रही है और उनका वर्गीकरण भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी उत्पाद सूचियों के अनुसार है।

अनिवासी भारतीयों द्वारा निवेश

361. अनिवासी भारतीयों को और अनिवासी भारतीयों द्वारा कम से कम 60 प्रतिशत तक की सीमा तक प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से धारित विदेशी निकायों को, भारतीय कंपनियों में पूंजी के प्रत्यावर्तन के लाभ और अन्य अर्जित आय का निवेश करने के वास्ते प्रोत्साहित करने की दृष्टि से उन्हें कुछ अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध करायी गयीं। इनमें ये शामिल हैं : (1) नए औद्योगिक उपक्रमों में ईक्विटी पूंजी में शत प्रतिशत तक के बड़े पूंजी निवेश, (2) "40 प्रतिशत योजना" के अधीन भारतीय जहाजरानी कंपनियों और कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के विकास में लगी कम्पनियों या तेल समन्वेषण (एक्सप्लोरिंग) सेवाओं के जारी किये गये नये निर्गमों में निवेश, (3) "40 प्रतिशत और 74 प्रतिशत योजनाओं" के अधीन "चिकित्सा निदान केन्द्रों (मेडीकल डाइग्नोस्टिक सेंटर्स) में निवेश, और (4) "40 प्रतिशत योजना" के अधीन निजी लिमिटेड कंपनियों में निवेश।

निर्यातों से संबद्ध विदेशी मुद्रा नियंत्रण क्रियाविधियों में ढील

362. निर्यातकर्ताओं को और शीघ्र सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से कुछ विदेशी मुद्रा नियंत्रण क्षेत्रों में प्राधिकृत व्यापारियों की प्रत्यायोजित शक्तियां 23 अप्रैल 1987 से उपयुक्त रूप से बढ़ा दी गयीं। इनमें ये शामिल हैं :

(1) गुणवत्ता, मात्रा आदि के दावों के कारण सभी नियमित निर्यात-कर्ता-ग्राहकों की ओर से निर्यात जहाजलदान के बीजक मूल्य में 10 प्रतिशत अथवा 10,000 रुपए की जो भी कम हो, कमी करने की अनुमति। इससे पहले प्राधिकृत व्यापारी इस प्रकार के आवेदनों पर तभी विचार कर सकते थे जब वे निर्बंध (ब्लैंकेट) परमिटवाले निर्यातकों से प्राप्त हुए हों।

(2) निर्यात उत्पादनों की "चयन" सूची में शामिल वस्तुओं के संबंध में संबद्ध निर्यात पोतलदान के संबंध में एक लाख रुपए तक और अन्य निर्यात उत्पादनों के पोतलदान के संबंध में 50,000/- रुपए तक की राशि कमीशन के रूप में भेजने अथवा उस कमीशन राशि को बीजक मूल्य में से घटाने की अनुमति बशर्ते कि जिन दरों पर कमीशन अदा किया जाए वे दरों की निर्धारित उच्चतम सीमा के भीतर हों :

(3) पोतलदानों के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 10 प्रतिशत तक अथवा 30,000 रुपए तक की राशि का, जो भी कम हो, निर्यात दावों के रूप में प्रेषण; और

(4) 5 करोड़ रुपए तक के मूल्यों वाली आस्थगित अदायगी की शर्तों पर इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात और विदेशों में टर्नकी/सिविल निर्माण ठेकों को पूरा करने के लिए बिड्स/आफर्स के बारे में प्रोबिड्स क्लियरेंस की मंजूरी। इस प्रकार के पोस्ट-बिड्स क्लियरेंस मंजूर करने के लिए एक्जिम बैंक को प्रत्यायोजित शक्तियां संबंधी मौद्रिक सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए कर दिया गया।

विदेशी तकनीशियनों की नियुक्ति

363. खराबी/आपातकालीन स्थितियों, आदि से निपटने के लिए विदेशी तकनीशियनों की नियुक्ति की, तीन महीनों की अवधि के लिए रिजर्व बैंक द्वारा अनुमति दी जा सकती है। एक तकनीशियन को प्रति दिन देय पारिश्रमिक की सीमा, 18 जुलाई 1986 से, 300 अमेरिकी डालर से बढ़ाकर 500 अमेरिकी डालर कर दी गयी है। फर्मों/कंपनियों को भी रिजर्व बैंक ने 25 मार्च 1987 से इस बात की सामान्य अनुमति प्रदान की है कि वे आयातित संयंत्र/उपकरण/मशीनरी कार्य के निर्माण या उसे चालू करने के कार्य और साथ ही निर्धारित शर्तों के अनुपालन के अधीन, सहयोगिता व्यवस्थाओं के अंतर्गत प्रदान किए गए वर्तमान संयंत्र/मशीनरी की खराबियों के लिए भी विदेशी विशेषज्ञों/तकनीशियनों की नियुक्ति के संबंध में रुपए में संबंधित खर्च उठा सकते हैं।

चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के निर्यात के लिए योजनाएं

364. भारत सरकार ने विदेशी क्रेताओं द्वारा आपूर्ति की गयी चांदी की अमानत पर चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के निर्यात के लिए 8 दिसंबर 1986 से एक नयी योजना प्रारंभ की। उक्त योजना के अधीन विदेशी क्रेताओं को वस्तुओं/आभूषणों के निर्माण के लिए अपेक्षित चांदी की निःशुल्क आपूर्ति करनी होगी ताकि भारत से चांदी का शुद्ध निर्यात न हो। आभूषणों और वस्तुओं (जड़ाऊ वस्तुओं सहित) के निर्यात की अनुमति केवल तभी होगी जबकि निर्यात में कम से कम 20 प्रतिशत "मूल्य योजित" व्यवस्था हो।

365. उसी दिन आरंभ की गयी दूसरी योजना के अधीन, चांदी से निर्मित आभूषणों और वस्तुओं (सिक्कों को छोड़कर) के निर्यात, चांदी की प्रतिपूर्ति के लाभ के हकदार होंगे बशर्ते कि वे सरकार द्वारा निर्धारित "मूल्य योजित" और अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति करें। उक्त योजना निर्यात के ऐसे आदेशों तक सीमित है जो अटल साख पत्र या सुपुर्दगी आधार पर नकद अदायगी या पूर्ण अग्रिम अदायगी द्वारा समर्थित हों।

परियोजना निर्यात

366. 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान परियोजना निर्यात से संबंधित कार्यकारी दल ने 3,702.81 करोड़ रुपए के कुल मूल्य के 107 प्रस्तावों का अनुमोदित किया। इनमें सिविल निर्माण ठेकों (1,464.54 करोड़ रुपए) के 23 प्रस्ताव, टर्नकी ठेका (1,747.21 करोड़ रुपए) के 11 प्रस्ताव, इंजीनियरी माल की आपूर्ति के लिए आस्थगित अदायगी ठेकों (168.44 करोड़ रुपए) के 10 प्रस्ताव और परामर्शदाता ठेकों (322.62 करोड़ रुपए) के लिए 30 प्रस्ताव शामिल हैं।

भारत में दौरे पर आये अनिवासियों के संबंध में आतिथ्य

367. रिजर्व बैंक ने भारत में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को 24 जुलाई 1986 से इस बात की सामान्य अनुमति प्रदान की है कि वह भारत से बाहर रहने वाले किसी भी व्यक्ति को जो भारत में दौरे पर हो, उसके दौरे की अवधि के दौरान, 2,000 रुपयों की अधिकतम सीमा तक आतिथ्य के तौर पर भारतीय रुपयों में अदायगी कर सकता है। इस सीमा को पुनः जून 1987 में 5,000 रुपयों तक बढ़ा दिया गया।

विदेशी कंपनियों का भारतीयकरण और विदेशी ईक्विटी कम करना

368. जून 1987 के अन्त में, विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम 1973 की धारा 29(2) के अन्तर्गत निर्दिष्ट सीमा तक अपेक्षित भारतीयकरण/विदेशी ईक्विटी की कमी के संदर्भ में 389 कंपनियों का अंतिम आदेश जारी किए गए। इनमें से 14 कंपनियां शामिल हैं जिन्होंने भारतीयकरण के बजाय अपनी गतिविधियों का समापन कर देने का विकल्प चुना। उक्त कंपनियों में से 368 कंपनियों ने उस तारीख तक विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) निदेशों का अनुपालन कर लिया है। शेष 21 कंपनियां अनुपालन की विभिन्न स्थितियों में हैं।

विदेशों में संयुक्त उद्यम

369. दिसम्बर 1986 के अन्त में, विदेशों में, 187 भारतीय संयुक्त उपक्रम थे। इनमें से 150 कार्य कर रहे थे और 37 कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में थे। दिसम्बर 1986 के अन्त में विदेशों के संयुक्त उद्यमों में भारतीय उद्यमियों की शेयर पूंजी का मूल्य 92 करोड़ रुपए के आसपास और कार्यान्वित होने की प्रक्रिया के अधीन संयुक्त उद्यमों में 18 करोड़ रुपए के आसपास था। भारत को प्रत्यावर्तित लाभांश की कुल राशि लगभग 11.57 करोड़ रुपए थी और तकनीकी जानकारी शुल्क, रायल्टी आदि के कारण प्रत्यावर्तन की राशि प्रायः 34.79 करोड़ रुपए तक पहुंच गयी। इन विदेशी परियोजनाओं के कारण भारत से कुल 161.63 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निर्यात संभव हुए हैं।

कार्यालयों का खोला जाना

370. 1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान भारतीय कंपनियों/फर्मों को विदेशों में 16 व्यापारिक और 24 गैर व्यापारिक कार्यालय खोलने की अनुमति दी गयी। 18 भारतीय कंपनियों/फर्मों को भी अनुमति दी गयी कि वे विभिन्न विदेशी केन्द्रों में अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति करें। उक्त अवधि के दौरान ही 63 विदेशी कंपनियों को भारत में नए संपर्क/प्रतिनिधि कार्यालय खोलने की अनुमति दी गयी। विशेष ठेकों को पूरा करने के लिए 21 परियोजना कार्यालय खोलने की अनुमति भी दी गयी।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

371. वर्ष के दौरान निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम ने जमा बीमा योजना और तीन ऋण गारंटी योजनाओं के परिचालन में खासी तरक्की की।

372. जुलाई 1986 से जून 1987 तक की अवधि के दौरान बीमाकृत बैंकों की संख्या 1,887 हो गयी जिसमें 83 वाणिज्य बैंक, 194 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 1,610 सहकारी बैंक शामिल हैं। जमा बीमा योजना में अब हरियाणा सहित जहां 1 जनवरी 1987 से योजना लागू हुई थी, 15 राज्यों और 3 संघ शासित क्षेत्रों के सहकारी बैंकों की जमा राशियां शामिल हैं। इन वर्षों में निगम ने क्रमशः 1,500 रुपए से लेकर 30,000 रुपए तक की जमाराशियों के लिए बीमा रक्षा उपलब्ध करायी है जिसके अंतर्गत 2,320 लाख से अधिक खाते आते हैं जो कुल जमा खातों के 98 प्रतिशत हैं। बीमाकृत जमा राशियां बढ़कर 62,878 करोड़ रुपए हो गयीं जो कि जून 1986 के अन्त में कुल निर्धारणीय कर योग्य जमा राशियों का 72.9 प्रतिशत थीं।

373. जुलाई 1986 से जून 1987 तक के वर्ष के दौरान लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 में हिस्सा लेने वाली ऋण संस्थाओं की संख्या 251 से बढ़कर 263 हो गयी। इनमें 71 वाणिज्य बैंक और 192 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल थे। सेवा सहकारी समिति गारंटी योजना, 1971 में हिस्सा लेने वाली संस्थाओं की संख्या 173 से बढ़कर 175 हो गयी। इनमें 57 वाणिज्य बैंक, 81 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 37 सहकारी बैंक शामिल थे। लघु ऋण (वित्तीय निगम) गारंटी योजना, 1971 में हिस्सा लेने वाले राज्य वित्तीय निगमों (राज्य औद्योगिक विकास निगमों सहित) की संख्या 20 पर अपरिवर्तित रही। जून 1987 के अन्त में लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984 में भाग लेने वाले प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 44 से बढ़कर 66 हो गयी। दिसम्बर 1986 के अन्त में उपयुक्त चारों योजनाओं के अन्तर्गत छोटे उधारकर्ताओं को दिये गये कुल गारंटीकृत अग्रिम 10,960 करोड़ रुपये हो गये जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं।

374. निगम की लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981 में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या जुलाई 1986-जून 1987 के दौरान 462 से बढ़कर 486 हो गयी। इनमें 69 वाणिज्य बैंक, 152 क्षेत्रीय ग्रामीण

ग्रामीण बैंक, 14 राज्य वित्तीय निगम; 8 अन्य राज्य विकास ऐजेंसियां और 243 सहकारी बैंक शामिल थे। लघु उद्योग क्षेत्र को दिये गए गारंटीकृत अग्रिम दिसम्बर 1986 के अन्त में 7,528 करोड़ रुपये हो गये जो कि वर्ष में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं।

375. जुलाई 1986-जून 1987 की अवधि के दौरान निगम को, छोटे उधारकर्ताओं सम्बंधी अपनी गारंटी योजनाओं के बारे में 199.52 करोड़ रुपये के लिये 8,52,227 दावे और लघु उद्योगों सम्बंधी योजना के बारे में 134.02 करोड़ रुपये के लिये 45,275 दावे प्राप्त हुए। इसी अवधि के दौरान कुल निपटान, छोटे उधारकर्ताओं के संदर्भ में 170.24 करोड़ रुपये के 6,93,865 दावे तथा लघु उद्योगों के संदर्भ में 94.99 करोड़ रुपये के 10,236 दावे रहा।

376. परिचालन क्षमता को बढ़ाने की दृष्टि से और दावों की बढ़ती हुई संख्या के निपटान में तेजी लाने के उद्देश्य से निगम निरन्तर क्रिया-विधियों का पुनरीक्षण करता रहा है और उन्हें सरल तथा कारगर बनाता रहा है। इस दिशा में निगम ने सभी गैर-औद्योगिक दावों का कम्प्यूटरीकरण कर लिया है जिससे दावों की प्राप्ति और निपटान के बीच की समय सीमा घटकर 10-12 सप्ताहों तक रह गयी है। निगम द्वारा परिचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार से पुनरीक्षण करने के लिये एक विशेषज्ञ समिति बनायी गयी है ताकि वह निगम के कार्यकलापों में और सुधार लाने के लिये सिफारिशें कर सके।

गैर-बैंकिंग कंपनियां चिट फंड अधिनियम, 1982

377. आलोच्य वर्ष के दौरान, चिट फंड अधिनियम 1982 के उपबंध मध्य प्रदेश और पांडिचेरी में लागू किये गये। इससे यह अधिनियम 13 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में लागू हो गया है। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, मेघालय, पंजाब, राजस्थान, बिहार और दिल्ली के राज्यों ने नियमों को अंतिम रूप दे दिया है और उनके द्वारा आगामी कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा जमाराशियां स्वीकार किया जाना

378. भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 में निहित अध्याय III ङ के उपबंधों को, जोकि गैर-निगमित कंपनियों द्वारा जमाराशियां स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगाने से सम्बंधित हैं, लागू करने के लिए अब तक 11 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों ने आवश्यक कदम उठाये हैं। उक्त अध्याय III ङ के उपबंधों के अंतर्गत रिजर्व बैंक के केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में बहुत-सी वित्तीय संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की है इनमें से बहुत सी संस्थाओं द्वारा उक्त उपबंधों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए दायर की गयी याचिकाओं पर अभी उच्चतम न्यायालय में सुनवाई नहीं हुई है।

गैर-बैंकिंग निगमित क्षेत्र में जमाराशियों की प्रवृत्ति

379. 31 मार्च 1986 की स्थिति के अनुसार, रिपोर्ट करने वाली 8,741 वित्तीय, गैर-वित्तीय और विविध गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा रखी गयी कुल जमाराशियां 18,072 करोड़ रुपये की थी, जबकि मार्च 1985 में रिपोर्ट करनेवाली 7,508 कंपनियों के पास 16,140 करोड़ रुपये की जमाराशियां थीं। इसी अवधि के दौरान जमा खातों की संख्या 124.1 लाख से बढ़कर 159 लाख हो गयी। विनियमित जमाराशियों में 451 करोड़ रुपये और छूटप्राप्त जमाराशियों में, 1,480 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। गैर-वित्तीय कंपनियों के पास रखी विनियमित जमा-राशियां उनके पास रखी हुई कुल शुद्ध स्वाधिकृत निधियों की 16.8 प्रतिशत थीं और इस प्रकार वे 35 प्रतिशत की सांविधिक उच्चतम सीमा से काफी कम थीं। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा धारित विनियमित जमाराशियां भी निर्धारित उच्चतम सीमा के भीतर ही रहीं। 31 मार्च 1986 को गैर-बैंकिंग निगमित क्षेत्र में विनियमित जमाराशियां 3,266 करोड़ रुपये थी जो कि सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा धारित कुल जमाराशियों का 3.8 प्रतिशत थी, जबकि मार्च 1985 में यह प्रतिशत 3.9 था। 1985-86 के दौरान गैर-बैंकिंग कंपनियों के पास रखी विनियमित जमाराशियों की वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी जबकि अनु-सूचित वाणिज्य बैंक जमाराशियों के संदर्भ में यह वृद्धि दर 18.1 प्रतिशत थी। मार्च 1985 और 1986 के अन्त में विभिन्न श्रेणियों की कंपनियों के पास रखी जमाराशियों के ब्यौरे नीचे सारणी में दिये गये हैं।

करेंसी चेस्ट

380. मार्च 1987 के अन्त में करेंसी चेस्टों की कुल संख्या (489 रिपाजिटरियों को छोड़कर) 3,636 थी। इनमें से 17 करेंसी चेस्ट रिजर्व बैंक के पास, 2,672 भारतीय स्टेट बैंक समूह के पास, 556 राष्ट्रीयकृत बैंकों के पास, 386 खजानों/उप खजानों के पास तथा 5 जम्मू और कश्मीर बैंक लि. के पास थे।

गैर-बैंकिंग निगम क्षेत्र के संबंध में जमा वृद्धि (करोड़ रुपये)

	1984-85		1985-86*	
	रिपोर्ट देने वाली कम्पनियां	राशि	रिपोर्ट देने वाली कम्पनियां	राशि
1	2	3	4	5
कुल जमाराशियां				
जिनमें से	7,508	16,140	8,741	10,072
(1) नियमित जमाराशियां	—	2,815	—	3,266
(2) छूटप्राप्त जमाराशियां	—	13,325	—	14,806
क. निम्नलिखित के पास जमाराशियां				
(1) सरकार/कम्पनियां	55	8,923	56	10,029
	(0.7)	(55.3)	(0.7)	(55.5)
(2) सार्वजनिक लि० कम्पनियां	2,516	5,617	2,823	6,756
	(33.5)	(34.8)	(32.3)	(37.4)
(3) निजी लि. कम्पनियां	4,937	1,600	5,861	1,287
	(65.8)	(9.9)	(67.0)	(7.1)

1	2	3	4	5
आ. निम्नलिखित के पास जमाराशियां				
(1) वित्तीय कम्पनियां	4,134 (55.1)	3,914 (21.3)	4,995 (57.1)	4,276 (23.6)
(2) गैर वित्तीय कम्पनियां	2,510 (33.4)	11,784 (73.0)	2,680 (30.7)	13,113 (72.6)
(3) विविध गैर-बैंकिंग कम्पनियां	861 (11.5)	442 (2.7)	066 (12.2)	689 (3.8)

कोष्ठकों में आंकड़े रिपोर्ट करने वाली कुल कम्पनियों और कुल जमाराशियों, जैसी भी स्थिति हो, के प्रतिशत दर्शाते हैं।

* अनन्तिम

381. आलोच्य वर्ष के दौरान, करेंसी चेस्टों की शेष राशियों को अधिक अच्छी सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से बहुत से दूरगामी निर्णय किये गये। 26 फरवरी, 1987 से एक वर्ष की अवधि के लिये नये करेंसी चेस्ट/रिपॉजिटरी खोलने पर रोक लगा दी गयी ताकि करेंसी चेस्टों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को समेकित करने के लिये इस अन्तराल की अवधि का उपयोग किया जा सके। यह भी निर्णय किया गया कि पंजाब में 51 करेंसी चेस्ट/रिपॉजिटरी बंद कर दिये जाएं जिनमें से 43 को बंद किया जा चुका है।

संगठनात्मक मामले और रिज़र्व बैंक के लेखे

मशीनीकरण/कम्प्यूटरीकरण

382. वर्ष के दौरान, कानपुर और कलकत्ता के समाशोधन गृहों के परिचालनों को व्याप्त करने के लिए वहां मिनी-कम्प्यूटर स्थापित करने का कार्य पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही, आठ समाशोधन-गृहों अर्थात अहमदाबाद, बंगलूर, बम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, कानपुर, मद्रास और नई दिल्ली में परिचालन कार्य, कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। 1987-88 के दौरान शेष छः केन्द्रों में अर्थात भुवनेश्वर, गुवाहाटी, जयपुर, नागपुर, पटना और तिरुवनन्तपुरम में भी, जहां समाशोधन गृहों का प्रबन्ध रिज़र्व बैंक के पास है, कम्प्यूटरीकरण की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी।

383. चार निर्गम कार्यालयों, अर्थात अहमदाबाद, भायखला, नागपुर और नयी दिल्ली में अब मिनी-कम्प्यूटर कार्यरत हैं; आगामी वर्ष में नौ और केन्द्रों के इसी प्रकार कम्प्यूटरीकृत होने की संभावना है। वर्ष के दौरान वित्तीय कम्पनी विभाग के बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय में एक मिनी-कम्प्यूटर प्रणाली स्थापित की गयी। रिज़र्व बैंक के लिए दो दूर संचार नेटवर्क विकसित करने में पर्याप्त प्रगति की गई है और आशा है कि टेलीप्रिंटर नेटवर्क 1987-88 में चालू हो जाएगा।

384. एडवान्स्ड लेजर पोस्टिंग मशीनें प्रारम्भ में बम्बई में स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है। सरकारी लेखा विषयक कार्य-दल की सिफारिशों पर रिज़र्व बैंक, सरकारों के परम्परागत लेखों और विभागीकृत मंत्रालयों के लेखों के अतिरिक्त, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से नागपुर में लेनदेनों के समेकन और निपटान के कम्प्यूटरीकरण के लिए सहमत हो गया है।

रिज़र्व बैंक में प्रणालियों और क्रियाविधियों का अध्ययन

385. अक्तूबर, 1986 में रिज़र्व बैंक ने बैंक के भीतर प्रचलित पद्धतियों और क्रियाविधियों की गहराई से जांच का कार्य बाहर के परामर्शदाताओं अर्थात मेसर्स मेनेजमेन्ट स्ट्रक्चर्स एण्ड सिस्टम्स लिमिटेड को सौंपा। यह संगठन एक वर्ष की अवधि के भीतर सात प्रमुख विभागों का अध्ययन करेगा और ग्राहक सेवा में सुधार को सुविधाजनक बनाने, शीघ्र निर्णय लेने तथा कार्य के बेहतर अन्तर-विभागीय समन्वयन की दृष्टि से अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा। छः विभागों का अध्ययन पूरा हो चुका है और इसकी सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए संबंधित विभाग उनकी जांच कर रहे

बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, बम्बई

386. बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय ने वर्ष के दौरान अनेक कार्यक्रम संचालित किये, जैसे- कम्प्यूटरीकरण (पद्धति विश्लेषण), वाणिज्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कम्प्यूटर मूल्यांकन, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिकारियों के लिए कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, संकाय विकास (कम्प्यूटरों पर), विदेशी मुद्रा व्यापार के लिए सांविधिक ढांचा (फ्रेमवर्क), बाह्य वाणिज्यिक उधार, चयनित उद्योगों के लिए बैंक वित्त, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग पर आधार पाठ्यक्रम, ई०डी०पी० ऑडिट और कन्ट्रोल तथा विदेश स्थित कार्यालयों में भी तैनात किये जाने वाले सरकारी क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों के लिए कार्यक्रम इत्यादि। वर्ष के दौरान, महाविद्यालय ने 95 कार्यक्रम सञ्चालित किये जिनमें 2,383 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। 1954 में महाविद्यालय की शुरुआत से लेकर आलोच्य वर्ष के अन्त तक कुल 33,210 सहभागियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। वाणिज्य बैंक महाविद्यालयों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र लेने के लिए अपने संकाय सदस्यों की प्रतिनियुक्ति के निवेदन पर इस महाविद्यालय ने उन्हें संकाय सहायता उपलब्ध कराना जारी रखा। वर्ष के दौरान इस महाविद्यालय ने सामान्य बैंकिंग पर दो कार्यक्रम और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को वित्त पर एक कार्यक्रम हिन्दी माध्यम से संचालित किये।

रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, मद्रास

387. विभिन्न विभागों के ग्रेड "ए" से लेकर ग्रेड "सी" के अधिकारियों की नियमित प्रशिक्षण आवश्यकताओं का प्रबन्ध करने के अलावा, इस महाविद्यालय ने कार्यपालक स्वास्थ्य, वार्षिक वित्तीय समीक्षा, कम्प्यूटर मूल्यांकन, भारत में अनिवासी निवेश और वरिष्ठ अधिकारियों के लाभार्थ लेन-देन संबंधी विश्लेषण पर कुछ विशेष कार्यक्रम संचालित किये। वर्ष के दौरान महाविद्यालय में शुरू किये गये नये कार्यक्रमों में निरीक्षण विभाग/क्षेत्रीय लेखा-परीक्षा कक्ष के अधिकारियों के लिए कार्यक्रम। नोट वापसी नियमावली पर कार्यशाला, निधियों और निवेश संविभाग का प्रबन्ध, कम्प्यूटर बेसिक्स और प्रबन्ध पर कार्यक्रम, ऋण और कार्य-निष्पादन बजटिंग, सरकारी लेन-देन और लेखा प्रणाली तथा सुरक्षा प्रबन्ध और प्रोटोकोल, शहरी सहकारी बैंकों के संबंध में संशोधित फार्मेट लागू करने, रिकार्ड ऑफ फाइंडिंग्स, निरीक्षण रिपोर्टों इत्यादि पर कार्यशाला शामिल है। महाविद्यालय द्वारा संचालित कुछ कार्यक्रमों में भूटान, बोटसवाना, केन्या, मालावी, मलावी, सूडान और तंजानिया के केन्द्रीय बैंकों के सहभागियों ने भाग लिया। वर्ष के दौरान इस महाविद्यालय ने 104 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया; जिनमें 2,277 सहभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय की स्थापना से लेकर आलोच्य वर्ष के अन्त तक 20,693 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे

388. वर्ष के दौरान इस महाविद्यालय ने 84 नियमित कार्यक्रम, एक बाहरी (आउटस्टेशन) कार्यक्रम और तीन सेमिनार/विशेष कार्यक्रम संचालित किये। नियमित कार्यक्रमों में विश्व बैंक की आर्थिक विकास संस्था, वाशिंगटन और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित ग्रामीण वित्त पर एक कार्यक्रम और वर्ष के दौरान प्रारंभ किये गये नये कार्यक्रम, जैसे, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई०ए०एस०) अधिकारियों के लिए प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों को ऋण पर कार्यक्रम, और बंजर भूमि विकास तथा सामाजिक और अन्य वन्य परियोजनाओं के वित्तपोषण पर कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषीतर क्षेत्र गतिविधियों का वित्तपोषण, शुष्क भूमि परियोजनाओं का वित्तपोषण और तिलहन एवं दलहन का उत्पादन और ग्रामीण ऋण प्रणाली पर सेमिनार शामिल हैं। वर्ष के दौरान महाविद्यालय द्वारा संचालित 88 कार्यक्रमों में 2,324 अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रकार महाविद्यालय की स्थापना से लेकर आलोच्य वर्ष के अन्त तक सहभागियों की संख्या बढ़कर 28,637 हो गयी।

आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र

389. बैंक के भायखला (बम्बई), कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली स्थित आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों ने बैंक के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का प्रबन्ध करना जारी रखा। नियमित कार्यक्रमों के अतिरिक्त, आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों ने अधिकारियों के रूप में पदोन्नति हेतु परीक्षा में बैठने वाले लिपिकों के लिए तैयारी पाठ्यक्रम संचालित किये। लिपिक के रूप में पदोन्नति की परीक्षा के लिए तैयारी करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे गये। सुरक्षा व्यवस्था पर समिति की सिफारिशों के अनुसार भायखला स्थित आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र ने सुरक्षा जानकारी के पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए एक पायलट कार्यक्रम का संचालन किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इन चार केन्द्रों पर, 1,873 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों और 325 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे इन प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना से लेकर वर्ष के अन्त तक इनकी कुल संख्या बढ़कर क्रमशः 31,818 और 1,417 हो गयी।

वाणिज्य बैंकों में प्रशिक्षण

390. पिछले वर्ष लागू की गयी वाणिज्य बैंकों में प्रशिक्षण की तीन योजनाओं के अन्तर्गत, 3 वरिष्ठ अधिकारियों ने आंतरिक निरीक्षण/लेखा-परीक्षा विभागों सहित प्रमुख विभागों के गहन परिचय के साथ, बैंकों के नियंत्रण/प्रधान कार्यालयों में, आलोच्य वर्ष के दौरान अपना प्रशिक्षण पूरा किया। 39 अधिकारी सरकारी क्षेत्र के बैंकों की ग्रामीण और शहरी शाखाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

भारत और विदेश में प्रशिक्षण हेतु स्टाफ की प्रतिनियुक्ति

391. बैंक ने 263 अधिकारियों को भारत की प्रतिष्ठित प्रबंध संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों और सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया। बैंक के अन्य 29 अधिकारियों को विदेशों की बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं में प्रशिक्षण और अध्ययन दौरे के लिए प्रतिनियुक्त किया गया, जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, स्विट्जरलैण्ड, पश्चिम जर्मनी और जापान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के अधिकारियों में आर्थिक सिद्धांत और भारतीय अर्थशास्त्र में समस्याओं के प्रति उनकी समझ के दायरे में वृद्धि करने, तथा व्यावहारिक अर्थशास्त्र में अनुसंधान के लिए पर्याप्त विश्लेषणात्मक कुशलता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से रिज़र्व बैंक ने वर्ष के दौरान दो अधिकारियों को व्यावहारिक अर्थशास्त्र में एम-फिल पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिये सेन्टर फॉर डेवलपमेन्ट स्टडीज़, त्रिवेन्द्रम में प्रतिनियुक्त किया।

392. रिज़र्व बैंक के स्वर्ण जयन्ती समारोह के एक भाग के रूप में बैंक के अधिकारियों को एक वर्ष की अवधि के लिए विदेश में उच्चतर अध्ययन के वास्ते छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना बनायी गयी थी। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1986 के लिए चार अधिकारियों का चयन करके उन्हें उच्चतर अध्ययन के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रतिनियुक्त किया गया। वर्ष 1987 के लिए चार और अधिकारी चुने गये हैं।

कम्प्यूटर टेक्नॉलॉजी में प्रशिक्षण

393. बैंक की कम्प्यूटरीकरण और मशीनीकरण योजना के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन तथा कम्प्यूटर टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने के अभिप्रेरणा मूल्यांकन के लिए बैंक ने कम्प्यूटर के क्षेत्र में अर्हता प्राप्त करने के वास्ते एक प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना के अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के कर्मचारी और सभी अधिकारी किसी भी अनुमोदित संस्थाओं में कम्प्यूटर क्षेत्र में अल्पावधि डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम ले सकते हैं। पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर उन्हें उस पाठ्यक्रम के लिए अदा किये गये शिक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति के अलावा 500 रुपये का मानदेय प्रदान किया जायेगा।

विदेशी बैंकों के अधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी प्रशिक्षण सुविधाएं

394. विदेशी केन्द्रीय और वाणिज्य बैंकों से विशेष अनुरोध प्राप्त होने पर वहां के सहभागियों को प्रशिक्षण और अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करने की योजना के अन्तर्गत, वर्ष के दौरान 58 विदेशी प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण सुविधाओं का लाभ उठाया। इनमें 11 श्रीलंका से, 8 इथियोपिया से, 7-7 नेपाल, सूडान और तंजानिया से, 4 भूटान से, 2-2 केन्या सोमालिया, गाम्बिया और बोट्सवाना से और 1-1 मलावी, थाइलैण्ड मॉरिशस, मलेशिया, युगाण्डा और मिश्र से थे।

नियोक्ता कर्मचारी संबंध

395. बैंक में औद्योगिक संबंध-वातावरण कुल मिलाकर शान्तिपूर्ण रहा और सभी संघ/यूनियनों के साथ संबंध सामान्यतया सौहार्दपूर्ण रहे। वर्ष के दौरान मान्यताप्राप्त तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी संघों के साथ समाधान बैठकें रखी गयीं और कामगार कर्मचारियों से संबंधित कुछ मुद्दों के संतोषजनक हल निकाले गये।

396. बेहतर आपसी समझ को बढ़ावा देने की दृष्टि से गवर्नर और ऑल इण्डिया रिज़र्व बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के महासचिव और अन्य पदाधिकारियों के बीच एक बैठक रखी गयी। कतिपय महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे, रिज़र्व बैंक की भूमिका और दायित्व तथा इसमें कर्मचारियों की सहभागिता, बैंक की क्षमता और ग्राहक सेवा तथा बैंक में औद्योगिक संबंधों की स्थिति में सुधार पर इस बैठक में चर्चा की गयी। रिज़र्व बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और ऑल इण्डिया रिज़र्व बैंक स्टाफ ऑफिसर्स एसोसिएशन के साथ नवम्बर 1986 में संयुक्त परामर्शदात्री समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान अधिकारियों के लिए सुविधाओं में कुछ सुधारों की घोषणा की गयी।

397. अप्रैल 1987 के दौरान आयोजित प्रबन्धकों और केन्द्रीय कार्यालय विभागों के अध्यक्षों के वार्षिक सम्मेलन के दौरान शाखा/क्षेत्रीय कार्यालयों और केन्द्रीय कार्यालय से संबंधित मुद्दों जैसे औद्योगिक संबंधों की समीक्षा, अनुशासन और समय की पाबंदी सुरक्षा, प्रबन्ध और कम्प्यूटरीकरण/मशीनीकरण की प्रगति पर चर्चा की गयी।

398. वर्ष के दौरान बैंक ने सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए चिकित्सा प्रावधान के संबंध में एक नई योजना लागू की और इसके लिए पहली जनवरी 1987 से प्रभावी "रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया मेडिकल असिस्टेन्स फंड" का गठन किया। इस योजना/निधि, जो कि अंशदायी योजना है, का उद्देश्य सेवारत कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों (पति/पत्नी और आश्रित बच्चे) तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके पति/पत्नी के भारत में इलाज हेतु ऑपरेशन/गंभीर बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होने के संबंध में किये गये चिकित्सा-व्यय के एक भाग की पूर्ति के वास्ते वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस निधि के अन्तर्गत,

सेवारत कर्मचारियों को उपलब्ध सहायता, बैंक की सामान्य चिकित्सा सुविधा योजना के अन्तर्गत स्वीकार्य प्रतिपूर्ति से अधिक होगी। इस निधि की सदस्यता ऐच्छिक है तथा बैंक का कोई भी पूर्णकालिक कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित दरों पर अंशदान चुकाकर इसका सदस्य बन सकता है। निधि के प्रारम्भिक संग्रह के लिए रिजर्व बैंक ने 15 लाख रुपये का अंशदान दिया है।

अनुसूचित जातियों/जनजातियों का प्रतिनिधित्व

399. 1 जनवरी 1987 की स्थिति के अनुसार बैंक में श्रेणी IV में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों की कुल संख्या क्रमशः 1,860 और 528, श्रेणी III में 1,881 और 872 और श्रेणी I में 355 तथा 76 थी। 1986 के दौरान बैंक में सेवा की विभिन्न श्रेणियों में सीधी भर्ती के ब्यौरे और कुल भर्ती में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व के ब्यौरे के नीचे दिये गये हैं।

श्रेणी	भर्ती किये गये उम्मीदवारों की कुल सं.	जिनमें से		कुल में प्रतिशत	
		अनु. जाति	अनु. जनजाति	अनु. जाति	अनु. जनजाति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
श्रेणी I	72	12	8	16.7	11.1
श्रेणी III	708	121	48	17.1	6.8
श्रेणी IV					
(i) श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर	222	69	22	31.1	9.9
(ii) सफाई कर्मचारी	27	3	—	11.1	—

भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार

400. 1986 के दौरान, श्रेणी III में 730 रिक्तियों में से 106 और श्रेणी IV में 295 रिक्तियों में से 72 को, आरक्षण की निर्धारित दरों पर, भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रखा जाना था, इनमें से क्रमशः 61 और 36 रिक्ति वास्तव में भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भरी गयीं। दिसम्बर 1986 के अन्त में श्रेणी III और श्रेणी IV में भूतपूर्व सैनिकों की कुल संख्या क्रमशः 596 और 908 थी। हाल ही में बैंक ने, पदोन्नति की ऐसी योजना के लिए जहां न्यूनतम-पात्रता मानदण्ड के रूप में सेवा के कुछ वर्ष निर्धारित किये हैं, श्रेणी III और श्रेणी IV में भर्ती किये गये ऐसे भूतपूर्व सैनिकों कर्मचारियों को, जिन्होंने बैंक में कम से कम तीन वर्ष की वास्तविक सेवा पूरी कर ली है, रक्षा सेवा के लिए वेटेज देने का निर्णय किया है। तदनुसार, श्रेणी III और श्रेणी IV में भर्ती किये गये ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो पांच वर्ष तक रक्षा सेवा में रहे हों, उन्हें एक वर्ष की सेवा का लाभ मिलेगा और जो दस वर्ष अथवा अधिक रहे हों उन्हें, अखिल भारतीय मेरिट टेस्ट के अन्तर्गत स्टाफ अधिकारी ग्रेड "ए" के पद पर पदोन्नति के लिए, और पदोन्नति के अवसरों की योजना के अन्तर्गत श्रेणी III में प्रमोशन के लिए अधिकतम दो वर्ष का लाभ मिलेगा। यह लाभ बैंक में सेवा की संपूर्ण अवधि के दौरान पदोन्नति की केवल एक योजना के लिए स्वीकार्य होगा।

हिन्दी का प्रयोग

401. हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रयोजन से 1986-87 के लिए वार्षिक समयबद्ध कार्यक्रम विभिन्न कार्यालयों/विभागों में कार्यान्वयन के वास्ते परिचालित किये गये थे। कार्यालयों/विभागों द्वारा परिपत्र, कार्यालय आदेश और अन्य सामान्य आदेश द्विभाषिक रूप में जारी करने के लिए कार्यालयों/विभागों द्वारा प्रयत्न जारी रखे गये तथा बैंक के विभिन्न प्रकाशनों/रिपोर्टों को भी हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किया गया। जनवरी 1986 से भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन द्विभाषिक रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।

402. कर्मचारियों को हिन्दी कार्यशालाओं के माध्यम से हिन्दी टिप्पण, प्रारूप-लेखन और पत्राचार का प्रशिक्षण दिया गया। अप्रैल 1987 में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए भी पहली बार एक पांच दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र 'ग' के कार्यालयों में उनके कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए 'राजभाषा शील्ड' प्रतियोगिताओं के अलावा विभागीय शील्ड योजना में भी उनको शामिल कर लिया गया। बैंक के कार्यालयों/विभागों द्वारा वर्ष के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, कवि-सम्मेलन, दि निबन्ध प्रतियोगिताएं हिन्दी में टिप्पण और प्रारूप लेखन प्रतियोगिताएं और अन्य हिन्दी समारोह आयोजित किये गये।

कार्यालय परिसर और रिहायशी क्वार्टर

403. वर्ष के दौरान कार्यालय भवनों और रिहायशी क्वार्टरों के निर्माण/अधिग्रहण मौजूदा परिसरों में परिवर्धनों/परिवर्तनों तथा जमीन की खरीद इत्यादि पर अनुमानित व्यय की राशि 43.11 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार पंचवर्षीय योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरान कुल व्यय 114.42 करोड़ रुपये बैठता है जबकि पंचवर्षीय योजना के अवधि में 161.13 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय की व्यवस्था की गयी है।

404. वर्ष के दौरान बंगलूर में वर्तमान कार्यालय भवन का विस्तार तथा गोरेगांव, बम्बई में इन्दिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के निर्माण का पूरा किया गया। चण्डीगढ़ बम्बई में बान्द्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स तथा कानपुर में कार्यालय भवनों के निर्माण का कार्य चल रहा है। भोपाल, कोचिन जम्मू तथा नई बम्बई में प्रस्तावित कार्यालय भवनों के संबंध में प्रोसेसिंग कार्य हाथ में लिया गया है/पूरा कर लिया गया है।

405. रिहायशी क्वार्टरों के संबंध में 1986-87 के दौरान कुल 1,317 फ्लैट और 27 एकल कमरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसमें 600 फ्लैट और 27 एकल कमरे अधिकारियों के लिए, 575 फ्लैट श्रेणी III के स्टाफ के लिए और 142 फ्लैट श्रेणी IV के लिए है। इस प्रकार पंचवर्षीय योजना के प्रथम चार वर्षों में विभिन्न श्रेणियों के लिए कुल 3,877 फ्लैट और 63 एकल कमरों का निर्माण कार्य पूरा किया गया जिनमें 1,189 फ्लैट्स और 63 स्वयंपूर्ण एकल कमरे अधिकारियों के लिए, 1,564 फ्लैट श्रेणी III के कर्मचारियों के लिए 1,126 फ्लैट श्रेणी IV के कर्मचारियों के लिए बनवाए गये हैं। अन्य 893 फ्लैट अधिकारियों के लिए 1,248 फ्लैट श्रेणी III के कर्मचारियों के लिए और 502 फ्लैट श्रेणी IV के कर्मचारियों के लिए 11 केन्द्रों में निर्माणाधीन हैं। बैंक कर्मचारियों के लिए हॉली-डे-होम के वास्ते मसूरी और लोनावला में संपत्तियों के चयन को भी अंतिम रूप दिया गया है।

आवास ऋण

406. जुलाई 1986 से 30 जून 1987 की अवधि के दौरान हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटियों तथा व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों क

मंजूर किये गये आवास ऋण की राशि 10.05 करोड़ रुपये है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:—

	समितियों की संख्या	कर्मचारियों की संख्या	मंजूर राशि (लाख रुपये)
1	2	3	4
क. सहकारी आवास समितियां			
नये ऋण	14	218	159.35
अतिरिक्त ऋण	47	411	103.27
कुल	61	629	262.62
ख. वैयक्तिक ऋण			
नये ऋण		191	162.61
अतिरिक्त ऋण		191	20.27
क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा मंजूर ऋण			
नये ऋण		1,041	475.15@
अतिरिक्त ऋण		294	84.02@
कुल		1,717	742.06
कुल जोड़ (क+ख)		2,346	1004.67

@ 7 मार्च, 1987 तक

केन्द्रीय बोर्ड

407. श्री आर० के० कौल उप गवर्नर के रूप में अपनी अवधि पूरी होने पर 30 सितम्बर 1986 को पद-भार मुक्त हो गये। श्री कौल द्वारा की गयी सेवाओं के प्रति बोर्ड अपनी प्रशंसा अभिलेखित करता है। श्री अमिताभ घोष और डॉ० सी.रंगराजन क्रमशः 21 जनवरी 1987 और 12 फरवरी 1987 से 5-5 वर्ष की अवधि के लिए उप गवर्नर के रूप में पुनः नियुक्त किये गये। श्री पी० आर० नायक पहली अप्रैल 1987 से 5 वर्ष की अवधि के लिए उप गवर्नर के रूप में नियुक्त किये गये।

स्थानीय बोर्ड

408. उत्तरी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड के सदस्य श्री गुलाम मोहम्मद मीर खासजन ने 25 मार्च 1987 को बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया। उनके द्वारा की गयी बहुमूल्य सेवाओं के लिए बोर्ड अपनी प्रशंसा अभिलेखित करता है।

409. श्री ए० हुसैन कार्यपालक निदेशक के रूप में अपनी अवधि पूरी होने पर, 28 फरवरी 1987 को पद-भार मुक्त हो गये। श्री सत्यानन्द बगाई 2 फरवरी 1987 से कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये।

लेखे

410. 30 जून 1987 को समाप्त लेखा वर्ष के दौरान विभिन्न प्रावधानों के लिए समायोजन करने के बाद बैंक की आय की राशि पिछले वर्ष के 1,331.40 करोड़ रुपये की तुलना में 1,461.37 करोड़ रुपये थी।

411. वर्ष 1986-87 के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घकालीन प्रचालन) निधि, राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रचालन) निधि में अंशदान क्रमशः 300 करोड़ रुपये, 10 करोड़ रुपये और 430 करोड़ रुपये था, जबकि 1985-86 के दौरान इनमें अंशदान की राशि क्रमशः 350 करोड़ रुपये, 10 करोड़ रुपये और 400 करोड़ रुपये थी।

412. वर्ष के दौरान आय की 721.37 करोड़ रुपये की शेष राशि में से कुल व्यय के लिए 511.33 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर लेने के बाद (1985-86 में आय की शेष राशि 621.40 करोड़ रुपये और व्यय की 411.40 करोड़ रुपये की राशि की तुलना में) केन्द्रीय सरकार को भुगतान के लिए अलग रखी गयी अधिशेष लाभ की राशि 210.04 करोड़ रुपये थी (पिछले वर्ष यह 210.00 करोड़ रुपये थी)।

413. पिछले वर्ष के 1,381.40 करोड़ रुपये के स्तर के मुकाबले 1986-87 में बैंक की आय 79.97 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 1,461.37 करोड़ रुपये हो जाने के पीछे मुख्य योगदान रुपया खजाना बिलों पर अर्जित ऊंची दर पर बट्टा तथा बैंकों को दिये गये ऋणों और अग्रिमों पर अर्जित ब्याज का रहा। इसका कुछ हिस्सा राज्य सरकारों को दिये गये अर्थोपाय अग्रिमों पर अर्जित ब्याज में कमी तथा बैंक के पास अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा रखी उनकी अतिरिक्त नकदी आरक्षित निधियों पर अदा किये गये ब्याज में वृद्धि के कारण प्रतिसंतुलित हो गया। व्यय में 99.93 करोड़ रुपये की वृद्धि का मुख्य कारण प्रतिभूति मुद्रण की लागत में वृद्धि तथा सरकारी लेनदेन करने के लिए एजेंसी बैंकों को देय कुछ कमीशन में वृद्धि होना रहा।

414. बैंक लेखों की लेखा परीक्षा मेसर्स सी०डी० चोकसी एण्ड कं०, बम्बई, मेसर्स बेद एण्ड कं०, नयी दिल्ली, मेसर्स एस० आर० बाटलीबॉय एण्ड कं०, कलकत्ता, मेसर्स ब्रह्मय्या एण्ड कं०, मद्रास और मेसर्स हिंगोरानी एम० एण्ड कं०, नयी दिल्ली ने की है। मेसर्स हिंगोरानी एम० एण्ड कं०, नयी दिल्ली को छोड़कर और सभी लेखा परीक्षक भारत सरकार द्वारा पुनर्नियुक्त किये गये थे। मेसर्स हिंगोरानी एम० एण्ड कं०, मेसर्स के० सी० खन्ना एण्ड कं०, नई दिल्ली के स्थान पर नियुक्त किये गये थे। मेसर्स के० सी० खन्ना एण्ड कं०, अपनी चार वर्ष की अवधि पूरी होने पर निवृत्त हो गये हैं। इस वर्ष भी बैंक के सभी कार्यालय सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा परीक्षित किये गये थे लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए बैंक के सभी कार्यालय छः क्षेत्रों में दिये गये थे। और प्रति क्षेत्र/प्रति लेखा परीक्षक 75,000 रुपये लेखा-परीक्षा शुल्क के रूप में अदा किये गये। शाखा लेखों के सत्यापन के लिए केन्द्रीय कार्यालय के लेखा-परीक्षकों को 5,000 रुपये का अतिरिक्त शुल्क अदा किया गया।

भारतीय रिजर्व बैंक

30 जून 1987 की स्थिति का तुलन-पत्र

निर्गम विभाग

देयताएं	रु. पै.	रु. पै.	आस्तियां	रु. पै.	रु. पै.
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट	16,23,72,540.00		सोने का सिक्का और बुलियन		
संचलन में नोट	30917,42,86,343.50		(क) भारत में रखा हुआ	274,27,76,380.65	
			(ख) भारत से बाहर रखा हुआ विदेशी प्रतिभूतियां	1564,05,75,253.50	
जारी किये गये कुल नोट		30933,66,57,883.50	जोड़		1838,33,51,634.15
			रुपये का सिक्का		56,19,85,449.35
			भारत सरकार की प्रतिभूतियां		29039,13,20,800.00
			देशी विनिमय बिलकु और दूसरे वाणिज्य पत्र		
कुल देयताएं		30933,66,57,883.50	कुल आस्तियां		30933,66,57,883.50

बैंकिंग विभाग

देयताएं	रु. पै.	आस्तियां	रु. पै.
प्रदत्त पूंजी	5,00,00,000.00	नोट	16,23,72,540.00
आरक्षित निधि	150,00,00,000.00	रुपया सिक्के	10,63,920.00
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	3725,00,00,000.00	छोटे सिक्के	2,87,694.94
जमा राशियां :		खरीदे या भुनाये गये बिल	
(क) सरकार		(क) भारतीय	
(1) केन्द्र सरकार	52,03,91,736.93	(ख) बाहरी	
(2) राज्य सरकारें	14,98,99,027.19	(ग) सरकारी खजाना बिल	3951,67,02,333.14
(ख) बैंक		विदेशों में रखे गये बकाया शेष	3675,82,31,835.27
(1) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	15853,38,34,875.88	निवेश (1)	20058,44,36,934.27
(2) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	146,21,63,849.55	निम्नलिखित को दिये गये ऋण तथा अग्रिम	
(3) गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	8,38,38,937.03	(1) केन्द्र सरकार	—
(4) अन्य बैंक	27,01,46,455.41	(2) राज्य सरकारें (2)	79,98,00,000.00
(ग) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक जमाराशियां		निम्नलिखित को दिये गये ऋण तथा अग्रिम	
(1) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि			
(2) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि	134,87,20,915.61	(1) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	853,06,18,378.88
(घ) अन्य	4940,79,13,350.59	(2) राज्य सहकारी बैंक	30,77,59,000.00
देय बिल	126,50,59,489.06	(3) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक	949,68,16,000.00
अन्य देयताएं	9612,14,26,908.55	(4) अन्य	107,50,00,000.00
		राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम तथा निवेश :	
		(क) निम्नलिखित को दिये गये ऋण तथा अग्रिम	
		(1) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	2875,29,60,500.00
		(2) भारतीय निर्यात-आयात बैंक	345,00,00,000.00
		(ख) निम्नलिखित द्वारा जारी किये गये बांडों/डिबेंचरों में निवेश	
		(1) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	—
		(2) भारतीय निर्यात-आयात बैंक	—
		अन्य आस्तियां (3)	1852,71,76,409.30
कुल देयताएं	34796,31,95,545.80	कुल आस्तियां	34796,31,95,545.80

(1) विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए 2036,55,83,302.37 रुपये शामिल हैं।

(2) अर्थोपाय अग्रिम शामिल हैं।

(3) विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमा की गयी या उन्हें अग्रिम के रूप में दी गयी राशियां शामिल हैं।

30 जून 1987 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा

		रु. पै.
आय		
ब्याज, बट्टा विनिमय शुल्क, कमीशन आदि *		721,37,24,362.17
	जोड़	721,37,24,362.17
व्यय		
स्थापना व्यय		137,98,79,616.13
निदेशकों और स्थानीय बोर्ड के सदस्यों की फीस और व्यय		2,72,211.22
लेखा परीक्षकों की फीस		9,28,056.24
किराया, कर, बीमा, बिजली आदि		7,38,51,598.34
विधि प्रभार		30,91,509.04
डाक और तार खर्च		2,25,95,794.17
कोष प्रेषण		7,87,31,709.85
लेखन सामग्री आदि		1,59,63,795.10
प्रतिभूति छपाई (चेक, नोट फार्म आदि)		173,04,97,738.50
बैंक संपत्ति का मूल्यह्रास और उसकी मरम्मत		8,31,98,248.92
एजेन्सी प्रभार		163,64,17,443.29
स्टाफ उपदान और अधिवार्षिकी निधियों में अंशदान		2,65,00,000.00
विविध व्यय		5,84,82,308.00
	जोड़	511,33,20,028.80
उपलब्ध शुद्ध शेष राशि		210,04,04,333.37
	जोड़	721,37,24,362.17
केन्द्रीय सरकार को देय अधिशेष		210,04,04,333.37

*भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 47 के अंतर्गत सांविधिक अंशदान और नियमित या आवश्यक प्रावधान करने के बाद।

आरक्षित निधि लेखा

		रु. पै.
30 जून 1986 को शेष		150,00,00,000.00
लाभ-हानि लेखे से अंतरित		
	जोड़	150,00,00,000.00

के. डी. पाटकर	रा. ना. मलहोत्रा	गवर्नर
मुख्य लेखाकार	ए. घोष	उप गवर्नर
	सी. रंगराजन	उप गवर्नर
तारीख 14 अगस्त, 1987	पी. डी. ओझा	उप गवर्नर
	पी. आर. नायक	उप गवर्नर

लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट

भारत के राष्ट्रपति की सेवा में

हम भारतीय रिजर्व बैंक के अधोहस्ताक्षरित लेखा-परीक्षक इसके द्वारा 30 जून, 1987 की स्थिति के रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र तथा लेखों पर केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते है।

हमने बैंक के सभी कार्यालयों के लेखों और उनसे संबंधित प्रमाणपत्रों और वाउचरों के साथ उपर्युक्त तुलनपत्र की जांच कर ली है और हम यह सूचित करते हैं कि हमने केन्द्रीय बोर्ड से जो स्पष्टीकरण और जानकारी मांगी, वह सभी स्पष्टीकरण और जानकारी हमें दी गई है और वह संतोषजनक है। हमारी राय में यह तुलनपत्र पूर्ण और सही तुलन-पत्र है। इसमें भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 और उसके अधीन बनाये गये विनियमों के अनुसार आस्तियों का मूल्य निर्धारण किया गया है। यह तुलनपत्र, हमारी जानकारी, हमें दिये गये स्पष्टीकरण और बैंकों की बहियों के अनुसार उचित ढंग से तैयार किया गया है, ताकि इससे बैंक कार्यों की सच्ची और सही स्थिति का पता लग सके।

तारीख 14 अगस्त, 1987

मैसर्स बहुगुण्या एण्ड कं.
मेसर्स पी. सी. चोकसी एण्ड कं.
मेसर्स एस. आर. बाटलीबॉय एण्ड कं.
मेसर्स वासगुप्ता एण्ड कं.
मेसर्स मेघ एण्ड कं.
मेसर्स हिंगोरानी एम. एण्ड कं.

लेखा परीक्षक

भारतीय रिज़र्व बैंक

30 जून, 1985 और 30 जून 1986 के अंत में तुलन-पत्र का विवरण

विवरण	30 जून 1985 को समाप्त वर्ष के लिए		30 जून 1986 को समाप्त वर्ष के लिए	
	रु. पै.	रु. पै.	रु. पै.	रु. पै.
निर्गम विभाग				
देयताएं				
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट	39,68,97,530.00		15,38,14,668.00	
संचलन में नोट	24755,60,11,721.50		27376,84,16,312.50	
जारी किये गये कुल नोट		24795,29,09,251.50		27392,22,30,980.5
कुल देयताएं		24795,29,09,251.50		27392,22,30,980.5
आस्तियां				
सोने का सिक्का और बुलियन				
(क) भारत में रखा हुआ	246,66 66,362.28		274,27,76,380.65	
(ख) भारत के बाहर रखा हुआ				
विदेशी प्रतिभूतियां	1564,05,75,253.50		1564,05,75,253.50	
रुपये का सिक्का	15,00,32,662.85		22,51 68,831.20	
भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां	22969,56,34,972.87		25531,37,10,515.15	
देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य पत्र				
कुल आस्तियां			24,795,29,09,251.50	27,392,22,30,980.5
बैंकिंग विभाग				
देयताएं				
चुकता पूंजी	5,00,00,000.00		5,00,00,000.00	
आरक्षित निधि	150,00,00,000.00		150,00,00,000.00	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	2895,00,00,000.00		3295,00,00,000.00	
जमा राशियां				
(क) सरकारी				
(1) केन्द्रीय सरकार	59,86,10,234.95		57,09,03,373.31	
(2) राज्य सरकारें	14,87,27,256.98		14,01,33,635.35	
(ख) बैंक				
(1) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	108,86,01,46,502.08		12616,58,36,433.76	
(2) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	142,83,62,962.37		171,70,80,711.49	
(3) गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	4,57,75,099.57		5,93,85,498.77	
(4) अन्य बैंक	25,18,33,462.00		25,51,30,796.64	
(ग) नाबार्ड की जमाराशियां				
(1) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	117,56,65,242.03			
(2) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि	261,28,55,673.58		266,87,20,915.61	
(घ) अन्य	64,61,81,25,057.68		5901,50,25,855.63	
देय बिल	22,28,24,900.36		129,16,08,519.88	
अन्य देयताएं	6074,47,42,058.44		9627,95,57,694.61	
कुल देयताएं		27140,78,68,450.04		31266,33,83,435.(

टिप्पणी :—30 जून 1985—आकस्मिक देयता अंशतः चुकता शेयरों पर 50,000 पौंड के बराबर रु. 9,04,997रु. 42

तुलन-पत्र का विवरण (जारी)

विवरण	30 जून 1985 को समाप्त वर्ष के लिए		30 जून 1986 को समाप्त वर्ष के लिए	
	रु. पै.	रु. पै.	रु. पै.	रु. पै.
बैंकिंग विभाग				
आस्तियां				
नोट	39,68,97,530.00		15,38,14,668.00	
रुपए का सिक्का	7,20,074.00		8,11,044.00	
छोटा सिक्का	2,19,447.75		2,45,831.52	
खरीदे और भुनाये गये बिल				
(क) देसी	—		—	
(ख) विदेशी	—		—	
(ग) सरकारी खजाना बिल	8394,06,37,831.32		15834,61,56,415.79	
विदेशों में रखी शेष राशियां	3732,00,89,774.67		3760,23,20,272.63	
निवेश	6952,77,49,528.59 (ख)		5554,25,29,142.84(ग)	
ऋण और अग्रिम	—		—	
(i) केन्द्रीय सरकार को	—		—	
(ii) राज्य सरकारों को (क)	315,58,00,000.00		18,06,00,000.00	
(iii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को	1863,00,79 190.68		474,54,19,484.23	
(iv) राज्य सहकारी बैंकों को	21,66,25,000.00		19,73,42,000.00	
(v) नाबार्ड को	761,83,41,000.00		860,90,24,000.00	
(vi) दूसरों को	182,05,00,000.00		135,60,00,000.00	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रचलन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश				
(क) ऋण और अग्रिम				
(i) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को	2320,78,30,750.00		2589,87,90,500.00	
(ii) भारतीय निर्यात-आयात बैंक को	180,00,00,000.00		260,00,60,000.00	
(ख) भा. औ. वि. बैंक/भा. नि. आ. बैंक द्वारा जारी बांडों/डिबेंचरों में निवेश	—		—	
अन्य आस्तियां (घ)	2377,23,78,323.03		1743,03,30,376.03	
कुल आस्तियां		27140,78,68,450.04		31266,33,83,435.04

(क) अर्थोपाय अग्रिम शामिल हैं।

(ख) विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए रु. 1383,73,85,508.44 शामिल हैं।

(ग) विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए रु. 1760,62,12,768.79 शामिल हैं।

(घ) विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को दिये गये अग्रिम या उनमें जमा की गयी राशियां शामिल हैं।

30 जून 1985 और 30 जून 1986 को समाप्त वर्षों का लाभ और हानि लेखा

	30 जून 1985 को समाप्त वर्ष	30 जून 1986 को समाप्त वर्ष
	रु. पै.	रु. पै.
आय		
ब्याज बट्टा विनियम कमीशन आदि	571,97,87,340.98	621,40,12,853.38
जोड़	571,97,87,340.98	621,40,12,853.38

व्ययः		
स्थापना	142,25 62-666-01	128,12,08,682.12
निदेशकों और स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की फीस और व्यय	2,64 677.99	3,37,965.01
लेखा-परीक्षकों की फीस	6,68,795.90	7,08,633.50
किराया, कर, बीमा, बिजली आदि	4,77,58, 619.79	6,37,88,291.34
विधि प्रभार	8,56,772.09	34,53,597.76
डाक और तार खर्च	1,30,13,462.74	1,46,17,550.44
मुद्रण	2,27,86,300.80	4,08,34,355.50
लेखन-सामग्री आदि	1,50,83,724.29	147,79,459.38
प्रतिभूति छपाई (चेक, नोट फार्म आदि)	58,28,05,498.05	100,07,82,422.27
बैंक संपत्ति का मूल्यह्रास और मरम्मत	6,63,11,894.66	6,64 16,997.37
एजेंसी प्रभार	132,84,76,907.52	150,01,19,357.24
कर्मचारी उपदान और अधिवार्षिकी निधियों में अंशदान	1,70,00,000.00	2,15,00,000.00
विविध व्यय	10,21,97 196.67	10,54,64,541.40
उपलब्ध शुद्ध शेष राशि,	210,00,00,824.47	210,00,01,000,05
जोड़	571,97,87,340.98	621,40,12,853.38
केन्द्रीय सरकार को देय अधिशेष	210,00,00,824.47	210,00,01,000.05

*भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 47 के अंतर्गत सांविधिक अंशदान और निर्धारित या आवश्यक प्रावधान करने के बाद।

प्रारक्षित निधि लेखा		
30 जून को शेष	150,00,00,000.00	150,00,00,000.00
लाभ हानि लेखे से अंतरित	कुछ नहीं	कुछ नहीं
जोड़	150,00,00,000.00	150,00,00,000.00

[सं. एफ 19/29/ 87--बी. ओ.-1]
एम. एस. सीतारामन, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE
(Department of Economic Affairs)
(Banking Division)

New Delhi, the 6th November, 1987

S.O. 3568.—In accordance with section 53(2) of the Reserve Bank of India Act, 1934, the Central Board of Directors has submitted to the Government of India the following Annual Report on the working of the Reserve Bank of India during the year ended June 30, 1987 :—

THE ANNUAL REPORT

ON THE WORKING OF THE RESERVE BANK OF INDIA

For the year July 1, 1986 to June 30, 1987

PART I—THE ECONOMIC SITUATION

During the year 1986-87, the second year of the Seventh Five Year Plan, the growth rate of real national income is expected to be between 4.5 and 5.0 per cent as compared to 5.1 per cent in 1985-86. Industrial growth rate, placed between 7 and 8 per cent, would be lower than that of 8.7 per cent achieved in the first year of the Plan. Agricultural output may show a marginal decline as against a moderate expansion of 1.9 per cent in the previous year. The target for the Seventh Plan as a whole is an average annual growth rate in national income of 5 per cent. This order of growth is expected to be sustained by an industrial growth of 8 per cent per annum and an agricultural growth of 4 per cent per annum. Taking the first two years together, the average rate of growth of real national income may be only fractionally lower than 5 per cent. While the growth in industrial sector has been close to the target, the agricultural sector has been performing well below the target. The contribution to the overall growth rate by the services sector, which has now a weight of over 40 per cent in gros, domestic product, has been substantial: it has been growing at around 7 per cent per annum.

2. The poor perfomance of agriculture during 1986-87 was due to decline in production of foodgrains and fibres. Only oilseeds and sugarcane have shown improvement. In industry, though the overall growth was lower, some of the infrastructural industries such as electricity, coal and cement, performed better than in the previous year.

3. The Wholesale Prices Index (WPI) on a point-to-point basis recorded an acceleration in the rate of increase from 3.8 per cent in 1985-86 to 5.3 per cent in 1986-87*. On a point-to-point basis, the rise in the Consumer Prices Index (CPI) was lower at 7.5 per cent in 1986-87 as against 8.9 per cent in 1985-86**. Thus, as in the preceding year, the inflation rate as measured by the CPI was much higher than that indicated by the WPI. The average price increase during the first two years of the Seventh Plan is 4.5 per cent on

*On average basis, However, the rise in WPI was marginally lower at 5.4 per cent in 1986-87 as against 5.7 per cent in 1985-86.
**On an average basis, However, the rise in the CPI was higher at 8.8 per cent as against 6.4 per cent in 1985-86.

a point-to-point basis and 5.5 per cent on an average basis in respect of wholesale prices, while the respective figures for consumer prices are 8.2 per cent and 7.6 per cent. A disquieting trend is a large increase, particularly in consumer prices for two years in succession.

4. Preliminary data indicate that net domestic saving as percentage of NNP was higher at 18.2 per cent in 1986 87 as against 16.8 per cent in 1985-86; aggregate net investment as percentage of NNP also shows a rise from 19.3 per cent in 1985-86 to 20.2 per cent in 1986-87.

5. On the external front, there was some narrowing down of trade deficit in 1986-87 due to improved performance of our exports and slower growth in the import bill largely because of a fall in oil price. The invisible receipts on account of travel and tourism were also higher in 1986-87.

6. The country's foreign exchange reserves, comprising foreign currency assets, gold holdings and SDRs, rose by Rs. 331 crores to Rs. 8,151 crores at end—March 1987, on top of a rise of Rs. 577 crores in 1985-86. In SDR terms, however, these reserves showed a decline of SDR 615 million in 1986-87 as compared to a fall of SDR 276 million in 1985-86.

7. Judged by the overall growth rate, the economy performed reasonably well in 1986-87, but the continued slackness in agricultural growth is a cause for concern. Even though there was a reduction in current account deficit, the balance of payment situation requires to be kept under watch.

AGRICULTURAL PRODUCTION

8. In 1986-87, agricultural production is estimated to show a marginal decline against a rise of 1.9 per cent in 1985-86 and a decline of 0.9 per cent in 1984-85. Although there has been relative stagnation over the last three years, the performance of agriculture during the quinquennium 1981-82 to 1985-86 showed an average rate of growth of 3.3 per cent.

9. The monsoon in 1986-87 continued to be indifferent for the third year in succession. Of the 35 Meteorological subdivisions, rainfall during the year was deficient or scanty in as many as 14 sub-divisions as against in only 9 subdivisions in the previous year and 8 sub-divisions in 1984-85.

10. The foodgrain production during 1986-87 is estimated to be between 149 and 150 million tonnes, as compared with 150.5 million tonnes in 1985-86. It is lower than the target for 1986-87 by 10.11 million tonnes. Kharif foodgrains production is estimated to be at about 83.84 million tonnes while rabi output is placed around 66 million tonnes. Rice production is placed lower at 60.0—60.5 million tonnes during 1986-87, as against 64 million tonnes in 1985-86.

11. On the other hand, wheat output reached a level of 48 million tonnes in 1986-87 which was higher than that of 46.9 million tonnes achieved in 1985-86. Coarse grains production which was severely affected by drought in 1985-86 showed signs of revival with the production reaching 28.0—28.5 million tonnes in 1986-87, which is, however, still short of the target of 32.0 million tonnes. The production of pulses at 13.0 million tonnes in 1986-87 was about the same as in 1985-86.

